सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

सोमवार, 16 मार्च, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 72, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## पश्चिम एशिया के हालात से तय होगी शेयर बाजार की चाल

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव इस सप्ताह शेयर बाजार की दिशा तय करने वाले प्रमुख कारक होंगे। } 14

## कांग्रेस ने असम के स्वास्थ्य बजट से हर साल 150 करोड़ हड़पे

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने को आरोप लगाया कि कांग्रेस ने असम में 15 वर्ष के अपने शासनकाल के दौरान राज्य के स्वास्थ्य सेवा बजट से प्रति वर्ष 150 करोड़ रुपये अपनी जेब में डाल लिये। } 16



# अमेरिका-इजराइल ने हमले किये तेज



एजेंसी

काहिरा। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के दौरान ईरान द्वारा अपने हमलों का दायरा और व्यापक करने की धमकी दिए जाने के बीच, अरब खाड़ी देशों ने रविवार को उन पर मिसाइल और ड्रोन हमलों की सूचना दी। इजराइल और अमेरिका ने 28 फरवरी को ईरान पर हमला किया था जिसके जवाब में कार्वाई करते हुए ईरान ने इजराइल और पड़ोसी खाड़ी देशों पर हमले किए।

वहीं युद्धग्रस्त गाजा पट्टी में इजराइली हवाई हमले में रविवार को एक लड़के और उसकी गर्भवती मां सहित कम से कम चार फलस्तीनी मारे गए। अस्पताल अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ...शेष पृष्ठ 14 पर

### ईरान ने उड़ाया यूएई का फुजैराह तेल टर्मिनल

नई दिल्ली। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच युद्ध का आज 16वां दिन है। ईरान ने आज दुबई के मरीना और अल सुफौह इलाकों में जोरदार धमाके किए। ईरानी हमलों के बाद संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के फुजैराह तेल टर्मिनल पर काम रुक गया। ईरान ने कुवैत के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भी हमला किया, लेकिन इस हमले में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। फुजैराह तेल टर्मिनल पर इतना बड़ा हमला हुआ कि दूर से ही गहरे काले धुएं के बादल नजर आए। अधिकारियों ने घंटों तक आग बुझाने की कोशिश की। अधिकारी ने बताया कि जॉर्डन का एक नागरिक घायल हो गया है। ईरान ने ...शेष पृष्ठ 14 पर

# भारत की नींव को कमजोर कर रही जातिवाद की राजनीतिः सीएम

विशेष संवाददाता



चित्तौड़गढ़/लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जातिवाद फैलाने वालों को चित्तौड़गढ़ की धरती से दो टूक संदेश दिया। उन्होंने रामधारी सिंह दिनकर की पंक्तियां सुनाईं, मूल जानना बड़ा कठिन है नदियों का-वीरों का, धनुष छोड़कर और गोत्र क्या होता रणधीरों का, पाते हैं सम्मान तपोबल से भूतल पर शूर, जाति-जाति का शेर मचाते केवल कायर, क्रूर। मुख्यमंत्री ने कहा, जिन्हें कुछ नहीं करना है, वे जातिवाद के आधार पर सामाजिक एकता को छिन्न-भिन्न करने का पाप कर रहे हैं।

जातिवाद ने समाज की नींव को दरका दिया था, इसलिए देश कमजोर हुआ। जातिवाद की राजनीति भारत की नींव को कमजोर कर रही है। बांटने की राजनीति फिर से हम सबको गुलामी की तरफ धकेल रही है। इससे बचने के लिए हमें एकजुटता के भाव से बढ़ना होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को ईनाणी सिटी सेंटर, चित्तौड़गढ़ में जौहर श्रद्धांजलि समारोह में जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने सराहनीय कार्य करने वालों को सम्मानित भी किया। उन्होंने पंजाब के पूर्व राज्यपाल वीपी सिंह की पुस्तक का विमोचन भी किया। सीएम योगी ने जनसमूह से पूछा कि वे कौन लोग हैं, जो जातिवाद के आधार पर समाज को बांट रहे हैं। अफवाह के आधार पर विश्वास का संकट खड़ा कर रहे हैं। भारत-भारत न बना रहे, इसके लिए दुष्चक्र कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये वही लोग हैं, जिन्होंने कहा था कि राम-कृष्ण हुए ही नहीं। राम मंदिर आंदोलन में विरोधी पक्ष के साथ मिले और फैसला न होने देने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगाया था। ये लोग रामसेतु तोड़ने के लिए उतावले दिखाई देते हैं, राम मंदिर निर्माण का विरोध करते हैं। ये लोग देश में अविश्वास का वातावरण पैदा कर रहे हैं और संवैधानिक संस्थाओं को कठघरे में ...शेष पृष्ठ 14 पर

### व्यक्ति, जाति, पंथ व संप्रदाय की आस्था के विषय में अमर्यादित टिप्पणी स्वीकार नहीं

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा में प्रश्न पत्र संबंधी मामले पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त रवैया अपनाया है। मुख्यमंत्री ने सभी भर्ती बोर्ड के चेयरपर्सन्स को निर्देश दिया कि किसी भी व्यक्ति/जाति/पंथ/सम्प्रदाय की मयार्दा एवं आस्था के विषय में अमर्यादित टिप्पणी न हो। ऐसी टिप्पणी किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। इसका संज्ञान लेते हुए सभी पेपर सेटर्स को भी निर्देशित करें और हैबिचुअल ऑफेंडर्स को तत्काल प्रतिबंधित किया जाए। यह विषय पेपर सेटर्स के एमओयू का भी हिस्सा बनाएं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हुई वर्षा से फसलों को होने वाले नुकसान संबंधी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारी समेत सभी अधिकारियों को फील्ड में रहकर किसानों से संवाद करने और उनकी फसलों के नुकसान का आकलन करने का निर्देश दिया।

# पांच राज्यों में विधान सभा चुनाव की घोषणा, 4 मई को आयेगा परिणाम

## बंगाल में 23-29 अप्रैल, तमिलनाडु में 23 अप्रैल को, बाकी में 9 अप्रैल को वोटिंग, पश्चिम बंगाल में 74 वर्षों के बाद दो चरणों में होंगे चुनाव

एजेंसी

नयी दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने रविवार को पश्चिम बंगाल, केरल, असम, तमिलनाडु और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा की। सभी राज्यों में मतगणना चार मई को होगी।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि पश्चिम बंगाल विधानसभा के लिए दो चरण में 23 और 29 अप्रैल को मतदान होगा। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 पहली बार 74 वर्षों के बाद दो चरणों में होंगे। तमिलनाडु की 234 सदस्यीय विधानसभा के लिए 23 अप्रैल को मतदान होगा। कुमार ने बताया कि केरल, असम और पुडुचेरी के लिए नौ अप्रैल को एक चरण में मतदान होगा। उन्होंने बताया कि चारों राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए 824 सीटों पर मतगणना चार मई को होगी। कुमार ने कहा कि चुनाव हिंसा या प्रलोभन से मुक्त होने चाहिए और आयोग किसी भी




उल्लंघन के खिलाफ कड़ी कार्वाई करेगा। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। कुमार के साथ दो निर्वाचन आयुक्त - सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी भी मौजूद थे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा, शुद्ध मतदाता सूची हमारे लोकतंत्र की आधारशिला हैअ किसी भी पात्र मतदाता को हटाया नहीं जाना चाहिए और किसी भी अपात्र मतदाता को शामिल नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि पांच राज्य विधानसभाओं के 824 निर्वाचन क्षेत्रों के चुनावों में कुल 17.4 करोड़ मतदाता मतदान के पात्र हैं। उन्होंने बताया कि चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में 2.19 लाख मतदान केंद्रों पर मतदान होगा, जहां 25 लाख चुनाव अधिकारी ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। उन्होंने कहा कि चारों राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश के कुल मतदाताओं की संख्या ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, दक्षिण अफ्रीका, जर्मनी और कनाडा की जनसंख्या के बराबर है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि 20 देशों के चुनाव निकायों के प्रतिनिधि भारत के लोकतंत्र के उत्सव का अनुभव प्राप्त करने के लिए चुनाव वाले राज्यों का दौरा करेंगे। कुमार ने बताया कि असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में प्रति मतदान केंद्र पर मतदाताओं की औसत संख्या 750-900 है। कुमार ने मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान अच्छा काम करने के लिए बीएलओ को बधाई भी दी। उन्होंने बताया कि सभी मतदान केंद्रों पर तैनात पीठासीन अधिकारी हर दो घंटे में मतदान प्रतिशत अपलोड करेंगे और चुनाव समाप्त होने के तुरंत बाद मतदान के आंकड़े अपलोड किए जाएंगे। तमिलनाडु में कुल 234 विधानसभा सीटें हैं, जहां द्रमुक नेता एम.के. स्टालिन सात मई, 2021 से मुख्यमंत्री हैं। पश्चिम बंगाल में कुल 294 विधानसभा सीटें हैं, जहां तृणमूल कांग्रेस नेता ममता बनर्जी 2011 से सत्ता ...शेष पृष्ठ 14 पर

### आठ सीटों पर उपचुनाव नौ और 23 अप्रैल को

नयी दिल्ली। गोवा, कर्नाटक, त्रिपुरा की पांच विधानसभा सीटों पर उपचुनाव नौ अप्रैल को होंगे जबकि गुजरात और महाराष्ट्र की तीन अन्य विधानसभा सीटों पर 23 अप्रैल को उपचुनाव होंगे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने रविवार को यह जानकारी दी। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के लिए आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कुमार ने कहा कि उपचुनाव के लिए सभी आठ निर्वाचन क्षेत्रों में मतगणना चार मई को होगी। सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव मौजूदा विधायकों के निधन के कारण आवश्यक हो गए थे। जिन आठ विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव होने हैं, उनमें गोवा में पोंडा, कर्नाटक में बागलकोट और दक्षिण दावणगेरे में कोरिडांग, त्रिपुरा में धर्मनगर, गुजरात में उमरेठ और महाराष्ट्र में राहुरी और बारामती शामिल हैं।

## चुनावी राज्यों में कई मतदान केंद्र होंगे अनूठे

एजेंसी




नयी दिल्ली। पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार जिले में 1500 से कम मतदाताओं वाले तीन मतदान केंद्रों तक पहुंचने के लिए निर्वाचन आयोग की टीम को बक्सा बाघ अभयारण्य की पहाड़ियों से होकर गुजरना होगा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने रविवार को यह जानकारी दी।

कुमार ने विधानसभा चुनावों का कार्यक्रम घोषित करने के लिए यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए असम, केरल, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु राज्यों तथा पुडुचेरी केंद्र शासित प्रदेश में स्थित अनूठे मतदान केंद्रों पर प्रकाश डाला।

सीईसी ने कहा कि मतदान टीम असम के माजुली से नौका और सड़क मार्ग से 50-60 किलोमीटर की कठिन यात्रा करती हैं, ब्रह्मपुत्र नदी को पार करती हैं और अंत में ट्रैक्टर से 248 मतदाताओं वाले सुदूर धनेखाना मतदान केंद्र पहुंचती हैं। कुमार ने बताया कि केरल के एडामलकुड्डी के आदिवासी क्षेत्र में स्थित एक बूथ पर कुल 693 मतदाता पंजीकृत हैं और यह एक अनूठा दूरस्थ मतदान केंद्र है। उन्होंने कहा कि चुनाव अधिकारी विशेष वाहनों पर उब्बड़-खाबड़ दुर्गम इलाके से होते हुए 30 किलोमीटर की यात्रा करने के बाद, आठ किलोमीटर पैदल चलकर इस मतदान केंद्र तक पहुंचते हैं। सीईसी के मुताबिक, अलीपुरद्वार जिले में, मतदान टीम बक्सा बाघ अभयारण्य की पहाड़ियों से होते हुए तीन मतदान केंद्रों तक पहुंचती हैं, जहां क्रमशः बक्सा में 759, चुनाभट्टी में 235 और अदमा में 445 मतदाता पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया कि तमिलनाडु के थेनी जिले में वरुसनद पहाड़ियों में, मतदान अधिकारी वेल्लीमलाई मतदान केंद्र तक पहुंचने के लिए कठिन इलाकों से होते हुए तीन घंटे की यात्रा करते हैं जहां मात्र पांच मतदाता पंजीकृत हैं।

### संक्षेप


## सीबीएसई ने रद्द की पश्चिम एशिया क्षेत्र में 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं

नयी दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने रविवार को अमेरिका-इजराइल और ईरान संघर्ष के मद्देनजर पश्चिम एशिया क्षेत्र में 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं को रद करने की घोषणा की। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने कहा कि बहरीन, ईरान, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात के छात्रों के लिए 16 मार्च से 10 अप्रैल तक निर्धारित 12वीं कक्षा की सभी परीक्षाएं रद कर दी गई हैं। पहले स्थगित की गई परीक्षाएं भी रद्द कर दी गई हैं। उन्होंने कहा कि इन देशों में परिणाम घोषित करने के बारे में अलग से घोषणा की जाएगी।

## यूपीएससी में सफल बेटियों को धामी ने किया सम्मानित

### अभ्यर्थियों से किया संवाद, पर्वतारोहण में उपलब्धि पर लता बिष्ट को मिला सम्मान

प्रमुख संवाददाता



खटीमा (उत्तराखंड)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा में सफलता हासिल करने वाली राज्य की तीन मेधावी छात्राओं को सम्मानित करते हुए कहा कि उनकी उपलब्धि पूरे उत्तराखंड के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि इन बेटियों की मेहनत, लगन और लक्ष्य के प्रति समर्पण युवाओं के लिए प्रेरणादायक उदाहरण है।

मुख्यमंत्री धामी ने अपने खटीमा स्थित निजी आवास नगला तराई में आयोजित एक कार्यक्रम में सिविल सेवा परीक्षा में चयनित शांभवी तिवारी (किच्छा), प्रिया चौहान (काशीपुर) और सौम्या गर्ब्याल (भीमताल) से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उन्होंने तीनों छात्राओं से उनकी तैयारी के अनुभव, चुनौतियों और भविष्य की योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि सिविल सेवा परीक्षा देश की सबसे प्रतिष्ठित और चुनौतीपूर्ण परीक्षाओं में से एक मानी जाती है। इसमें सफलता प्राप्त करने के लिए निरंतर मेहनत, अनुशासन और धैर्य की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि इन छात्राओं की उपलब्धि प्रदेश के अन्य युवाओं को भी अपने लक्ष्य के प्रति गंभीरता से प्रयास करने के लिए प्रेरित करेगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने तीनों चयनित ...शेष पृष्ठ 14 पर

## एक दिन में 50 कॉपियां ही जांच सकेंगे शिक्षक

### यूपी बोर्ड की ओर से दिशा-निर्देश जारी, कॉपियों का मूल्यांकन 18 मार्च से, उत्तरपुस्तिका में पैसे निकलने पर राजकोष में होंगे जमा

जिला संवाददाता



रामपुर। यूपी बोर्ड की 10 वीं और 12 वीं परीक्षा की कापियों का मूल्यांकन 18 मार्च से शुरू होगा। मूल्यांकन के लिए जिले में दो केंद्र बनाए गए हैं। मूल्यांकन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए बोर्ड की ओर से दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

इसके अनुसार एक दिन में 50 कॉपियां ही शिक्षक जांच सकेंगे। इससे ज्यादा कॉपियां किसी भी शिक्षक को नहीं दी जाएंगी। इसके अलावा एक शिक्षक को पूरे मूल्यांकन अवधि में 10 वीं की अधिकतम 700 और 12 वीं की 600 उत्तर पुस्तिकाएं ही जांचने की अनुमति होगी। एक परीक्षक को एक दिन में हाईस्कूल की 50 और इंटरमीडिएट की 45 कॉपियां जांचने को दी जाएंगी। वहीं, अधिकतम 700 कॉपियां ही जांचने के लिए मिलेंगी। कला विषय के परीक्षक 800 कॉपियां जांच सकेंगे। इससे मूल्यांकन की गुणवत्ता बनाए रखने में मदद मिलेगी और कापियों की जांच अधिक सावधानी से हो सकेगी। पिछले वर्षों में कई बार यह शिकायत सामने आई थी कि शिक्षकों को बहुत अधिक संख्या में कॉपियां जांचने के लिए दे दी जाती थीं। ऐसे में समय की कमी और कार्य के दबाव के कारण मूल्यांकन में जल्दबाजी हो जाती थी, जिससे अंकन में त्रुटियों की आशंका बढ़ जाती थी। इन परिस्थितियों को देखते हुए इस बार परिषद ने कापियों की संख्या निर्धारित करने का निर्णय लिया है। मूल्यांकन के लिए राजकीय रजा इंटर कालेज को 12 वीं और राजकीय मुर्तजा इंटर कालेज को 10 वीं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन केंद्र बनाया गया हैं। मूल्यांकन के दौरान यदि किसी उत्तरपुस्तिका में पैसे या कोई अन्य सामग्री मिलती है तो उसे तत्काल राजकोष में जमा कराया जाएगा और संबंधित उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा। जिस परीक्षा केंद्र की उत्तर पुस्तिका होगी। उसके कक्ष निरीक्षक के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। मूल्यांकन के लिए 17 मार्च को प्रशिक्षण होगा। इसके बाद 18 मार्च से एक अप्रैल तक मूल्यांकन ...शेष पृष्ठ 14 पर

### रमजान मुबारक



| शिया | | सुन्नी | |
|---|---|---|---|
| अफ्तार | सेहरी | अफ्तार | सेहरी |
| 6:16 | 5:02 | 6:09 | 5:14 |

### भीतर पढ़ें


- नेताजी होते तो पापी पाकिस्तान नहीं होता : सीएम (पृष्ठ-02)
- बीसी सखी योजना में उत्तर प्रदेश देश में पहले स्थान पर (पृष्ठ-02)
- एयर इंडिया के कर्मचारियों ने किया यात्रा का दुरुपयोग (पृष्ठ-14)
- कोल इंडिया का लक्ष्य बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करना (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** रविन्द्रालय में दोसर वैश्य महासभा और राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह में भारतीय दोसर वैश्य महासमिति का हुआ भव्य होली मिलन समारोह

# होली मिलन समारोह में सम्मानित किये गये विराज सागर दास

विशेष संवाददाता

लखनऊ। अखिल भारतीय दोसर वैश्य महासमिति की ओर से कैसरबाग स्थित राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान कलाकारों ने नृत्य प्रस्तुत कर समारोह में मौजूद दर्शकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहे विराज सागर दास, अध्यक्ष उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ, उपाध्यक्ष भारतीय बैडमिंटन संघ को सम्मानित किया गया। इस मौके पर महासमिति के पदाधिकारियों का प्रांतीय शपथ ग्रहण एवं वार्षिक सम्मान समारोह का ...शेष पृष्ठ 14 पर







## एलपीजी बुकिंग घटकर हुई 77 लाख प्रतिदिन

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच सरकार ने बताया कि देश में घरेलू एलपीजी रिफिल बुकिंग में गिरावट आई है और यह अब लगभग 77 लाख पर पहुंच गई है, जबकि 13 मार्च को यह 88.8 लाख थी। सरकार ने कहा है कि पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की आपूर्ति पूरी तरह से सुरक्षित है और किसी तरह की कमी नहीं है। सरकार ने पश्चिम एशिया की स्थिति के प्रभाव पर जारी दैनिक अपडेट में बताया कि ऑनलाइन एलपीजी बुकिंग का हिस्सा बढ़कर लगभग 87 प्रतिशत हो गया है, जो पहले 84 प्रतिशत था। इसका श्रेय तेल विपणन कंपनियों द्वारा डिजिटल बुकिंग को बढ़ावा देने और लोगों को एलपीजी डीलरशिप पर लंबी कतारों में खड़ा होकर ज़रूरत से ज़्यादा खरीदारी करने से रोकने ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

# नेताजी होते तो पापी पाकिस्तान नहीं होता : सीएम

## अयोध्या में राम मंदिर भी बना और गुलामी का कोई चिह्न भी नहीं बचा

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को ईनाणी सिटी सेंटर, चित्तौड़गढ़ में जौहर श्रद्धांजलि समारोह में जनता को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत के महापुरुषों ने शौर्य व पराक्रम के साथ जुड़ने का आह्वान किया था। आजादी के आंदोलन में झांसी की रानी लक्ष्मीबाई ने 26 वर्ष की आयु में 1857 में अंग्रेजों के विरुद्ध शंखनाद किया था। 27 वर्ष की आयु में उनका बलिदान हो गया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने आह्वान किया था कि तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा। नेताजी होते तो पापी पाकिस्तान भी नहीं होता। उनका आह्वान भारत की अस्मिता, आजादी और नौजवानों के लिए था। जापान, सिंगापुर, पोर्ट ब्लेयर, म्यांमार में उनके योगदान का स्मारक हमारा आह्वान करता है। सीएम ने काकोरी के नायकों के अलावा वीर सावरकर, स्वामी विवेकानंद को भी याद किया। कहा कि 1893 में शिकागो की धर्मसभा में स्वामी विवेकानंद ने कहा कि गर्व से कहो, हम हिंदू हैं। यह उद्घोष भारत को एकता के सूत्र में बांधता है। नेपाल में भी हिंदुओं का यह भाव हर व्यक्ति को जोड़ता है।

यूपी में जब हमारी सरकार बनी तो प्रदेशवासियों से कहा कि अपराध-अपराधियों, नारी गरिमा-सुरक्षा के मामले में सरकार जीरो टॉलरेंस के तहत काम करेगी। किसी ने बहन-बेटी की सुरक्षा पर हाथ डाला तो अगले चौराहे पर यमराज उसका इंतजार कर रहे होंगे।

25 करोड़ वाले उत्तर प्रदेश में बेटियां अब स्कूल भी जाती हैं, नाइट शिफ्ट में काम भी करती हैं और सकुशल घर आती हैं। हर नारी को सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन की गारंटी हर भारतीय नारी का अधिकार होना चाहिए। सीएम योगी ने भारत की अस्मिता को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए महाराणा सांगा के शौर्य का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, महाराणा सांगा के शरीर पर 80 घाव थे। लेकिन, उन्हें स्वयं की नहीं, बल्कि राष्ट्र की अस्मिता की चिंता थी। घाव पर घाव सहते गए पर विधर्मियों को घुसने नहीं दिया। महाराणा प्रताप ने महज 27 वर्ष की आयु में ही अकबर के खिलाफ युद्ध लड़ा था। उन्होंने अकबर को नाकों चने चबाने पर मजबूर कर दिया था। भारत के इतिहास ने हमेशा उनके शौर्य का स्मरण किया है। सीएम योगी ने कहा कि श्रीराम परमपिता परमेश्वर हैं, लेकिन वह राम तब बन पाए, जब उन्होंने कहा कि मैं इस धरती को राक्षसविहीन कर दूंगा। वह भी केवल यह कहते कि मैं अयोध्या का राजा हूं, मुझे कुछ नहीं करना है तो वह राम जैसा सम्मान नहीं पाते। राजस्थान के लाखों नौजवान राम मंदिर आंदोलन में कूद पड़े थे। जब पूर्वजों के प्रति मन में भाव होता है तो परिणाम आने में देर नहीं लगती। अयोध्या में भव्य राम मंदिर बन गया, वहां गुलामी का कोई चिह्न नहीं बचा। देश एकजुट होकर एक दिशा में चलता है और जाति के नाम पर बांटने वाले नेताओं से सावधान रहता है तो हर भारतवासी को राम मंदिर जैसा सम्मान प्राप्त होता है। कंस के अत्याचार से त्रस्त मथुरा को अभय प्रदान करने के लिए श्रीकृष्ण को संकल्प लेना पड़ा था कि सज्जन शक्ति का संरक्षण करूंगा, लेकिन दुर्जनों के संहार में संकोच नहीं करूंगा। सीएम योगी ने कहा कि भारत का वैभव हमेशा प्रेरणा प्रदान करता है। वैदिक कालीन भारत, आदर्श भारत, ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर आधारित भारत, जहां किसान उत्पादक था, कारीगर उद्यमी और व्यापारी राष्ट्र को जोड़ने का सेतु।

ग्राम स्वराज हमारी पहचान थी। आक्रांता साम्राज्य नारी अस्मिता के साथ खिलवाड़ और संस्कृति, परंपरा व बौद्धिक संपदा को रौंदते-लूटते हैं। उन्होंने शोषण की जो प्रवृत्ति पैदा की, उसका दुष्परिणाम था कि किसान उत्पादक से उपभोक्ता और उपभोक्ता से कर्जदाता हो गया। कारीगर श्रमिक होकर बेरोजगार हो गया। व्यापारी कर्ज के बोझ से आजीविका के लिए भटकने लगा। औपनिवेशिक कालखंड के शोषण के इस दुष्चक्र को समाप्त करने के लिए आजादी के बाद वर्ष दर वर्ष बीतते गए, लेकिन भारत की अस्मिता को पहचानने का प्रयास नहीं किया गया। अब आत्मनिर्भर व विकसित भारत की नींव को मजबूत बनाने की आधारभूत इकाई ग्राम पंचायतें, ग्राम सभाएं व कस्बे बनेंगे।

### बाबर, औरंगजेब और अकबर के खानदान का पता नहीं, महाराणा प्रताप के वंशज मंच पर बैठे हैं

मुख्यमंत्री ने कहा कि वीरभूमि चित्तौड़गढ़ को देखकर मुझे यूपी के साहित्यकार श्याम नारायण पांडेय की रचना हल्दीघाटी की पंक्तियां याद आती हैं, एकलिंग का आसन है, इस पर न किसी का शासन है...। खिलजी के नाम पर भारत में आज कोई नमूना दिखाई नहीं देता। बाबर, औरंगजेब और अकबर के खानदान का अतापता नहीं है, लेकिन महाराणा प्रताप की वंशावली महाराजा साहब मंच पर उपस्थित हैं। रानी पद्मिनी की वंशावली सैकड़ों वर्ष बाद आज भी है। सनातन की मयार्दा सदैव अमर है और रहेगी। सनातन धर्म कभी पददलित नहीं होगा। हमने अनेक चुनौतियां का मुकाबला किया और करेंगे, लेकिन हमारी अमरता पर कोई अंगुली नहीं उठा सकता। मातृशक्ति का साहस अजेय था और रहेगा। स्वाभिमान की ज्वाला भी शाश्वत बनी रहेगी।

## ... और पूरी हो गई स्कूली बच्चे की इच्छा

- सीएम योगी ने बच्चे संग खींची सेल्फी, बच्चे को किया दुलार, चॉकलेट भी दी



**जालौर/लखनऊ।** राजस्थान के जालौर स्थित श्री शांतिनाथ बालिका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर में पढ़ने वाले एक बच्चे की इच्छा रविवार को पूरी हो गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जो सदैव बच्चों के चेहरों पर मुस्कान बिखेर देते हैं, ने उस बच्चे के मनोभाव को समझते हुए तत्काल उसके मन की मुराद पूरी कर दी। दरअसल उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को राजस्थान में रहे। वह श्री शांतिनाथ बालिका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर में आयोजित नवीन भवन के अवलोकन कार्यक्रम में पहुंचे। यहां पढ़ने वाला एक बच्चा विद्यालय के कणिया गिरि मंच के नीचे खड़ा होकर मुख्यमंत्री के फ्रेम में बार-बार सेल्फी लेने की कोशिश कर रहा था। यह देखकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उस बच्चे को मंच पर बुला लिया। बच्चे से उसका नाम, क्लास आदि की जानकारी ली, फिर मोबाइल लेकर अपने हाथों से बच्चे के साथ सेल्फी खींची। इस पर आह्लादित बच्चे ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद कहा। मुख्यमंत्री ने यहां अपने विचार भी व्यक्त किए। अतिथियों ने मुख्यमंत्री का स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया। अंत में मुख्यमंत्री ने स्कूल के शिक्षकों, बच्चों, कलाकारों आदि के साथ फोटो खिंचवाई। मुख्यमंत्री ने बच्चों को चॉकलेट भी प्रदान की।

# वन स्टॉप सेंटर ने पीड़ित महिलाओं को दिया सहारा

विशेष संवाददाता (vol)

- 75 जिलों में संचालित हैं 96 सेंटर, मिल रही चिकित्सा, कानूनी और परामर्श सेवाएं

**लखनऊ।** कुछ महीने पहले औरैया स्थित वन स्टॉप सेंटर में एक 24 वर्षीय महिला घबराई हुई हालत में पहुंची। घरेलू कलह और लगातार बढ़ते विवादों ने उसके पारिवारिक जीवन को लगभग टूटने की कगार पर ला खड़ा किया था। वहां मौजूद परामर्शदाताओं ने धैर्य और संवेदनशीलता के साथ उसकी पूरी बात सुनी। केंद्र की पहल पर पति को भी बुलाया गया और दोनों की काउंसलिंग की प्रक्रिया शुरू हुई। कई दौर की बातचीत और सलाह के बाद पति पत्नी के बीच संवाद का रास्ता खुला।

नतीजा यह रहा कि आपसी विवाद सुलझ गया और एक परिवार टूटने से बच गया। संपर्क करने पर महिला ने बताया कि अब उसका दाम्पत्य जीवन सामान्य है और घर का माहौल पहले से बेहतर हो गया है। यह घटना बताती है कि योगी सरकार द्वारा संचालित वन स्टॉप सेंटर संकट में घिरी महिलाओं के लिए भरोसे और सहारे का मजबूत केंद्र बन चुके हैं।

हिंसा या उत्पीड़न की शिकार महिलाओं को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित वन स्टॉप सेंटर अब प्रदेश में प्रभावी सहायता तंत्र के रूप में स्थापित हो चुके हैं। यहां पीड़ित महिलाओं को एक ही स्थान पर चिकित्सकीय सहायता, मनोवैज्ञानिक परामर्श, विधिक सलाह और पुलिस सहायता उपलब्ध कराई जाती है। जरूरत पड़ने पर महिलाओं को पांच दिनों तक अल्प प्रवास की सुविधा भी दी जाती है। इससे संकट की घड़ी में उन्हें सुरक्षित वातावरण मिल सके। प्रशिक्षित परामर्शदाता महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए समाधान की दिशा में मार्गदर्शन देते हैं। प्रदेश में तेजी से मजबूत हुआ वन स्टॉप सेंटर का नेटवर्क महिला सुरक्षा और सशक्तीकरण को प्राथमिकता देते हुए राज्य सरकार ने वन स्टॉप सेंटर की व्यवस्था को लगातार विस्तार दिया है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश के 75 जिलों में 96 वन स्टॉप सेंटर संचालित हैं। प्रदेश की बड़ी आबादी को ध्यान में रखते हुए कई जिलों में अतिरिक्त सेंटर स्थापित करने की स्वीकृति भी दी गई है, जिससे अधिक से अधिक महिलाओं को समय पर सहायता मिल सके। इन केंद्रों के माध्यम से महिलाओं को न केवल तत्काल राहत मिल रही है बल्कि उन्हें अपने अधिकारों और उपलब्ध सेवाओं की जानकारी भी मिल रही है। महिला सुरक्षा के इस तंत्र को और प्रभावी बनाने के लिए प्रत्येक वन स्टॉप सेंटर पर आकस्मिक सेवाओं के लिए एक वाहन की व्यवस्था भी की गई है। इससे जरूरत पड़ने पर पीड़ित महिला तक तुरंत पहुंचकर सहायता उपलब्ध कराना संभव हो रहा है। सरकार का उद्देश्य है कि किसी भी महिला को संकट की स्थिति में मदद के लिए भटकना न पड़े और उसे सुरक्षित वातावरण में हर जरूरी सहयोग तुरंत मिल सके।

# बीसी सखी योजना में उत्तर प्रदेश देश में पहले स्थान पर

विशेष संवाददाता (vol)

- 40 से 50 हजार तक कमीशन अर्जित कर रहीं यूपी की बीसी सखियां
- महिला सशक्तीकरण के साथ ही गांवों तक पहुंच रहीं बैंकिंग सेवाएं




**लखनऊ।** ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और गांवों तक बैंकिंग सेवाएं पहुंचाने में उत्तर प्रदेश बीसी सखी योजना के अंतर्गत देश में नंबर वन बन गया है। वहीं, मध्य प्रदेश दूसरे और राजस्थान तीसरे नंबर पर है। योगी सरकार के लगातार प्रयास से इस योजना के जरिए प्रदेश भर की महिलाएं आर्थिक स्वावलंबन के रिकॉर्ड बना रहीं हैं।

प्रदेश में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी 40 हजार महिलाएं गांवों में काम करते हुए न केवल ग्रामीणों को बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध करा रही हैं, बल्कि स्वयं भी आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रहीं हैं।

इसके माध्यम से ग्रामीण महिलाएं औसतन 10 से 15 हजार रुपये महीने की कमाई कर रहीं हैं। इनमें से कई बीसी सखियां एक महीने में 40 से 50 हजार रुपये का कमीशन अर्जित कर रहीं हैं। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित बीसी सखी (बिजनेस कॉरेस्पांडेंट सखी) पहल ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय समावेशन को मजबूत करने के साथ-साथ महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण का प्रभावी माध्यम बन रही है। इसके तहत प्रशिक्षित महिलाएं गांवों में माइक्रो एटीएम और डिजिटल उपकरणों के माध्यम से कैश निकासी, जमा, आधार आधारित भुगतान और अन्य बैंकिंग सेवाएं घर के पास ही उपलब्ध करा रही हैं। इस पहल के जरिए ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं की पहुंच तेजी से बढ़ी है। बड़ी संख्या में महिलाएं इस योजना से जुड़कर अपने परिवार की तरक्की का आधार बन रहीं हैं। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के संयुक्त मिशन निदेशक जनमेजय शुक्ला के अनुसार बीसी सखी योजना के तहत लखनऊ, प्रयागराज, सुल्तानपुर समेत प्रदेश के विभिन्न जिलों में महिलाएं आर्थिक स्वावलंबन की नई मिसाल बन रहीं हैं।

प्रशिक्षण के बाद इन महिलाओं को गांवों में तैनात किया जाता है, जिससे ग्रामीणों को बैंक की सुविधाएं घर के पास ही मिलने लगी हैं। यह पहल न केवल ग्रामीण वित्तीय प्रणाली को मजबूत कर रही है, बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर महिला सशक्तीकरण को भी नई दिशा दे रही है।

गांव-गांव महिलाओं को प्रशिक्षित कर इस मॉडल को तेजी से विस्तार दिया जा रहा है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिल रही है। लखनऊ की अनीता पाल ने उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित बीसी सखी योजना के जरिए आत्मनिर्भरता का मजबूत उदहारण प्रस्तुत किया है। इस योजना के तहत हर महीने निश्चित आय के साथ-साथ वे 50 हजार रुपए तक कमीशन भी अर्जित कर रही हैं। वहीं, सुल्तानपुर जिले की प्रियंका मौर्य भी आजीविका मिशन के अंतर्गत योजना का बेहतर संचालन कर रहीं हैं और अपने परिवार की जिम्मेदारियां निभा रहीं हैं। उन्हें भी महीने में आय के अतिरिक्त करीब 50 हजार का कमीशन भी मिल रहा है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के संयुक्त मिशन निदेशक जनमेजय शुक्ला ने बताया कि योजना के प्रभाव से उत्तर प्रदेश में बड़ी संख्या में महिलाएं आर्थिक स्वावलंबन के रिकॉर्ड बना रहीं हैं। यह मॉडल ग्रामीण भारत में समावेशी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। बीसी सखी कार्यक्रम की सफलता को देखते हुए पहले से ही कार्यरत बैंक ऑफ बड़ौदा तथा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के साथ-साथ अब बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन बैंक, केनरा आदि बैंक भी इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन को सहयोग प्रदान करने के लिए आगे आए हैं।

# बाढ़ सुरक्षा संबंधी कार्यों को उच्च गुणवत्ता के साथ संपादित करें

विशेष संवाददाता (vol)



- जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बाढ़ सुरक्षा कार्यों की समीक्षा की

**लखनऊ।** प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की अध्यक्षता में आज यहाँ सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के सभागार में बाढ़ से संबंधित कार्यों की तैयारी एवं प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में देवीपाटन मंडल के अंतर्गत जनपद गोंडा, श्रावस्ती, बहराइच तथा अयोध्या मंडल के अंतर्गत बाराबंकी, अयोध्या एवं अम्बेडकरनगर जनपदों में संचालित बाढ़ सुरक्षा एवं बचाव कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान जलशक्ति मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाढ़ बचाव से संबंधित सभी आवश्यक कार्य 15 जून से पूर्व अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लिए जाएं, जिससे संभावित बाढ़ की स्थिति में किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि सभी अभियंता एवं संबंधित अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर कार्यों की सतत निगरानी सुनिश्चित करें।

जलशक्ति मंत्री ने निर्देश दिए कि सभी इंजीनियरों की तैनाती समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि बाढ़ सुरक्षा कार्यों को पूरी संवेदनशीलता एवं उच्च गुणवत्ता के साथ संपादित किया जाना चाहिए, ताकि जनसामान्य की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

समीक्षा बैठक में मंत्रीजी ने विगत नौ वर्षों में इन क्षेत्रों में बाढ़ से बचाव हेतु कराए गए कार्यों तथा उनके प्रभाव का भी आकलन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पूर्व में कराए गए कार्यों की प्रभावशीलता का मूल्यांकन करते हुए आवश्यकतानुसार अतिरिक्त सुधारात्मक कदम भी उठाए जाएं।

प्रमुख सचिव सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग अनिल गर्ग ने बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने जनपदों में क्रिटिकल स्थलों का स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण कार्य तत्काल कराए जाएं। साथ ही संभावित आपात स्थितियों से निपटने के लिए आवश्यक उपकरण, सामग्री एवं अन्य संसाधनों का पर्याप्त रिजर्व स्टॉक भी उपलब्ध रखा जाए। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रबंधन से जुड़े सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, जिससे आपदा की स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

बैठक में संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं अभियंता उपस्थित रहे। बैठक में प्रमुख अभियंता एवं विभागाध्यक्ष, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, प्रमुख अभियंता (परिकल्प एवं नियोजन), सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग सहित विभाग के मुख्य अभियंता एवं अधीक्षण अभियंता तथा देवीपाटन मंडल, एल तथा अयोध्या मंडल के मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता एवं सहायक अभियंताओं ने सहभागिता की।

# महिलाओं की आर्थिक शक्ति से मजबूत होगा समाज और राष्ट्र

## सरस मेले में महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम



**लखनऊ/प्रयागराज।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य रविवार को परेड ग्राउंड में आयोजित प्रादेशिक सरस मेले के द्वितीय दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के दूसरे दिन सांसद व गायक मनोज तिवारी, पद्मश्री कैलाश खेर, गायिका तृप्ति शाक्या की ओर से कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सरस मेला 10 दिनों तक लगातार चलता रहेगा, जिसमें विभिन्न कलाकारों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जायेगी। उपमुख्यमंत्री ने मेले में लगाए गए स्टालों पर जाकर स्वयं सहायता समूह के निर्मित उत्पादों का अवलोकन किया तथा उनसे उत्पादों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं आज प्रदेश के आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन की मजबूत आधारशिला बन रही हैं। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर उन्हें ह्यलखपति दीदी बनाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है।

उप मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि 10 दिवसीय सरस मेले में गरीबो के जीवन में खुशहाली लाने ,उनकी आर्थिक संवृद्धि हेतु एवं महिलाओं के सशक्तिकरण तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से समूह की दीदियो के द्वारा निर्मित उत्पादों की बिक्री तथा उनके उत्पादों की पहचान हेतु स्टाल लगाए गये हैं इसलिये आप सभी लोग कुछ समानों की खरीदारी अवश्य करे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं के जीवन में व्यापक परिवर्तन आया है। जो महिलाएं पहले घर की चाहरदीवारी तक सीमित रहती थीं, आज वे अपने परिश्रम और उद्यमिता से परिवार की आय बढ़ाने के साथ-साथ गांव और समाज में सम्मान प्राप्त कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इन समूहों से जुड़ने के बाद महिलाओं की सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ी है और उन्हें परिवार तथा समाज में पहले से अधिक सम्मान मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है कि स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं केवल छोटे स्तर तक ही सीमित न रहें, बल्कि उन्हें उद्योग, उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन के क्षेत्र में भी आगे बढ़ाया जाए। सरस महोत्सव जैसे आयोजनों के माध्यम से इन महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों को बड़े बाजार तक पहुंचाने का अवसर मिलता है, जिससे उनकी आय में निरंतर वृद्धि होती है। माननीय उप मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति में हुए व्यापक सुधार के कारण महिलाओं को सुरक्षित वातावरण मिला है। अपराधियों और माफियाओं पर सख्त कार्रवाई के चलते महिलाएं निर्भय होकर आगे बढ़ रही हैं और अपने उद्यमों को विकसित कर रही हैं। उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय से आह्वान किया कि वे सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं और स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ें।

# सपा ने सादगी से मनायी कांशीराम की 92वीं जयंती

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव के निर्देश पर आज कांशीराम की 92वीं जयंती समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय लखनऊ सहित प्रदेश के विभिन्न जनपदों में स्थित पार्टी कार्यालयों में सादगी से मनाई गई।

पार्टी मुख्यालय में मान्यवर कांशीराम के चित्र पर सांसद आर.के चौधरी पूर्व नेता विरोधी दल विधानसभा राम गोविन्द चौधरी एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी सहित सभी पार्टी नेताओं और कार्यकताओं ने कांशीराम के प्रति श्रद्धासुमन अर्पित किए। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का मानना है कि कांशीराम भारतीय राजनेता और समाज सुधारक थे। उन्होंने भारतीय समाज में बहुजनों को सम्मानजनक स्थान दिलाया। उन्होंने 1971 में बामसेफ और 1984 में बहुजन समाज पार्टी की स्थापना की। दलित भाइयों में आत्मसम्मान की भावना भरने में उन्होंने अथक प्रयास किए। राजनीति में उन्हें सम्मानजनक स्थान दिलाया। सरकारी नौकरियों में कार्यरत और दलित समाज के सम्पन्न तबके को जोड़कर उन्होंने बहुजन समाज की मदद का रास्ता निकाला।

अखिलेश यादव ने कहा कि कांशीराम और नेताजी मुलायम सिंह यादव के बीच 1991 में गठबंधन से प्रदेश की राजनीति में दलित और पिछड़े वर्ग के बीच नए सम्बंध बने और राज्य में मिलीजुली सरकार बनी। समाजवादी पार्टी ने मान्यवर कांशीराम को इटावा से लोकसभा पहुंचाने का काम किया। समाजवादी पार्टी ने कांशीराम जी को हमेशा सम्मान दिया। समाज के पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यको को पीडीए से मजबूती मिली है। पीडीए समाज को लम्बे समय तक सामान्य सुविधाओं से भी वंचित रखा गया। बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने संविधान में जो अधिकार नागरिकों को दिए उनसे एक बड़े तबके को वंचित रखने की साजिश भाजपा कर रही है। अब सभी ने एकजुट होकर पीडीए के रास्ते भाजपा को सत्ता से बेदखल करने का संकल्प कर लिया है। कार्यक्रम में पूर्व सांसद अरविन्द कुमार सिंह, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी शिक्षक सभा प्रो0 बी.पाण्डेय, पूर्व विधायक राजेन्द्र यादव, पूर्व विधायक अंबरीश पुष्कर, प्रदेश उपाध्यक्ष सीएल वर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिक्षक सभा मणींद्र मिश्रा, जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी लखनऊ जयसिंह जयंत, एवं पूर्व मंत्री सलाउद्दीन मुस्सन, विजय सिंह यादव, राम प्रकाश यादव, अनिल पासी, उमाशंकर वर्मा, राम अवतार धीमान, दुलीचंद यादव, अमरजीत सिंह महाराजगंज, नीतू यादव, विजयश्री गौतम, मालती यादव, रिंकी यादव, सत्येन्द्र रावत, संग्राम सिंह, बचान सिंह यादव, दिलीप यादव, अमित कुमार, बेगराज सिंह, बृजेश, रामवीर कठेरिया, हरेन्द्र यादव, पवन रावत, संदीप यादव, अनूप यादव, रविन्द्र सिंह, बृजलाल रावत, अर्जुन गौतम, राजकुमार गौतम, रामचंद्र गौतम, करन यादव, सतीश, सानू, विपिन यादव, सरदार नरेन्द्र सिंह छाबड़ा, विपिन साजन, अशर्फी धीमान, सूरज यादव, धारा सिंह यादव, वीरेन्द्र सिंह यादव, प्रवेश यादव, चन्द्रिका गौतम, विजय सिंह, निखिल कनौजिया, प्रमोद पाण्डेय पूर्व जिला महासचिव गोण्डा, मनोज पाल लखनऊ दीपक, अभय शंकर यादव, शुभम यादव चिनहट, प्रेम यादव, रवि वर्मा, अयान शेख, डीपी यादव, रामेन्द्र यादव, कुंवर अनुराग गाजीपुर, डॉ. मरगूब कुरैशी आदि ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किये।

# श्रावस्ती में जल्द पूरा होगा बुद्धवनम पार्क का निर्माण

विशेष संवाददाता (vol)

- श्रीलंका, म्यांमार, नेपाल, भूटान, थाईलैंड, चीन और जापान से श्रावस्ती आते हैं पर्यटक



**लखनऊ।** श्रावस्ती देश-प्रदेश का ही नहीं, विश्व में बौद्ध धर्म के प्रमुख तीर्थस्थलों में से एक है। यही कारण है कि श्रावस्ती में श्रीलंका, म्यांमार, नेपाल, भूटान, थाईलैंड, चीन और जापान सहित कई देशों से बौद्ध श्रद्धालु और पर्यटक आते रहे हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सतत पर्यटन के विजन के अनुरूप श्रावस्ती में बुद्धवनम पार्क का निर्माण किया जा रहा है। बुद्धवनम पार्क का निर्माण कार्य इस वर्ष जून के अंत तक पूरा होने की संभावना है। इस परियोजना के पूरा होने से प्रदेश में बौद्ध पर्यटन को नई गति मिलने की उम्मीद है, साथ ही यह पार्क राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों के लिए एक आकर्षक केंद्र के रूप में विकसित होगा।

उत्तर प्रदेश में अंतरराष्ट्रीय पर्यटन के नए आयाम विकसित करने के उद्देश्य से केंद्र एवं राज्य सरकार के संयुक्त प्रयास से जनपद श्रावस्ती में बुद्धवनम पार्क का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत पार्क के लैंडस्केप क्षेत्र में कई प्रमुख संरचनाओं का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। परियोजना के अंतर्गत धर्म चक्र से संबंधित आठ संरचनाओं के आरसीसी फाउंडेशन का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। साथ ही म्यूरल वॉल के लिए भी आरसीसी स्ट्रक्चर बन चुका है। इस पर सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है। परिसर में बनाए जा रहे सेंटर पाथ-वे और स्टेप गैलरी के लिए ब्रिक वर्क का कार्य भी लगभग पूरा हो चुका है। इससे पार्क का मुख्य संरचनात्मक स्वरूप स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। पार्क के आसपास स्ट्रीट ब्यूटीफिकेशन के तहत सड़क के दोनों किनारों पर आरसीसी रिटेनिंग वॉल का निर्माण, केबल ट्रेंच, स्टोन बोलार्ड, विशेष लैंप पोस्ट और पाथ-वे पर स्टोन क्लैडिंग जैसे कार्य किए जा रहे हैं। बुद्धवनम पार्क में आने वाले पर्यटकों को बौद्ध धर्म और क्षेत्र के ऐतिहासिक महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से बनाए जा रहे इंटरप्रिटेशन सेंटर के कॉलम ढलाई का कार्य प्रगति पर है, जो जल्द ही बनकर तैयार हो जाएगा। इसके अतिरिक्त तैयार की जा रही डॉर्मेट्री के आंतरिक प्लास्टर और फ्लोरिंग का कार्य भी अंतिम चरण में है। साथ ही पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पार्किंग व्यवस्था भी विकसित की जा रही है। दोपहिया वाहनों के लिए पार्किंग का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, जबकि चारपहिया वाहनों के लिए पार्किंग क्षेत्र का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इन व्यवस्थाओं के पूरा होने के बाद क्षेत्र की सुंदरता और पर्यटन अनुभव में उल्लेखनीय सुधार होगा। बुद्धवनम पार्क के विकसित होने से श्रावस्ती में बौद्ध पर्यटन को नया आयाम मिलेगा साथ ही स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी लाभ होगा।

# तेज हवा और बूंदाबांदी से बदला मौसम, ओलावृष्टि का अलर्ट

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** राजधानी समेत प्रदेश के कई इलाकों में रविवार को मौसम बदल गया। राजधानी में सुबह बूंदाबांदी के साथ धूलभरी आंधी चली। कुछ समय के लिए आसमान घने काले बादलों से घिर गया। वहीं प्रदेश के पश्चिमी जिलों और एनसीआर के नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, मुजफ्फरनगर तथा आसपास समेत करीब 15 शहरों में तेज हवा के साथ हल्की बारिश हुई।

मौसम विभाग ने प्रदेश के 35 जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश और 10 जिलों में ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की है। विभाग का अनुमान है कि अगले 48 घंटे तक प्रदेश में मौसम का मिजाज इसी तरह बदलता रहेगा। बारिश और तेज हवाओं का असर खेती किसानी पर भी दिखा। कई इलाकों में खड़ी फसलें झुक गईं, जिससे किसानों की चिंता बढ़ी है। हालांकि तापमान में आई गिरावट से लोगों को उमस और बढ़ती गर्मी से कुछ राहत जरूर मिली है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार, सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के कारण प्रदेश के कई जिलों में हल्की बारिश का दौर शुरू हो गया है। अगले दो दिनों तक पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्रों में बारिश की संभावना है और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। कुछस्थानों पर ओले गिरने की भी आशंका है। इसके अलावा 19 मार्च से एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है। इसका असर प्रदेश के मौसम पर व्यापक रूप से पड़ सकता है। मध्य जोन के अंतर्गत आने वाले रेजिडेंसी क्षेत्र के पास बलरामपुर अस्पताल और सीएमओ ऑफिस के बीच में गिरा पुराना पेड़ और 11 केवीए पोल सड़क पर गंभीर स्थिति मरीजों को आने-जाने में दिक्कत हुई। बारिश से तापमान में 5 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट हो सकती है। अधिकतम तापमान 32 डिग्री और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है। रविवार को अधिकतम तापमान 34.4 डिग्री रहा। यह सामान्य से 2.2 डिग्री अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 18.5 डिग्री रहा। यह सामान्य से 3.5 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा।

# छोटे कारोबारियों को लाइसेंस का वार्षिक नवीनीकरण अब अनिवार्य नहीं

**● खाद्य कारोबारियों को टर्नओवर सीमा में बड़ी राहत**

**लखनऊ।** फूड लाइसेंस और पंजीकरण के नियमों में बदलाव किया गया है। अब हर साल लाइसेंस का नवीनीकरण कराना जरूरी नहीं होगा। इसके साथ ही नगर निगम या स्ट्रीट वेंडर्स (जीविका संरक्षण एवं पथ विक्रय विनियमन) अधिनियम, 2014 के तहत पंजीकृत ठेले-खोमचे और फेरीवाले अब अपने-आप भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण में पंजीकृत माने जाएंगे। इससे छोटे दुकानदारों और स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को दोबारा रजिस्ट्रेशन कराने और लंबी कागजी प्रक्रिया से गुजरने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इससे उन्हें काफी राहत मिलेगी।

गजट में प्रकाशन के साथ ही नियम प्रभावी हो गए हैं। एक अप्रैल से इन्हें लागू किया जाएगा। हालांकि सभी खाद्य कारोबारियों के लिए स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा से जुड़े मानकों का पालन करना होगा। नए नियमों के तहत छोटे खुदरा विक्रेता, स्ट्रीट फूड विक्रेता, अस्थायी स्टाल संचालक, फूड ट्रक संचालक और कुटीर स्तर के खाद्य उद्योग भी इस व्यवस्था में शामिल होंगे। जरूरी दस्तावेज पूरे होने पर अब पंजीकरण प्रमाणपत्र तुरंत जारी किया जा सकेगा। यदि कोई कारोबारी वार्षिक शुल्क या फूड सेफ्टी अनुपालन से जुड़ा रिटर्न जमा नहीं करता है तो उसका लाइसेंस या पंजीकरण स्वतः निलंबित माना जाएगा। खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण अब जोखिम आधारित प्रणाली के तहत किया जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर थर्ड पार्टी से फूड सेफ्टी ऑडिट भी कराया जा सकेगा। व्यापारियों के संगठन कन्फेडरेशन आफ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र गोयल के अनुसार, पहले व्यापारी एक से पांच वर्ष की अवधि के लिए लाइसेंस लेते थे और समय पर नवीनीकरण न कराने पर लाइसेंस निरस्त हो जाता था। इसके बाद उन्हें दोबारा जटिल प्रक्रिया से गुजरना पड़ता था। अब इस बाध्यता को समाप्त कर दिया गया है। नियमों में टर्नओवर की सीमा भी बढ़ाई गई है। पहले 12 लाख रुपये सालाना टर्नओवर तक के कारोबारियों को पंजीकरण मिलता था, जिसे बढ़ाकर अब 1.5 करोड़ रुपये कर दिया गया है। इसी तरह, पहले पांच करोड़ रुपये तक के कारोबारियों को राज्य स्तर से लाइसेंस मिलता था और उससे अधिक टर्नओवर पर केंद्र से लाइसेंस लेना पड़ता था।

# रक्षा मंत्री ने गिलौरी व चाट का लुत्फ उठाया

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** रक्षा मंत्री और लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह लखनऊ प्रवास के दौरान जनसंपर्क अधिकारी डॉ. राघवेंद्र शुक्ला के विवेक खंड 3 गोमती नगर आवास पहुंचे। जहां लखनऊ के पारंपरिक और विविधतापूर्ण व्यंजनों को दुनिया के सामने लाकर राजधानी की खान-पान संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का स्वाद चखा और सराहा।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ उपस्थित वरिष्ठ नेताओं और पार्टी पदाधिकारियों ने पुराने चौक, राजा बाजार की मशहूर दुकानों में बने गाय के दूध से तैयार लखनऊ का मशहूर मक्खन मलाई, दूध की बर्फी, मट्ठा, मलाई गिलौरी, चाट का लुत्फ उठाया। इस दौरान महानगर भाजपा नेता डॉ नीरज सिंह, सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक ओपी श्रीवास्तव, एमएलसी रामचंद्र प्रधान, सांसद प्रतिनिधि दिवाकर त्रिपाठी, महामंत्री त्रिलोक अधिकारी पुष्कर शुक्ला, मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग, पार्षद अनुराग मिश्रा, राजीव दीक्षित मुख्य रूप से उपस्थित रहे। रक्षा मंत्री, डॉक्टर राघवेंद्र शुक्ला की माता निर्मला शुक्ला, पत्नी डॉक्टर शील शुक्ला, भाई रवींद्र शुक्ला, भतीजी अर्शिता शुक्ला, डॉक्टर शशि शेखर से मिले और सभी के बारे में जानकारी ली।

डॉक्टर राघवेंद्र शुक्ला के आवास पर रक्षा मंत्री को पुष्प गुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर गोमतीनगर जनकल्याण महासमिति के अध्यक्ष डॉक्टर बी एन सिंह महासचिव डॉक्टर राघवेंद्र शुक्ला कार्यकारी महासचिव कर्नल ए एन पांडे सचिव संजय निगम, सी जी नायर, संगठन सचिव अभिनव शुक्ला, परमहंस जनकल्याण समिति के कोषाध्यक्ष आर डी चौबे ने किया।

ज्ञातव्य है कि कुछ समय पहले ही राजधानी लखनऊ को शहर की सांस्कृतिक समृद्धि, खान-पान की परंपराओं और रचनात्मक क्षमता के आधार पर यूनेस्को की ओर से क्रिएटिव सिटी ऑफ गैस्ट्रोनॉमी के रूप में चुना गया था।

# ग्रीन कॉरिडोर के पास सीवर में लीकेज से सड़क धंसी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** दो दिन पहले ग्रीन कॉरिडोर के लोकार्पण के बाद रविवार को हनुमान सेतु को निशातगंज की ओर से खाटू श्याम मंदिर के पास सड़क का एक हिस्सा धंस गया।

सड़क धंसने की सूचना पर लखनऊ विकास प्राधिकरण के अफसर मौके पर पहुंचे। तत्काल टीमों को मरम्मत के काम में लगाया गया। बताया गया कि सीवर लाइन के पास की मिट्टी खिसक गई थी, इसी कारण यहां पर सड़क धंस गई है। मरम्मत के बाद इसको चालू कर दिया जाएगा। जहां पर सड़क धंसी है, वो मार्ग काला कांकर की ओर जाता है। बता दें कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 13 मार्च को में 1,519 करोड़ रुपये की ग्रीन कॉरिडोर योजना के दूसरे चरण का लोकार्पण किया था। हालांकि एलडीए प्रशासन की ओर से सड़क धंसने की खबर को अफवाह बताया है। बताया गया ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के अंतर्गत बीरबल साहनी मार्ग का चौड़ीकरण किया गया है। बीरबल साहनी मार्ग से न्यू हैदराबाद पुलिस चौकी की ओर जाने वाले रैम्प के निकट सीवर पाइप लाइन में लीकेज की शिकायत पर जल निगम की ओर से प्रभावित पॉइंट पर गड्ढा खोदकर मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है। प्राधिकरण की ओर से वहां किसी भी प्रकार का कोई कार्य नहीं कराया जा रहा है। ग्रीन कॉरिडोर के एलाइनमेंट में आ रही विद्युत लाइन, खंभों, पाइपलाइन आदि यूटिलिटी की शिफ्टिंग का कार्य प्राधिकरण की ओर से संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए पूर्व में ही कराया जा चुका है।

सीवर पाइप लाइन में लीकेज की सूचना प्राप्त होने पर लखनऊ विकास प्राधिकरण के अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा के नेतृत्व में अभियंत्रण टीम के साथ स्थल निरीक्षण किया गया। मौके पर जल निगम की टीम द्वारा मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। पाइप लाइन लीकेज की उक्त समस्या से नवनिर्मित ग्रीन कॉरिडोर का कोई सरोकार नहीं है। कॉरिडोर पर यातायात सुचारू है।

# प्रीपेड़ बिजली मीटर में बैलेंस रखे पॉजिटिव

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**कनेक्शन कटने पर नेगेटिव प्रीपेड बैलेंस के 50 प्रतिशत तक रिचार्ज पर, 3 दिनों के लिए रिचार्ज, एक बार समय देते हुए, बहाल होगी विद्युत आपूर्ति**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा आरडीएसएस योजना के अंतर्गत प्रदेश में स्मार्ट मीटरिंग कार्य तेजी से गति पकड़ रहा है। अब तक उत्तर प्रदेश में लगभग 78 लाख स्मार्ट मीटर उपभोक्ता परिसर पर स्थापित किए जा चुके हैं, जिनमें से लगभग 70 लाख 50 हजार प्री-पेड स्मार्ट मीटर हैं। इन प्री-पेड स्मार्ट मीटरों के माध्यम से उपभोक्ताओं को अधिक सुविधा, पारदर्शिता और बेहतर विद्युत सेवाएं प्रदान करने का उद्देश्य है। स्मार्ट मीटरों के प्रमुख लाभों में सटीक बिलिंग, दैनिक खपत की जानकारी, मानवीय हस्तक्षेप का न्यूनतम होना और निर्धारित विद्युत टैरिफ पर 2 प्रतिशत छूट शामिल है, जिससे उपभोक्ताओं को सस्ती और विश्वसनीय बिजली उपलब्ध हो रही है।

प्री-पेड परिवर्तन के बाद उपभोक्ता को पूर्व में जमा सिक्योरिटी राशि का पूरा लाभ प्राप्त होता है— यह राशि स्वतः उनके पोस्ट पेड के पूर्व बकाये वाले बिल में समायोजित हो जाती है, या यदि कोई बकाया नहीं है तो प्री-पेड बैलेंस में सीधे जुड़ जाती है। साथ ही, अंतिम पोस्ट-पेड बिल से प्री-पेड परिवर्तन की तारीख तक के बकाये बिल का भुगतान भी उपभोक्ता को करना होता है। कभी-कभी पोस्ट-पेड बकाया और नया रिचार्ज दोनों देखकर भ्रम हो सकता है कि बिल अधिक आ गया, लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं है, हर बिल शुद्ध ऊर्जा खपत पर आधारित होता है, जिसका विस्तृत विवरण ऐप पर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित होता है।

प्री पेड में विद्युत उपयोग के लिए उपभोक्ता को पहले रिचार्ज करना होता है। पोस्ट-पेड से प्री-पेड परिवर्तन के बाद 30 दिनों का ग्रेस पीरियड प्रदान किया जाता है ताकि उपभोक्ता सहजता से अभ्यस्त हो सकें और उपयोगानुसार रिचार्ज कर लें। स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ता अपनी खपत, बिल और बैलेंस की पूरी जानकारी मोबाइल ऐप या पर तुरंत देख सकते हैं।

स्मार्ट मीटर प्रणाली में उपभोक्ताओं को उनके उपलब्ध प्रीपेड बैलेंस तथा अन्य महत्वपूर्ण सूचनाएं समय-समय पर एसएमएस के माध्यम से भेजी जाती हैं। उपभोक्ता अपने प्रीपेड बैलेंस और खपत की जानकारी यूपीपीसीएल स्मार्ट ऐप, वढढउछ की आधिकारिक वेबसाइट, या मीटर के डिस्प्ले पर भी देख सकते हैं। स्मार्ट मीटर रिचार्ज की प्रक्रिया अत्यंत सरल और सुविधाजनक है। उपभोक्ता उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड की आधिकारिक वेबसाइट, वेब पोर्टल, यूपीपीसीएल स्मार्ट ऐप, भीम, फोनपे, गूगल पे जैसे डिजिटल माध्यमों से घर बैठे आसानी से रिचार्ज कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, विभागीय कैश काउंटरों, जन सुविधा केंद्रों पर भी स्मार्ट प्री-पेड मीटर रिचार्ज की सुविधा उपलब्ध है। ऐप के माध्यम से मासिक, दैनिक एवं प्रति घंटा खपत, प्री-पेड बैलेंस और पोस्ट-पेड बकाया का विवरण भी तत्काल उपलब्ध होता है। पूर्व के पोस्ट-पेड बिलों के बकाये की राशि प्रत्येक रिचार्ज से स्वतः समायोजित की जाती है।

एलएमवी-1 (घरेलू) श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए बकाया राशि के आधार पर समायोजन होता है। 10 हजार रुपये तक के बकाए पर प्रत्येक रिचार्ज से 10 प्रतिशत, 10 हजार से 15 हजार तक पर 15 प्रतिशत, 15 हजार से 20 हजार रुपये तक पर 20 प्रतिशत, तथा 20 हजार रुपये से अधिक पर 25 प्रतिशत धनराशि समायोजित की जाती है। अन्य सभी श्रेणियों के उपभोक्ताओं के लिए प्रत्येक रिचार्ज से 25 प्रतिशत बकाया समायोजित होता है। यदि बकाया एकमुश्त न चुकाया जाए, तो उस पर ब्याज लागू होगा। स्मार्ट मीटर प्रणाली में डिस्कनेक्शन-रीकनेक्शन प्रक्रिया पूर्णतः स्वचालित है। प्री-पेड बैलेंस शून्य होने पर विद्युत आपूर्ति स्वतः विच्छेदित हो जाती है, तथा रिचार्ज करने पर आपूर्ति तुरंत बहाल हो जाती है।

उपभोक्ता अभी पूरी तरह जागरूक या अभ्यस्त नहीं हुए हैं, इसलिए उनकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए यूपीपीसीएल ने निर्णय लिया है कि आपूर्ति विच्छेदन के बाद यदि उपभोक्ता इतना रिचार्ज करता है कि उसका नेगटिव प्रीपेड बैलन्स कम से कम 50 प्रतिशत रह जाए, तो कनेक्शन 3 दिनों के लिए पुनः जोड़ दिया जाएगा।

# 35 हजार केंद्रों पर हुई साक्षरता परीक्षा



**लखनऊ।** प्रदेश में वयस्क साक्षरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत द्वितीय चरण की साक्षरता परीक्षा का आयोजन रविवार को प्रदेश के समस्त जनपदों में किया गया। इस दौरान लगभग 35 हजार से अधिक साक्षरता परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में असाक्षर प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस संबंध में महानिदेशक, स्कूल शिक्षा मोनिका रानी ने बताया कि उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश में साक्षरता अभियान को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उल्लास पोर्टल पर 14 मार्च तक शॉर्टलिस्ट किए गए 4,93,516 असाक्षर इस परीक्षा में सम्मिलित हुए हैं। महानिदेशक ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत केवल सामान्य नागरिक ही नहीं, बल्कि समाज के विभिन्न वर्गों को भी साक्षर बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिला कारागार कानपुर देहात और फरुर्खाबाद में निरुद्ध असाक्षर कैदियों को भी इस साक्षरता परीक्षा में सम्मिलित कराया गया, ताकि उन्हें भी शिक्षा से जोड़कर मुख्यधारा में लाया जा सके।

# आईएएस अभिषेक प्रकाश को सचिव सामान्य प्रशासन की जिम्मेदारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने आईएएस अभिषेक प्रकाश को बहाल करने के बाद सचिव सामान्य प्रशासन की जिम्मेदारी दी है। शासन की ओर से शनिवार को बहाली को लेकर नियुक्ति विभाग ने आदेश जारी किया गया था। आज यानी 15 मार्च से वह बहाल हो गए हैं। रविवार को उत्तर प्रदेश शासन ने उनकी तैनाती का आदेश भी जारी कर दिया है। माना जा रहा है कि सोमवार से अभिषेक प्रकाश अपना कार्यभार संभाल लेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सबसे प्रतिष्ठापरक प्रोजेक्ट इन्वेस्ट यूपी के सीईओ रहे 2006 बैच के आईएएस अधिकारी अभिषेक प्रकाश को रिश्वत मांगने के गंभीर आरोप में निलंबित किया गया था। उन पर सोलर कंपनी से प्रोजेक्ट मंजूरी के बदले घूस मांगने का आरोप था। इसके बाद प्रदेश सरकार ने उन्हें 20 मार्च 2025 को निलंबित कर दिया था। फरवरी 2026 में साक्ष्य के अभाव में इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने इस मामले में चार्जशीट रद कर दी थी। आईआईटी रुड़की से बी-टेक आईएएस अफसर अभिषेक प्रकाश की बहाली को लेकर उत्तर प्रदेश शासन की ओर से आधिकारिक निर्देश शनिवार को जारी किया गया।

# हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने के लिए चलेगा अभियान

**लखनऊ।** 21वीं सदी में सभी लोगो को काम पर पहुचने की बहुत ही जल्दी रहती है। सभी अपने लिए बाइक व गाड़ी खरीदे है जिससे ट्रेफिक की समस्या भी दिन-बदिन बढ़ती जा रही है। बढ़ती मेहंगाई के साथ गरीब जनता का जीना भी मुश्किल हो चुका है। ऐसे समय में बाइक या चोरी हो जाना बहुत गंभीर मामला माना जाता है। बढ़ते ट्रेफिक की वजह से मार्ग अकस्मात की मात्रा भी बढ़ गयी है। इन सभी समस्याओ का निवारण लाने के लिए भारत सरकार ने सभी वाहनो पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य बना दिया है। इससे फर्जी नंबर प्लेट लगा कर गलत काम होने से भी रोका जा सकता है और आरोपी को पकड़ा भी जा सकता है। हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट को सभी राज्यो में लागू कर दिया गया है। **चौराहो पर तैनात होगें नोडल अधिकारी :** हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट सभी गाड़ियों पर लगवाने के लिए चौराहो पर नोडल अधिकारी को नामित किया गया है। अभी तक प्रदेश में 70 प्रतिशत ही नंबर प्लेट ही लगा सका है। ऐसे में चौराहों पर नोडल अधिकारी के तहत गाड़ियों की जांच किया जायेगा। जांच में नम्बर प्लेट नही मिलने पर गाड़ी पर जुर्माना भी लगाया जायेगा।

# निर्देश के बाद भी खड़ी हो रही है मौरंग लदी गाड़ी

**लखनऊ।** शहीद पथ के पास ट्रांसपोर्टनगर में मौरंग मंडी के लिए पार्किंग निर्धारित किया गया है फिर भी सड़क पर मौरंग मंडी लग हुई है। जिससे सड़क और सड़क के किनारे बने नाले में भी मौरंग की गिटटी फेंक दिया जा रहा है। जिससे नाला चोक हो जा रहा है। जबकी डीएम ने सख्त निर्देश दिया है कि कोई भी गाड़ी सड़क के किनारे नही खड़ा हो सकती है। नगर निगम द्वारा पार्किंग में मौरंग की गाड़िया खड़ी करने के लिए निर्धारित किया गया है। जिसमें गाड़िया नही खड़ी हो रही है। गाड़ी पार्किंग में नही खड़ा होने से नगर निगम को माह में लाखो रुपये का नुकसान हो रहा है। नगर निगम की पार्किंग में प्रति ट्रक 400 रुपये लिया जाता है। और पाकिंग के बाहर खड़ा करने पर 200 से 300 रुपये की वसुला जा रहा है। गाड़ी बाहर खड़ा करने के वजह से सड़क खराब हो रही है। खराब सड़क पर गहरा पानी भर जाता है। जिससे प्रतिदिन कोई न कोई बड़ी दुर्घटना हो जाती है।

# नाबालिग स्कूटी चलाते पकड़े गये तो आरसी होगी निरस्त

**लखनऊ।** शहर में फर्राटा भरते स्कूटी भी चल रही है। तेज स्कूटी चलाने पर अन्य वाहन अनियंत्रित हो जाते है। कभी-कभी स्कूटी तेज चलाते महिलाओं को भी पुलिस पकड़ लेती है। ऐसे में घर पर स्कूटी होने पर बच्चे भी सड़क पर या रोजमर्रा का समान लेने बजार चले जाते है। ऐसे मे नाबालिग बिना हेलमेट के पकड़े जाने पर जिस गाड़ी को चला रहे है उसका आरसी रदद करने के लिए पहले मैसेज भेजा जायेगा फिर आरसी को रदद कर दिया जायेगा।

# टाटा एआईए लाया शुभ फ्लेक्सी पेंशन प्लान

**लखनऊ।** टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस ने 'शुभ फ्लेक्सी पेंशन प्लान की घोषणा की है। इस प्लान के साथ आप सुरक्षा और तरक्की दोनों का आनंद ले सकते हैं। यह एक अभिनव रिटायरमेंट सॉल्यूशन है जो गारंटीकृत पेंशन के साथ-साथ बाजार से जुड़े रिटर्न का दोहरा लाभ प्रदान करता है।

# पारा उद्योग व्यापार मंडल की नई इकाई का गठन

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लखनऊ व्यापार मंडल के अंतर्गत मुन्नू खेड़ा रोड, पारा उद्योग व्यापार मंडल की नई इकाई का गठन अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र के दिशा निर्देशों एवं महामंत्री उमेश शर्मा के नेतृत्व में किया गया।

गठन के दौरान सर्वसम्मति से पदाधिकारियों की घोषणा की गई, जिसमें गंगा प्रसाद यादव को अध्यक्ष, राजभान यादव को वरिष्ठ महामंत्री बनाया गया, हरिराम यादव को कोषाध्यक्ष दिया गया नीरज कुमार रावत, विवेक कुमार मिश्र एवं रमेश चंद मिश्र अनूप कुमार गुप्ता को उपाध्यक्ष बनाया गया।

इसी क्रम में अनिल कुमार यादव सत्येंद्र यादव राकेश कुमार तिवारी एवं रामदेव यादव को महामंत्री, देवेंद्र कुमार आहूजा एवं जे. एन. सोनकर को वरिष्ठ सचिव तथा चरण सिंह यादव, अरुण कुमार यादव एवं सुरेंद्र कुमार विश्वकर्मा को सचिव का दायित्व सौंपा गया।

संगठन को सशक्त बनाने के लिए मोनू यादव को संगठन मंत्री तथा अनिल कुमार भारद्वाज एवं वीरपाल यादव को प्रचार मंत्री बनाया गया। इसके अतिरिक्त परशुराम पाल, संतोष सिंह एवं तेजपाल यादव को सलाहकार नियुक्त किया गया। वहीं मंडल के संरक्षक के रूप में सुरेंद्र कुमार पांडे, तेजपाल यादव, अमरेश कुमार यादव, रामगोपाल यादव, आशीष यादव एवं मनीष कुमार वर्मा को घोषित किया गया।

इस अवसर पर व्यापारियों को संबोधित करते हुए लखनऊ व्यापार मंडल के महामंत्री उमेश शर्मा ने कहा कि व्यापार मंडल का उद्देश्य व्यापारियों को एकजुट कर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सशक्त मंच प्रदान करना है। संगठन जितना मजबूत होगा, व्यापारियों की आवाज उतनी ही प्रभावी ढंग से शासन-प्रशासन तक पहुंचेगी।

# सीएसआईआर-एनबीआरआई में बोगनवेलिया उत्सव का समापन

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** सीएसआईआर-राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान की ओर से आयोजित दो दिवसीय बोगनवेलिया उत्सव का रविवार को पुरस्कार वितरण समारोह के साथ समापन हुआ। इस अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि बोगेनविलिया एक गर्मी के मौसम में आँखों को सुख देने वाला पुष्पीय पौधा है। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता है कि हम प्रकृति के उपहार और सौंदर्य को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं. पेड़ पौधे सिर्फ सुंदरता ही नहीं बल्कि किसानों की आजीविका बढ़ाने में भी योगदान दे रहे हैं। ऐसे आयोजन किसानों को नवीनतम शोध, किस्मों और कृषि तकनीक से परिचय कराता है। पुष्प कृषि मिशन के माध्यम से किसानों को लाभ देने के लिए उन्होंने वैज्ञानिकों को बधाई दी। उन्होंने सरकार की ओर से किसानों के लाभ के लिए उठाये जा रहे कदमों की भी चर्चा की। डॉ. ए. के. शासनी, निदेशक, संस्थान ने प्रदर्शकों को उत्सव में सक्रिय सहभागिता के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने बताया कि संस्थान पिछले कई वर्षों से बोगनवेलिया पर कार्य कर रहा है तथा भारत में बोगनवेलिया के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एनबीआरआई नई बोगनवेलिया किस्मों के विकास तथा इसे आम जनमानस में लोकप्रिय बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए डॉ. के. जे. सिंह, वैज्ञानिक-ई ने बताया कि इस उत्सव को लखनऊवासियों से अत्यंत उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली। बोगनवेलिया पौधों की बिक्री भी आगंतुकों के लिए प्रमुख आकर्षण रही। उत्सव में शहर के सरकारी विभागों, नर्सरियों, संस्थानों तथा बागवानी प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में कुल 51 पुरस्कार प्रदान किए गए, जिनमें 20 प्रथम पुरस्कार, 17 द्वितीय पुरस्कार तथा 14 तृतीय पुरस्कार शामिल हैं।

# बिजनौर रोड से रवाना हुई 55वीं रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा सम्पन्न

## सरोजनीनगर से अयोध्या तक बढ़ता आस्था का कारवां

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में आस्था, सेवा और संस्कार की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के मार्गदर्शन में संचालित रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा का कारवां निरंतर आगे बढ़ रहा है।

इसी क्रम में अर्जुनगंज मंडल के कंकड़ कुआ, बिजनौर रोड से श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम के दर्शन कराने के लिए 55वीं निशुल्क रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा का सफलतापूर्वक संचालन किया गया। यात्रा के माध्यम से श्रद्धालुओं को अयोध्या में श्रीराम लला के भव्य मंदिर, श्री हनुमानगढ़ी सहित प्रमुख मंदिरों के सुगम एवं व्यवस्थित दर्शन कराए गए।

यात्रा के शुभारंभ अवसर पर विधायक की टीम ने सभी श्रद्धालुओं का सम्मान करते हुए उन्हें शॉल एवं पटका पहनाकर बसों में बैठाया। पूरी यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए भोजन, जलपान व प्रसाद की उत्तम व्यवस्था सुनिश्चित की गई। सेवा भावना से प्रेरित कार्यकताओं ने पूरी यात्रा को एक आध्यात्मिक अनुभव का रूप दिया। यात्रा के समापन पर श्रद्धालुओं को प्रसाद, श्रीरामचरितमानस तथा अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की ओर से अपनी माता तारा सिंह की प्रेरणा से सितंबर 2022 से प्रारंभ की गई रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा आज सरोजनीनगर में जनआस्था और निःस्वार्थ सेवा का सशक्त प्रतीक बन चुकी है। अब तक आयोजित 55 निशुल्क यात्राओं के माध्यम से श्रद्धालुओं, विशेषकर बुजुर्गों और मातृशक्ति, को अयोध्या धाम के भव्य दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हो चुका है। डॉ. राजेश्वर सिंह का मानना है कि यह यात्रा उन लोगों तक आस्था का पावन अवसर पहुंचाने का प्रयास है, जिनके लिए अयोध्या धाम के दर्शन लंबे समय से एक स्वप्न थे। रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा आज वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान, सामाजिक सद्भाव और जनसेवा की एक प्रेरणादायी मिसाल बनकर उभर रही है।

यह पहल इस बात का प्रमाण है कि जनप्रतिनिधि यदि संकल्पित हों तो राजनीति केवल शासन का माध्यम नहीं, बल्कि जनसेवा और समाज कल्याण की सशक्त साधना भी बन सकती है।

# सेवा, संवाद और समाधान सरोजनी नगर में जनसेवा अभियान

**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में जनसेवा और जनसंवाद को सशक्त बनाने के उद्देश्य से रविवार को आपका विधायक-आपके द्वार अभियान संचालित किया गया। इसके अंतर्गत 160वां जनसुनवाई शिविर अर्जुनगंज मंडल के ग्राम पंचायत परवर पूरब के मजरा बहादुर खेड़ा में आयोजित किया गया। विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित यह शिविर जनसमस्याओं के समाधान, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, युवा सशक्तिकरण और सामाजिक सहयोग का प्रभावी मंच बना। शिविर के दौरान टीम राजेश्वर ने स्थानीय नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं, सुझावों और आवश्यकताओं को गंभीरता से सुना। शिविर में वृद्धावस्था पेंशन, प्रधानमंत्री आवास, आय प्रमाण पत्र, विधवा पेंशन, राशन कार्ड, लैपटॉप योजना आदि से संबंधित कुल 24 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। 14 मामलों का मौके पर ही समाधान कर प्रशासनिक तत्परता का उदाहरण प्रस्तुत किया गया, जबकि अन्य शेष प्रकरणों को संबंधित विभागों को अग्रसारित कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त शिविर में 4 वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड, 6 वृद्धा पेंशन तथा 2 विधवा पेंशन 2 आभा कार्ड से संबंधित आवेदन पत्रों की प्रक्रिया भी पूर्ण कराई गई। शिविर के दौरान टी.एस. मिश्रा हॉस्पिटल के सहयोग से स्वास्थ्य परीक्षण एवं नेत्र चिकित्सा शिविर भी आयोजित किया गया। इस दौरान 65 वरिष्ठ नागरिकों की आँखों की जांच की गई, जिनमें से 30 लोगों को आवश्यकतानुसार चश्मे प्रदान करने की व्यवस्था की गई। साथ ही सभी लाभार्थियों को आवश्यक दवाइयाँ और चिकित्सकीय परामर्श भी उपलब्ध कराया गया। युवाओं को खेल और सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ने के उद्देश्य से पूर्व में बने बॉयज यूथ क्लब को तथा 110वें गर्ल्स यूथ क्लब का गठन किया गया।

# गृहकर जमा करने के लिए जागरूकता रैली निकाली

**लखनऊ।** नगर निगम के जोन-3 की ओर से गृहकर जमा कराने के लिए रविवार को जागरूकता बाइक व वाहन रैली निकाली गई। जोनल अधिकारी मनोज यादव के नेतृत्व में निकाली गई इस रैली के माध्यम से नगरवासियों को समय पर गृहकर जमा करने के लिए प्रेरित किया गया। कई वार्डों में चलाया गया अभियानजागरूकता रैली अलीगंज, महाकवि जयशंकर प्रसाद, भारतेंदु हरिश्चंद्र, लाला लाजपत राय, महानगर, विवेकानंदपुरी और डालीगंज निराला नगर सहित कई वार्डों में निकाली गई। रैली के दौरान लोगों को बताया गया कि समय पर गृहकर जमा करने से नगर निगम की विकास योजनाओं को गति मिलती है और शहर की सुविधाओं में सुधार होता है। अधिकारियों ने जानकारी दी कि 31 मार्च 2026 तक गृहकर जमा कराने के लिए अवकाश के दिनों में भी कार्यालय खुले रहेंगे। नागरिक सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक गृहकर जमा कर सकते हैं।

# स्टंटबाजों ने बाइक में मारी टक्कर, युवक की दर्दनाक मौत




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गोमतीनगर जनेश्वर पार्क के सामने बाईकर गैंग ने रविवार सुबह एक होनहार लड़के की जान ले ली। उल्टी दिशा मे तेज रफ्तार आ रही बाईक ने स्कूटी सवार को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे गोमतीनगर निवासी नैतीक की मौके पर ही मौत हो गयी। गोमतीनगर विस्तार इलाके में रविवार सुबह तेज रफ्तार स्कूटी से टकराने के बाद बाईक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई जिससे इंटर के छात्र की मौत हो गई। तेज गति से चल रही बाइक पहले आगे चल रही स्कूटी से टकराई, जिसके बाद बाइक पर नियंत्रण खो बैठा और डिवाइडर से जा टकराया। जानकारी के अनुसार, विशेष खंड गोमती नगर विस्तार निवासी नैतिक कुमार (17) पुत्र राम इकबाल इंटर का छात्र था। उसके पिता बिजली विभाग में एसडीओं के पद पर नोयडा में तैनात है। परिजनों ने बताया कि नैतिक रविवार सुबह बाइक से जनेश्वर मिश्र पार्क की ओर घूमने के लिए निकाला था।

**बाईकर गैंग की पसंदीदा जगह**
- 1090 से लोहिया पथ तक
- जी 20 से लकेर शहीद पथ
- जनेश्वर मित्र से लेकर सहारा स्टेट तक
- घैला पुल से लेकर बसंतकुंज तक

**अब तक हुई घटनाएं**
- आईपीएस के बेटे की हो चुकी है मौत
- लोहिया पथ पर दो स्टंट बाज की ही बीते वर्ष हुई थी मौत
- शहीद पथ पर बाईकर गैंग से टकराये बुजुर्ग ने तोड़ा था दम

जब वह पार्क के गेट नंबर-5 के पास पहुंचा, तभी गेट नम्बर 4 से तेज रफ्तार बाइक आगे चल रही स्कूटी से टकरा गई। टक्कर के बाद बाइक अनियंत्रित हो गई और एक अन्य वाहन से टकराते हुए डिवाइडर के पास गिर गई। गिरने के दौरान नैतिक का सिर सड़क पर दूर तक रगड़ता चला गया। जिससे उसके सिर में गंभीर चोटे आई।

हादसे में आदित्य श्रीवास्तव और कृष्ण सिंह और लव शर्मा भी घायल हो गए। जिनको आसपास मौजूद लोगों ने तीनों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद नैतिक को मृत घोषित कर दिया। वही अन्य घायलों को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।\पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। गोमती नगर विस्तार के चौकी इंचार्ज प्रमोद सिंह ने बताया कि हादसे के कारणों की जांच के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की जा रही है।

## सड़क हादसे में गयी मासूम की जान



**माल।** माल थाना क्षेत्र के अटारी से उमरावल मार्ग पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक 5 वर्षीय मासूम बच्ची की मौत हो गई। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बच्ची को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में मच गया।

जानकारी के मुताबिक माल क्षेत्र के ललई खेड़ा गांव निवासी दिनेश मौर्य पेशे से सब्जी विक्रेता है जो रविवार को माल की बाजार सब्जी बेचने गया था। पत्नी राधा मौर्य मंझली बेटी अंकिता (05) के साथ घर से लगभग आधा किलो मीटर दूर खेत गई थी। शाम लगभग 06 बजे बेटी के साथ घर वापसी कर रही थी, तभी गांव में ही स्थित ब्रह्मदेव बाबा के पास पहुंचते ही तीव्र गति से अज्ञात बुलेट ने जोरदार टक्कर मार दी।घटना को अंजाम देने के बाद चालक मौके से भाग निकला।सूचना पर पहुंचे परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने मासूम को मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिवार में मां राधा मौर्य,छोटी बहन कृशिका (1.5) व बड़ी बहन अक्षिता(06) है।सभी का रो -रो कर बुरा हाल है।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज रही है। वहीं पुलिस ने पिता की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से वाहन व चालक की तलाश कर रही है।

**परिवार में मातम:** अंकिता के पिता दिनेश मौर्य सब्जी बेचकर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। बेटी की मौत की खबर सुनते ही घर में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि अंकिता तीन बहनों में दूसरे नंबर की थी और परिवार में कोई भाई नहीं है। उसकी असमय मौत ने पूरे गांव को शोक में डुबो दिया।

## छोटे भाई को फोन कर युवक ने खाया जहर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बंथरा थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक ने अपने छोटे भाई को फोन कर जहरीला पदार्थ खाने की जानकारी दी। परिजन मौके पर पहुंचे और उसे ट्रॉमा सेंटर ले गए, जहां उसकी मौत हो गई। युवक की शादी इसी साल चार फरवरी को हुई थी। उसकी पत्नी इस दुखद घटना से बेहोश हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बंथरा क्षेत्र के रामचौरा गांव निवासी राम आधार परिवार संग रहते है। परिवार में पत्नी कुसुम, तीन बेटे मुकेश, अंबर (25) और सूरज है। परिजनों ने बताया कि अंबर की शादी इसी वर्ष चार फरवरी को अर्चना के साथ हुई थी।

अंबर शनिवार सुबह बिना किसी को बताए घर से चला गया। काफी देर तक घर वापस न आने पर परिजनों को चिंता हुई। परिजनों ने अंबर की तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। परिजनों ने नाते-रिश्तेदारों से संपर्क किया, लेकिन अंबर का कोई पता नहीं चला। शनिवार देर शाम अंबर ने अपने छोटे भाई सूरज को फोन किया और उसने बताया कि उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। वह बाराविरवा नहर के पास सड़क किनारे पड़ा है। अंबर के जहर खाने की बात सुनकर परिवार में हड़कंप मच गया। परिजन युवक को फौरन ट्रामा सेंटर लेकर पहुंचे, जहां डाक्टर ने अंबर की हालत गंभीर देखते हुए उसे भर्ती कर लिया।

शनिवार देर शाम इलाज के दौरान अंबर की मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस को बताया कि अंबर ने जहर क्यों खाया। इसका उन्हें भी पता नहीं है। अंबर के पिता ने बताया कि उसकी शादी इसी वर्ष बीते चार फरवरी को अर्चना के साथ हुई थी। अचानक ऐसा क्या हुआ कि अंबर ने घर से दूर जाकर जहर खा लिया। अंबर की हालत बिगड़ने पर उसने अपने छोटे भाई सूरज को फोन कर जहर खाने की जानकारी दी। पति के शव को देखकर पत्नी हुई बेहोशपति अंबर की मौत की खबर मिलते ही पत्नी अर्चना बेसुध हो गई।

**संदिग्ध हालात में युवक की मौत :** मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के फत्तेखेड़ा से युवक गंभीर हालत में सीएचसी लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने शव को घर ले जाने का निर्णय लिया और मौत का कारण बताने से इंकार कर दिया। पुलिस ने पंचायतनामा की कार्रवाई की और शव परिजनों को सौंप दिया। मोहनलालगंज के फत्तेखेड़ा में रहने वाले युवक को शनिवार की रात्रि गम्भीर हालत में परिजन लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां डाक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया।

## क्रिकेट मैच खेल रही किशोरी के सीने पर लग गया बैट, मौत

**लखनऊ।** आशियाना थानाक्षेत्र में रविवार शाम क्रिकेट मैच के दौरान एक बच्ची के सीने में बैट लग गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन बच्ची को आनन फानन में लोकबंधु अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टर ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। औरंगाबाद जागीर निवासी सूरज राजपूत मजदूरी करता है।

परिवार में पत्नी रेखा और वैष्णवी (13), छवि और चार माह का बेटा है। वैष्णवी पास के ही स्कूल से कक्षा चार की छात्रा थी। पिता ने बताया कि रविवार शाम करीब पांच बजे बड़ी बेटी वैष्णवी अपनी छोटी बहन छवि और मोहल्ले के अन्य बच्चों के साथ घर के पास क्रिकेट खेल रही थी। खेल-खेल के दौरान वैष्णवी के सीने में बैट लग गया। वह जमीन पर गिर गई और बेहोश हो गई।

साथ खेल रही बहन और अन्य बच्चों ने घर जाकर परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजन आनन-फानन में बेहोश वैष्णवी को लोकबंधु अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टर ने किशोरी को मृत घोषित कर दिया। वैष्णवी की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। अस्पताल प्रशासन ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना पर पहुंची आशियाना पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों से पूछताछ की। आशियाना इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया कि खेल के दौरान एक किशोरी की मौत की सूचना प्राप्त हुई है। मामले की जांच कर विधिक प्रक्रिया पूरी कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।परिजनों का रो-रो कर रहा बुरा हालआशियाना में क्रिकेट मैच खेलने के दौरान अचानक किशोरी के सीने में बैट लगने से अस्पताल में मौत की पुष्टि होने से परिजन बेहाल हो गए। परिजनों ने अपना आपा खो बैठे और दहाड़े मारकर परिजन अस्पताल में रो रहे। वैष्णवी की मां रो-रोकर अस्पताल में बेहोश हो गई।

## ईदगाह निरीक्षण के दौरान नपं अध्यक्ष प्रतिनिधि पर फायरिंग

**लखनऊ।** मलिहाबाद क्षेत्र के गढ़ी संजर खां गांव में ईदगाह परिसर के निरीक्षण के दौरान ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अहसान अजीज खां पर जानलेवा हमला कर फायरिंग किए जाने का मामला सामने आया है। अहसान अजीज खां ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि रविवार शाम करीब 4:30 बजे वह गढ़ी संजर खां गांव स्थित ईदगाह में ईद की नमाज से पहले साफ-सफाई की व्यवस्था का निरीक्षण करने गए थे।

इसी दौरान वहां पहले से मौजूद मुन्ना, सोनू, शादाब और अलीम ने नाजायज असलहे लहराते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोप है कि सोनू पुत्र मुन्ना ने उनके सीने पर असलहा लगाकर फायर कर दिया, जो निशाना चूक गया। इसके बाद शादाब ने भी जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी।

घटना के दौरान अहसान अजीज खां किसी तरह अपनी जान बचाकर वहां से भाग निकले। आरोप है कि हमलावरों ने उनकी कार पर भी दो राउंड फायरिंग की। हालांकि इस घटना में वह बाल-बाल बच गए। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि हमलावरों के परिवार में हिस्ट्रीशीटर और आपराधिक प्रवृत्ति के लोग शामिल हैं और उनके खिलाफ पहले भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग मलिहाबाद थाने पहुंच गए और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। यह भी आरोप लगाया गया है कि हमलावरों ने ईदगाह की दीवार और वहां लगे पत्थर को भी क्षतिग्रस्त कर दिया तथा घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया।

## यूपी एसआई भर्ती के नाम पर ठगी करने वाला युवक मथुरा से गिरफ्तार, एसटीएफ ने अब तक पांच दबोचे

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** दरोगा भर्ती परीक्षा में अभ्यर्थियों की ठगी करने वाले एक और आरोपी को यूपी एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में उसने कई हैरान करने वाले खुलासे किए हैं। इस मामले में अब तक पांच आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। बताते हैं कि एसटीएफ की मेरठ फील्ड यूनिट ने शनिवार रात थाना राया क्षेत्र के मोहल्ला शिवपुरी स्थित रजनी लाइब्रेरी के पास से अनुज कुमार को दबोच लिया। वह ग्राम हवेली, थाना राया, जनपद मथुरा का निवासी है। तलाशी के दौरान उसके पास से एक मोबाइल फोन, उपनिरीक्षक भर्ती के दो एडमिट कार्ड, अन्य परीक्षाओं के चार एडमिट कार्ड, आठ व्हाट्सएप चैट और सामान्य ज्ञान की एक पुस्तक बरामद की गई है।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करता है। इसी दौरान मुलाकात गोपाल रावत नाम के युवक से हुई थी, जो अभ्यर्थियों को उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा पास कराने का झांसा देकर करीब 22 लाख रुपये तक की मांग करता था। अनुज का काम अभ्यर्थियों को तलाश कर उन्हें गोपाल से मिलवाना था।

एसटीएफ की सूचना पर थाना राया में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। फरार चल रहे गोपाल रावत की तलाश जारी है। भर्ती परीक्षा की निगरानी उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड और एसटीएफ की टीमें लगातार कर रही हैं। एसटीएफ का कहना है कि पुलिस भर्ती परीक्षा में ठगी का टेलीग्राम नेटवर्क ध्वस्त ओ गया है।

विदित हो कि शनिवार को एसटीएफ ने सब-इंस्पेक्टर (उपनिरीक्षक) भर्ती परीक्षा का फर्जी प्रश्नपत्र बेचने की कोशिश कर रहे आयुष बघेल नामक युवक को गिरफ्तार किया था। एसटीएफ अधिकारियों के अनुसार आरोपी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अभ्यर्थियों को निशाना बना रहा था। उसने टेलीग्राम पर कई चैनल और ग्रुप बनाए हुए थे, जहां वह यूपीएसआई भर्ती परीक्षा का कथित लीक पेपर होने का दावा करता था। आरोपी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं को भरोसे में लेकर उन्हें परीक्षा से पहले प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने का झांसा देता था। जांच में सामने आया कि आरोपी अभ्यर्थियों से पहले 10,000 रुपए एडवांस के रूप में लेता था और दावा करता था कि परीक्षा से पहले असली पेपर उपलब्ध कराया जाएगा। इसके बाद वह पेपर देने के नाम पर और 10,000 रुपए की मांग करता था। जो पेपर वह दिखाता था, वह वास्तव में टेलीग्राम चैनलों पर पहले से मौजूद पुराने या फर्जी प्रश्नपत्र होते थे।

इसके अलावा एसएटीएफ ने तीन ओर राजस्थाने से सुमित मीना साहिल और साजिद को गिरफ्तार किया था। आरोप है कि वे पेपर लीक कराने के नाम पर धन उगाही कर रहे थे।

## घर से खेलने गया किशोर लापता



**लखनऊ।** इन्दिरानरग इलाके से किशोर लापता हो गया है। इस संबंध में पीड़ित पिता शारदा प्रसाद ने तहरीर दी है कि बेटा किशन लाल उर्फ कृष्णा (10) निवासी गाजीपुर थानान्तर्गत इन्दिरानगर समौटीपुर चौराहे के पास प्रेम का किराये का मकान में रहता है। पीड़ित का पुश्तैनी मकान जनपद लखीमपुर खीरी का सैदापुर देवकली, थाना फरदाना गांव है। लापता किशनलाल ने लाल रंग की टी-शर्ट, नीले रंग की जीन्स पैण्ट पहन रखी है। वह 04 बजे से अपने घर से खेलने के लिये निकला था और घर वापस नहीं आया।

## कॉलेज में बनाये गये परीक्षा केंद्र पहुंचा बंदी

**लखनऊ।** मोहनलालगंज कस्बे में स्थित काशीश्वर इंटर कॉलेज में बनाए गए दरोगा भर्ती परीक्षा केंद्र पर रविवार को एक बंदी ने पुलिस सुरक्षा के बीच परीक्षा दी। बंदी को विशेष अनुमति के बाद दिल्ली से लाकर परीक्षा में शामिल कराया गया। पुलिस के मुताबिक प्रयागराज निवासी अंकित त्रिपाठी साइबर फ्रॉड के मामले में दिल्ली सेंट्रल जेल में बंद है। उसने उत्तर प्रदेश पुलिस की सब-इंस्पेक्टर (दरोगा) भर्ती परीक्षा के लिए आवेदन किया था। कोर्ट की इजाजत के बाद रविवार को दिल्ली पुलिस आरोपी बंदी को कड़ी सुरक्षा में लेकर मोहनलालगंज पहुंची। यहां निर्धारित परीक्षा केंद्र पर उसे परीक्षा में बैठाया गया। परीक्षा समाप्त होने के बाद पुलिस बंदी को वापस दिल्ली ले गई।

## तीन पुलिस अधिकारियों को मिली नवीन तैनाती

**लखनऊ।** पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ में रविवार को तीन पुलिस अधिकारियों के तबादले हुए। पुलिस उपायुक्त रवीना त्यागी को पुलिस उपायुक्त यातायात बनाया गया। इसी तरह पुलिस उपायुक्त मुख्यालय अनिल कुमार यादव को पुलिस उपायुक्त अपराध/अतिरिक्त प्रभार, लाइन्स/भवन और पुलिस उपायुक्त अपराध रहे कमलेश दीक्षित को पुलिस उपायुक्त मुख्यालय नियुक्त किया गया है।

## अहिमामऊ चौराहे के पास मिला अज्ञात शव

**लखनऊ।** सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके में शनिवार की रात एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। इंस्पेक्टर सुशान्त गोल्फ सिटी राजीव रंजन उपाध्याय ने बताया कि शनिवार की रात अहिमामऊ चौराहे के पास एक 40 वर्षीय व्यक्ति का शव कंबल में लिपटा मिला। पुलिस ने बताया कि जांच पड़ताल में पता चला कि वह मानसिक विक्षिप्त भी था वह दिन भर आसपास घूमा करता था ठेले व दुकानों से खाना खा कर चौराहे के आसपास ही रहता था। उसने एक लोवर पहन रखी थी। शव की शिनाख्त काफी प्रयास के बाद भी नही हो सकी।

## कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में रविवार शाम तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार दो गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए सरोजनीनगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गये, जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने लोकबंधु अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जहां एक युवक को चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया और दूसरे को ट्रामा सेंटर रिफर कर दिया। लेकिन दूसरे ने भी ट्रामा ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। पुलिस ने दोनों युवको के शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर कार चालक मौके पर ही वाहन छोड़कर फरार हो गया।



पुलिस के मुताबिक मूलरूप से बिहार निवासी विनीत (22) सरोजनीनगर थाना क्षेत्र की नई बस्ती कालोनी व सोनू (16) यहीं के सुभाषनगर में रहकर मुर्गी दाना बनाने वाली कंपनी में काम करते थे। रविवार की शाम यह दोनो एक ही बाइक पर सवार होकर रिंग रोड की सर्विस रोड से नटकुर की तरफ से कानपुर रोड पर आ रहे थे। तभी कानपुर रोड से रिंग रोड पर जाने वाली सड़क पर बनाए गये टोल बूथ के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने इनकी बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। ठोकर इतनी तेज थी कि दोनो बाइक से छिटक कर काफी दूर जा गिरे। इस सड़क हादसे में विनीत व सोनू (16) दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये।

इस दौरान मौके पर मौजूद लोगों की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस दोनो को इलाज के लिए सरोजनीनगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गई, लेकिन दोनों की हालत गंभीर होने पर चिकित्सको ने लोकबंधु अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जहां विनीत ने दम तोड दिया था। जबकि सोनू को ट्रामा सेंटर भेज दिया गया। लेकिन ट्रामा सेंटर पहुंचने से पहले ही सोनू ने भी रास्ते में ही दम तोड दिया। विनीत के वीरेन्द्र पाल व मां अति सुंदरी का सबसे बड़ा बेटा था और तीन भाइयों व दो बहनों में सबसे बड़ा था। जबकि सोनू के पिता निजी कंपनी में काम करते है और दो छोटे भाई मोनू व रौनक है। सरोजनीनगर के प्रभारी निरीक्षक राजदेव प्रजापति ने बताया कि दोनों युवक बिना हेलमेट के ही जा रहे थे।

## होली मिलन के दौरान बाईक चोरी

**लखनऊ।** राजाजीपुरम व्यापार मंडल द्वारा संयुक्त रूप से होली मिलन समारोह शहनाई गेस्ट हाउस में आयोजित किया गया। जिसमे भरी संख्या में व्यापारी मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान एक चोरी की घटना सामने आयी जिसमे एक दो पहिया वाहन कार्यक्रम स्थल के पास से चोरी हो गया। जिसकी शिकायत पुलिस से किया गया। पुलिस ने प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर लिया। व्यापारियों का कहना है कि बाईक चोरी में पुलिस की लापरवाही माना जा रहा है।

एमआईसी चौकी इंचार्ज प्रवीण यादव की लापरवाही का नतीजा है क्यों की कार्यक्रम की सूचना थाना तालकटोरा को दो दिन पहले ही दी जा चुकी थी , इससे पूर्व भी व्यापारियों के साथ चोरी की घटनाए हो चुकी जिसके खुलासे आज तक नहीं हुए है अतः संगठ ने पुलिस की ला परवाही को देखते हुए ये फैसला लिया है की अगर 7 दिन में ये वाहन चोरी की घटना का खुलासा नहीं हुआ तो पुलिस कमिश्नरेट के खिलाफ प्रदर्शन करने पर बाध्य होंगे ।

## परचून की बंद दुकान में लगी आग

**लखनऊ।** कृष्णानगर थानाक्षेत्र के विजय नगर मानस नगर में आवासीय स्कूल के पास एक मकान में बनी परचून की दुकान में रविवार शाम आग लग गई। जिस वक्त आग लगी थी उस वक्त दुकान बंद थी। आग की सूचना पर आलमबाग फायर स्टेशन की एक दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया ।एलडीए कॉलोनी पराग रोड निवासी स्व भगवती प्रसाद श्रीवास्तव का मकान है। उनके मकान के एक दुकान बनी हुई है। जिसमें सुशीला सिंह किराए पर परचून की दुकान चलती हैं।

सुशीला ने बताया कि रविवार शाम दुकान बंद थी। अचानक दुकान से धुआं निकलते हुए देखा गया। जबतक लोग कुछ समझ पाते की दुकान से आग की लपटें निकलने लगी। आग को देखकर आसपास के लोग आ गए और पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन आग बढ़ती ही जा रही थी। इस बीच किसी ने दुकानदार और पुलिस कंट्रोल रूम पर आग की सूचना दी। आलमबाग फायर स्टेशन के दमकल कर्मियों ने आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। सुशीला ने बताया कि आग लगने से दुकान का सारा सामान जलकर खाक हो गया।

## साईं में कार्यरत महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**लखनऊ।** सरोजनीनगर क्षेत्र स्थित स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) में कार्यरत महिला कर्मचारी ने रविवार दोपहर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया में हाई परफॉर्मेंस एनालिस्ट (उच्च प्रदर्शन विश्लेषक) पद पर कार्यरत आंद्रेला गौस (36) मिश्रा कॉलोनी में रहने वाली सुमन के मकान में किराए पर रहती थीं। सुमन के अनुसार रविवार दोपहर आंद्रेला गौस अपने कमरे में रस्सी के सहारे पंखे के हुक से लटकी मिलीं। यह देख उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को फंदे से नीचे उतरवाकर सरोजनीनगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भेजा, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास जांच-पड़ताल की, लेकिन आत्महत्या के कारणों को लेकर कोई स्पष्ट सुराग नहीं मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच कर रही है। सरोजनीनगर के प्रभारी निरीक्षक राजदेव प्रजापति ने बताया कि मृतका के पति को घटना की सूचना दे दी गई है। तहरीर मिलने एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## फास्ट फूड ठेलों पर उपयोग कर रहे घरेलू सिलेंडर, जिम्मेदार अनजान

रामकिशोर रावत (vol)

**लखनऊ- माल।** माल क्षेत्र में एक तरफ तो लोग गैस सिलेंडर की किल्लत का सामना कर रहे हैं वहीं दूसरी तरफ देखा जाए तो फास्ट फूड वाले सरेआम घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग कर रहे हैं।क्षेत्र के सभी जगह ठेलों और दुकानों पर घरेलू रसोई गैस सिलेंडरों का व्यापारिक उपयोग खुले आम कर रहे हैं और अधिकारियों को इसकी भनक तक नहीं है। हैरानी जनक तथ्य यह है कि दुकान और ठेलों पर घरेलू गैस सिलेंडर कोई छुपा कर नहीं बल्कि सरेआम इस्तेमाल किया जा रहा। इससे इस बारे में शक जाहिर होता है कि कहीं यह सब कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से तो नहीं हो रहा है।

सरकार द्वारा उपभोक्ताओं के हित में बनाए गए नियमों को दर किनार कर क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेंडर का व्यवसायिक उपयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है। इसके बाद भी अधिकारी द्वारा इस पर रोक लगाने के लिए कोई पहल नहीं की जा रही है।

क्षेत्र के किसी भी ठेलों, और दुकानों में व्यवासायिक के बजाए घरेलू रसोई गैस सिलेंडर लगे हुए नजर आ रहे हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है, निर्धारित नियमों को किस हद तक अनदेखी की जा रही है।विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के कारण ही कारोबारी व्यवसायिक सिलेंडरों का उपयोग करना नहीं चाहते हैं। घरेलू गैस का उपयोग होने के कारण गैस की कालाबाजारी करने वाले भी सक्रिय हैं। ठेलों और दुकानों में गैस का उपयोग ज्यादा होने के कारण आम उपभोक्ताओं को गैस का सिलेंडर समय पर भी नहीं मिल पा रहे है।

## आरोपः बड़े इमामबाड़े में बिना हिजाब अंदर जाने से रोका, वीडियो वायरल

**लखनऊ।** दो महिलाओं ने ऐतिहासिक बड़ा इमामबाड़ा में बिना हिजाब पहने अंदर जाने से रोके जाने का आरोप लगाया है। दोनों महिलाओं का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। फेसबुक और अन्य प्लेटफॉर्म्स पर यह वीडियो शेयर किया है, जिसमें महिला ने आरोप लगाया है कि इमामबाड़ा परिसर में प्रवेश के दौरान उनसे और उनकी दोस्त से हिजाब में ही अंदर जाने को कहा गया।

वीडियो में महिला ने आरोप लगाते हुए कहा कि वे पर्यटक के रूप में लखनऊ घूमने आई थीं और टिकट लेकर इमामबाड़ा में जाने लगी। वहां मौजूद कुछ लोगों ने बिना हिजाब के प्रवेश पर आपत्ति जताई। उन्हें दुपट्टा या हिजाब पहनने को कहा गया, साथ ही शर्ट के बटन बंद करने की सलाह भी दी गई। वीडियो में महिला ने सवाल उठाया कि धार्मिक स्थल पर ड्रेस कोड तय करने का अधिकार किसे है और लोग क्या पहनें, यह फैसला कौन करेगा? उन्होंने यह भी दावा किया कि परिसर में अमेरिका और इजराइल विरोधी पोस्टर लगे थे, जिन पर पैर की बात भी वहां मौजूद लोगों ने कही। यह वीडियो वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर भारी बहस छिड़ गई है।

बड़ा इमामबाड़ा एक प्रमुख शिया धार्मिक स्थल है, जहां परंपरागत रूप से महिलाओं से सिर ढंकने की अपेक्षा की जाती है, हालांकि यह कोई लिखित नियम नहीं माना जाता।शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे जव्वाद कहा कि हर धार्मिक स्थल के अपने नियम और परंपराएं होती हैं। उन्होंने तुलना किया कि जैसे कई मंदिरों में सिर ढंकना या विशिष्ट ड्रेस कोड अनिवार्य होता है, वैसे ही इमामबाड़ा में भी मयार्दा का पालन जरूरी है।

## जालसाजों ने दो खातों से उड़ाये 6.80 लाख रुपये

**लखनऊ।** साइबर जालसाजों ने निजी कंपनी कर्मी समेत दो के खातों से करीब 6.80 लाख रुपये पार कर लिए। कहीं जालसाज ने कस्टमर केयर कर्मी बन एयर टिकट रिफंड का झांसा देकर फंसाया तो कहीं ऐप के माध्यम से ठगी की। साइबर ठगी के यह मामले जानकीपुरम और अलीगंज के हैं। पुलिस दोनों मामलों को दर्ज कर साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच कर रही है।

जानकीपुरम के तिवारीपुर निवासी महेंद्र सिंह ने बताया कि करीब डेढ़ माह पहले गाजियाबाद से अजमेर के लिए एयर टिकट बुक कराया था। करीब दो हफ्ते पहले उनके पास एक कॉल आई। बताया गया कि आपकी फ्लाइट तकनीकी समस्या के चलते निरस्त कर दी गयी है।


10 मार्च को महेंद्र ने गूगल से कस्टमर केयर का नंबर हासिल कर कॉल की। जालसाज ने रिफंड करने का झांसा दिया।

यही नहीं लिंक भेजकर ऐप डाउनलोड कराया। ठगी से अंजान महेंद्र ने जैसे ही लिंक पर क्लिक कर ऐप डाउनलोड किया। उसके बाद खाते से आधे घंटे के अंदर दो बार में 1,94,979 रुपये पार कर दिए। पीड़ित महेंद्र ने साइबर थाने में शिकायत करने के बाद जानकीपुरम थाने में आईटी एक्ट की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। उधर, अलीगंज सेक्टर-बी निवासी ओमप्रकाश अग्रवाल का खाता पंजाब नेशनल बैंक में है। उन्होंने बताया कि 28 फरवरी को साइबर जालसाज ने एप के माध्यम से खाते से 4.85 लाख रुपये ठिकाने लगा दिए।

## जालसाजों ने व्यवसायी से 6.50 लाख ठगे

**लखनऊ।** जालसाजों ने व्यवसायी रमापति तिवारी से प्लाट दिलाने के नाम पर 6.50 लाख रुपये ठग लिए। एग्रीमेंट तो कर दिया, लेकिन रजिस्ट्री नहीं की। जब पीड़ित ने दबाव बनाया, तो जालसाजों ने जमीन किसी और को बेच दी। पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इंस्पेक्टर पीजीआई के अनुसार पीड़ित रमापति तिवारी अवध विहार योजना सरयू एंक्लेव के रहने वाले हैं। रमापति तिवारी ने तहरीर देकर बताया कि कल्ली पश्चिम में किसान देशराज रावत और उर्मिला के नाम से 14,290 वर्ग फुट का भूखंड था। खिरका के रहने वाले अमित और नंद किशोर के माध्यम से जमीन के बारे में बात हुई थी। 13 अप्रैल 2023 को जमीन का रजिस्टर्ड एग्रीमेंट हुआ था। अमित व नंद किशोर ने धोखे में रखकर उसी जमीन का सौदा उनके ड्राइवर पवन त्रिवेदी निवासी गांधीनगर कालोनी और पड़ोसी हरिकृष्ण शुक्ला से कर दिया। रजिस्ट्री का दबाव बनाने पर वह टालमटोल करने लगा। जांच कराई तो पता चला कि जमीन किसी ओर बेच दी थी। पुलिस ने आरोपी देशराज रावत, उर्मिला, अमित सैनी, नंद किशोर यादव, पवन त्रिवेदी और हरिकृष्ण शुक्ला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# पुस्तक मेला : पाठकों को भा रही है अलग-अलग विषयों की किताबें






वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हकीम लुकमान के चमत्कारी नुस्खे जानना हो या आयुर्वेदीय रसशास्त्र या फिर यूनानी तिब्ब चिकित्सा के बारे में रवीन्द्रालय चारबाग में चल रहे लखनऊ पुस्तक मेले में आइये। यहां सिर्फ साहित्य ही नहीं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे नये विषयों सहित अनेक प्राचीन और अनछुए विषयों पर किताबें मिल जाएंगी। पुस्तक मेले के तीसरे दिन आज रविवार होने नाते सुबह से रात नौ बजे तक रौनक बनी रही। निःशुल्क प्रवेश वाले मेले में कई परिवार तो यहां पिकनिक जैसे माहौल में दिखे।

मेले में शर्मा बुक प्रयागराज के स्टाल पर हकीम लुकमान के चमत्कारी नुस्खे के साथ ही धन्वंतरि कृत आयुर्वेदिक निघण्टु, वृहद बूटी प्रकाश, भारतीय जड़ी बूटियां और चिकित्सा सागर जैसी बहुत सी किताबें पाठकों को आकर्षित कर रही हैं। दिव्यांश पब्लिकेशन के स्टाल पर साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार पाने वाली नीलोत्पल मृणाल की विश्वगुरु, दिव्य प्रकाश दुबे की पेंशन मत ले यार और दोस्तोयेवस्की का मनीष कुमार द्वारा किया हिन्दी अनुवाद व्हाइट नाइट्स एकदम नयी किताबें हैं और पसंद की जा रही हैं। यूं तो मेले में हर किताब पर कम से कम 10 प्रतिशत है, पर यहां सभी किताबों पर सीधे 20 प्रतिशत छूट है।

वंदे मातरम्‌गीत के डेढ़ सौ वर्षों पर आज सुबह युवा चित्रकारों अश्वनी कुमार प्रजापति, गौरांग अग्रवाल, सिद्धार्थ देव, कपिल शर्मा, शिवा वर्मा, विश्वास मिश्रा, श्रेया गोस्वामी, संध्या विश्वकर्मा, नेहा तथा वर्षा शर्मा ने मुख्य रूप से पीले, केसरिया और भूरे रंग का उपयोग करते हुए 15 फीट लम्बे कैनवस पर भूपेन्द्र अस्थाना के संयोजन में अपनी भावनाएं उकेरने के संग रंग भरने का काम ने किया। नवअंशिका फाउंडेशन की ओर से महिला माह पर मेला परिसर में रंगोली प्रतियोगिता हुई। रंगोली प्रतियोगिता में विजयलक्ष्मी गुप्ता, स्मिता पांडेय, दीपश्री शुक्ला आदि ने रंगों और अन्य सामग्री के साथ किताबों से भी आकर्षक रंगोली बनायी। साहित्यिक मंच पर सुबह मंजुश्री संस्था की संगोष्ठी में मूल रचना से रूपांतरण में स्वतंत्रता विषय पर दयानंद पांडेय, शैलेश श्रीवास्तव, विवेक शुक्ला, डा.अमिता और संगम बहुगुणा इत्यादि ने विचार रखे। इसी क्रम में ज्योति किरन रतन के संयोजन में अवधी व्यंजन पर चली परिचर्चा में अवधी पुरोधा डा.रामबहादुर मिसिर ने हाल ही में लखनऊ को यूनेस्को द्वारा स्वाद का शहर घोषित करने का जिक्र करते हुए अवध के पारम्परिक व्यंजनों के बारे में बताया।

**प्रेम एक नदी से कथासंग्रह का विमोचनः** संजय कुमार मालवीय के कहानी-संग्रह प्रेम एक नदी से का विमोचन रचनाकार डा.सुधाकर अदीब की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि व वरिष्ठ साहित्य मनीषी प्रमोदकान्त मिश्र ने किया। श्री मिश्र ने कहा कि संग्रह की कहानियां मानवीय भावनाओं और यथार्थपरक परिस्थितियों को सहज शब्दों में व्यक्त करती हैं। सुधाकर अदीब ने कहा कि डा. संजय अपनी स्मृतियों के बीहड़ से कहानियों का ताना-बाना बुनते हैं। प्रेम उनके कथा लेखन का केन्द्रीय विषय है। संग्रह में शीर्षक कथा सहित प्रायश्चित, गिरगिट, पतरकी भाई और बरगद की छांह जैसी एक दर्जन कहानियां हैं। रश्मि प्रकाशन द्वारा प्रकाशित पुस्तक की कहानियों पर लेखिका डा.अमिता दुबे और पद्मकान्त शर्मा प्रभात ने भी पर लेखक संजय कुमार मालवीय के साथ विचार व्यक्त किये।

पूर्व मुख्य सचिव और दिवंगत साहित्यकार डा.शम्भुनाथ पर डा.अमिता दुबे की लिखी 63वीं पुस्तक भाव सुमन की सुगंध का भाव भरा विमोचन भी आज विशिष्ट रहा। आयोजन में लेखिका और डीएन लाल, सुधाकर अदीब, अलका प्रमोद, डा.कैलाशदेवी सिंह, चंद्रानाथ, मनोरमा लाल, हरिमोहन बाजपेयी माधव, नवीन शुक्ल व आलोक दुबे ने प्रतिभाग किया। स्वर्णरश्मि की आत्म प्रेम के प्रेरित करती 28 कविताओं की पुस्तक सूफी इश्क पर भी चर्चा की गयी। शाम को युवा रचनाकार मंच के 46वें युवा रचनाकार दिवस पर सुल्तानपुर के युवा रचनाकार आदर्श पाण्डेय सम्मानित हुए। डा.रश्मि शील की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में डा. मृदुल शर्मा, श्रीकृष्ण द्विवेदी द्विजेश, अवधेश गुप्त नमन, तारावती विद्या, सुषमा श्रीवास्तव, रितुराज पाण्डेय, इं.सुनील कुमार ने रचना पाठ किया।

## 15 फीट कैनवस पर हुआ विशेष चित्रांकन


वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रवींद्रालय, चारबाग में आयोजित लखनऊ बुक फेयर के अंतर्गत रविवार, 15 मार्च को एक विशेष चित्रांकन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलाकार एवं कला समीक्षक भूपेंद्र कुमार अस्थाना के संयोजन में नगर के 11 युवा कलाकारों की टीम ने प्रातः 11 बजे से शाम 6 बजे तक 3.15 फीट लंबे कैनवस पर सामूहिक रूप से एक भव्य पेंटिंग का निर्माण किया। कार्यशाला की शुरूआत मुख्य अतिथि नेशनल बुक ट्रस्ट, इंडिया के प्रोग्राम ऑफिसर (लखनऊ ब्रांच) नरेंद्र सिंह (सेना सेवा निवृत्त) द्वारा कलाकारों को कला सामग्री किट प्रदान करने तथा उनके प्रेरक संबोधन के साथ हुई। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम हम सबके लिए प्रेरणा स्रोत है और यह गीत देशभक्ति, त्याग और राष्ट्रप्रेम की भावना को सुदृढ़ करता है। इस अवसर पर मनोज चंदेल, भूपेंद्र कुमार अस्थाना, रवि अग्रहरि, आकर्ष चंदेल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कलाकार दल में भूपेंद्र कुमार अस्थाना, अश्वनी कुमार प्रजापति, गौरांग अग्रवाल, सिद्धार्थ देव, कपिल शर्मा, शिवा वर्मा, विश्वास मिश्रा, श्रेया गोस्वामी, संध्या विश्वकर्मा, नेहा तथा वर्षा शर्मा शामिल रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी कलाकारों को रंगमंच, रेडियो, टेलीविजन एवं फिल्म अभिनेता अनिल रस्तोगी द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

# प्रदोष व्रत आज, शुभ संयोग में होगी शिवजी की पूजा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** प्रदोष व्रत भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। मान्यता है कि, इस शुभ दिन पर विधि-विधान से भगवान शिव की पूजा-अर्चना करने से महादेव जल्दी प्रसन्न होते हैं और अपने भक्तों पर कृपा बरसाते हैं। कहा जाता है कि, प्रदोष व्रत के प्रभाव से मनचाहा साथ पाने की कामना भी पूर्ण होती है। साथ ही वैवाहिक जीवन मधुरमय बनता है। इस दिन शिवलिंग पर कुछ खास चीजें अर्पित करने से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का वास भी होने लगता है।

वर्तमान में चैत्र माह जारी है और इस महीने में प्रदोष व्रत 16 मार्च 2026 को रखा जाएगा। इस दिन सोमवार का शुभ संयोग बना हुआ है। ऐसे में शिवलिंग पर ये 5 चीजें चढ़ाने से सभी तरह के संकटों का निवारण हो सकता है। पंचांग के मुताबिक, चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि 16 मार्च को सुबह 9 बजकर 40 मिनट पर प्रारंभ होगी। इस तिथि का समापन 17 मार्च 2026 को सुबह 9 बजकर 23 मिनट पर है। प्रदोष काल के अनुसार, प्रदोष व्रत 16 मार्च 2026 को ही रखा जाएगा।

**शिवलिंग पर अर्पित करें ये 5 चीजें:** प्रदोष व्रत पर शिवलिंग पर दूध अर्पित करने से जीवन में सुख-शांति और समृद्धि आती हैं। साथ ही व्यक्ति के मन को शांति मिलती हैं। शिवलिंग पर शहद चढ़ाने से स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों में कमी आती हैं। माना जाता है कि, इससे व्यक्ति रोगों से दूर रहता है। सोम प्रदोष के दिन शिवलिंग पर बेलपत्र अर्पित करने से रुके हुए कार्य पूरे होने लगते हैं। शिवलिंग पर गेहूं अर्पित करना भी शुभ माना जाता है। मान्यता है कि इससे घर में धन-धान्य की वृद्धि होती है। शमी के फूल भगवान शिव को अर्पित करने से महादेव की विशेष कृपा प्राप्त होती हैं। इसे समर्पित करने से जीवन में सकारात्मक बदलाव भी आने लगते हैं।

**प्रदोष व्रत रखने की विधिः** प्रदोष व्रत को पूरी श्रद्धा और नियमों के अनुसार करना आवश्यक होता है। व्रत का संकल्प लेकर दिनभर उपवास करना चाहिए और शाम के समय भगवान शिव की पूजा करनी चाहिए। व्रत रखने वाले उपासक को प्रातः स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण करके व्रत का संकल्प लेना चाहिए। इस दिन उपवास रखा जाता है। कुछ लोग केवल फलाहार करते हैं, जबकि कुछ पूरी तरह से निर्जला व्रत रखते हैं। संध्या काल में पुनः स्नान करके शुद्ध वस्त्र पहनें। भगवान शिव का पंचामृत (दूध, दही, घी, शहद, और गंगा जल) से अभिषेक करें। फिर उन्हें बेलपत्र, धतूरा, चंदन, अक्षत, और फूल अर्पित करें। शिव चालीसा, महामृत्युंजय मंत्र और ॐ नमः शिवाय मंत्र का जाप करें। पूजा के बाद शिव जी की आरती करें और प्रसाद बांटें। इस दिन गरीबों और जरूरतमंदों को अन्न, वस्त्र, और धन का दान करना शुभ माना जाता है।

## समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाली 70 महिलाएं सम्मानित



लखनऊ। रोशनी एक उम्मीद ट्रस्ट एवं ततसतसेवा संस्थान की ओर से हजरतगंज स्थित उद्यान भवन सभागार में नारी अस्तित्व सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली 70 महिलाओं और विशिष्ट हस्तियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य डॉ. शुचिता चतुर्वेदी, विशिष्ट अतिथि उप्र. राज्य निर्माण सहकारी संघ के निदेशक डॉ. प्रवीण सिंह जादौन, स्वास्थ्य विभाग के निदेशक व आर्थोसर्जन डॉ. जीपी गुप्ता, रायबरेली लोक अदालत की जिला जज सुधा, पंचायती राज की अपर निदेशक स्वाति गुप्ता, सुरेंद्र सिंह चौहान, आयोजक कोमल मद्धेशिया व अभय श्रीवास्तव ने दीप प्रज्जवलन किया। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली मोटा अनाज उद्यमी डॉ. अनुराधा मणि शुक्ला, लोकगायिका जया श्रीवास्तव, प्रिंसिपल मधुमिता, नृत्यांगना वंदना सिंह, सीमा सिंह चौहान, विभा सिंह, अधिवक्ता प्रियंका अश्वनी मिश्रा, अर्चना शुक्ला समेत कुल 70 विभूतियों को सम्मानित किया गया। नन्हें कलाकारों ने महिला सशक्तिकरण और सामाजिक चेतना पर आधारित लघु नाटक स्किट की प्रस्तुति दर्शकों को भावुक कर जागरुकता फैलाई। कार्यक्रम में कोमल मद्धेशिया, ममता सिंघल, अभय श्रीवास्तव, रविंद्र सिंह, अंकित साहू का सहयोग रहा।

## समाज के उत्थान के लिए शिक्षा और एकजुटता पर दिया जोर



लखनऊ। पटवा महासभा द्वारा सरोजिनी नगर स्थित राज बब्बर गेस्ट हाउस में हर्षोल्लास के साथ सामाजिक समरसता का महापर्व होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच बच्चों द्वारा मनमोहक गीत, नृत्य एवं अन्य प्रस्तुतियां ने माहौल को उत्साह और उल्लास से भर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पटवा महासभा द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाओं के साथ समाज में प्रेम व सौहार्द बनाए रखने का संदेश दिया। समारोह को संबोधित करते हुए किंज जॉर्ज मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक डॉ. पंकज पटवा ने अपने उद्बोधन में समाज की एकता, शिक्षा और आपसी सहयोग पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज के विकास का सबसे महत्वपूर्ण आधार है। यदि समाज के लोग शिक्षित और जागरूक होंगे तो वे हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। डॉ. पंकज पटवा ने कहा कि समाज के लोगों को अपने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए तथा नई पीढ़ी को अच्छे संस्कार और बेहतर मार्गदर्शन देना चाहिए।

## शिव भजन संध्या 17 मार्च को

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मासिक शिवरात्रि के पावन अवसर पर श्री शिव पार्वती बफार्नी सेवा संस्थान, लखनऊ के तत्वावधान में 17 मार्च को शिव भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सांय 6 बजे से नहर रोड, जानकीपुरम विस्तार स्थित महानंदा रिसॉर्ट में आयोजित होगा। संस्थान के अध्यक्ष अरुणेन्द्र कुमार मौर्य ने बताया कि भजन संध्या में शिव भजनों की प्रस्तुतियों के साथ भगवान शिव की भव्य झांकियां भी सजाई जाएंगी, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। कार्यक्रम में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि आयोजन को सफल बनाने के लिए संस्थान के पदाधिकारी और सदस्य तैयारियों में जुटे हुए हैं।

# पद्मश्री बतूल बेगम को मिला लोकनिर्मला सम्मान 2026





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रख्यात लोक गायिका पद्मश्री मालिनी अवस्थी की पहल पर स्थापित संस्था सोनचिरैया की ओर से लोक्निर्मला सम्मान- 2026 का आयोजन रविवार को किया गया। यह आयोजन शाम 6:30 बजे से संगीत नाटक अकादमी में किया गया। इस अवसर पर देश के विभिन्न राज्यों से प्रतिष्ठित लोक कलाकार, सांस्कृतिक विशेषज्ञ, विद्वान और कला प्रेमी मौजूद रहे।

इस वर्ष का लोकनिर्मला सम्मान 2026 भजन-मांड परंपरा की सुप्रसिद्ध लोक गायिका पद्मश्री बतूल बेगम को भारतीय लोक परंपराओं के संरक्षण, संवर्धन और उनके दीर्घकालिक समर्पण के लिए प्रदान किया गया। कार्यक्रम में पद्मश्री बतूल बेगम का विशेष गायन भी हुआ साथ ही विभिन्न लोक कलाकारों द्वारा अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों मंत्रमुग्ध कर दिया।

लोकनिर्मला सम्मान की परंपरा देश की महान लोक कलाकारों को सम्मानित करने की रही है। इस सम्मान की शुरूआत पद्मभूषण तीजन बाई को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किए गये सम्मान से हुई थी। यह सम्मान पद्मश्री गुलाबो सपेरा, पद्मभूषण शारदा सिन्हा, कर्नाटक की प्रतिष्ठित लोक कलाकार पद्मश्री मंजम्मा जोगती और सुप्रसिद्ध कजरी गायिका पद्मश्री उर्मिला श्रीवास्तव जी को प्रदान किया जा चुका है। वर्ष 2025 में यह सम्मान उत्तराखंड की सुप्रसिद्ध लोक गायिका पद्मश्री डॉ. बसंती बिष्ट को दिया गया था।

# 30 और 31 को लखनऊ में होगा 'यूपी इंटरनेशनल फिल्म कॉन्क्लेव-2026'

- समारोह में शामिल होंगी नामचीन फिल्मी और उद्योग जगत की हस्तियां

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** द फिल्म सोसाइटी ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आगामी 30 और 31 मार्च को संत गाडगे जी महाराज प्रेक्षागृह उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी गोमती नगर लखनऊ में यूपी इंटरनेशनल फिल्म कॉन्क्लेव 2026 का आयोजन किया जाएगा।

इस बात की जानकारी फिल्म सोसाइटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष रमेश मिश्रा ने देते हुए बताया कि यह दो दिवसीय यूपी इंटरनेशनल फिल्म कॉन्क्लेव 2026 सिनेमा, रचनात्मकता और सांस्कृतिक संवाद को समर्पित होगा, जिसमें देश-विदेश के फिल्मकार, निर्देशक, कलाकार, निमार्ता और सांस्कृतिक जगत से जुड़े कई प्रमुख लोग भाग लेंगे।

उन्होंने बताया कि कॉन्क्लेव में फीचर फिल्म, शॉर्ट फिल्म और डॉक्यूमेंट्री फिल्म जैसी श्रेणियों पर विशेष फोकस रहेगा। कार्यक्रम के दौरान फिल्म स्क्रीनिंग, पैनल चर्चा, नेटवर्किंग सत्र और फिल्म उद्योग से जुड़े विशेषज्ञों के साथ संवाद जैसे कई महत्वपूर्ण आयोजन किए जाएंगे।

इस वर्ष कॉन्क्लेव में फिल्म और टीवी जगत की कई चर्चित हस्तियां भी शिरकत करेंगी। इनमें अभिनेता राजेश जैस, अभिनेता आदित्य श्रीवास्तव, अभिनेता प्रमोद पाठक, अभिनेत्री मीनाक्षी दीक्षित, अभिनेता जाकिर हुसैन सहित अन्य हस्तियां शामिल होंगी। कॉन्क्लेव के बारे में जानकारी देते हुए रमेश मिश्रा अध्यक्ष फिल्म सोसाइटी ऑफ इंडिया आगे बताया कि यूपी इंटरनेशनल फिल्म कॉन्क्लेव 2026 का मुख्य उद्देश्य सिनेमा के माध्यम से रचनात्मकता और सांस्कृतिक संवाद को बढ़ावा देना है। यह मंच देश और दुनिया के फिल्मकारों, कलाकारों और रचनात्मक व्यक्तित्वों को एक साथ लाकर सार्थक चर्चा और सहयोग के नए अवसर पैदा करेगा। फिल्म निर्देशक एवं फिल्म सोसाइटी ऑफ इंडिया के संस्थापक-अध्यक्ष दुर्गेश पाठक ने बताया कि यह कॉन्क्लेव उभरते हुए फिल्मकारों और युवाओं के लिए प्रेरणा का केंद्र बनेगा। उन्होंने बताया कि यह मंच उत्तर प्रदेश में फिल्म और सांस्कृतिक गतिविधियों को नई ऊर्जा देगा और राज्य को फिल्म, कला और रचनात्मक उद्योगों के उभरते केंद्र के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## झूलेलाल महोत्सव में गूंजे सिंधी भजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सिंधी समाज की ओर से सिंधी बाहुल्य इलाके में 20 मार्च को होने वाली भगवान झूलेलाल की जयंती से पहले धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। इसी क्रम में सिंधी पंचायत रायबरेली रोड के अर्बन स्वीट्स एंड बैंक्वेट में झूलेलाल महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। बच्चों ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम, भजन कीर्तन एवं सुनील सत्संगी भोपाल व पवन एंड पार्टी लखनऊ संगीतमयी प्रस्तुति देकर सभी का मनमोह लिया। कार्यक्रम की शुरूआत साईं झूलेलाल की आरती एवं समापन पल्लव अरदास व भंडारे के प्रसाद वितरण से हुआ। कार्यक्रम में शिव शांति आश्रम के पीठाधीश्वर जुगल जोड़ी सरकार संग, चेटीचंड मेला कमेटी के पदाधिकारी रतन मेघानी, संजय जसवानी, सतेंद्र भवनानी, प्रवक्ता अशोक मोतियानी, राजकुमार जसवानी, रायबरेली रोड सिंधी पंचायत के पदाधिकारी मुखी प्रदीप मुरजानी, सतीश चंदानी, संतोष हासानी, आकाश मंधानी, जय किशन मूलवानी, अभिषेक मंशानी, निखिल पाहुजा, मनीष कृपलानी, राजा राम भागवानी, श्याम लाल टहलानी, मुकेश चंदवानी आदि रहे।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई खण्ड-गोण्डा।

अल्पकालीन ई-टेन्डरिंग सूचना सं0- 1/अधि.अभि./2025-26

पत्रांकः- 1201 /ल.सिं./लेखा/मातृभूमि योजना/जीर्णोद्धार/2025-26 दिनांकः- 09.03.2026

महामहिम राज्यपाल महोदया उत्तर प्रदेश की ओर से मातृभूमि योजनान्तर्गत जनपद-गोण्डा के विकासखण्ड-छपिया के ग्राम पंचायत तिरुखा बुजुर्ग में सृजना सरोवर का जीर्णोद्धार कार्य वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु निम्नलिखित कार्यो के लिये ऑन लाईन प्री-क्वालीफिकेशन टेक्निकल बिड एवं प्राईस-बिड/फाइनेन्शियल बिड शासनादेश संख्या 1600/62-2-2018-2/4(49)/2006 दिनांक 26.08.2019 में दिये गये प्राविधान के अनुसार सिंचाई विभाग में वगीर्कृत श्रेणी के पंजीकृत/सूचीबद्ध ठेकेदारों अथवा लघु सिचाई विभाग के ऐसे ठेकेदारों जिन्हें 02 वर्ष का, तालाब/चेकडैम निर्माण कार्य का अनुभव हो और उनके विरूद्ध कोई जॉच लम्बित न हो। ऐसे फर्म/ठेकेदार जो समस्त अर्हताएं पूर्ण करते हों, से दिनांक 18.03.2026 को 10:00 बजे से दिनांक 26.03.2026 को 17:00 बजे तक निम्नानुसार तालाब के जीर्णोद्धार कार्य हेतु निविदाऐं आमंत्रित की जाती हैं।

प्री-क्वालीफिकेशन टेक्निकल बिड दिनांक 27.03.2026 को 11:00 बजे से अधीक्षण अभियन्ता लघु सिंचाई वृत्त गोरखपुर के कार्यालय में अधीक्षण अभियन्ता की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके द्वारा नामित प्रतिनिधियों के समक्ष ऑन लाईन डाउनलोड की जायेगी, एवं प्री-क्वालीफिकेशन बिड में जॉचोपरान्त उपयुक्त पाये गये निविदादाताओं की प्राइस बिड/फाइनेन्शियल बिड दिनांक 28.03.2026 को 11.00 बजे से अधीक्षण अभियन्ता लघु सिंचाई वृत्त गोरखपुर के कार्यालय में अधीक्षण अभियन्ता की अध्यक्षता में गठित समिति के समक्ष ऑनलाइन डाउनलोड की जायेंगी। किसी भी तकनीकी खराबी या किसी अन्य कारण से यदि निविदा खोला जाना सम्भव नहीं हो पाता है तो तकनीकी खराबी दूर होने या समस्या के समाप्त होने के उपरान्त ही निविदा खोली जायेगी। अवकाश की दशा में यह निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी।

मातृभूमि योजनान्तर्गत तालाब का जीर्णोद्धार कार्य

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | विकास खण्ड | अनुमानित लागत (लाख रू. में) | मात्रा (बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार) | धरोहर धनराशि (लाख रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य+ जी.एस.टी.+ स्टेशनरी चार्ज सहित (रू. में) | सिंचाई विभाग में पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | सृजना सरोवर का जीर्णोद्धार कार्य | छपिया | 69.43 (जी.एस.टी. रहित) | विल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 6.95 | 6 माह | 2354.00 | बी एवं उच्च |

यह निविदा/बिड सूचना उत्तर प्रदेश सरकार की वेबसाइट http://upgov.nic.in सूचना विभाग की वेबसाइट http://information.up.nic.in एवं ई-टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर भी उपलब्ध है तथा निविदा/बिड की विस्तृत शर्तें निविदा/बिड प्रपत्र के साथ उपलब्ध होगी, जो निविदा की वेबसाइट पर अपलोड रहेगी। Technical Evaluation by tender committee will be done offline. Envelope/sealed envelope financial bid will be opened only for those tenders who will qualify the technical bid. The Financial bid will be opened online at 11:00 on dated 28.03.2026.

अधिशासी अभियन्ता,
लघु सिचाई खण्ड, गोण्डा।

UPID-248108 Date: 13.03.26 Website : www.upgov.nic.in

# यूपी से दिल्ली-पंजाब-जम्मू की कई ट्रेनों के बदले रास्ते



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** दिल्ली रेल मंडल के शाहबाद मारकंडा एवं मोहरी स्टेशनों पर पावर और ट्रैफिक ब्लॉक के चलते कई ट्रेनों के मार्ग परिवर्तन की घोषणा की गई है। पीआरओ प्रशस्ति श्रीवास्तव ने बताया कि पुणे-जम्मूतवी एक्सप्रेस 29 मई से 3 जून तक नई दिल्ली-शकूरबस्ती-जाखल-धुरी-लुधियाना के रास्ते चलेगी। आगरा कैंट-होशियारपुर एक्सप्रेस 30 मई से 4 जून तक नई दिल्ली-शकूरबस्ती-जाखल-धुरी-लुधियाना के रास्ते चलेगी। नांदेड़-अमृतसर एक्सप्रेस 5 जून को हजरत निजामुद्दीन-तिलक ब्रिज-गाजियाबाद-सहारनपुर-अंबाला कैंट के रास्ते चलेगी।

होशियारपुर-आगरा कैंट एक्सप्रेस 30 मई से 4 जून तक लुधियाना-धुरी-जाखल-शकूरबस्ती-नई दिल्ली के रास्ते चलेगी। चंडीगढ़-यशवंतपुर एक्सप्रेस 2 जून को अंबाला कैंट-सहारनपुर-मेरठ सिटी-गाजियाबाद-तिलक ब्रिज-हजरत निजामुद्दीन के रास्ते चलेगी। अमृतसर-विशाखापट्टनम एक्सप्रेस 30, 31 मई व 3 जून को अंबाला कैंट-सहारनपुर-मेरठ सिटी-गाजियाबाद-तिलक ब्रिज-हजरत निजामुद्दीन के रास्ते चलेगी।

इसके अलावा दिल्ली रेल मंडल के दिल्ली किशनगंज स्टेशन पर एनआई कार्य के चलते ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन किया गया है। नांदेड़-श्रीगंगानगर एक्सप्रेस 4, 7 और 11 मई को ओखला-लाजपत नगर-पटेल नगर-दयाबस्ती-शकूरबस्ती के रास्ते चलेगी। इस दौरान ट्रेन नई दिल्ली स्टेशन के बजाय दिल्ली सफदरजंग स्टेशन पर रुकेगी। नांदेड़-अमृतसर एक्सप्रेस 6 मई को ओखला-लाजपत नगर-पटेल नगर-दयाबस्ती-शकूरबस्ती के रास्ते चलेगी।

**चार हॉल्ट बनाए जाएंगे पूर्ण स्टेशन :** उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह मंगलवार को आगरा मंडल के दौरे पर पहुंचे। वह सुबह प्रयागराज-लालगढ़ एक्सप्रेस से आगरा कैंट स्टेशन पहुंचे। मंडल रेल प्रबंधक गगन गोयल सहित अन्य अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद महाप्रबंधक ने विकास कार्यों की समीक्षा के लिए मैराथन बैठक की। महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में आगरा मंडल में गतिशक्ति यूनिट और कंस्ट्रक्शन विभाग द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे कार्यों की प्रगति रिपोर्ट भी महाप्रबंधक ने देखी और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ ही बाह और फतेहाबाद क्षेत्र में चार हॉल्ट स्टेशनों को पूर्ण स्टेशन में बदलने के कार्य की जानकारी ली।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडल में चल रहे सभी कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। साथ ही सभी कार्य तय समयसीमा में पूरे किए जाएं। महाप्रबंधक ने स्पष्ट किया कि किसी भी कार्य में लेटलतीफी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निर्माण कार्यों में लगी गतिशक्ति यूनिट और कंस्ट्रक्शन विभाग स्थानीय प्रशासन से समन्वय बनाकर कार्य को समय पर पूरा कराएं।

## कई सुपरफास्ट ट्रेनों के बदले नंबर



**लखनऊ।** भारतीय रेल को देश की लाइफ लाइन कहा जाता है। इसकी वजह यह है कि हमारे देश की आबादी का अधिकांश हिस्सा एक जगह से दूसरी जगह जाने के लिए ट्रेनों का ही इस्तेमाल करता है। एक तरफ जहां भारतीय रेलवे ट्रेनों को सुगमता और प्रारूप से चलने के लिए तमाम तकनीकी बदलाव करता रहता है, तो वहीं, दूसरी तरफ समय-समय पर जरूरत के हिसाब से ट्रेनों के नंबर और श्रेणी में भी बदलाव एवं संशोधन किया जाता रहा है।

इसी क्रम में पूर्व रेलवे द्वारा कुछ महत्वपूर्ण ट्रेनों की संख्या एवं श्रेणी में संशोधन किया गया है। हम आपकी सुविधा के लिए उन ट्रेनों की लिस्ट दे रहे हैं जिनका नंबर बदल गया है। गाड़ी संख्या 13027/12328 हावड़ा देहरादून सुपर फास्ट एक्सप्रेस का नंबर 14 अप्रैल से बदलकर 13035 / 13036 हो जाएगा। इस ट्रेन की कैटिगरी भी बदल दी गई है। अब इसकी श्रेणी सुपरफास्ट से बदलकर मेल एक्सप्रेस के अंतर्गत कर दी गई है। गाड़ी संख्या 12369/12370 हावड़ा देहरादून एक्सप्रेस का नंबर बदलकर नया नंबर 13037/13038 हो जाएगा।

इस ट्रेन की कैटिगरी भी सुपरफास्ट से बदलकर मेल/एक्सप्रेस हो जाएगी. यह ट्रेन सप्ताह में 5 दिन चलेगी। नया नंबर लागू होने की तारीख 13.04.2026 हावड़ा से और 14.04.2026 देहरादून से होगा। गाड़ी संख्या 12331/12332 हावड़ा जम्मू तवी हिमगिरि एक्सप्रेस का नया नंबर 13041/13042 हो जाएगा। इस ट्रेन की श्रेणी सुपरफास्ट से बदलकर मेल/एक्सप्रेस कर दी गई है। नए नंबर की लागू होने की तिथि 14.04.2026 (हावड़ा से) और 16.04.2026 (जम्मू तवी से) होगी।

गाड़ी संख्या 12333/12334 हावड़ा झ प्रयागराज रामबाग विभूति एक्सप्रेस का नंबर बदलकर 13047/13048 हो गया है। इसकी श्रेणी सुपरफास्ट से मेल/एक्सप्रेस में बदल गई है। हावड़ा से कालका के बीच चलने वाली गाड़ी संख्या 12311 अप /12312 डाउन कालका मेल का ट्रेन नंबर बदलकर 13051/13052 कर दिया गया है। इस ट्रेन की श्रेणी भी सुपरफास्ट से बदलकर मेल/एक्सप्रेस कर दी गई है।

## वाराणसी होकर हर रविवार को बड़ोदरा तक जाएगी स्पेशल ट्रेन



**लखनऊ।** होली के बाद काम पर लौटने वालों की भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन द्वारा विशेष ट्रेन चलाई जा रही है। इसमें मऊ से बड़ोदरा के लिए चलने वाली विशेष ट्रेन हर रविवार को वाराणसी रेलवे स्टेशन होकर गुजरेगी। यह ट्रेन बड़ोदरा से 14, 21 और 28 मार्च को तथा मऊ से 15, 22 और 29 मार्च को चलाई जाएगी। होली विशेष ट्रेन का ठहराव आगरा फोर्ट के स्थान पर ईदगाह (आगरा) में होगा।

ट्रेन नंबर 09195 वडोदरा-मऊ साप्ताहिक होली विशेष गाड़ी 14, 21 और 28 मार्च को हर शनिवार बड़ोदरा से शाम 7 बजे चलकर गोधरा, रतलाम पहुंचेगी। यहां से दूसरे दिन सुबह 2:45 बजे कोटा, बयाना, ईदगाह (आगरा), कानपुर सेंट्रल से 11:42 बजे, लखनऊ (उत्तर रेलवे) में 1:20 बजे होते हुए वाराणसी रेलवे स्टेशन पर शाम 7:05 बजे आएगी। यहां से छूटकर मऊ रेलवे स्टेशन पर रात 8:45 बजे पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन नंबर 09196 मऊ-वडोदरा साप्ताहिक होली विशेष गाड़ी 15, 22 और 29 मार्च को मऊ से रात 11:15 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन वाराणसी जंक्शन रात 1:10 बजे आएगी। यहां से विभिन्न स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन वडोदरा रात 12:45 बजे पहुंचेगी।

यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन नंबर 05163/05164 औड़िहार-सारनाथ-औड़िहार डेमू विशेष ट्रेन का संचालन 12 मार्च से 15 मई तक किया गया है। ट्रेन नंबर 05163 औड़िहार-सारनाथ डेमू विशेष ट्रेन औड़िहार से दोपहर 12:35 बजे चलकर सिधौना रामपुर हाल्ट से 12:43 बजे, रजवाड़ी से 12:53 बजे, कादीपुर से दोपहर 1:04 बजे छूटकर सारनाथ 1:20 बजे पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन सारनाथ से 1:50 बजे प्रस्थान कर विभिन्न स्टेशनों से होते हुए औड़िहार स्टेशन पर दोपहर 2:35 बजे पहुंचेगी।

# होली के बाद यात्रियों के लिए बढ़ाये गये स्पेशल ट्रेन के फेरे

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** होली के बाद विभिन्न शहरों में कामकाज पर लौटने वाले यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने कई होली स्पेशल ट्रेनों के फेरे भी बढ़ाए हैं। हाजीपुर जोन के मुख्य जनसंपर्क पदाधिकारी सरस्वती चंद्र के अनुसार, बिहार से महाराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात और दिल्ली जैसे शहरों के लिए विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इनमें से कुछ ट्रेनों का ठहराव आरा जंक्शन पर भी दिया गया है, जिससे भोजपुर जिले के यात्रियों को सुविधा मिलेगी। दक्षिण भारत जाने वाले यात्रियों के लिए पोदानुर (कोयंबटूर)झबरौनी और पुणेझदानापुर के बीच भी होली स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है।

**इन ट्रेनों के फेरे बढ़ाए गए :** 03697 शेखपुराझआनंद विहार स्पेशलः 16 से 30 मार्च तक सोमवार, मंगलवार, शुक्रवार और शनिवार, 03698 आनंद विहार-शेखपुरा स्पेशलः 17 से 31 मार्च तक मंगलवार, बुधवार, शनिवार और रविवार, 02397 शेखपुरा-आनंद विहार स्पेशलः 22 और 29 मार्च (रविवार) 02398 आनंद विहार-शेखपुरा स्पेशलः 23 और 30 मार्च (सोमवार) 03309 धनबाद-दिल्ली स्पेशलः 14 से 28 मार्च तक मंगलवार और शनिवार 03310 दिल्ली-धनबाद स्पेशलः 15 से 29 मार्च तक बुधवार और रविवार रेलवे ने यात्रियों से अपील की है।

रेलवे ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इमरजेंसी कोटा की व्यवस्था भी रखी है। इस कोटे के तहत सीमित सीटें उन यात्रियों के लिए सुरक्षित रहती हैं जिन्हें अचानक किसी जरूरी कारण से यात्रा करनी पड़ती है और सामान्य बुकिंग में टिकट नहीं मिल पाता।

## ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि में वैल्यू-एडेड कोर्स आज से

**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में विद्यार्थियों को उभरती डिजिटल तकनीकों से परिचित कराने के उद्देश्य से एक वैल्यू-एडेड पाठ्यक्रम 16 मार्च 2026 से प्रारम्भ किया जा रहा है। यह पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय के सभी संकायों और पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों के लिए खुला है। इस कोर्स को लेकर विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है और अब तक 996 विद्यार्थियों ने इसमें पंजीकरण कराया है। पाठ्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता की मूलभूत अवधारणाओं, विभिन्न अकटूल्स तथा इसके व्यावहारिक उपयोगों से अवगत कराना है, जिससे वे समझ सकें कि अकतकनीकें शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग और डिजिटल सेवाओं जैसे क्षेत्रों में किस प्रकार परिवर्तन ला रही हैं।

यह कोर्स शैक्षणिक सत्रों के माध्यम से संचालित किया जाएगा, जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में अक के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उनके डिजिटल कौशल का विकास करना है। यह पाठ्यक्रम कुलाधिपति महोदया एवं उत्तर प्रदेश की माननीय राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल के मार्गदर्शन में तैयार किया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार, उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के पाठ्यक्रम तेजी से विकसित हो रही डिजिटल दुनिया के लिए विद्यार्थियों को तैयार करने में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

## एसआई परीक्षा के प्रश्न पर उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने जताई कड़ी आपत्ति

- दोषी पेपर सेटर की पहचान कर कड़ी कार्रवाई की मांग
- किसी भी जाति, वर्ग या परम्परा के अपमान को स्वीकार नहीं किया जाएगा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा में पूछे गए एक प्रश्न को लेकर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कड़ा ऐतराज व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि परीक्षा में पूछे गए एक प्रश्न में अवसर के अनुसार बदलने वाला के लिए एक शब्द के विकल्पों में पण्डित शब्द दिया जाना न केवल अनुचित है, बल्कि इसका कोई औचित्य भी नहीं है।

उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि इस प्रकार का प्रश्न और उसके विकल्प किसी भी दृष्टि से उचित नहीं हैं और यह कृत्य किसी मानसिक विकृति से ग्रस्त पेपर सेटर द्वारा जानबूझकर किया गया प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की हरकतें सामाजिक समरसता को प्रभावित करती हैं और वर्ग विशेष की भावनाओं को भी आहत करती हैं।

योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि किसी भी जाति, वर्ग या परंपरा से जुड़े शब्दों का इस प्रकार अपमानजनक संदर्भ में प्रयोग करना स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में भी एक फिल्म के नाम को लेकर इसी प्रकार की आपत्तिजनक स्थिति सामने आई थी, जिसे समाज ने गंभीरता से लिया।

उन्होंने कहा कि परीक्षा प्रश्नपत्र तैयार करने की प्रक्रिया अत्यंत गोपनीय होती है और इसमें शामिल व्यक्तियों की पहचान करना कठिन नहीं है। ऐसे में इस मामले की जांच कर संबंधित पेपर सेटर को चिन्हित कर उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में किसी भी समाज या वर्ग की भावनाओं को आहत करने वाली ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि सामाजिक सौहार्द और समरसता बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है, इसलिए इस प्रकार की असंवेदनशीलता को किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता।

## राजनाथ सिंह से मिले बीबीएयू के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल

**लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने को भारत के रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह से उनके आवास पर



शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर दोनों के मध्य विश्वविद्यालय की शैक्षणिक, शोध एवं आधारभूत संरचनात्मक प्रगति से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। रक्षा मंत्री ने विश्वविद्यालय के विकास और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने रक्षा मंत्री को विश्वविद्यालय में चल रही शैक्षणिक गतिविधियों, नई पहल एवं विकास कार्यों की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने विश्वविद्यालय में शोध, नवाचार तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों से भी अवगत कराया। इस भेंट के दौरान विश्वविद्यालय के समग्र विकास, शैक्षणिक उत्कृष्टता तथा समाज के प्रति विश्वविद्यालय की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी सकारात्मक विचार-विमर्श किया गया।

## फूल देई, छम्मा देई, दैणी द्वार भर भकार...



**लखनऊ।** कल्याणपुर स्थित आर्ट्स एंड कल्चरल सोसाइटी के मुख्यालय में उत्तराखंड का पावन लोकपर्व फूलदेई पारंपरिक उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में उत्तराखंड की समृद्ध लोक संस्कृति और बसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक इस पर्व की परंपराओं को याद किया गया। इस अवसर पर भरत सिंह ने कहा कि उत्तराखंड में बसंत ऋतु की शुरूआत फूलदेई पर्व से होती है। हर वर्ष मार्च माह में जब पहाड़ों में बसंत आता है, तब छोटे-छोटे बच्चे जंगलों और पहाड़ों से रंग-बिरंगे फूल लाकर घर-घर के द्वार पर सजाते हैं। फूल रखते समय बच्चे पारंपरिक गीत गाते हैं फूल देई, छम्मा देई, दैणी द्वार भर भकार...इसका भावार्थ है कि जिस घर के द्वार पर ये फूल रखे जाते हैं, उस घर में सदैव सुख, समृद्धि और खुशहाली बनी रहे। बदले में घर के लोग बच्चों को फल चावल, गुड़ और मिठाइयाँ आदि भेंट देकर आशीर्वाद देते हैं। बिष्ट ने कहा गया कि भले ही आज लोग पहाड़ों से दूर शहरों में रह रहे हों, लेकिन उत्तराखंड की संस्कृति और परंपराएँ आज भी उनके दिलों में जीवित हैं। इसी भावना के साथ लखनऊ सामूहिक रूप से इस पावन पर्व को मनाकर बसंत के आगमन का स्वागत किया गया। इस त्योहार को मानाने में बच्चो की भूमिका रहती है जिसमे कामना बिष्ट, भूमिका जोशी, ऋषिता सिंह, उन्नति,, हांसिका गोस्वामी, आरोही, भूमिका पांडे, अंशिका, दीवा, हेमा बिष्ट इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उत्तराखंड की लोक संस्कृति और परंपराओं को आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाने का संकल्प भी लिया।

## ईसुरी के फाग से महका बुन्देलखण्ड परिषद का होली मिलन

- फूलों की होली में बिखरे बुन्देली लोक रंग



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बुन्देलखण्ड सांस्कृतिक एवं सामाजिक सहयोग परिषद द्वारा रविवार को गोमती नगर के एल्डिको ग्रीन स्थित एफिल क्लब सभागार में आयोजित 39वें होली मिलन समारोह में ईसुरी के फाग और पारंपरिक बुन्देली गीतों के साथ फूलों की होली खेली गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद के अध्यक्ष महेन्द्र तिवारी ने की। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिदेशक विजय कुमार रहे, जबकि विशिष्ट अतिथियों में पेंशन निदेशालय के निदेशक रवीन्द्र कुमार द्विवेदी, सेंट जोसेफ विद्यालय समूह की संरक्षक पुष्पलता अग्रवाल, बनारसी प्रसाद गुप्त तथा वी. के. शुक्ला शामिल रहे। सभी ने उपस्थित जनों को होली की शुभकामनाएं दीं।

संस्था के महासचिव कैलाश जैन ने बताया कि बुन्देली लोकपरंपरा को जीवंत बनाए रखने के उद्देश्य से परिषद प्रतिवर्ष होलीगीत, रसिया और राई नृत्य जैसे कार्यक्रम आयोजित करती है। सांस्कृतिक सचिव अर्चना गुप्ता के संयोजन में बुन्देली परिवार की महिला टीम ने आकर्षक प्रस्तुतियां दीं।

कार्यक्रम की शुरूआत पुष्पलता अग्रवाल ने पारंपरिक गीत होरी खेलत गैल गिरी जमुना, ईसुरी का फाग जो हमले छैल छला बन जाते लाल तथा पिया कैसे डुलाऊं रस के बिजना के गायन से की। स्वरा त्रिपाठी ने अरे जा रे हट नटखट गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। इसके अतिरिक्त कीर्ति जैन, श्रद्धा लिटौरिया और आशा तिवारी ने भी प्रस्तुतियां दीं।

समारोह में बुन्देली व्यंजनों के पारंपरिक भोज का भी आयोजन हुआ जिसमें लगभग 100 परिवारों ने सहभागिता की। अतिथियों का स्वागत परिषद के उपाध्यक्ष बी. के. लिटौरिया ने किया। कार्यक्रम का संचालन योगेश चौहान ने किया। इस अवसर पर स्क्वाड्रन लीडर राखी अग्रवाल, लोक संस्कृति शोध संस्थान की सचिव डॉ. सुधा द्विवेदी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## कांशीराम जयंती पर कांग्रेस कार्यालय में हुई विचार गोष्ठी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** महान समाज सुधारक एवं बहुजन आंदोलन के प्रणेता कांशीराम जयंती के अवसर पर आज लखनऊ स्थित कार्यालय में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं ने कांशीराम के जीवन, संघर्ष तथा सामाजिक न्याय के लिए उनके योगदान को स्मरण किया।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष एवं बाराबंकी से सांसद ने अपने संबोधन में कहा कि कांशीराम ने समाज के वंचित, शोषित और दलित वर्गों को संगठित कर उन्हें राजनीतिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त बनाने का ऐतिहासिक कार्य किया। उन्होंने कहा कि कांशीराम का जीवन संघर्ष, समानता और सामाजिक न्याय के प्रति समर्पण का प्रतीक है, जो आज भी समाज के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है।



कार्यक्रम में कांग्रेस के प्रवक्ता अमरनाथ पासवान ने कांशीराम के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने बहुजन समाज को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने और उन्हें मुख्यधारा की राजनीति में भागीदारी दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि कांशीराम के विचार और सिद्धांत आज भी सामाजिक न्याय और समानता की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करते हैं।

कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि कांशीराम का पूरा जीवन सामाजिक परिवर्तन और बहुजन समाज के अधिकारों के लिए समर्पित रहा। उनके विचार आज भी समाज में समानता और न्याय की स्थापना के लिए प्रेरणा देते हैं।

इस अवसर पर ल छ दुसाध, सुशीला सोनकर, सिद्धी श्री, मुरली मनोहर, संदीप पाल, विकास श्रीवास्तव, जितेन्द्र वर्मा तथा शेरू पाल सहित अनेक कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने कांशीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## महिलाएं नव अंशिका श्रमदेवी शक्ति से सम्मानित

**लखनऊ।** नव अंशिका फाउंडेशन की ओर से आयोजित नव अंशिका महिला माह के अंतर्गत तीसरे रविवार 15 मार्च को महिला दिवस के अवसर पर नारी एक रूप अनेक रंगोली प्रतियोगिता 2026 सीजन-5 का आयोजन चारबाग स्थित रवीन्द्रालय लॉन में आयोजित पुस्तक मेला परिसर में किया गया। इन सभी विजेताओं को मार्च माह के अंतिम रविवार 29 मार्च को सम्मानित किया जाएगा। 29 मार्च को केन्द्रीय कार्यक्रम नव अंशिका सर्वश्री सम्मान प्रदान किया जाएगा जिसमें पुरुषों के क्षेत्र में नाम अर्जित करने वाली महिलाओं को अलंकृत किया जाएगा। नव अंशिका फाउंडेशन संस्था की अध्यक्षा नीशू त्यागी ने बताया कि महिला माह की कड़ी में जहां 1 मार्च को गोमती नगर के रेल विहार कालोनी के घरों में काम करने वाली महिलाओं को नव अंशिका श्रमदेवी शक्ति सम्मान से अलंकृत किया गया। वहीं दूसरे रविवार 8 मार्च, महिला दिवस के अवसर पर नारी एक रूप अनेक थीम पर स्लोगन और चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। रविवार 15 मार्च को आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में विजयलक्ष्मी गुप्ता, स्मिता पांडेय, दीप शुक्ला ने रंगोली रंगों संग एक से बढ़कर एक रंगोली तैयार की थी। नवरात्र के अवसर पर आटा, हल्दी संग विभिन्न रंगों की दालों का उपयोग करके भी रंगोली का आकर्षण बढ़ाया गया था। इस प्रतियोगिता की निर्णायक ज्योति किरण रत्न ने अपने सम्बोधन में बताया कि भारतीय रंगोली न केवल प्रचलित लोक कला है बल्कि इसका सशक्त आध्यात्मिक आधार भी है। अद्भुत सांझी रंगोली, पानी के ऊपर ही नहीं पानी के नीचे तक उकेरी जाती है। इस प्रतियोगिता में ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर नृत्यांगना और मोटिवेटर स्पीकर अंशिका त्यागी ने बताया कि भारतीय संस्कृति में हमेशा रंगोली को सकारात्मकता से जोड़ा गया है। महाराष्ट्र में जिसे रंगोली कहते हैं वहीं बंगाल में अल्पना, तमिलनाडु में कोलम, राजस्थान में मांडना और उत्तराखंड में ऐपण नाम से लोकप्रिय है। इस अवसर पर संस्था कीअध्यक्ष सहित कई अन्य विशिष्ट जन उपस्थित रहे। नीशू त्यागी के अनुसार चौथे रविवार 22 मार्च को शिक्षा, खेल, कला आदि क्षेत्र में यश अर्जित करने वाली यूपी की सशक्त बेटियों को नव अंशिका तेजस्वनी सम्मान से अलंकृत दिया जाएगा। इसका मकसद उनकी उपलब्धियों के माध्यम से दूसरों का मार्गदर्शन करना है। चूंकि आठ मार्च महिला दिवस को समर्पित है।

## गरीब परिवारों के 13 जोड़ों का सामूहिक विवाह

**लखनऊ।** सरोजनीनगर के मवई-पड़ियाना स्थित शाक्यमुनि बुद्ध विहार एवं भिक्षु प्रशिक्षण केंद्र में रविवार को आदर्श सामूहिक आवाह-विवाह समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बुद्धिस्ट सोसायटी फॉर एजुकेशन एंड सोशल वेलफेयर के अध्यक्ष भिक्षु शील रतन व कुशवाहा महासभा के अध्यक्ष मूलचंद कुशवाहा के संयुक्त सहयोग से हुआ। संस्था की ओर से नवविवाहित जोड़ों को गृहस्थ जीवन की शुरूआत के लिए अलमारी, बक्सा, बेड, गद्दा, तकिया, चादर और पानी की टंकी सहित अन्य आवश्यक सामान भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर, प्रेम सिंह शाक्य, एमएलसी रामचंद्र प्रधान, भाजपा जिलाध्यक्ष विजय मौर्य व खंड शिक्षा अधिकारी पद्म शेखर मौर्य ,मूलचन्द मौर्य समेत अन्य लोग शामिल रहे।

## एलयू के एनएसएस छात्रों ने की गोमती की सफाई

**लखनऊ।** स्वच्छ पर्यावरण सेना और लखनऊ विश्वविद्यालय एनएसएस की ओर से गोमती नदी स्वच्छता अभियान चलाकर करीब 10 कुंतल कचरा, देवी देवताओं की मूर्तियां आदि गोमती से निकाला गया। लोगों से अपील की गई कि नदी को स्वच्छ रखें, नदी में कूड़ा न डालने का संकल्प लिया गया। झूलेलाल पार्क गोमती तट पर चले अभियान के संयोजक रणजीत सिंह के नेतृत्व में एलयू समाज कार्य विभाग के शिक्षक डॉ. रणविजय सिंह, डॉ. अंजली मिश्रा, रत्ना वर्मा, अर्चना सिंह, पलक, प्रीति जैन, ज्योति चौधरी, उदय सिंह, प्रेम नारायण द्विवेदी, संजय वर्मा, नाथ शरण त्रिपाठी आदि रहे। सभी ने सफाई के बाद आदि गंगा मां गोमती की आरती की।

## चांसलर क्लब में लगा हृदय रोग निदान शिविर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भगवान श्री सत्य साई बाबा का दिव्य सन्देश की मरीज अस्पताल जाए बल्कि अस्पताल ही मरीज तक पहुंचे इस सन्देश को चरितार्थ करते हुए आज भगवान के पावन आशीर्वाद से श्री सत्य साई सेवा संगठन, उत्तर प्रदेश व श्री सत्य साई हार्ट हॉस्पिटल अहमदाबाद व राजकोट, जिन्होंने इस वित्तीय वर्ष में पुरे भारत में 6 हृदय रोग निदान शिविर आयोजित किये और 1500 से ज्यादा सफल ऑपरेशन्स पूर्णता निशुल्क रूप से किये, के सहयोग से रविवार को चांसलर क्लब, आशियाना, लखनऊ में द्वितीय हृदय रोग निदान शिविर का आयोजन किया गया। प्रातः 8:00 बजे भगवान श्री सत्य साई बाबा की दिव्य उपस्थिति में दीप प्रज्वलन के साथ इस शिविर का शुभारंभ हुआ।



इस अवसर पर डॉ. मनोज भीमानी, निदेशक, श्री सत्य साई हार्ट अस्पताल, गुजरातः डॉ. विजय अग्रवाल, प्रख्यात बाल शल्य चिकित्सकः सचिन नेब, प्रदेश अध्यक्ष, श्री सत्य साई सेवा संगठन, उत्तर प्रदेश तथा धनंजय शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष, श्री सत्य साई सेवा संगठन, उत्तर प्रदेश उपस्थित रहे। दीप प्रज्वलन के पश्चात लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज व प्रदेश के अन्य जिलों से आए साई भक्तों द्वारा वेद मंत्रोच्चारण किया गया। इसके साथ ही गुजरात के प्रतिष्ठित आठ चिकित्सकों की टीम द्वारा हृदय रोग शिविर का संचालन प्रारंभ किया गया।

इस शिविर में रोगियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। 400 से अधिक रोगियों ने ऑनलाइन पंजीकरण कराया था, साथ ही लगभग 100 ऐसे रोगी भी शिविर में उपस्थित हुए जो ऑनलाइन पंजीकरण नहीं करा सके थे। इस अवसर पर न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान, उच्च न्यायालय, लखनऊ ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

डॉ. मनोज भीमानी, निदेशक, श्री सत्य साई हार्ट अस्पताल, गुजरात ने अपने सम्बोधन में आये हुए उपस्थित गढ़मान्य जनों व रोगियों को अस्पताल द्वारा दी जाने वाली निःशुल्क व्यवस्थाएँ व सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया। तत पश्चात संगठन के प्रदेश अध्यक्ष श्री सचिन नेव ने अपने सम्बोधन में इस शिविर के आयोजन में संगठन के साई भक्तों द्वारा किये गए प्रयासों की प्रशंसा की और उनको प्रोत्साहित किया।

भगवान बाबा का संदेश है सबसे प्रेम करो, सबकी सेवा करो। उनकी इसी शिक्षा को केंद्र में रखते हुए यह शिविर पूर्णतः निःशुल्क आयोजित किया गया। इस शिविर से उत्तर प्रदेश के 500 से अधिक रोगियों ने लाभ प्राप्त किया। ये अधिकांशतः समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से थे, जिनके लिए हृदय रोग का उपचार या ऑपरेशन कराना संभव नहीं था। शिविर के दौरान भगवान श्री सत्य साई बाबा के शताब्दी जन्मोत्सव वर्ष के अंतर्गत निरंतर 100 भजनों का आयोजन भी किया गया, जिसमें कानपुर, बरेली. गोरखपुर, प्रयागराज, लखनऊ व प्रदेश के अन्य ज़िलों की भजन मंडलियों ने भाग लेकर मधुर भजनों की प्रस्तुति दी। इन भजनों से समस्त वातावरण दिव्य आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो गया और उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने उस दिव्यता का अनुभव किया।

संक्षेप

## रोजा इफ्तार में दिखी गंगा-जमुनी तहजीब

अयोध्या। समाजवादी पार्टी अयोध्या की ओर से रविवार को सहादतगंज स्थित सांसद आवास पर भव्य रोजा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में रोजेदारों, पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों ने शिरकत कर आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। इस अवसर पर अयोध्या के सांसद अवधेश प्रसाद ने सभी को रमजान की मुबारकबाद देते हुए कहा कि रमजान का पवित्र महीना त्याग, संयम, सेवा और इंसानियत का संदेश देता है। रोजा इफ्तार जैसे आयोजन समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव और एकता को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा गंगा-जमुनी तहजीब और सामाजिक समरसता की पक्षधर रही है।

इफ्तार कार्यक्रम में रोजा खोलने के बाद लोगों ने एक-दूसरे से मुलाकात कर मुबारकबाद दी और क्षेत्र में शांति, भाईचारे और खुशहाली की दुआ मांगी।

# सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएं: जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय




**कुशीनगर।** जिले के फाजिलनगर स्थित संस्कार सेंट्रल एकेडमी में रविवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत पटहेरवा तथा फाजिलनगर मंडलों के प्रशिक्षण वर्ग का समापन सत्र आयोजित किया गया। समापन सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने अपनी सरकार की उपलब्धियां विषय पर कार्यकताओं को संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिला मंत्री रामबृक्ष गिरी ने की।जबकि संचालन भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक कवि मनंजय तिवारी ह्वनिर्मलह्व ने किया। भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकारों ने पिछले वर्षों में विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए हैं। सरकार की योजनाएं समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में देश और प्रदेश में गरीब, किसान, महिला और युवाओं के उत्थान के लिए अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं।उन्होंने कहा कि उज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, किसान सम्मान निधि तथा आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं ने आम जनमानस के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। आज देश विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। श्री राय ने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे सरकार की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाएं तथा जनता को इन योजनाओं का लाभ दिलाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है और उनके परिश्रम व समर्पण से ही पार्टी लगातार मजबूत हो रही है। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष दिवाकर मणि त्रिपाठी, किसान मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राधेश्याम पांडेय, जिलाध्यक्ष अजय राय, दहारी प्रसाद, चंद्रप्रकाश यादव ह्वचमनह्व, अनिल जायसवाल, मंडल अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह व अमलेश तिवारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष चिरंजी सिंह, श्रीनिवास राय, डॉ. कन्हैया शर्मा, अमरेंद्र त्रिपाठी, राणा प्रताप मिश्र, राजेश दूबे, डॉ. डीएन कुशवाहा, अभिषेक तिवारी ह्वबिट्टूह्व, सिट्टू शर्मा, अमरजीत सिंह, प्रमोद राय, सरिता मिश्रा, वर्षा तिवारी, रिंकी मिश्रा, डॉ. रानी शुक्ला, मीरा तिवारी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचे मधुमेह जागरूकता अभियान: चंपत राय

अयोध्या। रिसर्च सोसाइटी फॉर द स्टडी ऑफ डायबिटीज इन इंडिया, उत्तर प्रदेश (आरएसएसडीआई-यूपी) की ओर से आयोजित अंतरराष्ट्रीय डायबिटीज कार्यशाला का भव्य उद्घाटन हुआ। तीन दिवसीय इस कार्यशाला में देश-विदेश के लगभग 1500 विशेषज्ञ चिकित्सक मधुमेह के आधुनिक इलाज, नई दवाइयों और रोकथाम के उपायों पर मंथन कर रहे हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर तथा अन्य विशिष्ट अतिथियों ने किया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए चंपत राय ने कहा कि यह कोई राजनीतिक सम्मेलन नहीं बल्कि ऐसे चिकित्सकों का मंच है जो समाज को रोगमुक्त बनाने के लिए अनुसंधान और सेवा के भाव से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केवल सम्मेलन करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि इसके बाद समाज में स्वास्थ्य के क्षेत्र में ठोस कार्य होना भी आवश्यक है।

## नव भारत साक्षरता कार्यक्रम, साक्षरता परीक्षा का सफल आयोजन

**देवरिया।** जनपद देवरिया में ह्वनव भारत साक्षरता कार्यक्रमह्व के अंतर्गत 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयुवर्ग के चिन्हित असाक्षरों के लिए विशेष कक्षाओं का संचालन सफलतापूर्वक सम्पन्न होने के उपरांत आज साक्षरता परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा का आयोजन जनपद के लगभग 650 परीक्षा केंद्रों पर किया गया, जिसमें लगभग 16000 असाक्षरों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।यह परीक्षा असाक्षरों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि मूल्यांकन उपरांत सफल प्रतिभागियों को (नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओपन स्कूल) द्वारा साक्षरता प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। इस प्रमाण पत्र के माध्यम से उन्हें साक्षर के रूप में औपचारिक मान्यता प्राप्त होगी।

परीक्षा को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार सिंह के द्वारा समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों को ब्लॉक स्तर का नोडल अधिकारी नामित किया गया तथा सभी जिला समन्वयकों की ड्यूटी परीक्षा केंद्रों पर पर्यवेक्षण कार्य हेतु लगाई गई। देवरिया सदर विकास खण्ड के खण्ड शिक्षा अधिकारी देव मुनि वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि आज जनपद मे एक साथ आयोजन किया जा रहा है। यह पहल प्रदेश स्तर पर साक्षर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार सिंह एवं सदर विकासखंड के खंड शिक्षा अधिकारी देव मुनि वर्मा ने सॉविलियन बैदा बांस पार समेत कई केंद्रों पर साक्षरता परीक्षा का अनुश्रवण किया। संपूर्ण परीक्षा प्रक्रिया जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, देवरिया के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में सकुशल सम्पन्न हुई। इस अवसर पर उन्होंने परीक्षा में शामिल सभी प्रतिभागियों के उत्साह की सराहना की और उम्मीद जताई कि साक्षरता की यह यात्रा जनपद सहित पूरे प्रदेश को शिक्षित, सशक्त एवं आत्मनिर्भर समाज की ओर अग्रसर करेगी।आज की साक्षरता परीक्षा में साक्षर प्रतिभागियों और अध्यापकों में विशेष उत्साह देखा गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जो प्रतिभागी किसी कारणवश आज की परीक्षा में शामिल नहीं हो पाए उनको पुनः अवसर देते हुए आगामी माह सितम्बर 2026 में आयोजित परीक्षा में शामिल कराया जाएगा।

## परीक्षा से पहले परीक्षार्थी की तबियत बिगड़ी, स्वास्थ्य टीम ने किया इलाज

जिला संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग में विभिन्न पदों के लिए चल रही भर्ती परीक्षा के दौरान बुद्ध पीजी कॉलेज बने परीक्षा सेंटर पर परीक्षा देने आयीं एक महिला परीक्षार्थी की तबियत परीक्षा के पहले अचानक खराब होने लगी, जिसके बाद वहाँ

**● पुलिस उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा केंद्र बुद्ध पीजी कॉलेज में आयीं थी**

ड्यूटी पर लगे स्वास्थ्य टीम ने उसका इलाज किया जिसके, बाद उसकी स्वास्थ्य सामान्य हुआ। जानकारी के अनुसार रविवार को पुलिस भर्ती परीक्षा की बुद्ध पीजी कॉलेज के सेंटर पर द्वितीय मीटिंग 3:00 बजे से 5:00 तक में परीक्षा देने आयीं शिवांगी जायसवाल (24) वर्ष पत्नी अभिषेक जायसवाल, निवासी मेहरा बाहर, जनपद देवरिया की तबियत परीक्षा शुरू होने से कुछ समय पहले अचानक खराब होने लगी, जिसके बाद वह ड्यूटी पर मौजूद केंद्र व्यवस्थापक न्यायिक एसडीएम से बताई, तो उन्होंने तत्काल परीक्षा सेंटर पर तैनात स्वास्थ्य टीम को सूचित किया। स्वास्थ्य टीम ने परीक्षार्थिनी शिवांगी का चेकअप किया और दवा इलाज किया। उसके बाद उसका स्वास्थ्य सामान्य हुआ और परीक्षा में बैठी। स्वास्थ्य कैम्प में तैनात डॉक्टर संजय कुमार सिंह ने बताया कि महिला परीक्षा देने आयीं थी, जिसे अचानक उसका बीपी सामान्य से कम हों गया था, उन्हें शरीर में सुस्ती,चक्करऔर कंपन्न जैसा महसूस हों रहा था। तत्काल आवश्यक दवा इलाज किया गया, जिससे आधे घंटे के बाद उनका स्वास्थ्य सामान्य हों गया।

वह परीक्षा बैठकर अपनी सुराचारु रूप से दीं हैं। स्वास्थ्य टीम में डा. पल्लवी सिंह,डा. सावित्री सिंह, डा. नासरीन, विक्रांत यादव, इमरान व केंद्र व्यवस्थापक ब्लॉक-न्यायिक एसडीएम कसया आदि मौजूद रहें।

# सीएमओ ने किया निजी अस्पतालों का निरीक्षण

**कुशीनगर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 चन्द्र प्रकाश द्वारा खड्डा तहसील क्षेत्र में संचालित निजी अस्पतालों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नेबुआ नौरंगिया ब्लॉक में संचालित जीवन ज्योति हॉस्पिटल, अपना हॉस्पिटल एवं सेवा हॉस्पिटल की गहन जांच की गई।निरीक्षण के दौरान अस्पतालों में उपस्थित चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की उपलब्धता की जानकारी ली गई तथा अस्पताल परिसर, ऑपरेशन थिएटर (ओटी) की साफ-सफाई एवं रखरखाव, वार्डों में भर्ती मरीजों की स्थिति सहित उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का निरीक्षण किया गया। इसके उपरांत खड्डा ब्लॉक में संचालित मेडिसिटी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का भी निरीक्षण किया गया, जहां चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की उपस्थिति, संचालित मेडिकल स्टोर, भर्ती मरीजों तथा ओटी की साफ-सफाई एवं व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान जिन अस्पतालों में चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ अनुपस्थित पाए गए, उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। साथ ही संबंधित ब्लॉक के अधीक्षक/प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि अस्पतालों में पंजीकृत/नामित चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की उपस्थिति का समय-समय पर भौतिक सत्यापन करते हुए इसकी सूचना मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराएं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने स्पष्ट किया कि निजी अस्पतालों में पंजीकृत चिकित्सकों के बार-बार अनुपस्थित पाए जाने पर जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार संबंधित अस्पताल का पंजीकरण निरस्त करते हुए संबंधित चिकित्सक के विरुद्ध विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

## रक्त का कोई विकल्प नहीं: अवधेश प्रसाद

अयोध्या। समाजसेवी एवं व्यायाम शिक्षक राज कुमार वर्मा के जन्मदिन के उपलक्ष्य में राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन एवं इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी, शाखा अयोध्या के संयुक्त तत्वावधान में प्रेस क्लब, सिविल लाइन अयोध्या में वृहद रक्तदान शिविर एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में युवाओं एवं समाजसेवियों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। शिविर में 27 युवाओ ने रक्तदान कर महादानी बनें। रक्तदान शिविर का शुभारम्भ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेंद्र सिंह भदौरिया ने रिबन काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ह्वरक्तदान महादान है और प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान अवश्य करना चाहिए। रक्तदान से किसी जरूरतमंद की जान बचाई जा सकती है, इसलिए युवाओं को आगे आकर इस पुनीत कार्य में भागीदारी निभानी चाहिए।ह्व मुख्य अतिथि के रूप में सांसद अवधेश प्रसाद ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ह्वरक्त का कोई विकल्प नहीं है। जब किसी व्यक्ति को अचानक रक्त की आवश्यकता होती है, तब ही हमें रक्त की वास्तविक अहमियत का एहसास होता है। ऐसे रक्तदान शिविर निश्चित ही मरीजों के लिए किसी वरदान से कम नहीं हैं। इस अवसर पर सांसद का स्वागत संस्था के महासचिव विजय वर्मा, उपाध्यक्ष नीलम श्रीवास्तव, सचिव खुशबू शाही, संजय यादव एवं अधिवक्ता प्रदीप गुप्ता ने अंगवस्त्र, पुष्पहार एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। कैम्प में संस्था के अध्यक्ष एवं रेडक्रॉस अयोध्या इकाई के आजीवन सदस्य, ह्वब्लड मैनह्व के नाम से चर्चित आकाश गुप्ता ने कहा कि वर्तमान समय में जनपद में रक्त की कमी की समस्या बनी हुई है। लगभग 600 बेड क्षमता वाले जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में मात्र 45 यूनिट रक्त शेष है। ऐसे में यह रक्तदान शिविर ब्लड बैंक के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे नियमित रूप से रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों की सहायता करें।

## कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बैतालपुर का बीएसए ने किया अनुश्रवण

**देवरिया।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार सिंह द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बैतालपुर का अनुश्रवण किया गया। बेसिक शिक्षा अधिकारी आवासीय परिसर में बालिकाओं से संवाद स्थापित किया उनके पठन पाठन और पाठ्यचर्या में क्रियाकलापों की जानकारी प्राप्त किए। बालिकाओं से संवाद स्थापित किया तथा बालिकाओं का उत्साह वर्धन किया। निरीक्षण के समय आवासीय विद्यालय परिसर में बालिकाओं की अच्छी उपस्थिति पाई गई तथा बालिकाओं को आगामी वार्षिक परीक्षाओं तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रतिभाग करने हेतु प्रोत्साहित किया।

## अवैध रूप से छोटे सिलेण्डरों में गैस रिफिल करने वाले दुकानदार के विरूद्ध दर्ज होगी एफआईआर

**बहराइच।** जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी ने बताया कि नगर क्षेत्र बहराइच के पूर्ति निरीक्षक हेम भूषण के साथ शनिवार को अपरान्ह में लगभग 03:30 बजे नगर क्षेत्र के भ्रमण के दौरान विकास भवन के निकट राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय, बहराइच के गेट पर स्थित गैस व स्टोव मरम्मत की दुकान पर पुलिस बल की मौजूदगी में औचक छापेमारी की गयी। दुकानदार मुज्जमिल पुत्र नईम दुकान पर मौजूद मिले, जिनकी उपस्थिति में दुकान का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के समय दुकान में घरेलू गैस सिलेण्डर तथा छोटे सिलेण्डर व गैस रिफिलिंग के उपकरण पाये गये। दुकानदार मुज्जमिल से उपलब्ध सिलेण्डरों के सम्बन्ध में पूछताछ करने पर सम्बन्धित द्वारा कोई सन्तोषजनक उत्तर नहीं दिया गया और न ही सिलेण्डरों से सम्बन्धित कोई अभिलेख आदि ही प्रस्तुत किये गये। छापेमारी के दौरान 02 अदद घरेलू एलपीजी इण्डेन गैस सिलेण्डर (14.2 कि.ग्रा.) सीलयुक्त भरे हुए जिनका सीरियल नम्बर 479406 व 255076 है। इसके अलावा 04 अदद् घरेलू एलपीजी इण्डेन गैस सिलेण्डर (14.2 कि.ग्रा.) आंशिक भरे हुए बरामद हुए जिनका सीरियल नम्बर 230065, 553242, 616697 व 401343 है। इसके अलावा 05 अदद छोटे अधोमानक/अवैध (05 कि.ग्रा.) खाली बरामद हुए है। इसके अतिरिक्त मौके पर दुकान में गैस रिफिल किया जाने वाले 02 उपकरण/रिफिलर बरामद हुए।

डीएसओ श्री तिवारी ने बताया कि औचक जांच व छापेमारी में जब्त किये गये सिलेण्डरों एवं रिफिलर से यह स्पष्ट है कि दुकानदार मुज्जमिल द्वारा घरेलू गैस सिलेण्डरों का अवैध ढंग से छोटे अवैध सिलेण्डरों में रिफिल कर गैस की कालाबाजारी की जा रही है, जो एलपीजी कंट्रोल आर्डर-2000 (द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस आपूर्ति और वितरण का विनियमन-आदेश) का स्पष्ट उल्लंघन है तथा जो आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध भी है। डीएसओ श्री तिवारी ने बताया कि जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर पूर्ति निरीक्षक हेम भूषण द्वारा दोषी दुकानदार मुज्जमिल पुत्र नईम के विरूद्ध थाना कोतवाली देहात में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अन्तर्गत मुकदमा पंजीकृत करने हेतु तहरीर दी गई है।

# सपाइयों ने धूमधाम से मनायी कांशीराम की जयंती




**देवरिया।** समाजवादी पार्टी द्वारा बहुजन नायक कांशीराम की जयंती नगर स्थित नंद पैलेस में भव्य रूप से मनाई गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष श्री व्यास यादव ने की तथा संचालन जिला महासचिव मंजूर हसन ने किया। इस अवसर पर उपस्थित नेताओं व कार्यकर्ताओं ने कांशीराम साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि समाजवादी बाबा साहब वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती ने कहा कि मान्यवर कांशीराम साहब ने दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक समाज को राजनीतिक भागीदारी और सम्मान दिलाने के लिए ऐतिहासिक संघर्ष किया,।

उन्होंने कहा कि उनकी बढ़ती ताकत को कमजोर करने के लिए सामंतवादी सोच के लोगों ने अनेक प्रयास किए, लेकिन समाजवादी आंदोलन के नेता नेताजी मुलायम सिंह यादव ने हर संघर्ष में उनका साथ दिया और उन्हें पहली बार सांसद बनाने के लिए पूरी ताकत लगा दी, जिसके परिणामस्वरूप कांशीराम साहब इटावा से सांसद निर्वाचित हुए। श्री भारती ने कहा कि समाजवादी आंदोलन के पुरोधा नेताजी मुलायम सिंह यादव ने हमेशा सामाजिक न्याय की ताकतों को एक मंच पर लाने का कार्य किया और मान्यवर कांशीराम साहब के संघर्षों में मजबूती से साथ खड़े रहे। उसी विरासत को आगे बढ़ाते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव आज पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की ताकत को संगठित कर सामाजिक न्याय की लड़ाई को नई दिशा दे रहे हैं।

श्री भारती ने कहा कि आज जरूरत है कि पीडीए समाज एकजुट होकर लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए आगे आए और वर्ष 2027 में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाकर सामाजिक न्याय की राजनीति को मजबूत करे।

अध्यक्षीय संबोधन में सपा जिलाध्यक्ष व्यास यादव ने कहा कि मान्यवर कांशीराम साहब का सपना था कि देश की सत्ता में वंचित, शोषित और पिछड़े समाज की भागीदारी सुनिश्चित हो। आज समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव उसी विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए पीडीए परिवार को मजबूत कर रहे हैं।

कार्यक्रम को पूर्व सांसद कनकलता सिंह, पूर्व विधायक स्वामीनाथ यादव, अनुग्रह नारायण सिंह (खोखा सिंह), सुभाषचंद्र श्रीवास्तव, दिनानाथ कुशवाहा, पूर्व एमएलसी जेपी जायसवाल, हाफिज शहादत हुसैन अंसारी, धर्मेंद्र सोलंकी, अजय प्रताप सिंह उर्फ पिंटू सिंह सैंथवार, गेनालाल यादव, विजय प्रताप यादव, परवेज आलम, अशोक कुशवाहा, हृदयनारायण जायसवाल, बेचूलाल चौधरी, पसहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## संगठन सशक्तिकरण के लिए भाजपा का मंडल प्रशिक्षण शिविर आज से

जिला संवाददाता

अयोध्या। भारतीय जनता पार्टी महानगर द्वारा मंडल स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन सोमवार से प्रारम्भ होगा। इसके तहत 16 व 17 मार्च को देवकाली मंडल तथा 17 व 18 मार्च को करियप्पा मंडल का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण शिविर को लेकर पार्टी पदाधिकारियों ने तैयारियां तेज कर दी हैं।

रविवार को सर्किट हाउस में नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता तथा भाजपा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने प्रशिक्षण टोली के साथ बैठक कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया। इस दौरान प्रशिक्षण के विभिन्न सत्रों, विषयों और कार्यकताओं की सहभागिता को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि भाजपा में कार्यकताओं के वैचारिक और संगठनात्मक विकास के लिए समय-समय पर प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाते हैं। इन शिविरों के माध्यम से कार्यकताओं को पार्टी की विचारधारा, संगठन की कार्यपद्धति और जनसेवा से जुड़े विषयों की जानकारी दी जाती है। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि मंडल स्तर पर होने वाले इस प्रशिक्षण शिविर में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि शिविर में संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण, सेवा कार्यों तथा केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के विषय में भी कार्यकताओं को मार्गदर्शन दिया जाएगा। बैठक में महामंत्री शैलेन्द्र कोरी, तिलकराम मौर्या, प्रतिमा शुक्ला, दिव्य प्रकाश तिवारी, शुभमघ् श्रीवास्तव, हेमंत जायसवाल, रवि सोनकर, प्रांशु अग्रवाल, दीपक पाण्डेय, मधुकर आनंद, दिनेश कन्नौजिया, अमल गुप्ता, सहित अन्य लोगों की मौजूदगी रही।

## देश की जनता सुप्रीम कोर्ट से भी बड़ी: आनंद स्वरूप

मिल्कीपुर-अयोध्या। कुमारगंज पहुंचे शांभवी कर्नाटक पीठ के पीठाधीश्वर स्वामी आनंद स्वरूप ने पत्रकारों से बातचीत में यूजीसी कानून 2026 का कड़ा विरोध किया। उन्होंने कहा कि देश की जनता सुप्रीम कोर्ट से भी बड़ी है।स्वामी आनंद स्वरूप ने यूजीसी कानून को एक सोची-समझी राजनीतिक चाल बताया। उनके अनुसार, यह केवल वोट लेने का एक तरीका और हिंदू धर्म को बांटने की साजिश है। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि जब देश अपनी आजादी के 75 वर्ष मनाकर 80वें वर्ष की ओर बढ़ रहा है, तब भी यूजीसी एक्ट और आरक्षण जैसे मुद्दे समाज को पीछे धकेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह कानून समाज में वैमनस्य पैदा करेगा और इसे तोड़ने का काम करेगा। स्वामी आनंद स्वरूप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सवर्ण समाज को समाप्त करने और एक ऐसी व्यवस्था लागू करने का आरोप लगाया, जिससे नैसर्गिक रूप से पराक्रमी और बुद्धिमान सवर्ण समाज कमजोर होगा।

## मध्यदेशीय वैश्य महासभा की जनपदीय कमेटी का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न



**बरहज, देवरिया।** भलुवनी कस्बा स्थित मां भगवती पैलेस में मध्यदेशीय वैश्य महासभा जनपद देवरिया का शपथ ग्रहण समारोह एवं होली मिलन कार्यक्रम रविवार को धूमधाम से संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि रामपुर कारखाना के विधायक सुरेन्द्र चौरसिया ने कुल गुरू गणिनाथ जी के चित्र पर माला पहनाकर व पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। संबोधित करते हुए विधायक सुरेंद्र चौरसिया ने कहा कि मद्धेशिया समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है। मद्धेशिया वैश्य समाज समाजिक कार्यो में हमेशा बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेता है। समाज के बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि समाज के निचले तबके के लोगों

**● मद्धेशिया समाज का गौरवशाली इतिहास रहा : सुरेंद्र चौरसिया**

के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आर्थिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में काम करने की बात कही। इस दौरान मध्यदेशीय वैश्य महासभा के जनपदीय कमेटी के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह बड़े उत्साह के साथ संपन्न हुआ, जिसमें नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। समाज के उत्थान, एकता और सांस्कृतिक विकास के संकल्प के साथ नई कार्यकारिणी ने कार्यभार ग्रहण किया, जिसमें वरिष्ठ सदस्यों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को गरिमामय बनाया। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष सुभाषचंद मद्धेशिया, प्रदेश संयोजक राजनैतिक प्रकोष्ठ हरेराम गुप्ता, चेयरमैन विजय गुप्ता मुन्ना, शरद गुप्ता, गणेश मद्धेशिया, अवधेश गुप्ता, आदि ने संबोधित किया। वक्ताओ ने समाज में एकजुटता, शिक्षा और सामाजिक सुधार को बढ़ावा देने की बात कही।

बरहज, भटनी, रूद्रपुर, सलेमपुर, देवरिया, तरकुलवा, भलुअनी सहित जिले के सभी उपनगरो की कमेटियो का भी शपथ ग्रहण हुआ। जिलाध्यक्ष द्वारिका मद्धेशिया ने सभी आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया। कृपानिधान गुप्त, श्रवण कुमार गुप्त, भगवान दास मद्धेशिया, कृपानिधान गुप्ता, विनोद मद्धेशिया, संतोष मद्धेशिया, बृजमोहन मद्धेशिया, डा. योगेश गुप्ता सहित सैकड़ों की संख्या में मद्धेशिया समाज के लोग मौजूद रहे। समारोह का संचालन दुर्गेश कांदू ने किया।

# रात के अंधेरे में बंटे सिलेंडर अनिकेत इंडेन गैस सर्विस पर कालाबाजारी का आरोप

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** जनपद में गैस की पर्याप्त उपलब्धता और कालाबाजारी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई के प्रशासनिक दावों के बीच पडरौना नगर के आवास विकास कॉलोनी स्थित अनिकेत इंडेन गैस सर्विस पर गैस सिलेंडर की खुलेआम कालाबाजारी का सनसनीखेज आरोप सामने आया

**● लाइन में लगे उपभोक्ताओं को मिला गैस खत्मका जवाब, पीछे से 1200 में बिकते रहे सिलेंडर, उपभोक्ताओं का है आरोप**

है। आरोप है कि एजेंसी प्रबंधन की मिलीभगत से रात के अंधेरे में चुपचाप सिलेंडर बांट दिए गए, जबकि सुबह से लाइन में लगे उपभोक्ताओं को ह्वगैस खत्मह्व होने का बहाना बनाकर लौटा दिया गया।बताया जा रहा है कि रविवार तड़के करीब पांच बजे बड़ी संख्या में उपभोक्ता गैस सिलेंडर लेने अनिकेत इंडेन गैस सर्विस पहुंच गए थे। इनमें कई ऐसे लोग भी थे जिन्होंने पहले से बुकिंग कराकर ओटीपी प्राप्त कर लिया था। लेकिन एजेंसी पहुंचने के बाद उन्हें यह कहकर निराश कर दिया गया कि गैस सिलेंडर रात करीब दो बजे ही वितरित कर दिए गए हैं। इस जानकारी के बाद मौके पर मौजूद उपभोक्ताओं में भारी आक्रोश फैल गया। लोगों का कहना है कि एक दिन पहले ही जिलाधिकारी ने सभी गैस एजेंसियों पर पारदर्शी वितरण सुनिश्चित करने के लिए नोडल अधिकारी और पुलिस बल की तैनाती के निर्देश दिए थे, ताकि किसी भी प्रकार की कालाबाजारी और ओवररेटिंग पर रोक लग सके। इसके बावजूद देर रात गैस वितरण किए जाने और जिम्मेदार अधिकारियों के नदारद रहने से पूरी व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।पडरौना ब्लॉक के ग्राम पंचायत पगरा बुजुर्ग निवासी पंकज गोंड ने आरोप लगाया कि वह सुबह करीब पांच बजे गैस लेने एजेंसी पहुंचे थे। वहां मौजूद कर्मचारियों ने पहले उन्हें यह कहकर टाल दिया कि गैस खत्म हो गई है।पंकज का आरोप है कि कुछ ही देर बाद एजेंसी के दो सेल्समैन थोड़ी दूरी पर कुछ लोगों को 1200 रुपये लेकर गैस सिलेंडर देते दिखाई दिए। जब उन्होंने भी गैस लेने की बात कही तो उनसे भी 1200 रुपये की मांग की गई। पंकज गोंड के अनुसार जब एक व्यक्ति से पैसे लेकर सिलेंडर दिया जा रहा था और कर्मचारी पैसे गिन रहे थे, तभी उन्होंने मोबाइल से वीडियो बनाना शुरू कर दिया। वीडियो बनते देख सेल्समैन घबरा गए और वहां से हटने लगे। इस दौरान उन्होंने कहा कि ह्वसामने से वीडियो बना लोह्व, जिसके बाद वे धीरे-धीरे मौके से खिसक गए।पंकज गोंड का कहना है कि जब उन्होंने इस संबंध में एजेंसी मालिक से बात की तो उन्हें मंगलवार को आने की बात कहकर टाल दिया गया।इससे

एजेंसी प्रबंधन की जानकारी में ही यह पूरा कालाबाजारी का खेल चल रहा है।घटना के दौरान मौके पर मौजूद अन्य उपभोक्ताओं, जिनमें बृजेश तिवारी सहित कई लोग शामिल थे, ने भी आरोप लगाया कि बिना किसी पूर्व सूचना के देर रात गैस सिलेंडर बांट दिए गए। इस दौरान एजेंसी परिसर में उपभोक्ताओं और कर्मचारियों के बीच तीखी बहस भी हुई।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक एजेंसी के मैनेजर ने खुद उपभोक्ताओं को बताया कि सिलेंडर रात दो बजे वितरित किए गए थे, जबकि एजेंसी मालिक इस बात से साफ इंकार किया। इससे मौके पर मौजूद लोगों का गुस्सा और भड़क उठा।पीड़ित पंकज गोंड ने पूरे मामले की लिखित शिकायत जिला पूर्ति अधिकारी को देकर कार्रवाई की मांग की है।इस संबंध में जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडेय ने कहा कि शिकायत मिली है और पूर्ति निरीक्षक से जांच करायी गयी है रात्रि दो बजे गैस वितरण का आरोप गलत व निराधार है। डीआईओएस ने कहा शिकायतकर्ता द्वारा कोई साक्ष्य उपलब्ध नही कराया गया है। उन्होंने कहा कि जिले में कही भी गैस की कालाबाजारी, जमाखोरी व वितरण प्रणाली मे अनियमितता बर्दास्त नही की जायेगी।

## खाटू श्याम के भक्तों ने निकाली शोभा यात्रा

सोहावल-अयोध्या। शनिवार को सुचित्तागंज बाजार के व्यापारियों ने बाजार स्थित दुर्गा मंदिर से ज्वाला माई तक भव्य स्वागत यात्रा निकाली। खाटू श्याम बाबा को हारे का सहारा कहा जाता है। क्योंकि उनकी कहानी में एक ऐसा पहलू है कि जो हर हारने वाले या संकट में फंसे व्यक्ति को आशा देता है

महाभारत युद्ध से पहले बर्बरीक (खाटू श्याम) ने भगवान कृष्ण से कहा था कि वे सिर्फ तीन बाण से ही युद्ध जीत सकते हैं। कृष्ण ने उनकी शक्ति को परखने के लिए एक पेड़ के नीचे खड़े होकर कहा कि अगर बर्बरीक तीन बाणों से पेड़ के सभी पत्तों को छेद दे, तो वे युद्ध में शामिल हो सकते हैं। बर्बरीक ने पहला बाण चलाया, जो पेड़ के हर पत्ते को छेदता हुआ कृष्ण के पैरों के पास आकर रुका।

कृष्ण ने अपने पैर उठा लिए, और बाण वहीं रुक गया। इससे कृष्णा समझ गए कि बर्बरीक की शक्ति इतनी बड़ी है कि युद्ध में वे किसी एक पक्ष को नहीं, बल्कि दोनों पक्षों को जितवा सकते हैं। इसलिए कृष्ण ने उनका शीश मांग लिया, ताकि युद्ध की संतुलन बिगड़े नहीं।

संक्षेप

## भूमि कब्जाने के लिए दबंग मारपीट पर आमादा

पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत नगर के मोहल्ला दलीगढ़ी निवासिनी गुड्डी पत्नी सुरेश के मुताबिक पुश्तैनी भूमि सं 195/4 रकबा 0.0440 हे स्थित कस्बा रामा हिम्मतपुर उसके परिवारीजनों के नामें कागजात दर्ज है। रविवार की दोपहर परिवार की जेठानियों के संग खाना बनाने को उक्त पुश्तैनी भूमि में खड़े बबूल की लकड़ियां काटने गयी थी। जहां कस्बा के मोहल्ला जिंदवाबाड़ी के गैर सम्प्रदाय के अज्ञात दबंग भूमाफिया जबरन भूमि कब्जाने को जाबेजा गालियां सहित मारपीट पर आमादा हो गये। जबकि बीते कई वर्षों से उसकी भूमि पर उसके ही परिवारीजनों का कब्जा है। जहां रविवार की दोपहर उसके प्लाट पर आकर उक्त दबंगों ने जाति सूचक गालियां देकर वहीं दफना देने की धमकी दी। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर सौंपकर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

## कचगांव मार्ग के सुधार के लिए 10.24 लाख की स्वीकृति

जौनपुर। लाइन बाजार कचगांव मार्ग के सुधार के लिए शासन ने 10.24 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। इस परियोजना से 30 हजार से अधिक लोगों का आवागमन सुगम होगा। यह मार्ग लाइन बाजार कचगांव से धनेजा होते हुए सीतम सराय तक फैला है। पिछले दो वर्षों से इस सड़क पर जगह-जगह गड्ढे थे, जिससे राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। बारिश के मौसम में इन गड्ढों में पानी भर जाने से स्थिति और भी खराब हो जाती थी। इन समस्याओं को देखते हुए, लोक निर्माण विभाग-2 ने सड़क की पहचान कर उसके सुधार के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा था। इस प्रस्ताव को शनिवार को मंजूरी मिल गई। पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड दो के अधिशासी अभियंता राजेश राव ने बताया कि लाइन बाजार कचगांव से धनेजा होते हुए सीतमसराय तक के मार्ग को सामान्य मरम्मत के तहत सुधारा जाएगा। इस कार्य पर कुल 10 लाख 24 हजार रुपये खर्च किए जाएंगे। उन्होंने आगे बताया कि शासन से स्वीकृति मिलने के बाद अब टेंडर प्रक्रिया पूरी की जाएगी। टेंडर प्रक्रिया संपन्न होते ही निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा, जिससे क्षेत्र के निवासियों को जल्द ही राहत मिलने की उम्मीद है।

## एजेंसी से हो रही गैस सिलेण्डर की कालाबाजारी

जौनपुर। जफराबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत आशीर्वाद गैस एजेंसी द्वारा गैस की सिलेण्डरों की कालाबाजारी चरम पर है जिससे उपभोक्ताओं ने आक्रोष व्याप्त है। बाजार व आसपास के क्षेत्र में गैस आपूर्ति की सप्लाई के नाम पर उपभोक्ताओं से 1200 वा 1300 लिए जा रहा है पूछने पर गैस की आपूर्ति न होना बताकर लूटपाट किया जा रहा है जबकि जिलाधिकारी द्वारा सख्त निर्देश दिया गया है की उपभोक्ताओं का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिलाधिकारी के आदेश को दरकिनार करते हुए गैस एजेंसी का सप्लायर उपभोक्ताओं का शोषण कर रहा है जिसको लेकर क्षेत्रीय जनता में आक्रोश है। क्षेत्रीय जनता ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए इस तरफ ध्यान देने कि अपेक्षा किया है उपभोक्ताओं द्वारा बुकिंग के बाद भी गैस की सप्लाई एक हफ्ता बीत जाने के बाद भी नहीं दिया जा रहा है।

## घर से निकला किशोर नहीं पहुंचा घर, केस दर्ज

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के ग्राम सभा जंगल बहादुर अली शेषपुरवा से एक सत्रह वर्षीय किशोर के घर से निकलने के पश्चात वापस घर न पहुंचने पर परिजनो ने काफी खोजबीन की। मगर सफलता न मिलने पर लिखित तहरीर देकर पुलिस को बताया पुलिस तहरीर के आधार पर मुकदमा कायम कर जाँच पड़ताल कर रही है। जंगल बहादुर अली शेषपुरवा निवासी रामदरश पुत्र रतन ने चिलुआताल पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया कि बीते शनिवार को शायंकाल लगभग चार बजे मेरा सतह वर्षीय बेटा मंदीप कुमार घर से कुछ से निकला मगर देर रात तक घर न पहुंचने पर परिवार के लोग काफी खोजबीन की मगर सफलता न मिलने पर चिलुआताल पुलिस को लिखित तहरीर देकर घटना से अवगत कराया पुलिस तहरीर के आधार पर सुसंगत धारा में मुकदमा कायम कर छानबीन में जुट गयी है।

# सपाइयों ने मनायी कांशीराम की जयंती



सोनभद्र। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार बहुजन नायक मान्यवर कांशीराम के 92वें जन्मदिन के अवसर पर समाजवादी पार्टी जिला मुख्यालय पर बहुजन समाज दिवस अर्थात पीडीए दिवस के रूप में एक विशाल जनसमूह का आयोजन किया गया। साथ ही उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते किया गया।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के सांसद छोटेलाल सिंह खरवार ने कहा कि समाज के शोषित पीडीए और वंचित वर्ग के मुख्य स्वर व बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक मान्यवर कांशीराम हमेशा शोषितों की लड़ाई लड़ने का काम किया और उन्हें उनका अधिकार दिलाने का काम किया।

विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने कहा कि मान्यवर कांशीराम ने अपना पूरा जीवन बहुजन समाज को शासन-कर्ता जमात बनाने के लिए समर्पित किया। उन्होंने मंडल रिपोर्ट के समर्थन में राष्ट्र-व्यापी जन आंदोलन खड़ा किया। उन्होंने दिसंबर 1992 में समाजवादी नेता श्रद्धेय मुलायम सिंह यादव के साथ समझौता किया बहुजन समाज बनाओ अभियान को तेज किया। दिसंबर 1993 में नेताजी के नेतृत्व में मजलूमों की सरकार बनवाई। उन्होंने अपना जन्मदिन दलितों पिछड़ों आदिवासियों धार्मिक अल्पसंख्यकों तथा समाज के अन्य कमजोर वर्गों की एकता और भाईचारा के लिए समर्पित किया था। उसी को बहुजन समाज दिवस अर्थात पी0डी0ए0 दिवस कहा गया है। 6000 जातियों में तोड़े हुए लोगों को जोड़कर भाईचारा बनाने का महान काम आज समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी कर रही है। इसलिए हम सभी पीडीए समाज के लोगों से अनुरोध है कि आप लोग पीडीए समाज को मजबूत करने का काम करें। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए समाजवादी अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व्यास जी गोड एवं प्रदेश अध्यक्ष रवि कुमार गौड़ ने कहा कि मान्यवर कांशीराम हमेशा दलित एवं शोषितों की लड़ाई लड़ने का काम किया आज उन्हीं का देन है कि हम लोग यहां तक पहुंचे हैं। जनसमूह को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा रमेश चंद दुबे परमेश्वर दयाल ने कहा कि मान्यवर कांशीराम जी हमेशा गरीबों की लड़ाई लड़ने का काम किया और उन्हें उनका अधिकार दिलाने का काम किया।

## सपा कार्यालय में धूमधाम से मनी कांशीराम की जयंती

फतेहपुर। समाजवादी पार्टी कार्यालय में बहुजन नायक, सामाजिक क्रांति के अग्रदूत कांशीराम की जयंती बड़े ही जोश खरोश के साथ मनाई गई, चित्र पर पुष्पांजलि के उपरांत बाबा साहेब के विचारों पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें सभी वक्ताओं ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला, जिला अध्यक्ष और गोष्ठी के अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कांशीराम एक विचारधारा का नाम है एक परिवर्तन की पहचान है कांशीराम ने अपना सारा जीवन दबे कुचले, पीड़ित शोषित वंचित समाज को मुख्यधारा में लाने का काम किया निरंतर अथक प्रयासों के बाद पहले बामसेफ, फिर डीएस बीएसपी बना कर प्रदेश में बार सरकार बनाने का काम किया, उनका मुख्य उद्देश था जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी* यदि इस विचार के साथ देश की सरकारों ने काम किया तो समाज के अंतिम व्यक्ति तक आर्थिक और सामाजिक गैर बराबरी को खत्म किया जा सकता है, कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव चौधरी मंजर यार ने किया, जन्मजयंती कार्यक्रम में मुख्यरूप से वीरेंद्र यादव, दयालु गुप्ता, दलजीत निषाद, विपिन यादव, एड जगदीश सिंह, गणेश वर्मा, चेयरमैन नगर पालिका राजकुमार मौर्या, डॉ राम नरेश पटेल, राम कृपाल सोनकर, रामकिशोर प्रजापति, रामतीरथ परमहंस, संगीता राज पासवान, आरती बघेल, रत्नेश रत्ना, भारती निषाद, मनोज यादव, राजेंद्र वर्मा, एड, सुधर लाल यादव, हीरालाल साहू, सुशील यादव, अमित मौर्य, डॉ अमित पाल, नरेंद्र प्रजापति, महेंद्र निषाद, सुहैल खान हेमू, मोइन खान, डीजी कुशवाहा, अरुणेश पांडे, इंजीनियर सिद्धार्थ कोरी, उदय राज लोधी, आशीष नामदेव, एड, संदीप माली, प्रदीप सोनकर, शमीम अहमद, चंदन पाल, मौके पर उपस्थित रहे।

## जिलास्तरीय दौड़ प्रतियोगिता में मिथुन रजनीकांत व शीला ने नाम किया रोशन



उन्नाव। मेरा युवा भारत (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) द्वारा आयोजित जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी मिनी स्टेडियम सहजनी शुक्लागंज उन्नाव राज्य मार्ग पर सम्पन्न हुआ। खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि सदर विधायक सुपुत्र प्रखर गुप्ता ने युवाओं हरी झंडी दिखाकर दौड़ कराया। 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता बालक वर्ग में मिथुन प्रथम, रजनीकान्त द्वितीय व रुपेश तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर बालिका वर्ग दौड़ में शीला बिछिया ब्लॉक से प्रथम, वर्तिका औरास ब्लॉक से द्वितीय व गौरी त्रिवेदी बीघापुर से तृतीय स्थान प्राप्त किया। लम्बी कूद बालक वर्ग में कृष्णा प्रथम, मिथुन द्वितीय व अजय प्रताप तृतीय स्थान प्राप्त किया। लम्बी कूद बालिका वर्ग वर्तिका प्रथम, प्रतिज्ञा द्वितीय दिव्यांशी सिंह तृतीय स्थान प्राप्त किया। वॉलीबाल प्रतियोगिता बालक वर्ग में बीघापुर विजेता व नबाबगंज उपविजेता रही। कबड्डी प्रतियोगिता बालिका वर्ग में मियागंज विजेता व औरास उपविजेता रही। विधायक प्रतिनिधि प्रखर गुप्ता ने खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये कहा कि खेल से न केवल शारीरिक विकास होता है, बल्कि मानसिक मजबूती भी मिलती है। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ विपिन सिंह ने कहा कि अनुपम कैथवास उप निदेशक मेरा युवा भारत समय-समय पर इस तरह की प्रतियोगिताएं कराकर युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर देते हैं और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते है। लेफ्टिनेंट नितेश तिवारी ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुये कहा कि प्रतिभा किसी उम्र की मोहताज नहीं होती। यह हर किसी के अंदर विद्यमान है बस उसे निखारने की जरूरत होती है। इस अवसर पर दीपक कोच, सौरभ पूर्व स्वयंसेवक नबाबगंज, दीपेंद्र सिंह मण्डल अध्यक्ष सि कर्ण, पूनम औरास, धर्मेंद्र सिंह, उप प्रधानाध्यापक, सीएसए इंटर कॉलेज, वीरसिंहपुर, नवाबगंज रेनू सिंह, सौम्या सिंह, अध्यापिका प्रीती पाल, आदि उपस्थित रहे।

## श्री राम कथा में धनुष भंग प्रसंग सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु



जिला संवाददाता(vol)

फतेहपुर। उत्तम उद्योग व्यापार मंडल द्वारा आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा के एक और भक्तिमय दिवस पर पंडाल भक्ति रस में सराबोर हो गया। धनुष भंग का सजीव चित्रणकथा व्यास चंदन कृष्ण जी महाराज ने प्रभु श्रीराम द्वारा शिवधनुष भंग एवं सीता स्वयंवर के प्रसंग को अत्यंत जीवंत ढंग से वर्णित किया।

उन्होंने बताया कि जब मिथिला नरेश जनक निराश होकर बोले, अब जनि कोउ माखै भट मानी, बीर बिहीन मही मैं जानी, तब महर्षि विश्वामित्र के संकेत पर श्रीराम ने विनम्रता से पिनाक धनुष को स्पर्श किया। धनुष हाथ लगते ही भीषण टंकार के साथ दो टुकड़ों में टूट गया, देवताओं ने पुष्पवर्षा की और मिथिला 'जय श्रीराम' नारों से गूंज उठी। माता जानकी ने सखियों के मधुर गीतों के बीच श्रीराम को वरमाला पहनाई, जो जीव-ब्रह्म के मिलन का प्रतीक है। श्रद्धालुओं का भाव-विभोर होनाकार्यक्रम स्थल पर हजारों श्रद्धालु उपस्थित थे, जो कथा सुनकर भाव-विभोर हो उठे। सामूहिक आरती में प्रदेशाध्यक्ष एवं संयोजक कृष्ण कुमार तिवारी ने कहा कि श्रीराम का जीवन धैर्य, गुरु आज्ञा पालन, मयार्दा एवं ईमानदारी सिखाता है, जो व्यापारियों के लिए मूलमंत्र है। शंकराचार्य का दिव्य आशीर्वादआज के मुख्य अतिथि प्रयाग पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी ओंकारानंद सरस्वती जी महाराज ने आशीर्वचन दिये। उन्होंने कहा कि शिवधनुष अहंकार का प्रतीक था अभिमानी राजा बल से विफल रहे, किंतु श्रीराम ने विनय व गुरु आज्ञा से उसे तिनके की तरह तोड़ा। आज के युग में 'रामत्व' अपनाकर ही समाज सुखी होगा।

व्यापार मंडल का समाज जोड़ने का प्रयास सराहनीय है, जो मयार्दा पुरुषोत्तम के मार्ग से राष्ट्र उन्नति की ओर बढ़ेगा। प्रमुख पदाधिकारी वउपस्थितजनमंडल के पदाधिकारी कृष्ण कुमार तिवारी प्रदेश अध्यक्ष मनोज साहू जिला अध्यक्ष, आकाश भदौरिया युवा जिलाध्यक्ष, धनंजय मिश्रा वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रवण दीक्षित सचिव जय किशन महामंत्री, संदीप श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष अनिल महाजन, निर्मित द्विवेदी, संजय सिंह जिला उपाध्यक्ष अतुल कसेरा, शिवप्रसाद मामा, गंगाशरण करवरिया, विकास कश्यप, ओम प्रकाश द्विवेदी, अभय सोनी सहित भारी संख्या में व्यापारी व महिलाएं मौजूद रहीं। समापन पर सीता-राम झांकी की विशेष आरती उतारी गई और प्रसाद वितरित हुआ।

## ज्ञान श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित किया



भरथना, इटावा। आर्य समाज मन्दिर भरथना के तत्वाधान में सम्पन्न हुए विश्व कल्याणक महायज्ञ के दौरान 11 कुंडीय महायज्ञ में एक सैकडा दम्पत्तियों ने पूर्णाहुति डालकर परमात्मा से सर्वकल्याण की कामना की। साथ ही उपस्थित विद्वानजनों के मुखारबिन्दु से यज्ञ की महत्ता व उसकी उपयोगिता सम्बन्धी ज्ञान श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

कस्बा के मुहल्ला गली गोदाम के महर्षि दयानन्द मार्ग स्थित आर्य समाज मन्दिर भरथना के 103वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर आयोजित पाँच दिवसीय विश्व कल्याणक महायज्ञ व वेदकथा की अमृत वर्षा के अन्तिम दिवस 11 कुण्डीय महायज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें एक सैकडा दम्पत्तियों ने यज्ञ में पूर्णाहुति डाली। यज्ञ के दौरान वैदिक प्रवक्ता आचार्य हरीशंकर अग्निहोत्री ने वैदिक रीति रिवाज के साथ चारों वेदों पर आधारित मंत्रोच्चारण कर यज्ञ में आहुतियां डलवायीं। साथ ही उन्होंने कहा कि यज्ञ विश्व का सर्वश्रेष्ठ कर्म है। समय-समय पर इसका आयोजन कराना अतिआवश्यक है। इससे जहाँ परमात्मा का आवाहन होता है, वहीं हमारे वातावरण में भी शुद्धता घुलती है। साथ ही यज्ञ की महत्ता व उसकी उपयोगिता से रूबरू कराया तथा ओउम्-नाम का जयघोष कराया। कार्यक्रम के दौरान प्रधान अनिल आर्य, मंत्री मोहन आर्य, कोषाध्यक्ष सतेन्द्र आर्य संजू, रामलखन यादव, अजय आर्य, राजकमल गुप्ता, सुधीर श्रीवास्तव, रज्जू पोरवाल, सत्यदेव गुप्ता, शिवम गुप्ता, हरिओम पोरवाल, लक्ष्य आर्य, रिंकू गुप्ता आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## जमीनी विवाद में पट्टीदारों ने मां व दो बेटियों को पीटकर किया घायल

आजमगढ़। मेंहनगर थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव के पट्टी पुरवा में रविवार सुबह करीब 7 बजे जमीनी विवाद को लेकर पट्टीदारों ने एक महिला और उसकी दो बेटियों को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायलों को पहले सीएचसी मेंहनगर ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार 45 वर्षीय अनिता पत्नी रामविलास सरोज अपने चिन्हित भूमि पर वर्षों से टीनशेड रखकर गुजर-बसर कर रही थीं। रविवार की सुबह आरोप है कि उनके पट्टीदार संजय, इंदल और हरिचंद्र सहित कुछ अन्य लोग वहां पहुंचे और टीनशेड पर लाठी-डंडों से प्रहार करने लगे तथा सामान फेंकने लगे। अनिता द्वारा विरोध करने पर आरोपियों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। मां को पिटता देख उनकी पुत्रियां नंदिनी (24 वर्ष) और संजना (16 वर्ष) मौके पर पहुंचीं तो हमलावरों ने उन्हें भी पीटकर घायल कर दिया। मारपीट के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घटना के बाद एक पड़ोसी की मदद से तीनों घायलों को ऑटो रिक्शा से मेंहनगर थाने ले जाया गया। वहां से 108 एंबुलेंस की सहायता से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेंहनगर भेजा गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए तीनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इस संबंध में घायल अनिता ने आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर पुलिस को दे दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## साइबर जागरूकता से ही धोखाधड़ी पर लगाम संभव

सोनभद्र। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ एनटीपीसी परिसर शक्तिनगर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम एवं तृतीय की ओर से आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर (दिन- रात) के पांचवें दिन 15 मार्च 2026 को ह्यह्यसाइबर जागरूकताह्यह्य विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता आईटी सेल एनटीपीसी शक्तिनगर के उमाशंकर द्विवेदी ने साइबर सुरक्षा से संबंधित विशिष्ट तथ्यों पर स्वयंसेवकों के साथ जानकारी साझा किया। उन्होंने कहा कि साइबर क्राइम के बढ़ते घटनाओं पर नियंत्रण पाने के लिए साइबर जागरूकता ही एक प्रभावी कदम है। साइबर जागरूकता से साइबर यूजर्स को किसी भी प्रकार के ट्रिपिंग से आसानी से बचाया जा सकता है और अनेक प्रकार के उनके साथ होने वाले धोखाधड़ी पर नियंत्रण प्राप्त किया जा सकता है। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक इस तरह की जागरूकता कार्यक्रमों से अपने आसपास के नागरिकों को इसके लिए अवश्य जागरूक करें। कार्यक्रम अधिकारी डॉ०छोटे लाल प्रसाद ने साइबर क्राइम को एक महामारी की तरह बताया जो आए दिन हमारे सामाजिक जीवन में किसी न किसी रूप में घटित हो रही है। इसलिए स्वयंसेवक इसके खिलाफ अभियान चलाने का संकल्प ले रहे हैं। कार्यक्रम अधिकारी डॉ०विनोद कुमार पाण्डेय ने शिविर के 100 स्वयंसेवकों को साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के संबंध में जानकारी दी एवं साइबर स्वच्छता केंद्र (सर्ट-इन) के संबंध में अवगत होने के लिए प्रेरित किया। स्वयंसेवक हिमांशु गुप्ता ने अतिथि का स्वागत किया और स्वयंसेविका अंजना आपूर्ति ने सबके प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। शिविर के द्वितीय सत्र में स्वयंसेवकों ने दहेज प्रथा के खिलाफ जन जागरूकता के तहत एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इस नाटक का केंद्र बालिका सशक्तिकरण का संदेश स्थानीय नागरिकों को संप्रेषित करना था। इस कार्यक्रम में निशा, सोनम, प्रीति, कुमारी, खुशी, दिव्या, पल्लवी, मार्था, प्रिया, चांदनी, पूजा, आशुतोष सिंह, अंतिमा, साहिल का योगदान महत्वपूर्ण रहा।

## लगातार बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान

जसवंतनगर, इटावा। क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में पिछले चार दिनों से हो रही लंबी बिजली कटौती से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। बलरई, जुगोरा और सिरसा बीबामऊ फीडरों से जुड़े दर्जनों गांवों में कभी रोस्टिंग तो कभी पनकी कोड के नाम पर रोजाना 15 से 17 घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है। इससे ग्रामीणों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है और लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि इस क्षेत्र की जनता के लिए स्वर्गीय नेता जी मुलायम सिंह यादव ने बिजली घरों का ऐसा नेटवर्क तैयार कराया था, जिससे लोगों को पर्याप्त बिजली मिल सके और उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके बावजूद वर्तमान में लगातार बिजली कटौती से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी के महासचिव शिवपाल सिंह यादव भी कई बार क्षेत्र में बिजली समस्या का मुद्दा उठा चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हो रहा है। वहीं बिजली विभाग द्वारा चेकिंग के नाम पर अवैध वसूली और मुकदमे दर्ज कराने की शिकायतें भी सामने आ रही हैं। लगातार बिजली आपूर्ति बाधित रहने से जुगोरा, नगला रामसुंदर, बहोरीपुर, निजामपुर, कोकावली, अंडावली, बहादुरपुर, नसीरपुर, पीहरपुर, खाका बाग, नगला छंद, सिरसा, लखेरे कुआं, गारमपुर, नगला तौर, नगला सलहदी, नगला विशुन और बाउथ सहित कई गांवों में लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो गई है। ग्रामीणों को घरेलू कामकाज के साथ ही पशुओं के लिए चारा-पानी की व्यवस्था करने में भी परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने जल्द बिजली व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है।

## नपा और बेहतर चिकित्सा सुविधा की मांग तेज

लालगंज, मीरजापुर। तहसील क्षेत्र के बरकछ, दुबार कला, लहंगपुर, लालगंज, तिलांव, कोटाघाट, राजापुर, हलिया, रतेह, देवरी, गड़बड़ा, ड्रमंडगंज और बरौधा बाजार जैसे क्षेत्रों में बढ़ती आबादी के बीच अब नगर पालिका गठन और बेहतर चिकित्सा सुविधाओं की मांग तेज होती जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र तेजी से कस्बाई स्वरूप ले रहा है लेकिन यहां अभी तक नगर पालिका जैसी शहरी व्यवस्था और पर्याप्त चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं।

क्षेत्र के कई बाजारों और आसपास के गांवों की आबादी लाखों में पहुंच चुकी है, इसके बावजूद सफाई व्यवस्था, नाली निर्माण, सड़क चौड़ीकरण और व्यवस्थित बाजार प्रबंधन जैसी सुविधाएं अभी भी अधूरी हैं। लोगों का मानना है कि यदि लालगंज को नगर पालिका का दर्जा मिल जाए तो विकास कार्यों को गति मिल सकती है और क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं का समाधान संभव हो सकेगा। स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर भी लोगों में असंतोष है। लालगंज और आसपास के क्षेत्रों में निजी नर्सिंग होम और आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं की कमी के कारण गंभीर मरीजों को दूर के शहरों की ओर जाना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र की बड़ी आबादी को देखते हुए यहां बेहतर नर्सिंग होम और विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता जरूरी हो गई है। सामाजिक कार्यकर्ता हरिशंकर मिश्रा ने कहा कि लालगंज क्षेत्र तेजी से विकसित हो रहा है लेकिन यहां की व्यवस्थाएं उसी अनुपात में नहीं बढ़ पाई हैं। उन्होंने कहा कि नगर पालिका गठन के साथ-साथ बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की व्यवस्था होना बेहद जरूरी है ताकि लोगों को मूलभूत सेवाएं स्थानीय स्तर पर मिल सकें। कांग्रेस नेता जीवनलाल दुबे ने कहा कि लालगंज और आसपास के बाजारों की आबादी और व्यापारिक गतिविधियों को देखते हुए यहां नगर पालिका का गठन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे सफाई, सड़क और अन्य नागरिक सुविधाओं में सुधार होगा और क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी। समाजसेवी लालमणि पांडे ने कहा कि चिकित्सा सुविधाओं की कमी के कारण लोगों को छोटी-बड़ी बीमारी के इलाज के लिए भी दूर जाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अच्छे नर्सिंग होम और विशेषज्ञ डॉक्टरों की व्यवस्था होना समय की मांग है। समाजवादी पार्टी के नेता सियाराम जैसल ने कहा कि लालगंज क्षेत्र की बड़ी आबादी को देखते हुए यहां स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार जरूरी है।

## संस्कार भारती की नयी कार्यकारिणी घोषित



उन्नाव। संस्कार भारती की नवीन कार्यकारिणी के गठन को लेकर शहर के कृष्णा नगर मोहल्ले स्थित पार्क व्यू पैलेस में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान संगठन के ध्येय, समाज में इसके महत्व और आगामी कार्य योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन प्रांतीय कोषाध्यक्ष ब्रजेंद्र स्वरूप निगम ने मुख्य अतिथि के रूप में किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता निवर्तमान अध्यक्ष महेंद्र शंकर त्रिपाठी ने की। संस्था की संस्कार यात्रा के संदर्भ में प्रमोद मिश्र ने प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य चरण में सर्वसम्मति से नई टीम का निर्वाचन उपस्थिति जनों की सर्वसम्मति से प्रस्ताव एवं अनुमोदन कर किया गया। जिसमें डॉ. प्रभात सिन्हा को अध्यक्ष, सिया राम पांडे को महामंत्री और संजीव निगम को कोषाध्यक्ष चुना गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने भारतीय संस्कृति और कला के संरक्षण व संवर्धन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। इस अवसर पर संगठन के डॉ. मनोज श्रीवास्तव, संजीव सिंह चैहान, डॉ मनिता सिंह सेंगर, अजय सिंह, भरत कुमार, इंदु लेखा कन्नौजिया, आल्हा गायिका नैना गौतम, इंजीनियर शालिनी बाजपेई, डॉ विनय तिवारी, शिशिर अस्थाना, अजय श्रीवास्तव , दीपेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

नव कार्यकारिणी गठन और डॉ प्रभात सिन्हा के अध्यक्ष बनने पर हाई कोर्ट अधिवक्ता ओ पी तिवारी, प्रेम सिंह सेंगर, संजय राठी, डॉ श्रीकेश पांडेय, राकेश द्विवेदी, शैलेन्द्र त्रिवेदी, अनिरुद्ध सौरभ, अनुभव अज्ञानी समेत जनपद के तमाम लोगों ने शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन सियाराम पांडेय तथा आभार नव निर्वाचित अध्यक्ष डॉ प्रभात सिन्हा ने दिया।

## फांसी लगाकर आत्महत्या की

बकेवर, इटावा संवाददाता। थाना क्षेत्र के ग्राम गोपियापुर में रात 48 वर्षीय अधेड़ ने ग्रह क्लेश के चलते कमरे में साड़ी से गले में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बकेवर थाना के क्षेत्र के ग्राम गोपियापुर निवासी धर्मेंद्र सिंह उर्फ पप्पू नशे का आदी बताया जाता है। ग्रामीणों के अनुसार वह अक्सर शराब के नशे में घर में विवाद और झगड़ा करता था। शनिवार रात भी किसी बात को लेकर घर में कहासुनी और झगड़ा हुआ था। जिसके बाद उसने घर में कमरे में जाकर कुंडे से साड़ी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के दो पुत्र और एक पुत्री हैं। घटना के समय तीनों बच्चे घर पर मौजूद नहीं थे वे अपने मामा के घर गए हुए थे। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। थाना प्रभारी विपिन मलिक ने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## भागवत कथा के पांचवे दिन वामन अवतार से कृष्ण जन्म तक की कथा सुनाई

जिला संवाददाता(vol)



मौरावां, उन्नाव (वीओएल)। जनपद के मौरावां थाना क्षेत्र स्थित ग्राम देवमई के प्राचीन व सुप्रसिद्ध सिद्धेश्वर बाबा मंदिर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भागवताचार्य प्रबल जी महाराज ने अपने मुखारविंद से संगीतमय कथा का रसपान कराते हुए भगवान के वामन अवतार भगवान राम सीता विवाह तथा भगवान श्रीकृष्ण के जन्म प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया। कथा के दौरान मनमोहक झांकियां भी प्रस्तुत की गईं। जिन्हें देखकर श्रद्धालु भक्ति भाव में डूब गए।

पूरा पंडाल राधे राधे और कृष्ण कृष्ण के जयकारों से गूंज उठा। महिला, पुरुष और बच्चों की भारी भीड़ से पंडाल खचाखच भरा रहा और कई श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए। भागवताचार्य प्रबल जी महाराज ने कहा कि भागवत कथा केवल सुनने के लिए नहीं बल्कि उसे अपने जीवन में उतारने के लिए होती है। उन्होंने लोगों से सत्य अहिंसा और सदाचार का पालन करने तथा मदिरापान चोरी और अन्य बुराइयों से दूर रहने की प्रेरणा दी उन्होंने कहा कि कथा लोक और परलोक दोनों में कल्याणकारी है इसलिए कोई भी व्यक्ति कथा से वंचित न रहे चाहे वह दान दे सके या नहीं। कथा के पश्चात विधिवत आरती हुई और श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण किया गया व्यास पीठ से प्रबल जी महाराज ने सभी भक्तों को आशीर्वाद दिया तथा आयोजन में सहयोग देने वाले निर्मल वर्मा को निःशुल्क टेंट व्यवस्था कराने के लिए धन्यवाद दिया उन्होंने मंदिर निर्माण कराने वाले स्वर्गीय राम अवतार पांडे को देवतुल्य बताते हुए उनके योगदान की सराहना की। कथा में सहयोगी कलाकारों में ढोलक वादक यशपाल इटावा और ऑर्गन वादक संजय उन्नाव ने अपनी कला से उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

संक्षेप

## ट्रेन में सोते समय इंजीनियर का मोबाइल चोरी

**ललितपुर।** चलती ट्रेन में सफर के दौरान एक यात्री का महंगा मोबाइल चोरी होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में जीआरपी थाना ललितपुर में अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश के भिंड निवासी इंजीनियर मयंक अनिल त्रिपाठी ट्रेन संख्या 12716 सचखंड एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान वे झांसी स्टेशन के पास सो गए। जब ट्रेन रुड्डबद्धहक्ख रेलवे स्टेशन पहुंची और उनकी नींद खुली तो उन्होंने देखा कि उनका मोबाइल फोन गायब था। काफी तलाश करने के बाद भी मोबाइल नहीं मिला, जिसके बाद उन्होंने जीआरपी थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में बताया गया है कि चोरी हुआ मोबाइल लगभग 15 हजार रुपये मूल्य का है, जिसमें एयरटेल और वोडाफोन के सिम कार्ड भी लगे थे। जीआरपी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 305 (सी) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक लाल बहादुर सिंह को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि ट्रेन और स्टेशन के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

## महिला जनसुनवाई आज

**ललितपुर।** जनपद में महिला उत्पीड़न से संबंधित मामलों की समीक्षा और पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से 16 मार्च को महिला जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। जिला प्रोबेशन अधिकारी नंदलाल सिंह ने बताया कि राज्य महिला आयोग की सदस्या अर्चना पटेल की अध्यक्षता में यह जनसुनवाई 16 मार्च 2026 को पूर्वाह्न 11 बजे आयोजित होगी। कार्यक्रम पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में संपन्न होगा। इस दौरान महिला उत्पीड़न से जुड़े मामलों की सुनवाई कर पीड़ितों की समस्याओं का समाधान कराने का प्रयास किया जाएगा। जिला प्रशासन की ओर से बताया गया है कि शिकायतकर्ता महिलाएं अपने साथ लिखित शिकायत पत्र, मोबाइल नंबर तथा पहचान के लिए आधार कार्ड सहित अन्य आईडी प्रूफ की छायाप्रति अवश्य लेकर आएं, ताकि उनकी शिकायत पर त्वरित कार्रवाई की जा सके। अधिकारियों के अनुसार जनसुनवाई के माध्यम से महिलाओं की समस्याओं को सुनकर उन्हें शीघ्र न्याय दिलाने की दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

## युवती को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप

**ललितपुर।** थाना क्षेत्र में एक युवती को बहला-फुसलाकर भगाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता के पिता की शिकायत पर दो युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी करीब पुत्री बीती 9 मार्च की सुबह करीब 10.30 बजे कॉलेज जाने की बात कहकर घर से निकली थी, लेकिन शाम तक वापस नहीं लौटी। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी।

खोजबीन के दौरान पता चला कि गांव का ही एक व्यक्ति अपने साथी के साथ युवती को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए हैं। पीड़िता के पिता की शिकायत पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 87 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## वृद्धा आश्रम में मनाया महिला दिवस

**अयोध्या।** अधिवक्ता परिषद अवध प्रांत जिला इकाई द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सेवा पखवारा कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को श्रीराम जानकी माई बाड़ा आश्रम रामघाट में परिषद के पदाधिकारियों ने पहुंचकर वृद्धा आश्रम की प्रमुख कृष्णादासी एवं अन्य वृद्ध महिलाओं के साथ महिला दिवस का कार्यक्रम मनाया, अधिवक्ता परिषद की उपाध्यक्ष अनीता पाठक ने वृद्ध महिलाओं को फल एवं मिष्ठान वितरित कर उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की अधिवक्ता परिषद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा कि मातृशक्ति ही सबसे बड़ी शक्ति है इसके बगैर सब कुछ अधूरा है हम सभी को वृद्धावस्था आश्रम आकर यहां पर रह रही महिलाओं का सम्मान करके उनका आशीर्वाद प्राप्त करना चाहिए सम्मान से अभिभूत कृष्ण दासी जी ने कहा आप सबके सहयोग से ही यह आश्रम चलता है।

# विभिन्न गतिविधियों के साथ सरस महोत्सव का हुआ भव्य समापन

जिला संवाददाता



**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत 13 से 15 मार्च 2026 तक जनपद ललितपुर में तीन दिवसीय मण्डलीय सरस महोत्सव का आयोजन किया गया, कार्यक्रम का शुभारम्भ उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने किया प्रथम दिवस में जनपद के निकटम से दूरस्थ क्षेत्र के लगभग पन्द्रह हजार से अधिक समूह सदस्यों प्रतिभाग किया उक्त मण्डलीय सरस महोत्सव में 53 स्वयं सहायता समूह ने अपने उत्पाद अचार, पापड, स्ट्राबेरी, जरीशिल्क साडी, हैण्ड मेड बैग, जैविक सब्जियां, टायलेट क्लीनर, चाट, फुल्की, ग्रह सज्जा सामग्री, बांस की सामग्री, शहद, मुरब्बा, मल्टीग्रेन आटा, सत्तू इत्यादि की प्रदर्शनी, मेला पंडाल में लगे स्टालों में लगायी, तीनो दिवस दर्शक दीर्घा में आए लोगों ने समूह के उत्पादों को खरीदा, उक्त कार्यक्रम में तीन समूह को स्वरोजगार हेतु स्टाल (ठेला), दो उत्पादक समूह को आइल स्प्रेलर, के साथ साथ सोलर आटा चक्की, पापड मेकिंग मशीन, आरो प्लांट, हल्दी प्रोसेसिंग इकाई विभिन्न समूहों को समर्पित किये गए। तीन दिवसीय मण्डलीय सरस महोत्सव का रविवार को भव्य समापन हो गया, समापन कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान ने अवगत कराया कि मिशन मुख्यालय कि जनपद में अगले वित्तीय वर्ष में शहर के मध्य स्थित सरस भवन परिसर में प्रत्येक माह जनपद स्तरीय मेले का आयोजन कराया जाएगा, जिससे समूह की महिलाओं द्वारा तैयार एक अभिनव परिवर्तन होगा, साथ ही जनपद के ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक परिवार को उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन योजना से जोडने का कार्य भी चल रहा है। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक रामरतन कुशवाहा व विशिष्ट अतिथि भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष हरिश्चन्द्र रावत ने समूह के स्टालों का भ्रमण किया, समस्त प्रतिभागियों, एवं सहयोगी कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र वितरण करते हुए उनके कार्य की सराहना की उन्होंने कहा किक शासन की समस्त योजनाओं से लाभान्वित करने के प्रयास किये जा रहे है, समूह के माध्यम से आज ग्रामीण महिलाएँ आर्थिक रूप से मजबूत हो रही है। हरिराम निरंजन, महेश श्रीवास्तव, गौरव गौतम, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, जिला मिशन प्रबंधक, ब्लाक मिशन प्रबंधक, एवं समूह के सदस्य उपस्थित थे, कार्यक्रम में सफल आयोजन हेतु उपायुक्त स्वतः रोजगार ललितपुर ने सभी का आभार व्यक्त किया एवं कार्यक्रम की मुख्य अतिथि की अनुमति से तीन दिवसीय मण्डलीय सरस महोत्सव के समापन की घोषणा की गयी।

सम्पूर्ण कार्यक्रम का मंच संचालन महेश रिछारिया ब्लाक मिशन प्रबंधक द्वारा किया गया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 33,039 मामलों का निस्तारण



**ललितपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली तथा उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश पर शनिवार को जनपद न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने की। आयोजन की देखरेख नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत एवं अपर जिला जज (प्रथम) यादवेन्द्र सिंह तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवप्रिय सारस्वत द्वारा की गई। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई।

इस अवसर पर राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने सरस्वती वंदना नृत्य प्रस्तुत किया तथा एक मुक्त आसमान थीम पर सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रस्तुति देने वाली छात्राओं को जनपद न्यायाधीश द्वारा प्रमाण पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया गया। लोक अदालत के दौरान जिला दिव्यांगजन अधिकारी की ओर से दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर आदि उपकरण वितरित किए गए, वहीं स्वास्थ्य परीक्षण के लिए मेडिकल हेल्थ चेकअप कैंप भी लगाया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न न्यायालयों और विभागों से संबंधित कुल 33,039 वादों का सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण किया गया।

**12 करोड़ से अधिक की समझौता राशि तय**

इन मामलों में कुल 12,03,18,633 रुपये की समझौता धनराशि निर्धारित की गई। राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता, बैंक अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में वादकारी मौजूद रहे। वादकारियों ने अपने मामलों का आपसी सहमति से निस्तारण कर राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठाया।

# रोटी बैंक ने जरूरतमंदो को बांटे कपडे, किताबें



**बांदा।** रोटी बैंक टीम ने जरूरतमंदो को कपडे, किताबे, जूते चप्पल का वितरण किया। सोसाइटी के संरक्षक शेख सादी जमा, सह संरक्षक चन्द्रमौली भारद्वाज के संरक्षण, उपाध्यक्ष मोहम्मद सलीम की अध्यक्षता, शाखा प्रमुख खुटला महेन्द्र पाल के नेतृत्व, प्रधान ग्राम बीच का पुरवा संजय त्रिपाठी की उपस्थिति, शहर के जागरूक लोगों से दान में मिले कपड़े, किताबें, जूते चप्पल का वितरण ग्राम बीच का पुरवा ब्लॉक बड़ोखर के लगभग 250 जरूरतमंद ग्रामीणों को किया। इसके बाद ग्रामीणों को स्वास्थ्य, स्वच्छता, यातायात तथा उनके कानूनी अधिकारों के प्रति सचिव मोहम्मद इदरीश ने जागरूक किया। कपड़े व जरूरत का सामान पाकर ग्रामवासियों में अपार खुशी दिखाई दी। सभी लोगों को दुआओं और आशीर्वाद से नवाजा। इस दौरान अध्यक्ष रिजवान अली, उपाध्यक्ष मोहम्मद सलीम, सचिव मोहम्मद इदरीश, कार्यालय प्रभारी मोहम्मद शमीम, सदस्य नसीर खान, शहाना खान, पदाधिकारी, समाजसेवी मौजूद रहे। कार्यालय प्रभारी मोहम्मद शमीम ने सभी का आभार जताया।

## कार व टेंपो की टक्कर, 12 घायल, 4 गंभीर

**बांदा।** टेंपो और चार पहिया की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में 12 लोग घायल हो गए। नरैनी की ओर से सवारियों से भरा टेंपो अतर्रा की तरफ आ रहा था। वह जैसे ही अतर्रा के गर्गन पुरवा के पास पहुंचा, तभी अतर्रा से नरैनी की ओर जा रही कार से उसकी आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर में टेंपो सवार घायलों में पंकज रैकवार 28 पुत्र गुलाब, रामरती 52 पत्नी गुलाब, विनोद कुमार 32 पुत्र शंकरलाल, डब्बू 40 पुत्र रामसजीवन निवासी अतर्रा, गोविंद प्रसाद 35 पुत्र रामशरण निवासी राजनगर, घनश्याम सोनकर 35 पुत्र शारदा निवासी नदीओला बदौसा, कमलेश यादव 18 पुत्र रामनरेश निवासी पालतू पुरवा पचोखर, शिवप्रसाद 35 पुत्र दुलारे निवासी अतर्रा तथा यासीन पुत्र लल्लू निवासी पचोखर शामिल हैं। कार में सवार घायलों में महेंद्र सिंह 30 पुत्र जागेश्वर निवासी जयतोरा मध्य प्रदेश, राजबहादुर यादव 20 पुत्र सुदामा तथा ओमप्रकाश 23 पुत्र जगनंदन शामिल हैं। कार सवार ओरन से गांव जयतवरा, एमपी जा रहे थे। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद टेंपो सवार तीन घायलों और कार सवार एक घायल की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# एसडीएम के निर्देश पर अवैध खनन के विरूद्ध हुई कार्रवाई



**बहराइच।** शनिवार को देर रात्रि लगभग 10:00 बजे उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी को मोबाइल पर सूचना प्राप्त हुई कि बंजारन टांडा स्थित दूध फैक्ट्री के निकट अवैध रूप से मिट्टी का खनन किया जा रहा है। अवैध खनन की सूचना को गम्भीरता से लेते हुए एसडीएम ने तहसीलदार नानपारा शैलेष अवस्थी को तत्काल मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये। एसडीएम के निर्देश पर दल बल के साथ मौके पर पहुंचे तहसीलदार ने छापेमारी के दौरान अवैध खनन संलिप्त 01 अदद जेसीबी मशीन व 01 अदद डंपर को पकड़ लिया गया। तहसीलदार के माध्यम से जेसीबी व डंपर को पकड़े जाने की सूचना प्राप्त होने पर एसडीएम श्रीमती जौहरी ने तत्काल ने थानाध्यक्ष नानपारा राजनाथ सिंह को पुलिस की सुपुर्दगी में अवैध खनन में संलिप्त जेसीबी और डंपर को थाने लाने जाने का निर्देश दिया गया। एसडीएम ने बताया कि देर रात्रि को अवैध खान के विरूद्ध की गई कार्रवाई जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी को दी गई। डीएम ने तहसील प्रशासन द्वारा की गई कार्यवाही की सराहना करते हुए निर्देशित किया गया कि तहसील क्षेत्र में अवैध खनन के विरूद्ध भविष्य में नियमानुसार त्वरित कार्यवाही की जाय।

# जनपद में घरेलू गैस का पर्याप्त स्टॉक अफवाहों पर न दें ध्यानः जिलाधिकारी

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** जनपद में पेट्रोलियम पदार्थों- पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की आपूर्ति को लेकर जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने शनिवार को अधिकारियों और गैस एजेंसी डीलरों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में घरेलू गैस का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और आम जनता किसी भी प्रकार की भ्रामक अफवाहों पर ध्यान न दे।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि कुछ स्थानों पर गैस की कमी को लेकर अफवाहें फैल रही हैं, जबकि वास्तविकता यह है कि जनपद में एलपीजी सिलेंडरों का पर्याप्त भंडार मौजूद है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अफवाहों पर विश्वास न करें और न ही उन्हें फैलाएं, ताकि अनावश्यक तनाव की स्थिति उत्पन्न न हो। जिलाधिकारी ने सभी गैस एजेंसियों को निर्देश दिए कि गैस बुकिंग और होम डिलीवरी की व्यवस्था को सुचारू बनाए रखें। जिन उपभोक्ताओं ने गैस सिलेंडर की बुकिंग कराई है, उन्हें सिलेंडर की आपूर्ति होम डिलीवरी के माध्यम से ही की जाए और उपभोक्ताओं को गोदामों पर जाने की आवश्यकता न पड़े। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों और खाद्य रसद विभाग को निर्देशित किया कि क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर गैस वितरण व्यवस्था की निगरानी करें। यदि कहीं भी कालाबाजारी, जमाखोरी, अवैध रिफिलिंग, उपभोक्ताओं से अधिक मूल्य वसूली या घरेलू सिलेंडरों का दुरुपयोग पाया जाता है तो संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

जिलाधिकारी ने डीलरों को निर्देश दिया कि ऑनलाइन गैस सिलेंडर रिफिल बुकिंग के बाद पहले बुक कराओ, पहले पाओ के सिद्धांत का पालन किया जाए। सिलेंडर डिलिवरी ओटीपी के माध्यम से किया जाएगा और बुकिंग के बाद हॉकर द्वारा शत-प्रतिशत होम डिलीवरी सुनिश्चित की जाएगी।

साथ ही यह भी निर्देश दिए गए कि डिलीवरी मैन अपने वाहन में जितने सिलेंडर लेकर जाएं, उनकी बुकिंग पर्चियां साथ रखें। यदि सिलेंडर उपभोक्ता को दिया गया है तो उसकी प्राप्ति पर्ची भी उपलब्ध करानी होगी। डिलीवरी मैन अपने वाहन में वजन मापने का यंत्र भी साथ रखें और उपभोक्ताओं को तौलकर पूरी मात्रा में गैस उपलब्ध कराएं।

सिलेंडर देने के समय उपभोक्ताओं को मूल्य अंकित पर्ची देना भी अनिवार्य होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि एजेंसी डीलर अपने शोरूम पर उपलब्ध स्टॉक की जानकारी स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करें। इसके अलावा उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए शोरूम पर हेल्पडेस्क स्थापित करें तथा शोरूम और गोदाम परिसर में निर्धारित दूरी पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएं, ताकि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी बनी रहे।

बैठक में एसपी मो.मुश्ताक, सभी उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी उमेश चंद्र मिश्र, विभिन्न कंपनियों के एलपीजी सेल्स ऑफिसर तथा जनपद की सभी गैस एजेंसियों के डीलर मौजूद रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनपद में गैस की उपलब्धता पूरी तरह सामान्य है और

## बड़ोखर मंडल की कार्यकारिणी घोषित दिनेश बने अध्यक्ष

**बांदा।** तिंदवारी विधान सभा के बड़ोखर खुर्द में भाजपा जिला अध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने दिनेश यादव को मंडल का अध्यक्ष घोषित किया है। मंडल कार्यकारिणी का गठन कर क्षेत्र व जिला स्तर पर संस्तुति की गई है। नवगठित कार्यकारिणी में अध्यक्ष के अलावा मंडल उपाध्यक्ष में अमनदीप तिवारी, धीरज गुप्ता, देवीदयाल सिंह, देवेंद्र अवस्थी, राहुल नामदेव, ममता सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई है। शिवम द्विवेदी व अंकित सिंह को महामंत्री बनाया गया है इनके अलावा मंत्री पद पर संतोष अनुरागी, सूरज दीन खेंगर, स्वतंत्र साहू, मालती दीक्षित, चंद्र भाल शुक्ला व कुलदीप प्रजापति शामिल है। राकेश तिवारी को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनके अलावा राजीव शुक्ला को मीडिया प्रभारी एवं शिवकांत कुशवाहा को सह मीडिया प्रभारी तथा शिवम गुप्ता को सोशल मीडिया प्रभारी, मुन्नी निषाद को सह सोशल मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। शैलेंद्र पाल को आई टी संयोजक का दायित्व सौंपा गया है। कार्यसमिति सदस्यों में हिमांशु सिंह, जगपाल सिंह, जितेंद्र सिंह, भरत मिश्रा, सुधीर सिंह, श्याम बाबू पाल, अजय तिवारी, प्रीता देवी, कृष्णा द्विवेदी, आलोक मिश्रा, संतराम सिंह, विभूति भूषण दीक्षित, अजय अवस्थी, योगराज तिवारी, संजय सिंह, दिनेश माझी, शीला देवी, अर्चना सिंह, राहुल सिंह, राहुल तिवारी, सौरभ तिवारी, लल्लू कुशवाहा, रामलाल, पुष्पेंद्र सिंह व 40 अन्य लोगों को शामिल किया गया है।

## कुशवाहा समाज परामर्श पंचायत मंडल के पदाधिकारी हुए घोषित

**ललितपुर।** कुशवाहा समाज परामर्श पंचायत मंडल की बैठक रविवार को स्थान कौशल किशोर मंदिर कुश कुटी आश्रम मवेशी बाजार ललितपुर में संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता पूर्व जिला अध्यक्ष पंचायत परामर्श मंडल अध्यक्ष सुजान सिंह कुशवाहा द्वारा की गई, जिसमें संगठन का विस्तार करते हुए परामर्श पंचायत मंडल के अध्यक्ष राजेन्द्र कुशवाहा मुखिया की सहमति से भजनलाल कुशवाहा को संरक्षक परामर्श पंचायत मंडल बनाया गया, संतोष कुशवाहा को कोषाध्यक्ष परामर्श पंचायत मंडल, और राहुल कुशवाहा पत्रकार परामर्श पंचायत मंडल जिला मीडिया प्रभारी बनाया गया। बैठक उपस्थित भजनलाल कुशवाहा पंचायत मंडल अध्यक्ष, सुजान कुशवाहा पूर्व अध्यक्ष पंचायत मंडल, राजेंद्र कुशवाहा अध्यक्ष परामर्श पंचायत मंडल, भईयन माते सुरईघाट, राजधर माते, सरमन माते, राजू मुखिया, आशाराम मुखिया रामनगर, गेंदालाल मुखिया तलैयापुरा, किशन मुखिया पाचवा, रगवर पुजारी अजादपुरा, भज्जू मुखिया लक्ष्मीपुरा, बल्ले मुखिया चैंबियाना, परम कुशवाहा महरौनी, हरप्रसाद कुशवाहा रामदूत, रामसेवक कुशवाहा महरौनी, सहित तमाम कुशवाहा समाज के लोग उपस्थित रहे।

# बांसी-बार अंतरराज्यीय संपर्क मार्ग निर्माण का हुआ भव्य भूमि पूजन



जिला संवाददाता

**ललितपुर।** सदर विधायक रामरतन कुशवाहा के सतत प्रयासों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा स्वीकृत 43.77 करोड़ की सड़क परियोजना का शुभारंभ, सांसद अनुराग शर्मा, राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाशनारायण निरंजन एवं भाजपा जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। जनपद ललितपुर की विधानसभा सदर

**क्षेत्र के विकास को मिलेगा नया आयाम-विधायक रामरतन**

**सांसद, मंत्री एवं विधायक समेत जनपद के जनप्रतिनिधि रहे मौजूद**

क्षेत्र में विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए बांसी-बार अंतरराज्यीय संपर्क मार्ग के चैड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का विधिवत भूमि पूजन समारोह बड़े ही उत्साह एवं गरिमामयी वातावरण में सम्पन्न हुआ। यह महत्वपूर्ण सड़क परियोजना सदर विधायक रामरतन कुशवाहा के निरंतर प्रयासों, जनहित में किए गए प्रभावी अनुश्रवण तथा प्रदेश नेतृत्व से सतत संवाद का परिणाम है, जिसे प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन सदर विधायक रामरतन कुशवाहा के द्वार झांसी-ललितपुर लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद अनुराग शर्मा, श्रम एवं सेवायोजन राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाशनारायण निरंजन की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष ललितपुर हरिश्चंद्र रावत द्वारा की गई। कार्यक्रम में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों, पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों तथा क्षेत्रीय नागरिकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही, जिससे कार्यक्रम जनउत्सव का रूप लेता दिखाई दिया।

## परियोजना का विवरण

इस अवसर पर अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई कि, बांसी-बार मार्ग एवं पुराने अवशेष भाग का 02 लेन में चैड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। कुल लंबाई 14.360 किलोमीटर है, जिस पर स्वीकृत लागत 43.7727 करोड़ आई है, सड़क की चैड़ाई लगभग 7 मीटर (दो लेन) है यह मार्ग झांसी-सागर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-44) से जुड़ते हुए मध्यप्रदेश सीमा तक सीधा संपर्क स्थापित करेगा, जिससे दोनों राज्यों के बीच आवागमन अधिक सुगम होगा। मार्ग के निर्माण से बांसी, बार, जखौरा क्षेत्र, टीकमगढ़ (म.प्र.) मार्ग आसपास के ग्रामीण क्षेत्र को सीधा लाभ मिलेगा तथा जिला मुख्यालय ललितपुर तक पहुंच आसान होगी यह सड़क क्षेत्र में व्यापार, कृषि परिवहन, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, धार्मिक स्थलों तक पहुंच, प्रशासनिक संपर्क को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी विधायक रामरतन कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में अभूतपूर्व विकास कार्य हो रहे हैं। बांसी-बार संपर्क मार्ग क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग थी। मैंने विधानसभा में तथा मुख्यमंत्री से भेंट कर इस मार्ग की आवश्यकता को प्रमुखता से रखा, जिसके परिणामस्वरूप आज यह ऐतिहासिक भूमि पूजन संभव हुआ। यह मार्ग केवल सड़क नहीं बल्कि क्षेत्र के विकास, व्यापार, शिक्षा और रोजगार का मार्ग है। सांसद अनुराग शर्मा ने कहा कि यह मार्ग उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश के बीच महत्वपूर्ण कड़ी बनेगा और क्षेत्र के आर्थिक विकास को नई दिशा देगा। राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ ने कहा कि, प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी क्षेत्र विकास से वंचित न रहे। यह सड़क बनने से ग्रामीण क्षेत्र सीधे राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ेंगे और लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाशनारायण निरंजन ने कहा कि यह मार्ग क्षेत्र के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने कहा कि, भारतीय जनता पार्टी की सरकार विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है।

# मां कर्मा देवी जयंती पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



जिला संवाददाता

**ललितपुर।** रविवार को माँ कर्मा देवी की 1010वीं जयन्ती साहू समाज के तत्वावधान में धूमधाम से मनायी गयी। इस अवसर पर विशाल शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा गोपेश्वर मन्दिर कमाबाई नगर से प्रारम्भ हुयी, जो रामराजा मन्दिर, सावरकर चौक, घण्टाघर, तुवन मन्दिर, वर्णी कॉलेज से पुराना सूचना केन्द्र होते हुये मोहल्ला गाँधीनगर स्थित श्रीदाऊकृष्ण

**निकाली भव्य शोभायात्रा, माँ कर्मा देवी व जगन्नाथपुरी के चित्र रहे आकर्षण का केंद्र**

मन्दिर पहुंची। शोभायात्रा में युवा हाथों में धर्म ध्वजा लेकर चल रहे थे, वहीं महिलायें सिर पर कलश रखकर चल रहीं थीं। डीजे की धमक पर लोग नाचते हुये चल रहे थे। बग्घी में भगवान राधा कृष्ण के स्वरूप विराजमान थे। शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। इस दौरान युवा और बालिकाओं ने हैरतअंगेज करतब दिखाये। शोभायात्रा में माँ कर्मा बाई, जगन्नाथपुरी के चित्र आकर्षण का केन्द्र रहे। ट्रक पर सवार राघव लोक कला सोसाइटी के कलाकारों ने मयूर नृत्य, शिव ताण्डव, काली ताण्डव को सजीव झाँकी का प्रदर्शन किया, जो देखते ही बन रहा था। दिलदिल घोड़ी व ऊंट शोभायात्रा को चार चाँद लगा रहे थे। शोभायात्रा समापन के बाद विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किये गये। यजमानों ने हवन आहुतियाँ देकर मंगलकामनायें की इसके बाद विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल हुये। इस दौरान जिलाध्यक्ष सन्तोष साहू खजुरिया, महामन्त्री सुनील साहू, उपाध्यक्ष अमान साहू, बृजेश साहू, पूर्व नपाध्यक्ष रजनी साहू, राजीव बबेले सप्पू, संतोष साहू, खुमान साहू, मदन साहू, मोहन खिरिया, छक्कीलाल साहू, पर्वतलाल साहू, चुन्नीलाल, निहाल साहू, रामकिशोर साहू, नारायण, रामस्वरूप, सत्यनारायण, अशोक साहू, योगाचार्य मुकेश साहू, रविशंकर, छोटेलाल साहू, परशुराम, प्रकाशचन्द्र, राजेश, रूपेश साहू, रमेश, मनोज साहू, कृष्णगोपाल साहू, अशोक, सचिन साहू, जुगराज, अनुराग चतुर्वेदी, भगत सिंह राठौर, विजय ड्योडिया, जिप सदस्य अमर विश्वकर्मा, मो.इरफान, रूपेन्द्र साहू, प्यारेलाल, अनूप ताम्रकार, गोपीचन्द, डॉ.श्रीराम साहू, डॉ.नितिन साहू, हरी साहू, रामचरन साहू, प्रदीप साहू, राजेन्द्र साहू, कमल साहू, बिन्द्रावन साहू, गंगाराम साहू आदि मौजूद रहे।

## नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य सफलतापूर्वक संपन्न, डीआरएम ने दी बधाई



**ललितपुर।** झांसी मंडल के जाखलौन रेलवे स्टेशन पर तीसरी रेल लाइन से संबंधित नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य सफलतापूर्वक संपन्न कर लिया गया है। इस उपलब्धि पर मंडल रेल प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी। इस कार्य के पूर्ण होने से इस खंड पर ट्रेनों की परिचालन क्षमता बढ़ेगी, यातायात दबाव में कमी आएगी तथा यात्रियों और माल ढुलाई दोनों के लिए अधिक सुचारु, सुरक्षित और विश्वसनीय रेल सेवाएं सुनिश्चित हो सकेंगी।

## पुलिस चौकी से चंद कदम की दूरी पर कट गए सात हरे पेड़



**सोहावल-अयोध्या।** रौनाही थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी सुचितागंज की पुलिस पहरा देती रह गयी। वन माफिया सामने से ही 7 पेड़ काट कर चलते बने। भनक लगने पर टास्क फोर्स प्रभारी ने मारा छापा मौके से लकड़ी लदी ट्राली ट्रैक्टर और काटने की मशीन छोड़कर मजदूर भाग खड़े हुए। अपनी सुपुर्दगी में लेकर वन विभाग लकड़ी ठेकेदार की तलाश में जुटी है। पुलिस चैकी सुचितागंज बाजार के सामने स्थित पियरा गांव शनिवार की सुबह होते पुलिस और वन विभाग दोनों के लिए, सुर्खियों में आ गया। जहां रात भर लकड़ी ठेकेदार के मजदूर फलों से लदे हरे भरे आम के सात पेड़ कटर मशीन की गड़गड़ाहट के साथ काटते रहे और पुलिस को भनक तक नहीं लगी। कुछलकड़ी तो रात में ही उठ गई कुछ वन विभाग के छापे में पकड़ में आयी। दोनों विभागों की आंख में धूल झोंक कर चल रहे हरे-भरे पेड़ों की कटान के पीछे स्थानीय कर्मचारियों की मिली भगत बताई जाती है। अभी 4 दिन पहले ही सती चैरा चैकी अंतर्गत बरसेंडी गांव में लगभग दो दर्जन पेड़ काटने का मामला सामने आया है। क्षेत्र के रेंजर रजेंद्र त्रिगुणायक ने 70 हजार रुपए जुर्माना करके रिपोर्ट दर्ज कराने की बात कही थी। वन विभाग की सख्ती के बावजूद आम के पेड़ों का सफाया होना कृत्य चैंकाने वाला है। टास्क फोर्स प्रभारी दुर्गा प्रसाद ने बताया कि पकड़ी गई लकड़ी ट्रैक्टर ट्राली से जुड़े ठेकेदार के विरुद्ध 25 हजार रुपये का जुर्माना किया गया है। ठेकेदार और पेड़ मालिक दोनों की जाँच पड़ताल की जा रही है। जिम्मेदार कार्रवाई से नहीं बचेंगे।

# संस्थाओं पर अविश्वास

विपक्ष संवैधानिक संस्थाओं पर अविश्वास जताकर, सियासी हथकंडे के तौर पर उनके खिलाफ अविश्वास और महाअभियोग प्रस्ताव लाकर एक तरह से इनको कमजोर करने का प्रयास कर रहा है। दलगत राजनीति में उन संस्थाओं को नहीं खींचना चाहिए जिनके कार्य की प्रगति दलीय नहीं है। इससे संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा बनती है। लेकिन विपक्ष ने बीते कुछ सालों में लगभग सभी संस्थाओं को निशाने पर लिया है। अभी लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ प्रस्ताव गिरा है। अब सीईसी के खिलाफ महाअभियोग का नोटिस दे दिया है। लोकसभा स्पीकर के प्रति अविश्वास व्यक्त करना और फिर अविश्वास प्रस्ताव पेश करना असंवैधानिक, अनैतिक नहीं है, लेकिन यह तार्किक और तथ्यात्मक होना चाहिए। स्पीकर पक्ष और विपक्ष की साझा सहमति से ही चुने जाते हैं और दोनों पक्षों के नेता उन्हें आसन पर विराजमान करते हैं। यही लोकतंत्र का सौंदर्य है। स्पीकर सांसद भी है, राजनेता भी है, एक व्यक्ति भी है, लेकिन सदन में वह संरक्षक और अभिभावक की भूमिका में हैं, लिहाजा तटस्थ और निरपेक्ष हैं। असल जिंदगी में भी अभिभावक हमें डांटते भी हैं और दंड भी देते हैं, लेकिन फिर भी वह हमारे अभिभावक माने जाते रहे हैं। यह तय है कि संसदीय सदन नियमानुसार ही चलते हैं और वे नियम संसद ने ही बनाये हैं। बहरहाल मौजूदा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव लोकसभा में ध्वनि-मत से पराजित हो गया। संख्या की सियासत में यही नियति तय होती है। अब ओम बिरला ही स्पीकर रहेंगे और वह अपने दायित्वों की नये सिरे से शुरूआत करेंगे। वह भारत के संवैधानिक और संसदीय इतिहास में चौथे स्पीकर हैं, जिनके प्रति



विपक्ष का अविश्वास पराजित हुआ है। देश के प्रथम स्पीकर गणेश वासुदेव मावलंकर के खिलाफ दिसंबर, 1954 में अविश्वास प्रस्ताव पेश किया गया। तब देश का संविधान ही मात्र 4 वर्ष का था। तब विपक्ष भी नगण्य था। तो क्या प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और स्पीकर मावलंकर के बीच असहमतियों और मतभेदों के मद्देनजर वह अविश्वास व्यक्त किया गया? मावलंकर सम्मानित स्वतंत्रता सेनानी, राजनेता, संविधानविद थे। सभी उन्हें बहुत सम्मान देते थे, फिर भी उनको अगर अविश्वास प्रस्ताव से गुजरना पड़ा। इससे स्पष्ट है कि सांविधानिक पदाधिकारियों को हर स्थिति के लिए तैयार रहते हुए पूरी निष्पक्षता के साथ अपने दायित्वों को निभाना चाहिए। बहरहाल मावलंकर के बाद 1966 में हुकम सिंह और 1987 में बलराम जाखड़ सरीखे लोकसभा अध्यक्षों के खिलाफ भी अविश्वास प्रस्ताव पेश किए गये, लेकिन सभी पराजित हुए। वे तीनों स्पीकर कांग्रेसी थे। अब स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ सबसे अहम शिकायत यह थी कि वह नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को बोलने ही नहीं देते। उनका रवैया, व्यवहार असंवैधानिक, अलोकतांत्रिक रहा है और उनकी व्यवस्थाएं पक्षपाती रही हैं। विपक्ष के नेताओं के माइक बंद कर दिए जाते हैं। विपक्ष की महिला सांसदों पर स्पीकर ने जानबूझ कर गंभीर आरोप लगाए कि वे संसद में प्रधानमंत्री मोदी के आसन को घेर कर कुछ भी अप्रत्याशित कर सकती थीं। विपक्षी सांसदों के निलंबन पर भी सवाल उठाये गये। बहरहाल इन आरोपों की नौबत ही क्यों आई? महिला सांसद प्रधानमंत्री के आसन तक क्यों गई थीं? विपक्ष के सांसद कागज की चिंदी-चिंदी कर स्पीकर के आसन पर क्यों उछालते रहे हैं? निलंबन पहले के स्पीकर भी करते रहे हैं। यह सामान्य कार्रवाई है। स्पीकर सोमनाथ चटर्जी ने तो 'नकदी के बदले सवाल' के भ्रष्ट कदाचार पर कई सांसदों को बर्खास्त ही कर दिया था। स्पीकर को निलंबन ही नहीं, निष्कासन का भी विशेषाधिकार संविधान ने दिया है। स्पीकर को सदन के सुचारू संचालन के लिए कुछ कड़े फैसले भी करने पड़ते हैं, लेकिन सांसदों को इसे स्वीकार करना चाहिए। क्योंकि वे जो कुछ करते हैं वह सदन के संचालन के लिए और देश के लिए करते हैं।

---

विचार

जो व्यक्ति प्रेमपूर्वक मिले, उससे दौड़ कर मिलना चाहिए, परन्तु जो हृदय खोल कर न मिलता हो, उससे कभी नहीं मिलना चाहिए।

–संत कबीर.

अज्ञानता मन की रात के समान है। ऐसी रात जिसमें न तो चांद होते हैं और न ही तारे।

–कन्फ्यूशियस.

पेड़ अपने सिर पर गर्मी सह लेता है, लेकिन अपनी छाया के द्वारा औरों को धूप से बचाता है।

–कालिदास.

जो खुशमिस्मत हैं, संतोष रखते हैं। अगर तू भी खुश किस्मत होना चाहता है तो संतोष के नूर से अपनी जान रोशन कर।

–शेख सादी.

मस्तिष्क के लिए अध्ययन की उतनी ही आवश्यकता है जितना की शरीर को व्यायाम की आवश्यकता है।

–एडीसन.

# युद्ध लंबा खिंचा तो बढ़ेगा आर्थिक संकट



मनोज बाजपेयी



ईरान के पक्ष में हो-हल्ला मचाकर विपक्ष अपने वोट साध रहा है। यह गलत राजनीति है। देश को इसे समझना होगा। भारत न रूस-यूक्रेन युद्ध में किसी के साथ खड़ा हुआ और न ही ईरान और अमरीका-इजराइल युद्ध में किसी के साथ है। भारत हमेशा गुट निरपेक्ष रहा है और अभी भी है। शांति और समस्याओं का कूटनीतिक समाधान भारत की स्थायी नीति है और देश को इस पर कायम रहना चाहिए।

ईरान और इजराइल-अमरीका के बीच युद्ध का दूसरा चरण अगर लंबा खिंचता है, तो इसकी बड़ी कीमत पूरी दुनिया को चुकानी होगी। युद्ध के असर महसूस भी किये जा रहे हैं। अरब जगत के अधिकांश तेल उत्पादक देशों का उत्पादन ठप है। ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को हालांकि पूरी तरह बंद नहीं किया है, लेकिन युद्ध की आशंका के चलते यहां तेल-गैस टैंकरों का आवागमन प्रभावित हुआ है। तेल-गैस के दाम आसमान पर पहुंच गये हैं और यह महंगाई फिलहाल तो अभी होटल, रेस्टोरेंट और चाय-समोसे तक सीमित है, लेकिन अगर युद्ध का लंबा दौर चला तो इसका बुरा असर पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ेगा। भारत पर तो इसका बहुत गंभीर असर पड़ेगा और युद्ध लंबा खिंचने पर देश की आर्थिक विकास दर तो प्रभावित होगी ही लेकिन साथ ही महंगाई भी बढ़ेगी, निवेश प्रभावित होगा, ब्याज दरें बढ़ जायेंगी, रुपये का अवमूल्यन होगा, करंट अकाउंट डेफिसिट बढ़ेगा, फॉरेक्स संकट खड़ा हो सकता है। इन सबका व्यापक असर संपूर्ण अर्थव्यवस्था पर महसूस किया जायेगा।

फिलहाल युद्ध को दो सप्ताह बीत गये हैं और इसका कोई ओर-अंत नजर नहीं आता है। अभी तो स्थिति यह है कि जंग का दायरा धीरे-धीरे फैलता जा रहा है और यह भी आशंका व्यक्त की जा रही है कि कहीं यह विश्व युद्ध का रूप न धारण कर ले। पहले दो युद्ध मोटे तौर पर यूरोप के युद्ध थे, यद्यपि उसमें एशिया का जापान और किसी सीमा तक चीन भी शामिल था। भारत की सेना उसमें इसलिए भाग ले रही थी क्योंकि यहां कब्जा इंग्लैंड का था। लेकिन यह युद्ध लड़ा एशिया में जा रहा है। जब से एशिया से यूरोपीय देशों का कब्जा हटा है, तब से उसका स्थान अमेरिका ने संभाल लिया है। अमेरिका और यूरोप के तौर-तरीके में एक फर्क है। यूरोप के लोग सीधे सीधे एशिया के देश पर कब्जा कर वहां की सत्ता संभाल लेते थे और उस देश का आर्थिक व सांस्कृतिक शोषण करते थे। लेकिन अमेरिका का तौर तरीका थोड़ा अलग है। वह किसी देश की सत्ता पर सीधा कब्जा नहीं करता, लेकिन उस देश में अपनी समर्थक और परोक्ष रूप से नियंत्रित सरकार स्थापित कर देता है। यदि वह सरकार नियंत्रण से बाहर हो जाए तो उसे किसी न किसी तरीके से गिरा कर नई सरकार स्थापित कर देता है। पाकिस्तान में वह लंबे समय से यही करता आया है। पिछले प्रधानमंत्री इमरान खान ने तो बार-बार कहा था कि अमेरिका उसकी सरकार को गिरा रहा है। बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना ने आरोप लगाया था कि अमेरिका का हाथ उसकी सरकार को हटाने में था। अभी अभी बांग्लादेश की सत्ता से हटा सत्ताधीश मो. युनूस तो अमेरिका का ही भेजा हुआ था। पिछले लम्बे अरसे से अमेरिका ईरान सरकार को हटा कर वहां अपनी समर्थक सरकार बनाना चाहता था। लेकिन उसमें सफल नहीं हो रहा था। इजराइल के युद्ध का लाभ उठा कर उसने ईरान में भी तख्ता पलट का अवसर देखा और उसमें कूद पड़ा है। इसलिए यह कहना कि अमरीका युद्ध में इजराइल की मदद के लिए है ठीक नहीं है। दरअसल अमरीका ईरान में अपनी मर्जी की सरकार बनाकर उसके तेल संसाधनों पर परोक्ष नियंत्रण करना चाहता है। जैसे उसने वेनेजुएला में किया है। वैसे यह भी कहा जा रहा है कि इजराइल ने उसे फंसा लिया है। लेकिन यह ठीक न हीं है। अमेरिका ने मौका देख ईरान में भी अपना आदमी बैठाने के लिए युद्ध छेड़ा है।

## मध्य पूर्व संकट

अमेरिका में ट्रम्प के समय में केवल इतना परिवर्तन हुआ है कि पहले वह यह काम पर्दे के पीछे रह कर करता था, अब वह सामने आकर और खुले में करता ही नहीं, बल्कि कहता भी है कि उसे जो व्यक्ति स्वीकार्य होगा, वही ईरान की सत्ता सम्भाल सकता है। अमेरिका को किसी देश का कोई शासक पसन्द न हो तो वह उसे मारने या अपहरण कर लेने के अपने अधिकार और उसके क्रियान्वयन की घोषणा भी करता है। इसका ताजा उदाहरण ईरान में अमेरिकी आक्रमण ही है। लेकिन लगता है लड़ाई का परिणाम उस हिसाब से नहीं मिल रहा, जैसे अमरीका चाहता है। सबसे पहली गड़बड़ तो यह हो गई कि जिस सत्ता को वह ईरान से उखाड़ना चाहता था, उसका प्रशासनिक ढांचा कितना गहरा था, शायद अमेरिका को उसका अंदाजा नहीं था। उसने सोचा था खामेनेई को मारने से वहां शून्य व्याप्त हो जाएगा, लेकिन वहां ऐसा नहीं हुआ। अमेरिका की इच्छा या आशा थी कि यूरोप इसमें अमेरिका के पक्ष में आ जाएगा। लेकिन उसकी यह आशा पूरी नहीं हुई। वहां आंतरिक झगड़े ज्यादा प्रबल दिखाई दे रहे हैं। सबसे बड़ी बात, ईरान ने बड़ी ही सधी हुई रणनीति से, अमेरिका समर्थक अरब देशों पर भी एक साथ हमला कर दिया। उसने एक तीर से कई निशाने साध लिए हैं।

अरब देशों को संदेश दे दिया कि अमेरिका तुम्हारी रक्षा नहीं कर सकता। यदि शान्ति से रहना चाहते हो तो ईरान का सुरक्षा कवच स्वीकार कर लो। अरब के देश शिया पंथ वाले ईरान का वर्चस्व स्वीकार कर लें, इससे कड़वा घूंट तो अरब देशों के लिए कुछ हो ही नहीं सकता। मान लो लम्बी लड़ाई में ईरान हार भी जाता है और अमेरिका अरब देशों की रक्षा भी कर लेता है, तब भी ईरान को शहीद का दर्जा प्राप्त होगा। शिया पंथ के इतिहास में एक और गौरवपूर्ण अध्याय दर्ज हो जाएगा। अरब देशों को बकौल ईरान, अमेरिका की गोद में चले जाने की बदनामी मिलेगी। इतिहास में अरब देशों के लिए इससे ज्यादा शर्मिंदगी की वजह और क्या हो सकती है। इसका एक परिणाम तो किसी न किसी रूप में सामने आने ही लगा है। कुछ अरब देश अमेरिका के रुतबे और उसकी क्षमताओं पर संदेह करने लगे हैं। वे सुरक्षा के लिए दूसरे कवचों की तलाश करने लगे हैं। दूसरी तरफ रूस को भी अमेरिका से हिसाब बराबर करने का मौका मिल गया है। अमेरिका ने रूस को यूक्रेन के युद्ध में फंसा रखा है। वह युद्ध उसके गले की फांस बन गया है। अब रूस को अमेरिका के गले में हड्डी फंसा देने का सुनहरा मौका मिल गया है। वह जितना हो सकता है, उतना विविध प्रकार से मदद ईरान की कर रहा है। अब यदि यूक्रेन चार साल से रूस से लड़ रहा है, तो ईरान अमेरिका से क्यों नहीं लड़ सकता? रूस यह जानता है। लेकिन इस पूरी लड़ाई का एक दूसरा पहलू भी है। इस लड़ाई से जो ऊर्जा संकट हो रहा है, उसमें पूरा यूरोप और एशिया फंसता दिखाई दे रहा है। एक तो लड़ाई के कारण कच्चे तेल का उत्पादन कम हो रहा है, दूसरा जो निकल भी रहा है, उसे दूसरे देशों तक पहुंचाया कैसे जाये यह संकट भी है। लड़ाई आसमान के साथ समुद्र तक में फैल गई है।

ईरान ने स्पष्ट कर दिया है कि जो भी जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरेगा उसे नष्ट किया जाएगा। यकीनन इससे तेल और गैस की आपूर्ति प्रभावित हो रही है। उससे भारत भी अन्य देशों की तरह ही प्रभावित है। भारत अभी काफी हद तक इस युद्ध से बचा हुआ है। लेकिन भारत का मत यही है कि युद्ध से कोई समस्या हल नहीं हो सकती और आतंकवाद से भी कोई समस्या हल नहीं हो सकती। इसलिए सभी पक्षों को मिल बैठकर समस्या का हल निकालना चाहिए। भारत का लंबे समय से यह पक्ष रहा है कि वह युद्ध में पक्षकार बनने के बजाय शांति प्रयासों के साथ खड़ा होता है। लेकिन देश में विपक्ष जिस तरह ईरान के लिए हाय-तौबा मचा रहा है उससे लगता है कि वह युद्ध के संकट में भी वोटों की राजनीति कर रहा है। ईरान के पक्ष में हो-हल्ला मचाकर विपक्ष अपने वोट साध रहा है। यह गलत राजनीति है और देश को इसे समझना होगा। भारत न रूस-यूक्रेन युद्ध में किसी के साथ खड़ा हुआ और न ईरान और अमरीका-इजराइल युद्ध में किसी के साथ है। भारत हमेशा गुटनिरपेक्ष रहा है और अभी भी है। शांति और समस्याओं का कूटनीतिक समाधान भारत की स्थायी नीति है और देश को इसी पर आगे बढ़ना चाहिए।

**(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)**

## सोशल मीडिया

मुझे बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि अगले महीने से पुजारियों, मुअज्जिनों का महीने का मानदेय 500 रुपये से बढ़ाकर 2000 रुपये कर दिया गया है। ममता बनर्जी.



पावन लोकपर्व 'फूलदेई' की देवभूमि उत्तराखंड की समृद्ध लोक संस्कृति से जुड़े सभी बहनों-भाइयों एवं प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई और शुभ कामनाएं। सीएम योगी.



ममता बनर्जी सरकार ने एक बार फिर लोकतांत्रिक मर्यादाओं को तार-तार किया। अं. संथाल सम्मेलन के दौरान प्रोटोकॉल का उल्लंघन राष्ट्रपति का अपमान है। सुधांशु त्रिवेदी.



# जीवन में चुनौतियां

ईश्वर ने मनुष्य को अनगिनत उपहार दिये हैं। चुनौतियां जीवन में आती हैं और धैर्य के साथ इन आपत्तियां का सामना करने से व्यक्तित्व का पारिष्कार होता है। कठिनाई हर मनुष्य के जीवन में आती है। उनका आना अनिवार्य और आवश्यक है। प्रारब्ध कर्मों के भोग के बोझ को उतारने के लिए नहीं, वरन मनुष्य की मनोभूमि और अंतरात्मा को सुदृढ़, तीक्ष्ण, पवित्र, प्रगतिशील, अनुभवी और विकसित करने के लिए भी कष्टों एवं आपत्तियों की भारी आवश्यकता है। जैसे भगवान मनुष्य को दया करके नाना प्रकार के उपहार दिया करे हैं, जिससे मनुष्य का अज्ञान, अहंकार, आलस्य, अपवित्रता और व्यामोह नष्ट हो। कठिनाइयां आने पर हतप्रभ, किंकर्तव्य विमूढ़ या कायर और हाथ पैर फुलाकर रोना-झीकना शुरू कर देना, अपने को या दूसरों को कोसना सर्वथा अनुचित है। यह तो भगवान की उस महान कृपा का तिरस्कार करना हुआ। इस प्रकार तो वे कठिनाई कुछ लाभ न दे सकेंगी वरन उल्टे निराशा, कायरता, अवसाद, दीनता, आदि का काराण बन जायेगी। कठिनाई देखकर डर जाना, प्रयत्न छोड़ बैठना, चिंता और शोक करना किसी सच्चे मनुष्य को शोभा नहीं देता। आपत्ति एक प्रकार से हमारे पुरुषार्थ की ईश्वरीय चुनौती है जिसे स्वीकार करके ही हम प्रभु के प्रिय बन सकते हैं। अखाड़े के उस्ताद पहलवान नौसिखिए पहलवानों को कुश्ती लड़ना सिखाते हैं। नौसिखिये लोग पटक खाकर शोक संतप्त नहीं हो जाते। वरन अपनी भूल को समझकर फिर उस्ताद से लड़ते हैं और धीरे-धीरे पूरे एवं पक्के पहलवान बन जाते हैं। ईश्वर ऐसा ही उस्ताद है जो आपत्तियों की पटक मार-मारकर हमारी अनेक अपूर्णताएं दूर करके पूर्णता तक पहुंचाने की महान कृपा करता है। कठिनाइयों से डरने या घबराने की कोई बात नहीं। वह तो इस सृष्टि का एक उपयोगी, आवश्यक एवं सार्वभौम विधान है। उससे न तो दुखी होने की जरूरत है, न घबराने की, न किसी पर दोषारोपण करने की। हां हर आपत्ति के बाद नये साहस और नये उत्साह के बाद उस परिस्थिति से लड़ने की और प्रतिकूलता हटाकर अनुकूलता उत्पन्न करने के लिए प्रयत्नशीलता की आवश्यकता है। यह प्रयत्न आत्मा का धर्म है, इस धर्म को छोड़ने का अर्थ अपने को अधर्मी बनाना है। प्रयत्न की महिमा अपार है। आपत्ति द्वार जो दुख सहना पड़ता है उसकी अपेक्षा उसे विशेष समय में विशेष रूप से प्रयत्न करने का जो स्वर्णिम अवसर मिला, उसका महत्व अधिक है। प्रयत्नशीलता ही आत्मोन्नति का प्रधान साधन है, जिसे अपत्तियां तीव्र गत से बढ़ाती हैं। प्रयत्न, परिश्रम एवं कर्तव्य पालन से मनुष्य के गौरव एवं वैभव का विकास होता है।

अंतर्दृष्टि

# नयी-नवेली सड़क खोदिए...

व्यंग्यलोक

सड़कें फाड़ना राष्ट्रीय कर्तव्य है। मैं राष्ट्र का जिम्मेदार नागरिक हूं। इसलिए जनहित में कुछ जरूरी सूचनाएं देना अपना कर्तव्य समझता हूं। यह सूचना बिजली वाले, टेलीफोन वाले व टेंट वाले भाइयों के लिए है। सूचना है कि मेरे पिछवाड़े की सड़क पहले ऊबड़-खाबड़ थी। बीस वर्षों की कठोर तपस्या के बाद अब यह सड़क सोलह सिंगार से सज-धज कर पेवर रोड के रूप में बदल गई है। मारे शर्म के सड़क का घूंघट प्यारे मंत्री जी ने उघाड़ा था। उन्हीं मंत्री जी ने सड़क का उदघाटन किया। जिन्होंने इस सड़क के गभार्धान के बाद एक सुंदर बंगले को जन्म दिया था। तो साहब कुल जमा सूचना यह है कि सड़क ने सिने तारिकाओं के गालों जैसा रूप धर लिया है। अतः हे बिजली वालों! हे टेलीफोन वालों! हे पानी के नल बिछाने वालों! हे टेंट गाड़ने वालों! देवी और देवताओं आप तुरंत इधर चले आइए! अपने गैंती, फावड़े और कुदालों के साथ तुरंत आ धमकिए। आपको फटी, पुरानी, बूढ़ी, खूसट सड़क खोदने में शर्म आती है। फटेली सड़क के साथ छेड़छाड़ करने में आपका शर्म से पानी-पानी हो जाना भी वाजिब है। असली आनंद सोलह सिंगारवान नई नवेली सड़क को चीरने में ही आता है। आप भी क्या करें श्रीमान! आपके गैती फावड़े भी पुरानी सड़कों को खोदने से मना कर देते हैं। नई सड़क देखते ही आपके मुंह में पानी का टैंकर आ जाता है। आपकी भुजाएं फड़कने लगती है। आपके गैंती फावड़े सड़क को चीरने के लिए मचल उठते हैं। आप कई बार कागजों में बनी पेपरी सड़क को कागजों में ही खोल डालते हो। कागजों में ही सड़क बनाना व कागजों में ही इसे फाड़ देना आपकी कुशलता है। यह आपकी अतिरिक्त योग्यता है। परंतु करें भी क्या? इधर वास्तव में गलती से एक सड़क बन ही गई है। सड़क बनाने वाले दोषी लोगों के खिलाफ कार्यवाही तो होगी ही। किंतु सड़क फाड़ना आपका कर्तव्य है। इसलिए भाइयों तुरंत आ जाओ! फिर मत कहना कि सूचना नहीं दी। टेलीफोन वाले भाइयों आप आ जाओ। कल को बिजली वाले पहले सड़क फाड़ गये तो आपकी जग हंसाई होगी। फिर मुझे मत कहना। पानी के पाइप डालने वाले बंधुओं आप भी आ जाओ। हालांकि आपके पाइप पूरे वर्ष सिर्फ हवा का ही आदान प्रदान करते हैं। परंतु इससे क्या! पाइपों में चाहे हवा आए या कीचड़ मुख्य बात तो सड़क फाड़ने की है। टेंट वाले सजनवा आप पधार जाइए! ठोक दीजिए सड़क के सीने में खूँटियां कसकर बांध दीजिए सड़क का गला। सड़कों के यही उपयोग हैं। सड़क वही जो फाड़ने के काम आए। पूरा-पूरा देश ही सड़क के पीछे रोजगारवान हुआ पड़ा है। आधा देश सड़क बनाकर उससे कोठी और कार पैदा करता है। शेष आधा देश सड़क फाड़कर विदेश यात्रा को प्राप्त होता है।



रामविलास जॉगिड़

# उपवास का खाना, मन को ही नहीं तन को भी दुरुस्त रखे



पर्व/त्यौहार

नवरात्रि के नौ दिनों में उत्तर भारत में ही नहीं बल्कि देश के अन्ये दूसरे हिस्सों में भी लोग उपवास करते हैं और अपने भोजन में मखाना, साबूदाना, कूट्टू के आटा, सिघाड़े का आटा और घर के बने सफेद मक्खन जिसे व्रत के लिए विशेष तौरपर शुद्ध माना जाता है, का सेवन करते हैं। जो लोग उपवास करते हैं, वे नवरात्रि के नौ दिनों में यह सोचकर भी व्रती रहते हैं कि वह शारीरिक और मानसिक रूप से स्वयं को स्वस्थ रख सकें। वैज्ञानिक दृष्टि से देखा जाए तो पूरी दुनिया जहां फंक्शनल फूड से इतर हेल्थ डाइट फॉलो कर रही हैं। तो हमारे यहां व्रत में खाए जाने वाले ये खाने स्वास्थ के लिए तो सचमुच बेहद लाभदायक होते हैं। यही वजह है कि भुने, भाप में पके और कम तेल में बने ये व्रत के खाने न केवल हमारे मानसिक स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हैं बल्कि वह हमारी पाचनक्रिया को भी दुरुस्त रखते हैं।

**कुट्टू और सिघाड़े का आटा**

कुट्टू और सिघाड़े के आटे का सेवन व्रत के दिनों में प्राचीनकाल से किया जा रहा है। ग्लूटेन फ्री यह दोनो प्रकार के आटे फाइबर, मैग्नीशियम और प्लांट बेस्ड प्रोटीन का स्रोत हैं। यह न केवल हमें ऊर्जा देते हैं बल्कि हमारे लिए सुपाच्य होते हैं और व्रत के दौरान इनसे बने खाना खाने से हमें लंबे समय तक भूख भी नहीं लगती। कुट्टू और सिघाड़े के आटे से बनी रोटी, डोसा, चीला, पकौड़ा, आलू टिक्की या इन्हें पालक, मेथी और दूसरी हरी सब्जियों के साथ मिलाकर इनके नये-नये व्यंजन तैयार किए जा सकते हैं, जो न केवल खाने में स्वादिष्ट होते हैं बल्कि पौष्टिकता से भरपूर होते हैं। व्रत में इन्हें खाने के दौरान यह हमारे पोषण के लिए भी बेहतर साबित होते हैं और इन्हें खाकर हम इन नौ दिनों में अपने व्रत को फुल एंज्वॉय करते हैं।

**ताकत से भरपूर साबूदाना**

नवरात्रि ही नहीं बल्कि दूसरे अन्य व्रत में भी साबूदाने का इस्तेमाल हमेशा से होता आ रहा है। यह सुपाच्य तो होता ही है, ऊर्जा से भी भरपूर होता है। काबोर्हाइड्रेट युक्त साबूदाना हमें एनर्जी देता है और इसको खाने के बाद हमें लंबे समय तक भूख भी नहीं लगती। साबूदाने के साथ अगर मूंगफली, सूखा या कच्चा नारियल, मसाले आदि शकरकंद, इनके साथ इन्हें मिलाकर खाया जाता है तो इससे बने स्नैक्स हल्के और सुपाच्य होते हैं, जो प्रोटीन और वसा का स्रोत होते हैं। साबूदाने की खिचड़ी से लेकर इससे बने डोसे, पैटीज, आलू के साथ मिलाकर बनाया गया वड़ा, साबूदाने की खीर और भी इससे बहुत कुछ बनाया जा सकता है। यू-ट्यूब पर साबूदाने से बनी बहुत सी रेसिपी हैं जिन्हें व्रत के दिनों में खाकर अपनी भूख मिटायी जा सकती है।

**मखाना:** मखाने को भले ही हम किसी भी रूप में खाएं, यह हमारे लिए सेहत का खजाना है। इसे व्रत के दौरान आमतौर पर सूखा ही भूनकर खाया जाता है। इसे आज की तारीख में एक बेहतर सुपरफूड माना जाता है, जिसमें कैलोरीज बहुत कम मात्रा में होती है, जो प्रोटीन, कैल्शियम और मैग्नीशियम का उत्तम स्रोत होता है। यह हमारी हड्डियों के स्वास्थ्य को पुष्ट करता है और जो लोग अपना वजन कम करना चाहते हैं और हेल्दी स्नैक्स लेना चाहते हैं, उनके लिए मखाना एक कंफर्टिंग और फंक्शनल स्नैक्स है। यह ग्लूटेन फ्री होता है। बिना फ्राई किये मखाना भी एनर्जी का भंडार है। यही वजह है कि व्रत के दिनों में ज्यादा भारी और तले खाद्य पदार्थों की जगह मखाना सेहत के लिए अच्छा है। मखानों को सूखा भूनकर उसमें थोड़ा मक्खन या घी डालकर इसे रॉक साल्ट के साथ खाया जाए तो व्रत में पूरा दिन भूख कम लगती है। यह पेट को भरा रखता है।

**सफेद मक्खन:** व्रत की थाली में अगर घर का बना सफेद मक्खन न हो तो इसके बिना थाली अधूरी होती है। बाजार के बने बटर की तुलना में यह ज्यादा हल्का, सुपाच्य मक्खन घर में ही दही या मलाई से बनाया जा सकता है, जिसमें किसी किस्म की बाहरी मिलावट नहीं होती। यह हमारी पाचनशक्ति को दुरुस्त करता है और शरीर में वसा की आपूर्ति को सुनिश्चित करता है। हां, लेकिन इसकी मात्रा सीमित ही लेनी चाहिए। इसमें मौजूद फैटी एसिड माइक्रोबायो को सपोर्ट करते हैं। इसे रोटी, चपाती पर लगाकर या डोसा या चीला बनाने के दौरान इसका इस्तेमाल किया जा सकता है। बहरहाल नवरात्रि के दिनों में व्रत या उपवास करना एक परंपरा या हमारी अटूट संस्कृति का हिस्सा ही नहीं बल्कि व्रत में खाया जाने वाला खाना हमारी सेहत के लिए फायदेमंद होता है। अपने लिए सही भोजन का चुनाव करके पूरे दिनभर भरपूर मात्रा में पानी पीकर हम पूरे दिन ऊजार्वान बने रहते हैं और अगर हम पूरे नवरात्र व्रती रहते हैं, तो इन खाद्य पदार्थों के जरिये हम आसानी से अपने व्रत पूरे कर सकते हैं।

**–राजकुमार दिनकर.**

## आप की बात

### हाइवे पर स्पीड लिमिट!

हाइवे और एक्सप्रेस वे पर तेज रफ्तार के कारण बड़ी संख्या में दुर्घटनाएं होती हैं और यह इतनी भीषण होती हैं कि तेज रफ्तार के चक्कर में प्रायः जिंदगी की रफ्तार ही थम जाती है। आगरा एक्सप्रेस वे, ताज एक्सप्रेस वे, शहीद पथ, जैसे हाइवे दुर्घटनाओं का पर्याय बन गये हैं। अगले कुछ सालों में प्रदेश में चार-पांच और एक्सप्रेव शुरू होंगे। जाहिर है यहां भी रफ्तार का कहर हो सकता है। देश एवं प्रदेश में भी तेजी के साथ हाईवे परियोजनाओं पर काम हो रहा है। हाइवे बनने के साथ लोगों की रफ्तार बढ़ रही है और बढ़े पैमाने पर दुर्घटनाएं सामने आ रही हैं। लखनऊ में शहीद पथ, लखनऊ से आगरा जाने वाली लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे, आगरा से दिल्ली जाने वाली यमुना एक्सप्रेस पर आये दिन भीषण हादसे होते हैं। यहीं अभी नया-नया बनकर तैयार हुआ देश का पहला स्मार्ट एक्सप्रेस वे ईस्टर्न मेरीफेरल एक्सप्रे वे भीषण दुर्घटनओं के मार्ग बन गये हैं। हाइवे दरअसल त्वरित और सुरक्षित परिवहन के लिए होते लेकिन जब ये खतरों के पर्याय बन जायें तो फिर सोचना पड़ता है कि रफ्तार की इतनी भी क्या जरूरत जो जिंदगी सांसे थम दें। दरअसल देश में फर्राटा भरने वाली सड़कें तो तेजी के साथ बन एवं बढ़ रही हैं लेकिन लोगों को ट्रैफि क सेंस की कमी के कारण दुर्घटनाएं बढ़ गयी हैं। ये दुर्घटनाएं सिर्फ और सिर्फ तेज स्पीड के कारण होती हैं।

हाइवे का मतलब यह नहीं होता कि उस पर हवाई जहाज की रफ्तार से फर्राटा भरने लगें। प्रायः यह देखा जाता है जाता है कि तेज रफ तार के कारण गाड़िया आगे बढ़ने के चक्कर में बगल वाली गाड़ी टक्कर मार देती हैं और इस तरह खुद के और दूसरों के जान के लिए खतरा बनी रहती हैं। हाईवे निर्माण के साथ अब यह भी जरूरी है कि लोगों को ट्रैफिक नियमों पालन एवं यात्रा के दौरान आवश्यक सुरक्षा उपाय की भी जानकारी दी जाये। देश में हर साल लगभग डेढ़ लाख जानें दुर्घटनाओं में चली जाती हैं। अगर ट्रैफिक नियमों एवं सुरक्षा उपायों के साथ यात्रा की जाये तो इसमें भारी कमी आ सकती है। हाइवे पर स्पीड सबसे बड़ा दुर्घटना का कारण है इसलिए सरकार प्रत्येक सड़क पर अधिकतम और न्यूनतम स्पीड को तय करे और इसी पूरी निगरानी रखे। जो भी स्पीड लिमिट का उल्लंघन करें पर कार्रवाई हो।

**संजीव श्रीवास्तव, लखनऊ.**

### सरकारी उद्यमों को करें मजबूत

सरकारी बैंकों की संख्या लगातार कम हो रही है। अब बीस से घटकर दस-बारह की पीएसयू बैंक रह गये हैं। राष्ट्रीयकृत बैंकों में जिस तरह से खराब ऋण वितरण के कारण एनपीए बढ़ा उसके कारण अब सरकार को एक-एक करके बैंकों का विलय कर उनकी संख्या कम करनी पड़ी। अब बैंकों का बोझ उठाने के लिए सरकार तैयारनहीं है, यही कारण है कि बीते पांच-छह साल में करीब एक दर्जन सरकरी बैंक दूसरे बैंकों में विलीन हो गये हैं। अब कुल 12 राष्ट्रीयकृत बैंक बचे हैं और इन्हें भी कम करके चार-पांच रखने की कोशिश हो रही है। बैंकिंग व्यवस्था में रीढ़ की हड्डी रहे सरकारी क्षेत्र के बैंक अगर कराह रहे हैं और दिन प्रति दिन देश में प्राइवेट सेक्टर बैंकिंग ऊंचाईयां छू रही हैं तो इसके पीछे सरकारी बैंकों के अधिकारियरों एवं कर्मचारियों की घटिया कार्यप्रणाली भी जिम्मेदार है। आज भी सरकारी बैंक के कर्मचारी अपने को सरकारी कर्मचारी मानते हैं और ठीक से काम न करना अपना पुश्तैनी अधिकार मानते हैं। सरकारी बैंकों में जिस तरह सरकरी कल्चर हावी है उसे अगर दूर न किया गया तो प्राइवेट बैंकों के सामने टिक नहीं पायेंगे। देश के विकास में अहम भूमिका निभाने वाले सरकारी क्षेत्रों के बैंकों की स्थिति आजकल ठीक नहीं है। इनके प्रबंधकों एवं कर्मियों की मनमानी, भ्रष्टाचार और लापरवाही ने आज दुनिया के सबसे बड़े सरकारी बैंकिंग तंत्र को बीमार कर पूरी तरह से आईसीयू में डाल दिया है। लोग बड़े आराम से बैंक का पैसा पार कर दे रहे हैं। यह चिंताका विषय है देश के लिए।

**राजेश कुमार वर्मा, बाराबंकी.**

संक्षेप

## रुक्मिणी मंगल की कथा सुनकर भावविभोर हुए श्रोता

अमानीगंज-अयोध्या। क्षेत्र के सरौली गांव में चल रही श्री श्रीमद्भागवत कथा के षष्ठम दिवस कथाव्यास बद्री विशाल तिवारी ने रुक्मिणी मंगल प्रसंग सुनाया। रुक्मिणी मंगल प्रसंग के दौरान कथा स्थल पर श्री कृष्ण रुक्मिणी विवाह की सभी रस्में भजनों व झाकियों के माध्यम से दर्शाई गई। जिसका सभी भक्तों ने आनंद लिया। इस दौरान श्रद्धालु मंगल गीतों के साथ खूब थिरके। श्रद्धालुओं ने दोनों के पांव पखारकर भेंट चढ़ाई। कथा व्यास ने कहा कि रुक्मिणी साक्षात लक्ष्मी का अवतार थीं। वह मन ही मन श्री कृष्ण से विवाह करना चाहती थीं। उधर श्री कृष्ण भी जानते थे कि रुक्मिणी में कई गुण है। लेकिन रुक्मिणी का भाई रुक्मी श्री कृष्ण से शत्रुता रखता था। अंततः श्री कृष्ण ने रुक्मी को युद्ध में परास्त करके रुक्मिणी से विवाह किया। रुक्मिणी मंगल की कथा सुनकर श्रोता भावविभोर हो गये। मुख्य यजमान देवराजी विश्वकर्मा, नीरज पांडेय, हेमचंद पांडेय, हर्षित सिंह, गोपी शंकर मिश्रा, ऋतुराज पांडे आदि श्रद्धालुओं ने कथा का रसपान किया।

# राम मंदिर के द्वितीय तल पर श्रीराम यंत्र की होगी स्थापना

## 19 मार्च को राम मंदिर में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु करेंगी श्रीराम यंत्र की स्थापना

जिला संवाददाता

अयोध्या। रामनगरी अयोध्या में एक बार फिर ऐतिहासिक और आध्यात्मिक उत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं। श्री राम जन्मभूमि मंदिर में 19 मार्च को श्रीराम यंत्र की विधिवत स्थापना होने जा रही है, जिसमें भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। यह कार्यक्रम चैत्र नवरात्र के पहले दिन यानी वर्ष प्रतिपदा के शुभ अवसर पर आयोजित हो रहा है, जो हिंदू नववर्ष की शुरूआत का प्रतीक है। उत्तर प्रदेश सरकार और श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने इस आयोजन को अत्यंत भव्य बनाने की रूपरेखा तैयार की है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चम्पतराय ने बताया कि श्रीराम यंत्र दो वर्ष पूर्व जगद्गुरु शंकराचार्य विजयेंद्र सरस्वती महाराज द्वारा शोभायात्रा के माध्यम से अयोध्या भेजा गया था। वैदिक गणित और ज्यामितीय आकृतियों पर आधारित यह यंत्र देवताओं का निवास माना जाता है, जो सकारात्मक ऊर्जा आकर्षित करने की क्षमता रखता है। वर्तमान में इस यंत्र की राजा राम के समक्ष नियमित पूजा-अर्चना चल रही है। दो दिन बाद अर्थात 19 मार्च तक यह यंत्र राम मंदिर के दूसरे तल पर पहुंच जाएगा। नौ दिवसीय वैदिक अनुष्ठान पहले से ही शुरू हो चुके हैं, जिनमें दक्षिण भारत, काशी और अयोध्या के विद्वान आचार्य शामिल हैं। कुल मिलाकर लगभग 7000 लोग इस ऐतिहासिक समारोह में मौजूद रहेंगे। इसमें उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के ऐसे संभ्रात लोग भी मौजूद रहेंगे, जिन्होंने निर्माण कार्यों में महती भूमिका निभाई है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु सुबह करीब 11 बजे अयोध्या पहुंचेंगी। वे राम मंदिर परिसर में प्रवेश कर श्रीराम यंत्र की पूजन-अर्चन करेंगी। अभिजीत मुहूर्त में ठीक 11:55 बजे यंत्र की स्थापना का मुख्य अनुष्ठान संपन्न होगा। पूजन के बाद वे प्रसाद ग्रहण करेंगी और भोजन के पश्चात वापस रवाना होंगी। राज्यपाल

- लगभग सात हजार लोगों को किया गया है आमंत्रित, दो वर्ष पहले अयोध्या पहुंचा था श्रीराम यंत्र



आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उनका स्वागत करेंगे। राष्ट्रपति मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच इस पवित्र कार्य में भाग लेंगी कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के लगभग 300 संत व महापुरुष शामिल होंगे। केरल की पूज्य माता अमृतानंदमयी अपने एक हजार भक्तों के साथ ट्रेन से अयोध्या पहुंचेंगी। मंदिर निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले संभ्रांत व्यक्तियों को भी विशेष निमंत्रण भेजा गया है। इनमें एलएंडटी, टाटा कंपनी के प्रतिनिधि, गुजरात के आर्किटेक्ट चंद्रकांत भाई का परिवार और परिसर विकास में भूमिका निभाने वाले अन्य विशिष्टजन शामिल हैं। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के अनुसार, पत्थर-लकड़ी-संगमरमर की नक्काशी करने वाले, खंभों पर मूर्तियां उकेरने वाले, भगवान की प्रतिमा बनाने वाले और वस्त्र तैयार करने वाली फर्मों के लगभग 1800 कार्यकर्ता भी आमंत्रित हैं। आयोजन को सुचारु और सुरक्षित बनाने के लिए कड़े इंतजाम किए गए हैं। सभी अतिथियों को विशेष पास जारी किए जाएंगे, जिन पर क्यूआर कोड अंकित होगा। मंदिर परिसर में मोबाइल फोन, हथियार या कोई सुरक्षा कर्मी ले जाना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। केवल सिख धर्म के अनुयायी ही कृपाण लेकर प्रवेश कर सकेंगे। चूंकि यह चैत्र नवरात्र का पहला दिन है, इसलिए अतिथियों के लिए फलाहारी भोजन की विशेष व्यवस्था की गई है। आम श्रद्धालुओं के लिए रामलला के दर्शन सामान्य रूप से जारी रहेंगे, हालांकि कुछ समय के लिए समय-सारिणी में बदलाव संभव है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने इस कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए व्यापक रूपरेखा तैयार की है। मंदिर परिसर की साफ-सफाई, सजावट और व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि राम मंदिर निर्माण में योगदान देने वाले हजारों कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने का भी अवसर प्रदान करेगा। अयोध्या में यह पल पूरे देश के लिए आस्था और गौरव का क्षण साबित होगा।

## गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा लाजपत नगर में चुनाव संपन्न



बाराबंकी। लाजपत नगर स्थित गुरुद्धारा श्री गुरु सिंह सभा में तीन पदो पर चुनाव मतदान प्रक्रिया की सुबह 10 बजे से सहायक चुनाव अधिकारी सरदार जसबीर सिंह, सहायक पर्यवेक्षक एड्वोकेट संतोष सिंह, मलिन्दर सिंह, कर्मजीत सिंह, अरविन्द सिंह, धर्मराज सिंह की देख-रेख मे शाम 4 बजे तक सम्पन्न हुई। इसके उपरान्त चुनाव अधिकारियो की मौजूदगी मे 4 बजकर 30 मिनट से मतगणना की शुरूआत हुई। बताते चले कि पिछले 6 वर्षो से चुनाव के बिना चल रही कार्यकारिणी के खिलाफ जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी को शिकायत के बाद प्रशासन के हस्तक्षेप पर आज 15 मार्च को चुनाव सम्पन्न कराया गया है। मतगणना में प्रधान पद पर सरदार स्वर्ण सिंह को 180 मत व भूपेन्द्र सिंह को 273 मत प्राप्त हुये। सचिव पद पर डा0 जसविन्दर सिंह को 196 मत व हरपाल सिंह 258 मत प्राप्त हुये। तो वही कोषाध्यक्ष पद पर अमरजीत सिंह को 195 मत व हरप्रीत सिंह को 259 मत प्राप्त हुये। तो वही शातिपूर्ण ढ़ग से चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न कराये जाने को लेकर नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह, अस्पताल चैकी इंचार्ज धर्मेन्द्र शुक्ला सहित भारी पुलिस बल की मौजूदगी मे चुनाव मतदान एंव मतगणना प्रक्रिया सम्पन्न हुई।

## कांशीराम को महान राजनीतिकार के रूप में किया जाता है यादः डॉ. पी.एल पुनिया



बाराबंकी। भारतीय राजनीति में दलित पिछडो और अल्पसंख्यको को लामबद्ध कर सत्ता के गलियारो तक पहुंचाने वाले कांशीराम को एक महान राजनीतिकार और दूरदर्शी नेता के रूप में याद किया जाता है। उक्त उद्गार कांशीराम की जयंती पर ओबरी आवास पर आयोजित श्रद्धाजंलि सभा मे पूर्व सांसद डा0 पी0एल पुनिया ने उनके चित्र पर माल्यार्पण करने के पश्चात व्यक्त किये। श्रद्धाजंलि अर्पित करने वालो मे जिलाध्यक्ष मो0 मोहसिन, विजयपाल गौतम, आर0डी0 राव, के0सी0 श्रीवास्तव, अजय रावत, अजीत वर्मा, राम हरख रावत, प्रशान्त सिंह, कौशल किशोर वर्मा, कमल भल्ला, इरफान कुरैशी आदि मौजूद रहे।

## सुरक्षा नियमों को ताक पर रखने वालों पर पीटीओ का कड़ा एक्शन



जिला संवाददाता

बाराबंकी। मानको का उल्लंघन कर रोड़ पर तेज गति और अवैध तरीके से चल रहे वाहनो के खिलाफ परिवहन विभाग ने विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस अभियान के तहत भारी वाहनों, बिना कागजात, और सुरक्षा नियमों को ताक पर रखने वालों पर कड़ा एक्शन लेते हुये चालान करने के साथ-साथ वाहनों को सीज और भारी जुमार्ना वसूलने की कार्रवाई की गई। अभियान की जानकारी देते हुये सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी अंकिता शुक्ला ने बताया कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने व नियमों का पालन कराये जाने को लेकर यात्री मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी की टीम ने शनिवार व रविवार को लखनऊ-अयोध्या एंव बाराबंकी-गोण्ड़ा-बहराइच मार्गो पर अभियान चलाते हुए बकाया टैक्स, परमिट फिटनेस, ओवरलोड़, अनाधिकृत डग्गामार मिलने पर 18 वाहनो को सीज व 45 चालान करते हुये लगभग 6 लाख रुपये जुर्माना किया गया। तथा चालको को नियमो का पालन करने हेतु जागरुकता पम्पलेट का वितरण भी किया गया।

- 18 वाहन सीज, 45 चालान कर 6 लाख किया जुर्माना

# पीठाधीश्वर महंतअवधेश दास की बिगड़ी तबीयत

अयोध्या। श्री बड़ा भक्तमाल मंदिर के पीठाधीश्वर महंत डा अवधेश दास की रविवार को अचानक तबीयत बिगड़ने से श्रद्धालुओं में चिंता का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार उन्हें सीने में दर्द और सांस लेने में परेशानी की शिकायत हुई, जिसके बाद तुरंत उन्हें अयोध्या धाम स्थित श्री राम हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों की टीम ने उनका गहन परीक्षण किया। प्राथमिक जांच में फेफड़ों में पानी भरने की समस्या सामने आने पर डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया।इसके बाद महंत डा अवधेश दास जी को लखनऊ के मैक्स हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने उनका उपचार शुरू किया। अस्पताल सूत्रों के अनुसार समय पर इलाज मिलने से उनकी तबीयत में काफी सुधार हुआ है और फिलहाल वे डॉक्टरों की निगरानी में हैं। श्री राम हॉस्पिटल के अधिकारी यश प्रकाश सिंह ने बताया कि महाराज जी को फेफड़ों में पानी और सीने में दर्द की शिकायत के कारण भर्ती कराया गया था। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें उच्च स्तरीय इलाज के लिए लखनऊ भेजा गया। उन्होंने बताया कि अब उनकी स्थिति पहले से बेहतर है और डॉक्टर लगातार उनकी स्वास्थ्य स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

- श्रीराम अस्पताल के डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए लखनऊ किया रेफर



महंत डा अवधेश दास के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए अयोध्या सहित विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालु भगवान से प्रार्थना कर रहे हैं। मंदिर से जुड़े संत-महंतों और भक्तों ने भी उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। प्रशासनिक अधिकारी यश प्रकाश सिंह ने बताया कि महंत को फेफड़ों में पानी और सीने में दर्द की शिकायत के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। फिलहाल डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज जारी है। महंत की तबीयत बिगड़ने की खबर से संत समा और श्रद्धालुओं में चिंता का माहौल देखा जा रहा था। महंत अवधेश कुमार दास को रविवार को देखने के लिए श्रीअर्जुनद्वाराचार्य जगद्गुरु स्वामी कृपालु रामभूषणदेवाचार्य और रामलला सदन देवस्थानम के पीठाधीश्वर जगदगुरु रामानुजाचार्य स्वामी डा राघवाचार्य महाराज, एडीजी लखनऊ जोन प्रवीण कुमार व श्रृंगी ऋषि आश्रम पीठाधीश्वर महंत हेमंत दास महाराज व महंत संजय दास के निजी सचिव शिवम श्रीवास्तव अस्पताल देखने पहुंचे। जगदगुरु रामानुजाचार्य स्वामी डा राघवाचार्य और श्रीअर्जुनद्वाराचार्य जगद्गुरु स्वामी कृपालु रामभूषणदेवाचार्य व श्रृंगी ऋषि आश्रम पीठाधीश्वर महंत हेमंत दास ने बताया कि बड़ा भक्त माल पीठाधीश्वर महंत डा अवधेश कुमार दास महाराज तेजी से स्वस्थ हो रहे हैं। वे जल्द ही भगवान की सेवा के लिए बड़ा भक्तमाल में पहुंचेंगे। पत्थर मंदिर के महंत मनीष दास आदि संत भी महंत डा अवधेश दास महाराज को देखने अस्पताल पहुंच रहे हैं।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का समापन, प्रतिभागी हुए सम्मानित



जैदपुर, बाराबंकी। सहयोगी आरबीपी जी कॉलेज खुशहालपुर में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतिम दिन स्वयंसेवकों ने प्रभात फेरी, योगाभ्यास, परेड, ध्वज रोहण के साथ पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम शिवानी, द्वितीय निधि व तृतीय बुशरा खातून को प्राप्त किया। बौद्धिक सत्र मे मुख्य अतिथि एड्वोकेट समाजसेवी विवेक यादव ने कहा कि अपनी ऊर्जा, रचनात्मकता और तकनीकी के माध्यम से आर्थिक विकास, सामाजिक सुधार और राजनैतिक स्थिरता ला सकते हैं। जब युवा नवाचार की ओर अग्रसर होगा तो देश अपने आप प्रगति करता रहेगा। इस अवसर पर कार्यक्रमधिकारी डॉ0 अनीता कुमारी, सुरजीत सिंह चौहान, रामरूप वर्मा, जितेंद्र कुमार, इंदराज वर्मा, दिनेश चंद्र वर्मा, उदयराज सिंह, जगजीवन प्रसाद मौजूद रहे।

# नवसंवत्सर के स्वागत को सजने लगा शहर, तैयारियां जोरों पर



बाराबंकी। भारतीय नववर्ष विक्रम संवत 2083 के स्वागत को लेकर शहर की प्रमुख सड़कों एवं सभी चौराहों की भव्य सजावट शुरू हो गई है। नवसंवत्सर महोत्सव की शुभारम्भ 17 मार्च मंगलवार को नगर पालिका प्रांगण में आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन से होगी। 18 मार्च को पौराणिक धनोखर सरोवर में दीपोत्सव एवं भजन संध्या का कार्यक्रम सम्पन्न होगा।

- प्रमुख चौराहों, पौराणिक धनोखर सरोवर की अंतिम चरण मे सजावट प्रक्रिया

संयोजक समिति संयोजक पंकज गुप्ता पंकी ने बताया कि कवि सम्मेलन में राजस्थान से योगेन्द्र शर्मा, दिल्ली से सुदीप भोला, मनवीर मधुर, मध्यप्रदेश से महेंद्र मधुर, कामता माखन, आगरा से डॉ0 रुचि चतुर्वेदी, प्रयागराज से अभिजीत मिश्रा, प्रियांशु गजेंद्र, संजय सांवरा, शिवेश राजा, आशीष आनंद अपनी रचनाये प्रस्तुत करेगे। पौराणिक धनोखर सरोवर की सफाई हो चुकी है। दीपोत्सव के लिए घाटों का चिन्हांकन, साजसज्जा एवं रंगोली बनाने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। नगर की सभी प्रमुख सड़कों एवं चैराहों को सजाया जा रहा है।

# सपाइयों ने मनाई कांशीराम की 92वीं जयंती

बहराइच ।आज सपा प्रमुख अखिलेश यादव के निर्देश पर बहराइच कलेक्ट्रेट स्थित धरना स्थल पर बहुजन नायक मान्यवर कांशीराम जी की 92वीं जयंती बहुजन समाज दिवस अर्थात पीडीए दिवस एक विशाल जनसभा के रूप में धूमधाम से मनाया गया। इस जयंती कार्यक्रम में जनपद के कोने-कोने से बड़ी संख्या में ढऊ्अ समाज के लोगो ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूवात में सर्वप्रथम पार्टी नेताओं द्वारा मान्यवर कांशीराम जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव एडवोकेट व कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष जफर उल्ला खां'बंटी' ने किय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सूबे के पूर्व कैबिनेट मंत्री याशर शाह व विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक/ पूर्व लोकसभा प्रत्याशी बहराइच रमेश गौतम उपस्थित रहें। जयंती सभा को सम्बोधित करते हुए पूर्व मंत्री याशर शाह ने कहा कि मान्यवर कांशीराम साहब संविधान निमार्ता बाबा साहेब अम्बेडकर के बाद बहुजन आंदोलन के सबसे बड़े पुरोधा थे।

बहुजन, पिछड़े व दलित समाज को सम्मान, अधिकार और बराबरी मिले इसके लिए मान्यवर कांशीराम जी ने अपना जीवन समर्पित कर दिया। श्री शाह ने आगे कहा कि आज का सच यही हैं कि वर्तमान समय में सत्ता में बैठे हुए लोग जो केवल एक ही जाति की राजनीति कर रहे हैं अगर आप सभी समझोगे तो आज भी वही 80 व 90 के दशक का सामन्तवाद प्रदेश में हावी हैं।देश में 90 के दशक में जब फिरकापरस्त ताकतों ने पूरे देश में राम जानकी रथ यात्रा के जरिये संविधान का उल्लंघन कर पूरे देश में साम्प्रदायिक सौहाद्र को खराब किया लेकिन तीन साल के भीतर ही मान्यवर कांशीराम जी ने हमारे श्रद्धेय नेता मुलायम सिंह यादव के साथ मिलकर देश से फिरकापरस्त ताकतों को न केवल सत्ता से बेदखल किया अपितु मान्यवर कांशीराम जी को इटावा की लोकसभा की सामान्य सीट से विजय दिलाकर दिल्ली की संसद भेजा।

## कोतवली पुलिस ने नाबालिग के वाहन को किया सीज



बहराइच। थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान घंटाघर चौराहे के पास एक काले रंग की नई कार (ब्रेजा) को रोककर चेक किया गया। चेकिंग के दौरान पाया गया कि वाहन का संचालन नाबालिग द्वारा किया जा रहा था तथा उसके दो अन्य साथी जो नाबालिग थे, सनरूफ से बाहर खड़े होकर यात्रा कर रहे थे, जो कि यातायात नियमों के विरुद्ध एवं अत्यंत जोखिमपूर्ण है। चालक द्वारा ड्राइविंग लाइसेंस एवं वाहन से संबंधित आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके। उक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए वाहन को मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 ब के अंतर्गत सीज करते हुए आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गई। बहराइच पुलिस द्वारा सभी नागरिकों से अपील की जाती है कि यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करें। नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने की अनुमति यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

## मिल्कीपुर में लेखपाल का रिश्वत लेते वीडियो हुआ वायरल



मिल्कीपुर-अयोध्या। मिल्कीपुर तहसील में एक लेखपाल का रिश्वत लेते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में लेखपाल को वरासत (उत्तराधिकार) संबंधी कागजात देखते हुए और एक किसान से 500 रुपये लेने के बाद 1000 रुपये की मांग करते हुए देखा जा सकता है। जानकारी के अनुसार, वायरल वीडियो में दिख रहे लेखपाल के पास हैरिंग्टनगंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत मलेथू, रामपुर जोहन समेत कई ग्राम पंचायतों का प्रभार है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरकारी कार्यों के लिए कर्मचारियों द्वारा अक्सर अवैध पैसों की मांग की जाती है, जिससे किसानों और आम लोगों को परेशानी होती है। मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र में भ्रष्टाचार के मामले पहले भी सामने आ चुके हैं। पूर्व में भी यहां दो लेखपालों को एंटी करप्शन टीम ने रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया था, जिसके बाद उन्हें जेल भी जाना पड़ा था। इन घटनाओं के बावजूद ऐसे मामलों का दोबारा सामने आना प्रशासन के लिए चिंता का विषय है। जिले के प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारियों को समय-समय पर निर्देश देते रहे हैं कि किसानों और पीड़ितों के काम बिना किसी बाधा के किए जाएं। साथ ही, भ्रष्टाचार या अवैध वसूली की शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी जाती है। हालांकि, इस वायरल वीडियो के बाद अधिकारियों के निर्देशों की अनदेखी कर अवैध वसूली के आरोप फिर से सामने आए हैं। इस मामले को लेकर मिल्कीपुर के उप जिलाधिकारी सुधीर कुमार ने बताया कि वायरल वीडियो का मामला उनके संज्ञान में आया है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रकरण की जांच कराई जा रही है और यदि आरोप सही पाए जाते हैं, तो संबंधित लेखपाल के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# नमाज सकुशल सम्पन्न कराने व ईद सादगी से मनाने की अपील



बाराबंकी। ईदगाह कमेटी सदर उमेर किदवाई की अध्यक्षता में मुगल दरबार सभागार मे बैठक सम्पन हुई। जिसमें ईदगाह के इमाम मौलाना अबूजर ने कुरान शरीफ की तिलावत कर मीटिंग का आगाज किया। बैठक में सदर श्री किदवाई ने कहा कि ईद की नमाज के लिए सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। सदस्य हाजी उसामा अंसारी ने कहा कि ईदगाह पीरबटावन में ईद की नमाज 8 बजे एंव दूसरी नमाज 8:45 बजे होगी। तथा सभी पदाधिकारी नमाज सकुशल संपन्न कराने व ईद को बड़े ही सादगी से मनाने की अपील भी की। सदस्य मुजीबुद्दीन अंसारी ने कहा कि अपने आस-पड़ोस के गरीब लोगों का जरूर ख्याल रखें। जिससे कि उनके घरों में भी ईद अच्छे से मनाई जाए।

- ईदगाह कमेटी की बैठक संपन्न

इस मौके पर हाजी शहाब खालिद, इरफान कुरैशी, हाजी इब्राहिम, आदिल अंसारी, मोहम्मद आसिफ, रेहान अंसारी, सलमान अंसारी, मोहम्मद इमरान, अफसारूल नेता, अब्दुल हकीम, तरन्नुम जमाल, मोहम्मद आरिफ मौजूद रहे।

# चोरी की 4 मोटर साइकिल बरामद, दो गिरफ्तार

बहराइच। चोरी हुई 04 अदद मोटरसाइकिल व छिनैती की घटना से सम्बन्धित एक अदद लेडीज पर्स, 1330/- रुपए नकद आदि बरामद कर 02 अभियुक्तगण को किया गया बहराइचशुभम यज्ञसैनी पुत्र श्री अशोक कुमार निवासी मोहल्ला गुदडी थाना कोतवाली नगर जनपद बहराइच द्वारा सूचना दी गयी कि उनकी मोटरसाइकिल बजाज पल्सर नम्बर वढ 40 श 3339 मोहल्ला गुदडी, निकट भास्कर मंदिर से किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गयी है।उक्त के सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर मु0अ0सं0 46/2026 धारा 303(2) बनाम अज्ञात चोर के पंजीकृत कर विवेचना उ0नि0 श्री अमित प्रताप सिंह को आवंटित की गयी।



दिनांक 10.3.2026 को श्री राम सूरत वर्मा एडवोकेट निवासी घसियापुरी बहराइच द्वारा सूचना दी गयी कि उनकी मोटसाइकिल सुपर स्पलेंडर नम्बर वढ42 अफ9878 को जिला अस्पताल बहराइच से किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गयी है।उक्त के सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर मु0अ0सं0 50/2026 धारा 303(2) बनाम अज्ञात चोर के पंजीकृत कर विवेचना उ0नि0 श्री धीरेन्द्र कुमार को आवंटित किया गया। दिनांक 11.03.2026 को श्री जैद खान पुत्र हमीदुल हसन खान निवासी मेवातीपुरा थाना कोतवाली नगर जनपद बहराइच द्वारा सूचना दी गयी कि उनकी मोटरसाइकिल वढ40 अक्र6641 को घंटाघर क्षेत्र में शंकर बेकरी के पास से किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया है। उक्त के सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर मु0अ0सं0 52/2026 धारा 303(2) बनाम अज्ञात चोर के पंजीकृत कर विवेचना उ0नि0 श्री अमित प्रताप सिंह को आवंटित की गयी।

दिनांक 14.03.2026 को वादी श्री रजत कुमार गर्ग पुत्र नीरज कुमार गर्ग निवासी मोहल्ला वजीरबाग बहराइच द्वारा सूचना दी गयी कि उनकी मोटरसाइकिल हीरो स्पेलेंडर नम्बर वढ40अउ1051 को मोहल्ला मीराखेलपुरा से किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया है। उक्त के सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर मु0अ0सं0 57/206 धारा 303(2) बनाम अज्ञात चोर के पंजीकृत कर विवेचना उ0नि0 श्री अमित प्रताप सिंह को आवंटित की गयी दिनांक 10.03.2026 को श्री अनिल तिवारी पुत्र श्री निम्बू तिवारी निवासी ग्राम चित्रकूट नेवादा थाना रामगाँव जनपद बहराइच द्वारा सूचना दिया गया कि दिनाँक 10.03.2026 को मै अपनी बहन श्रीमती राजपता पत्नी श्री उमाकान्त तिवारी ग्राम तिवारी पुरवा जय राम जोत थाना कटरा बजार जनपद गोन्डा के घर से अपनी बहन व उसके बच्चो को साथ लेकर अपनी ई-रिक्शा से वापस अपने घर ले जा रहा था जब थाना कोलवाली नगर क्षेत्र हनुमान मन्दिर बशीर गंज मोड पर पहुंचा था कि समय करीब 8.30 बजे रात्रि को पीछे से एक मोटर साइकिल से दो व्यक्ति आये और मेरी भाँन्जी रेशू तिवारी के हाथ से एक पर्श छपट्टा मार कर लेकर चले गये पर्श मे कुछ रुपये व अन्य सामान थे। उक्त के सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर मु0अ0सं0 51/2026 धारा 304(2) बनाम अज्ञात के पंजीकृत होकर विवेचना उ0नि0 संजय कुमार को आवंटित की गयी है।

## तेज रफ्तार बस ने बाइक को मारी टक्कर हादसे में आर पी एफ जवान की मौत

बहराइच । जिले के रमागांव थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह एक तेज रफ्तार अनियंत्रित यात्री बस ने बाइक को टक्कर मार दी ।हादसे में बाइक सवार आर पी एफ जवान गंभीर रूप से घायल हो गया ।सूचना पहुंची पुलिस ने उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा जहां पर परीक्षण के बाद चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।रानीपुर थाना क्षेत्र में स्थित अचौलिया ग्राम के रहने वाले वीरेंद्र कुमार उम्र 55 वर्ष रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स में तैनात थे ।आज सुबह वो बाइक से ड्यूटी करने के लिए जिला मुख्यालय आ रहे थे ।जब वो रामगाँव थाना क्षेत्र में स्थित झींगहा घाट बाईपास के पहुंचे तभी अनियंत्रित निजी यात्री बस ने बाइक को टक्कर मार दी ।हादसे में वो गम्भीर रूप से घायल हो गए ।घटना की जानकारी पर थाना रामगांव की पुलिस ने मौके पर पहुंच उन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई ।

संक्षेप

## दलितों की पिटाई मामले में दस दिन बाद दो के खिलाफ केस दर्ज

**नसीराबाद,रायबरेली।** किसी रंजिश को लेकर दबंगों ने न सिर्फ. दलितों को बुरी तरह मारा-पीटा बल्कि उसे जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। नसीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम पूरे राई में बीते चार मार्च को पूनम पत्नी राजेन्द्र घर पर बैठी थी तभी वहां संदीप सिंह पुत्र जय सिंह बाइक से पहुंचे और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौज करते हुए विजय को लात घूंसे से मारने लगे। बीच बचाव करने दौड़ी कुसुम व धीरज, अर्जुन और शिव कुमार को भी दंबग मारने लगे। शोर शराबा सुन कर गांव वालों को एकत्र होता देख दंबग बाइक छोड़कर फरार हो गये। बाद में पीड़ित ने संदीप सिंह उर्फ सनी सिंह और अमन पाल के खिलाफ थाने में तहरीर दे दी ।पुलिस ने पीडित विजय पुत्र शिवराम की तहरीर पर संदीप सिंह उर्फ सनी सिंह पुत्र जय सिंह पुत्र निवासी पूरे गौतमन मजरे मखदूमपुर व अमन पाल पुत्र शिव मूर्ति पाल निवासी पूरे मंशा मजरे पूरे राई थाना नसीराबाद के खिलाफ एस सी एस टी एक्ट सहित भारतीय न्याय संहिता की आधा दर्जन धाराओं में केस दर्जकर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। मामले की विवेचना सीओ सलोन यदुवेंद्र बहादुर पाल को सौंपी गयी है।

## अर्पित सिंह को मिलेगा प्रदेश सेवा रत्न सम्मान

**रायबरेली।** जिले के अड़ोबर ग्राम के क्षेत्र पंचायत सदस्य अर्पित सिंह भदौरिया( बउवा सिंह ) को उनकी उत्कृष्ट समाजसेवा के लिए प्रदेश सेवा रत्न सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान 22 मार्च को आगरा में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन संकल्प मानव सेवा संस्थान द्वारा किया जा रहा है ।अर्पित सिंह भदौरिया समाज सेवा के कार्यों में निरंतर सक्रिय रहते हैं। वे अब तक 18 बार स्वेच्छा से रक्तदान कर चुके हैं और जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। उनकी इस निस्वार्थ सेवा भावना के कारण वे क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा बन गए हैं। समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें इससे पहले भी दिल्ली, अयोध्या तथा करनाल ( हरियाणा ) सहित कई स्थानों पर सम्मानित किया जा चुका है। क्षेत्र के लोगों ने इसे पूरे इलाके के लिए गर्व की बात बताते हुए उन्हें बधाई दी है।

## लाखों के जेवर चोरी

**गोसाईगंज, सुलतानपुर।** गोसाईगंज थाना क्षेत्र के गेड़ौरा गांव में शनिवार रात चोरों ने एक घर में घुसकर लाखों रुपये के जेवरात और नगदी चोरी कर ली। सुबह परिवार के लोगों के जागने पर घटना की जानकारी हुई। सूचना मिलने पर पुलिस, डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई। गेड़ौरा निवासी शोभनाथ मिश्र शनिवार रात भोजन के बाद परिवार के साथ सो रहे थे। देर रात चोर चारदीवारी फांदकर घर में घुस आए और कमरे का ताला तोड़ दिया। इसके बाद आलमारी और बक्सों के ताले तोड़कर आठ सोने की अंगूठियां, सात जोड़ी सोने के झुमके, दो सोने की चेन, तीन मंगलसूत्र, छह जोड़ी पायल और 25 हजार रुपये नगद चोरी कर फरार हो गए। रविवार सुबह जब परिजनों की नींद खुली तो कमरे में सामान बिखरा देखकर चोरी की जानकारी हुई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष राम आशीष उपाध्याय पुलिस टीम, डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए।

# सुर्खियों में है अवैध मिट्टी खनन का कारोबार

## कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह के निर्देश पर हुई जांच, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं




जिला संवाददाता (vol)

**रायबरेली।** जिले में अवैध मिट्टी खनन का मामला एक बार फिर गरमा गया है। राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के जिलाध्यक्ष सतेंद्र प्रताप सिंह ने उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह को एक शिकायती पत्र सौंपा है, जिसमें हरचंदपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा लालूपुर (मुबारकपुर), पडेरा और बैसन का पुरवा में बड़े पैमाने पर अवैध मिट्टी खनन का गंभीर आरोप लगाया गया है।

कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह ने इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए निदेशक खनन को जांच कर प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके बाद निदेशक खनन ने एक जांच कमेटी गठित की, जो मौके पर पहुंची और जांच के बाद वापस लौट गई। हालांकि, अब तक खनन करने वालों के खिलाफ कोई ठोस या प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है।

शिकायतकर्ता सतेंद्र प्रताप सिंह ने पत्र में दावा किया है कि यह अवैध खनन का कारोबार खनन माफिया और जिला खनन अधिकारी सुरेश लाकड़ा की कथित मिलीभगत से संचालित हो रहा है। उन्होंने लिखा है कि इससे न केवल सत्ताधारी पार्टी और मुख्यमंत्री की छवि खराब हो रही है, बल्कि राज्य के राजस्व को भी भारी नुकसान पहुंच रहा है।

पत्र के अनुसार, स्पिनिंग मिल में मिट्टी के वर्क ऑर्डर के नाम पर पूरे जिले में रात के समय डंपरों से मिट्टी ढोई जा रही है और प्रमुख स्थानों पर अवैध मिट्टी डाली जा रही है। इनमें सेंट पीटर स्कूल, डिडौली, सतकार होटल के बगल में, त्रिपुला शामिल हैं। डंपर ड्राइवर रात में तेज रफ्तार से वाहन चलाते हैं, जिससे सड़कों पर दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है और सड़कें जर्जर हो रही हैं। इससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यदि कोई विरोध करता है या सवाल उठाता है, तो खनन माफिया के गुर्गे खुलेआम जान से मारने की धमकियां देते हैं और कहते हैं, हमारा कोई कुछ नहीं कर सकता, खनन अधिकारी हमारे मित्र हैं।

शिकायतकर्ता ने मंत्री से अनुरोध किया है कि खनन करने वालों और जिला खनन अधिकारी सुरेश लाकड़ा की कॉल डिटेल्स की जांच कराई जाए, ताकि उनकी सांठगांठ का पदार्फाश हो सके।

जांच को प्रभावित होने से बचाने के लिए जिला खनन अधिकारी सुरेश लाकड़ा का तत्काल अन्य जनपद में स्थानांतरण किया जाए। संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए जाएं और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाए। क्षेत्र में इन माफियाओं और उनके गुंडों का खौफ इतना व्याप्त है कि लोग खुलकर बोलने से डर रहे हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि अवैध खनन से पर्यावरण को भी गंभीर नुकसान हो रहा है और राजस्व की चोरी जारी है। प्रशासन से अब प्रभावी और त्वरित कार्रवाई की उम्मीद की जा रही है।

### जिस अधिकारी पर आरोप उन्हीं को मिली जांच

रायबरेली। करणी सेना के जिलाध्यक्ष सतेंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि हमने अपनी शिकायत मे खनन अधिकारी की मिली भगत से अवैध मिट्टी खनन करने का आरोप लगाया है। जिला प्रशासन द्वारा खनन अधिकारी को ही जाँच सौंप दी गई। यदि जाँच खनन अधिकारी द्वारा की जाएगी तो निष्पक्ष जाँच नही हो पायेगी। श्री सिंह ने जिलाधिकारी से मांग की है कि अवैध खनन की जाँच खनन अधिकारी से न कराकर किसी अन्य अधिकारी से कराई जाये।

## छात्रों ने ग्रामीणों को किया जागरूक

**सुलतानपुर।** महात्मा गांधी स्मारक महाविद्यालय, कूरेभार, सुलतानपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सप्तदिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। शिविर के अंतिम दिन छात्र-छात्राओं द्वारा ग्रामीणों को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को साइबर अपराध के विभिन्न प्रकारों, उनसे होने वाले नुकसान तथा उनसे बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। छात्र-छात्राओं ने ग्रामीणों को बताया कि आज के डिजिटल युग में साइबर ठगी, फर्जी कॉल, ओटीपी फ्रॉड, फिशिंग और सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में लोगों को सतर्क रहने की आवश्यकता है। स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को सलाह दी कि वे अपने बैंक खाते, एटीएम और ओटीपी की जानकारी किसी भी अनजान व्यक्ति से साझा न करें। साथ ही अनजान लिंक पर क्लिक करने और संदिग्ध वेबसाइटों पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी देने से बचें। उन्होंने यह भी बताया कि यदि कोई व्यक्ति साइबर अपराध का शिकार होता है तो उसे तुरंत पुलिस या साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज करानी चाहिए।

## अरविंद कुमार राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा आयोग के उप्र कार्यकारी अध्यक्ष बने

**अमेठी।** राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा आयोग ने एक महत्वपूर्ण घोषणा की है। आयोग ने वरिष्ठ पत्रकार अरविंद कुमार श्रीवास्तव को तत्काल प्रभाव से उत्तर प्रदेश का कार्यकारी अध्यक्ष और प्रवक्ता मनोनीत किया है। यह मनोनयन राष्ट्रीय अध्यक्ष निशिकांत राय के निदेर्शानुसार हुआ है।



प्रदेश अध्यक्ष जीवन झा की सलाह भी इस निर्णय में शामिल रही। अमेठी निवासी अरविंद कुमार श्रीवास्तव को पत्रकारिता का पैंतीस वर्षों का लंबा अनुभव है। उन्होंने स्वतंत्र भारत, राष्ट्रीय सहारा, हिंदुस्तान और पायनियर जैसे प्रमुख समाचार पत्रों में कार्य किया है। इसके अतिरिक्त, वे डिजिटल माध्यम में भी सक्रिय रहे हैं। आयोग का मानना है कि श्रीवास्तव की मजबूत राजनीतिक पकड़ है। यह पकड़ उत्तर प्रदेश के पत्रकारों के लिए विशेष रूप से उपयोगी सिद्ध होगी। आयोग ने सभी पत्रकार साथियों से संगठन को मजबूती प्रदान करने की आशा व्यक्त की है। राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा आयोग को अरविंद कुमार श्रीवास्तव से पूर्ण विश्वास है। आयोग अपेक्षा करता है कि वे सभी पत्रकारों के सुख-दुख में सदैव तत्पर रहेंगे। इससे संगठन को एक परिवार की तरह मजबूती मिलेगी। उनका अनुभव और नेतृत्व संगठन के लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायक होगा।

## डॉ.संजय सिंह व डॉ.अमिता सिंह के होली मिलन समारोह में बड़ी संख्या में लोग हुए शामिल

**अमेठी।** रविवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ संजय सिंह व पूर्व मंत्री डॉ अमीता सिंह द्वारा अमेठी के ददन सदन परिसर में एक भव्य होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के सम्मानित नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए और एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दिए। होली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री डॉ अमीता सिंह ने कहा कि, हम अमेठी के हर घर को 4 पीढ़ियों से जानते हैं। हमने हमेशा से सभी का ध्यान रखा है और आगे चुनाव जीतने के बाद भी हम सबका ध्यान रखेंगे। पूर्व मंत्री डॉ अमीता सिंह ने कहा कि, हम अमेठी के हित मे अपने अंतिम सांस तक प्रयास करते रहेंगे। हम लोगों ने इसी अमेठी में 5 से 6 हजार लोगों को नौकरी दिलाई। डॉ अमीता सिंह ने कहा कि, आज आलू दिए जा रहे हैं सबको, कि लोग हमको अगले चुनाव में वोट दें, कुछ लोग क्या थे जब शुरू किए थे और आज क्या हो गए, सुनने में आता है यहां प्रॉपर्टी है, वहां प्रॉपर्टी है। जो लोग कह रहे हैं कि राजतंत्र खत्म करेंगे, एक बार अपना इतिहास पढ़िए, तब राजतंत्र की बात करिए, आलू देकर कोई विधायक नहीं बन सकता, जनता ने बहुत देख लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ संजय सिंह ने कहा कि टाइगर जिंदा तो है ही, 72 साल का होने के बाद भी बूढ़ा बिल्कुल नहीं है, इसलिए बूढ़ा नहीं है क्योंकि अमेठी की जनता का प्रेम और भावनाएँ साथ हैं। अमेठी के लिए जो राजर्षि रणंजय सिंह ने सपना देखा था, उसे हम पूरा कर रहे हैं। वो कहते थे कि विकास करना हो वहां पर शिक्षण संस्थाओं का विकास करना चाहिए, अब तक 22 लाख से ज्यादा स्नातक आरआरपीजी से निकल चुके हैं, अगर आधे को भी नौकरी मिली होगी तो करीब 10 लाख को नौकरी मिली। कभी किसी की जाति नही देखी, सिर्फ अमेठी का पता देखकर हजारों लोगों को नौकरी दिलाया। डॉ संजय सिंह ने कहा कि अमेठी की सेवा जीवन भर अंतिम सांस तक करते रहेंगे।

## गोमती मित्रों ने की गोमती तट की सफाई



**सुलतानपुर।** मां गोमती की निर्मलता और सीताकुंड धाम की पवित्रता बनाए रखने के उद्देश्य से गोमती मित्रों का स्वच्छता अभियान लगातार जारी है। पिछले 13 वर्षों से बिना थके और बिना रुके गोमती मित्र हर रविवार श्रमदान कर धार्मिक स्थलों की साफ-सफाई और जन जागरूकता का संदेश दे रहे हैं। उनका संकल्प है कि सीताकुंड धाम उत्तर प्रदेश के प्रमुख धार्मिक स्थलों में अपनी विशिष्ट पहचान बनाए और मां गोमती की जलधारा निर्मल व अविरल बनी रहे। रविवार को भी प्रातः 6 बजे से गोमती मित्रों ने तीन घंटे तक लगातार श्रमदान कर सीताकुंड धाम परिसर और सीता उपवन क्षेत्र की व्यापक साफ-सफाई की। इस अभियान में पचास से अधिक गोमती मित्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अब नगरवासी भी इस अभियान से प्रेरित होकर श्रमदान में सहयोग देने लगे हैं, जिससे गोमती मित्रों का उत्साह और बढ़ रहा है। हर रविवार शाम को मां गोमती की आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति भी इस अभियान के प्रति लोगों के बढ़ते समर्थन को दशार्ती है। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह, प्रबंधक राजेंद्र शर्मा, प्रवक्ता रमेश माहेश्वरी, युवा मंडल अध्यक्ष अजय वर्मा, सेनजीत कसौधन दाऊ, अजय प्रताप सिंह, मुन्ना सोनी, मुन्ना पाठक, दिनकर सिंह, राकेश सिंह दद्दू, राकेश मिश्रा, अजीत शर्मा, अमित दीपू, ओम प्रकाश पांडे, अरुण गुप्ता, आलोक तिवारी, सत्यम सिंह, सौरभ गुप्ता, सुजीत कसौधन, अर्जुन यादव, अभय मिश्रा सहित कई गोमती मित्र मौजूद रहे।

# जमीन के विवाद में चलीं गोलियां मारपीट में 12 से अधिक घायल

**सुलतानपुर।** अखंडनगर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव में रविवार को जमीनी विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया। दो पक्षों के बीच हुए विवाद में जमकर मारपीट और फायरिंग की घटना सामने आई, जिसमें आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों में चार लोगों को गोली लगने की आशंका जताई जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार गांव में जमीन को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा था और मामला न्यायालय में विचाराधीन है। आरोप है कि संजीत यादव पुत्र रामदीन समेत कुछ लोग विवादित जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे। इसका विरोध करने पर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और देखते ही देखते विवाद बढ़ गया। पहले कहासुनी हुई, फिर लाठी-डंडे चलने लगे। इसी दौरान कुछ लोगों द्वारा असलहे से फायरिंग किए जाने की भी बात सामने आई, जिससे पूरे गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना में घायल लोगों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अखंडनगर पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद छह घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल अंबेडकरनगर रेफर कर दिया गया। चिकित्सकों के अनुसार कुछ घायलों की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है और गोली लगने की संभावना की भी जांच की जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और स्थिति को नियंत्रित किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक चारु निगम



भी घटनास्थल पर पहुंचीं और पूरे प्रकरण की जानकारी ली। गांव में किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों से तहरीर मिलने के बाद मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी तथा घटना की जांच जारी है।

**थानाध्यक्ष अखंडनगर सस्पेंड :** थाना अखण्डनगर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कल्यानपुर में हुई मारपीट व फायरिंग की घटना को लेकर एसपी चारु निगम पुलिस की कार्यशैली से काफी नाराज हैं ।प्रकरण में कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही पाए जाने पर थाना प्रभारी अखण्डनगर को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया। साथ ही क्षेत्राधिकारी कादीपुर एवं थाना प्रभारी अखण्डनगर द्वारा कार्य में शिथिलता बरतने के सम्बन्ध में जांच एएसपी अखंड प्रताप को सौंपी गई है।

## दारोगा भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

**कूरेभार, सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा उप निरीक्षक नागरिक पुलिस व समकक्ष पदों की भर्ती के लिए आयोजित लिखित परीक्षा रविवार को कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। कूरेभार स्थित जनता इंटरमीडिएट कॉलेज परीक्षा केंद्र पर दूसरे दिन भी परीक्षा दो पालियों में कराई गई। केंद्र प्रभारी संचालन डॉ. संतोष कुमार सिंह ने बताया कि पहली पाली में 240 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 175 उपस्थित रहे जबकि 65 अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली में भी 240 अभ्यर्थियों का पंजीकरण था, जिनमें 179 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी और 61 अनुपस्थित रहे। इससे पहले शनिवार को भी इसी केंद्र पर दो पालियों में परीक्षा आयोजित की गई थी ।परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों को कड़ी जांच और पहचान सत्यापन के बाद ही प्रवेश दिया गया। केंद्र पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे, जिससे परीक्षा निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न हो सके। विभिन्न शहरों से बड़ी संख्या में अभ्यर्थी परीक्षा देने पहुंचे। पुलिस भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष एस.बी. शिरडकर ने कहा कि परीक्षा से जुड़ी भ्रामक सूचनाएं फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। केंद्राध्यक्ष राकेश मणि पाण्डेय, स्टैटिक मजिस्ट्रेट सुश्री चित्रा वर्मा और सुरक्षा प्रभारी राकेश कुमार मौर्या सहित सभी अधिकारियों ने अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए परीक्षा को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया।

# नमामि गंगे जल जीवन मिशन के तहत पानी की टंकी का हुआ उद्घाटन



**जगदीशपुर, अमेठी।** नमामि गंगे जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत विकासखंड जगदीशपुर क्षेत्र के पूरबगांव में निर्मित पानी की टंकी का रविवार को जिला पंचायत सदस्य विक्रम सिंह विक्की द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत उन्होंने दीप प्रज्वलित कर की। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद रहे ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विक्रम सिंह विक्की ने कहा कि केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना नमामि गंगे जल जीवन मिशन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि इस योजना से अब गांवों में लोगों को स्वच्छ और सुरक्षित पानी उपलब्ध हो रहा है, जिससे जलजनित बीमारियों से भी बचाव संभव होगा ।उन्होंने कहा कि उन्होंने स्वयं इस योजना के तहत उपलब्ध कराए जा रहे पानी की गुणवत्ता की जांच की है और यह पानी वाटर प्यूरीफायर ( आरओ ) जैसा साफ और स्वादिष्ट प्रतीत होता है। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रही है।

विक्रम सिंह विक्की ने संबंधित अधिकारियों और कार्यदांयी संस्था के प्रतिनिधियों से गांव में जहां-जहां इंटरलॉकिंग क्षतिग्रस्त है, उसे शीघ्र ठीक कराने के निर्देश भी दिए, ताकि ग्रामीणों को आवागमन में कोई असुविधा न हो। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को जल संरक्षण और पानी के सदुपयोग के लिए शपथ भी दिलाई गई। उन्हें बताया गया कि जल जीवन मिशन की सफलता तभी संभव है जब सभी लोग पानी का उपयोग सोच-समझकर करें और इसका दुरुपयोग न होने दें। बताया गया कि पूरबगांव स्थित इस जलापूर्ति योजना के तहत करीब 670 घरों को पानी का कनेक्शन दिया गया है। इस परियोजना के संचालन के लिए लगभग 27 किलोवाट का सोलर सिस्टम लगाया गया है।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में करियर काउंसलिंग व विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित

**महराजगंज, रायबरेली।** जवाहर नवोदय विद्यालय, बल्ला, रायबरेली में बैगलेस कार्यक्रम के अंतर्गत कृत्रिम बुद्धिमत्ता और साइबर सुरक्षा विषय पर एक विशेषज्ञ कार्यशाला का आयोजन किया गया। साथ ही विद्यार्थियों के लिए करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता प्रीति सिंह, सहायक प्रोफेसर, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग,फिरोज गांधी इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी रायबरेली रहीं। अपने व्याख्यान में उन्होंने विद्यार्थियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता, साइबर सुरक्षा तथा आधुनिक तकनीकी क्षेत्रों में उपलब्ध करियर संभावनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को डिजिटल युग में तकनीक के सुरक्षित उपयोग, साइबर अपराधों से बचाव तथा तकनीकी शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया। साथ ही छात्रों को अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार भविष्य की तैयारी करने के लिए प्रेरित किया ।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भीम व्रत सिंह, उप-पंजीयक, बलरामपुर उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर परिश्रम और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया तथा विभिन्न प्रशासनिक व सरकारी सेवाओं में उपलब्ध अवसरों के बारे में भी जानकारी दी ।इस अवसर पर डॉ. डी. के. सिंह, प्रोफेसर, बांदा यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एवं टेक्नोलॉज बाँदा ने भी विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कृषि एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उपलब्ध संभावनाओं के बारे में जानकारी दी। यह कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसपी त्रिपाठी एवं उपप्राचार्य डॉ. यज्ञनाथ के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक ओपी सिंह, कार्यक्रम संयोजक मनोज कुमार पांडेय, एमएन तिवारी, शिवम अवस्थी, अभय त्रिपाठी धीरज प्रताप सिंह, दिनेश दुबे विद्या भूषण गुप्ता, प्रमोद कुमार, शशि सिंह, आरएफ रसूल सहित अन्य शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## सपा के प्रदेश सचिव डॉ. शशिकान्त शर्मा के नेतृत्व में रोजेदारों संग किया गया इफ्तार



**रायबरेली।** पवित्र रमजान माह के अवसर पर शनिवार को शहर में सामाजिक सौहार्द और भाईचारे का संदेश देते हुए भव्य दावत-ए-इफ्तार कार्यक्रम का अयोजन समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव एवं न्यू स्टैंडर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स के संस्थापक प्रबंधक डॉ. शशिकान्त शर्मा द्वारा किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में रोजेदारों, गणमान्य नागरिकों और विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में रोजा खोलने से पूर्व सभी ने एक साथ बैठकर देश और समाज में अमन-चैन तथा तरक्की की दुआ की ।इसके बाद रोजेदारों ने खजूर और अन्य पकवानों के साथ इफ्तार किया। कार्यक्रम के आयोजक डॉ. शशिकान्त शर्मा ने कहा कि रमजान का पवित्र महीना हमें इंसानियत, सेवा और आपसी भाईचारे का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में प्रेम सौहर्द एवं सद्भाव की भावना और अधिक मजबूत होती है ।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने रमजान के पवित्र महीने की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह माह संयम, त्याग और मानवता की सेवा का संदेश देता है और डॉ शर्मा ने इफ्तार कार्यक्रम के माध्यम से आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता को मजबूत करने का प्रयास किया है, साथ ही रोजेदारों ने डॉ शर्मा को इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए मुबारकबाद दी और परिवार की उन्नति के लिए दुआ की। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता तथा शहर के विभिन्न वर्गों के सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने एक-दूसरे को रमजान की मुबारकबाद देते हुए आपसी सद्भाव और एकता को बनाए रखने का संकल्प लिया और एक-दूसरे से गले मिलकर शुभकामनाएं दीं।

## सभी समस्याओं का एकमात्र समाधान है रामचरितमानस : सिद्ध सदन रिछारिया

**सलोन, रायबरेली।** श्री रामचरितमानस सभी समस्याओं का एकमात्र समाधान है। इस धर्मग्रंथ के अध्ययन और उसके अनुकरण से मनुष्य का जीवन सार्थक बनता है तथा जीवन की विभिन्न समस्याओं का समाधान भी मिलता है। कस्बे के रामलीला ग्राउंड में चल रहे पांच दिवसीय रामचरितमानस सम्मेलन के दूसरे दिन मानस प्रवक्ता सिद्ध सदन रिछारिया ने श्रीराम कथा का व्याख्यान करते हुए यह बातें कहीं। उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि मानस में वर्णन मिलता है कि विश्व के दुर्दांत आतंकी रावण का अंत भी भगवान श्रीराम की नीति और धर्म के मार्ग से हुआ था। उन्होंने मिथिला प्रसंग का उल्लेख करते हुए माता जानकी के आदर्श चरित्र का भी विस्तार से वर्णन किया ।कथा वाचक देवेंद्र जी रामायणी ने श्रीराम कथा का वर्णन करते हुए कहा कि श्रीराम कथा विश्व कल्याणकारी और लोकमंगलकारी है। प्रभु श्रीराम के आचरण और व्यवहार को अपनाने से जीवन आनंदमय हो जाता है। उन्होंने कहा कि श्रीराम कथा के श्रवण से मन का शुद्धिकरण होता है, संशय दूर होता है और मन में शांति व मुक्ति की अनुभूति होती है ।मानस वक्ता अशोक जी शास्त्री ने कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम ने अपने शील और सदाचार से अयोध्यावासियों का दिल जीता तथा पराक्रम के बल पर लंका में विजय प्राप्त की। उन्होंने कहा कि श्रीराम के बहुआयामी व्यक्तित्व का मानस में अत्यंत सुंदर चित्रण किया गया है ।वरिष्ठ मानस वक्ता रामकिशोर तिवारी ने कहा कि भाइयों के बीच बैर विनाश का सबसे बड़ा कारण बनता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि बालि और सुग्रीव के आपसी विवाद के कारण ही बालि को अपने प्राण गंवाने पड़े। इसी प्रकार रावण ने अपने भाई विभीषण की सीख नहीं मानी और अधर्म के मार्ग पर चलता रहा, जबकि विभीषण ने भगवान श्रीराम के आदर्शों से प्रेरित होकर धर्म का साथ दिया, जिससे अंततः रावण का सर्वनाश हो गया।

# समाज की उन्नति के लिए शिक्षा और एकजुटता अहम

**लखनऊ।** पटवा महासभा द्वारा सरोजिनी नगर स्थित राज बब्बर गेस्ट हाउस में हर्षोल्लास के साथ सामाजिक समरसता का महापर्व होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच बच्चों द्वारा मनमोहक गीत, नृत्य एवं अन्य प्रस्तुतियां ने माहौल को उत्साह और उल्लास से भर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पटवा महासभा द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाओं के साथ समाज में प्रेम व सौहार्द बनाए रखने का संदेश दिया।



समारोह को संबोधित करते हुए किंज जॉर्ज मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक डॉ. पंकज पटवा ने अपने उद्बोधन में समाज की एकता, शिक्षा और आपसी सहयोग पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज के विकास का सबसे महत्वपूर्ण आधार है। यदि समाज के लोग शिक्षित और जागरूक होंगे तो वे हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। डॉ. पंकज पटवा ने कहा कि समाज के लोगों को अपने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए तथा नई पीढ़ी को अच्छे संस्कार और बेहतर मार्गदर्शन देना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे सामाजिक कार्यक्रमों से लोगों के बीच आपसी मेल-मिलाप बढ़ता है और समाज को आगे बढ़ाने के लिए नई ऊर्जा मिलती है। वहीं समारोह में पटवा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद पटवा ने कहा कि हमारा एक उद्देश्य समाज के योग्य युवक-युवतियों के लिए उपयुक्त जीवनसाथी खोजने में परिवारों की सहायता करना भी है। उन्होंने सभी समाज बंधुओं से संगठन को मजबूत बनाने और समाज के विकास में सहयोग देने की अपील की। पटवा महासभा के प्रदेश महामंत्री अशोक पटवा ने कहा कि समाज में अभी भी जागरूकता का अभाव है और शिक्षा के क्षेत्र में विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जब तक समाज के लोग शिक्षित और जागरूक नहीं होंगे, तब तक सामाजिक और आर्थिक विकास संभव नहीं है। उन्होंने युवाओं और अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान दें और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने युवाओं को समाज की प्रगति में आगे आकर योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि डॉ. अजय पटवा, राम लखन पटवा, विनोद पटवा, रामजी पटवा, अशोक पटवा, धर्मेश पटवा, दीपक पटवा, नीलेश पटवा, सतीष पटवा, धर्मेंद्र पटवा, संतोष पटवा, राकेश पटवा, कुलदीप पटवा समेत तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## चाचा नेहरू इंटर कॉलेज में प्रवेश परीक्षा संपन्न

**कूरेभार, सुलतानपुर।** कूरेभार शिक्षा क्षेत्र के चाचा नेहरू इंटर कॉलेज मीरामानिक में रविवार को कक्षा 9 और 11 की प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। इस वर्ष बड़ी संख्या में छात्रों ने आवेदन किया था, जिससे परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों और अभिभावकों में उत्साह देखा गया ।प्रवेश परीक्षा के लिए कुल 1480 विद्यार्थियों ने आवेदन किया था, जिनमें से 1084 छात्र परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा के दौरान विद्यालय परिसर में अनुशासन और व्यवस्था बनाए रखने के लिए शिक्षकों और कर्मचारियों की विशेष ड्यूटी लगाई गई थी। परीक्षा निर्धारित समय पर शुरू हुई और सभी परीक्षार्थियों ने शांतिपूर्वक इसे संपन्न किया ।विद्यालय प्रबंधक मिर्जा अल्ताब बेग ने बताया कि परीक्षा परिणाम 22 मार्च को घोषित किया जाएगा। उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के बाद सफल विद्यार्थियों को विद्यालय में प्रवेश का अवसर मिलेगा। विद्यालय प्रबंधक मिर्जा अल्ताब बेग ने बताया कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया जाएगा। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र को 5100 रुपये, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 3100 रुपये और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को 2100 रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी ।विद्यालय के प्रधानाचार्य ने परीक्षा के सफल आयोजन में सभी शिक्षकों और कर्मचारियों के सहयोग की सराहना की।

संक्षेप

## डीएम ने की 27 ग्राम प्रहरियों की नियुक्ति

**मथुरा।** डीएम चंद्र प्रकाश सिंह ने 27 ग्राम प्रहरी (चौकीदार) की नियुक्ति की है। इसके तहत ग्राम पंचायत स्यारा में अशोक सिंह, ग्राम पंचायत बिलौडा में ईशपाल, ग्राम पंचायत हाथिया में बुगल सिंह, उझानी में परमानन्द, हुसैनी में सीताराम, भगौसा शिवसिंह, पुरा में पूरन सिंह, देवसेरस में आरिफ, जगदीशपुर में यशवेन्द्र सिंह, शिवाल में मुरारी, तेहरा मांट में राकेश, आन्यौर में छैलू, सकरवा में पप्पू, बदनगढ लौहरवारी में गंगाराम, गुडेरा में ओमप्रकाश, थोक कमल में वीरेन्द्र, चैकीपुरा कलां में विष्णु बाल्मीकी, गांजोली में मुकेश कुमार बाल्मीकी, सरूरपुर में लक्ष्मण, गढी रामवल में हरेन्द्रपाल सिंह, ओल में ओमप्रकाश, रायपुर बांगर में वीरेन्द्र सिंह, आंगई में प्रवीन कुमार, सराय सालवाहन में प्रीति देवी, महरौली में सुक्कन, मिरताना में जितेन्द्र कुमार, जावरा में विजयपाल को नियुक्त किया गया है।

## कड़ी सुरक्षा में एसआई भर्ती परीक्षा संपन्न

**मथुरा।** एसआई भर्ती परीक्षा मथुरा जनपद में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कराई गयी। रविवार को जनपद मथुरा में चल रही उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा 2025 के दृष्टिगत पुलिस उपमहानिरिक्षक आगरा परिक्षेत्र, आगरा शैलेश पांडेय व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार द्वारा परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर सीसीटीवी कैमरों, सुरक्षा घेरे और प्रवेश प्रक्रिया का जायजा लिया गया। जिसका उद्देश्य परीक्षा को पूरी तरह नकल विहीन, पारदर्शी और शांतिपूर्ण संपन्न कराना है। केंद्र व्यवस्थापकों को सख्त हिदायत दी गई कि सुरक्षा मानकों में कोई ढिलाई न हो और बायोमेट्रिक सत्यापन कडाई से किया जाए। केंद्रों के बाहर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। रविवार को हुई परीक्षा में पहली पारी में 1391 परीक्षी अनुपस्थित रहे जबकि उपस्थित प्रतिशत 76.82 रहा व दूसरी पाली में 1301 परीक्षी अनुपस्थित रहे जबकि उपस्थिति 78.32 प्रतिशत रहा।

## पार्षद पुत्री ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**मथुरा।** थाना जैत क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नगला रामताल में रविवार दोपहर एक 21 वर्षीय युवती ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका वर्तमान पार्षद नेम सिंह उर्फ पप्पू की पुत्री थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, रविवार दोपहर करीब 2:00 बजे नगला रामताल निवासी और वर्तमान पार्षद नेम सिंह उर्फ पप्पू की पुत्री सोनम कुमारी (21) ने अपने कमरे में पंखे से दुपट्टे का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय परिवार के लोग घर पर ही मौजूद थे। आनन-फानन में इसकी सूचना थाना जैत पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक उमेश चन्द्र त्रिपाठी और उपनिरीक्षक दुष्यंत कौशिक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लेने की प्रक्रिया शुरू की। परिजनों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की विधिक कार्रवाई में जुटी है। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। प्रभारी निरीक्षक उमेश चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, शव का पंचनामा की कार्रवाई की गई है। परिजन ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया है। फिलहाल मौके पर शांति व्यवस्था कायम है और कानून व्यवस्था संबंधी कोई समस्या नहीं है।

# यूपी दरोगा भर्ती 2026: 22 लाख में पेपर पास कराने का ठेका



**मथुरा(मधुसूदन शर्मा)।** उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस की परीक्षा में फर्जीवाड़े और नकल कराने की साजिश रचने वाले एक गिरोह का एसटीएफ ने पर्दाफाश किया है। एसटीएफ मेरठ की फील्ड यूनिट ने शनिवार रात थाना राया क्षेत्र से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जो अभ्यर्थियों से मोटी रकम लेकर उन्हें अनुचित साधनों (ब्लूटूथ डिवाइस) से परीक्षा पास कराने का लालच दे रहा था।

मेरठ एसटीएफ फील्ड यूनिट के उपनिरीक्षक संजय कुमार को बीतीरात सर्विलांस और मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली थी कि ग्राम हवेली राया निवासी अनुज कुमार कस्बा राया में अपने साथी से मिलने आने वाला है और अभ्यर्थियों को नकल कराने के लिए सौदेबाजी कर रहा है। सूचना के आधार पर एसटीएफ टीम ने बलदेव रोड स्थित रजनी लाइब्रेरी के पास घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी अनुज कुमार पुत्र प्रेम सिंह निवासी ग्राम हवेली राया ने बताया कि वह गोपाल रावत नाम के व्यक्ति के संपर्क में था। गोपाल रावत अभ्यर्थियों को परीक्षा पास कराने के लिए प्रति अभ्यर्थी 22 लाख रुपये में सौदा तय करता था। योजना के तहत परीक्षा केंद्र पर ब्लूटूथ डिवाइस उपलब्ध कराकर बाहर से प्रश्नों के उत्तर बताने की तैयारी थी। एसटीएफ ने आरोपी के पास से कई अहम साक्ष्य एकत्रित किए हैं, जिनमें मुख्य रूप से वनप्लस स्मार्टफोन में अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड और व्हाट्सएप चैट मौजूद है। यूपी पुलिस भर्ती समेत विभिन्न परीक्षाओं के आधा दर्जन एडमिट कार्ड बरामद है। व्हाट्सएप पर 8 महत्वपूर्ण चैट और लेनदेन के डिजिटल सबूत पुलिस को मिले है। थाना राया में आरोपी अनुज कुमार, गोपाल रावत और अन्य अज्ञात साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। एसटीएफ के उपनिरीक्षक संजय कुमार से हुई बातचीत में उन्होंने बताया मुख्य आरोपी गोपाल रावत व अन्य सॉल्वर गैंग के सदस्यों की तलाश में टीम लगी हुई है। जल्द ही गिरफ्तार कर सॉल्वर गैंग का खुलासा किया जायेगा

एसटीएफ ने आरोपी के पास से मोबाइल बरामद किया है। इसमें अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड और व्हाट्सएप चैट व अन्य परीक्षाओं के कुल छह एडमिट कार्ड एवं व्हाट्सएप पर आठ महत्वपूर्ण चैट और ट्रांजेक्शन के विवरण बरामद किए है। टीम ने थाना राया में आरोपी अनुज कुमार, गोपाल रावत और उनके अन्य अज्ञात साथियों के खिलाफ उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अध्यादेश 2024 की धारा 11(6), 11(7) और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं (318(4), 338, 336(3), 61(2)) के तहत मामला दर्ज किया गया। फिलहाल मुख्य आरोपी गोपाल रावत फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

## इंस्टाग्राम पर पुलिस को गालियां देने वाली युवती का वीडियो वायरल

**फिरोजाबाद।** थाना शिकोहाबाद क्षेत्र के ग्राम डाहिनी की युवती मुस्कान यादव द्वारा सोशल मीडिया पर पुलिस के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए एक वीडियो अपलोड किए जाने का मामला चर्चा का विषय बन गया है। युवती मुस्कान यादव का करीब 4 मिनट 18 सेकेंड का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह शिकोहाबाद और फिरोजाबाद पुलिस को लेकर अपशब्द बोलती दिखाई दे रही है। बताया जा रहा है कि यह वीडियो युवती ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपलोड किया था। वीडियो सामने आने के बाद कई लोगों ने इसे अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर किया और इस पर कार्रवाई की मांग उठाई। कुछ लोगों ने इसे ट्विटर एक्स पर पोस्ट कर प्रशासन से शिकायत भी की है।

सूत्रों के अनुसार, युवती और उसके परिवार द्वारा थाना शिकोहाबाद में 10 से अधिक तहरीरें दी जा चुकी हैं। इन तहरीरों में अलग-अलग आरोप लगाए गए हैं। पिता ने अपने ऊपर हमला और मारपीट का आरोप लगाया। युवती मुस्कान ने पहले रास्ते में मारपीट और बाद में दूसरी तहरीर में छेड़खानी की शिकायत दी,युवती की मां ने अलग तहरीर देकर मंगलसूत्र लूटने का आरोप लगाया है। एक ही विवाद में अलग-अलग प्रकार के आरोपों के चलते पुलिस भी उलझन में बताई जा रही है कि किस आधार पर कार्रवाई की जाए।

सूत्रों का कहना है कि युवती ने खुद को 17 वर्ष का बताते हुए चार युवाओं के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करने का दबाव भी बनाया है। एक माह बीत जाने के बावजूद पुलिस अभी तक युवती की वास्तविक उम्र का पता नहीं लगा सकी है। जानकारी के अनुसार, इस युवती के खिलाफ थाना शिकोहाबाद में एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज हुआ था। इस मामले में प्रवीण कुमार तिवारी क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद द्वारा जांच के बाद फाइनल रिपोर्ट एफआर लगा दी थी और उल्टा वादी को फंसाने की साजिश रची थी जिस पर डीजीपी के आदेश पर सीओ के जांच एसपी ग्रामीण अनुज चौधरी कर रहे है। सीओ द्वारा एफआर लगाने के बाद युवती का मनोबल बढ़ा है। और वह पुलिस के अलावा अन्य को भी गाली दे रही है।

वीडियो वायरल होने के बाद क्षेत्र में लोगों के बीच यह सवाल उठ रहा है कि पुलिस को खुलेआम गालियां देने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई क्यों नहीं हुई। वीडियो ट्वीटर व फेसबुक पर मौजूद है। फिरोजाबाद में दर्जनों व्हाट्सएप ग्रुप में भी डाला गया है उसके बाद भी पुलिस मौन क्यों।

## विधायक ने किया 6 किमी सर्विस रोड के नवीनीकरण कार्य का भूमि पूजन



**टूंडला।** विधानसभा टूंडला के गांव जोधरी की पुलिया से मोहम्मदी गांव के फिरोजाबाद रजवाहा के लगभग छः किलोमीटर सर्विस रोड के नवीनीकरण कार्य का भूमि पूजन विधायक प्रेमपाल सिंह धनगर ने किया। इस दौरान विधायक प्रेमपाल सिंह धनगर ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा समूचे प्रदेश में विकास की गंगा बहाने का कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री को मेरे द्वारा टूंडला विधानसभा के विकास हेतु अधिक से अधिक सड़कों के निर्माण के प्रस्ताव दिए जाते है अधिकतर मुख्यमंत्री द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाती है। विधानसभा का एक भी गांव या मजरा विकास से अछूता रहेगा जिन गांव में सड़कों का निर्माण नहीं हुआ है उनके प्रस्ताव मेरे द्वारा बना लिए गए हैं और अतिशीघ्र मुख्यमंत्री द्वारा उक्त सड़कों के निर्माण कार्य हेतु धनराशि स्वीकृत की जाएगी उन्होंने कहा कि टूंडला विधानसभा के प्रत्येक गांव में प्रकाश हेतु सेमी हाईमास्ट लाइटें लगाई जा रही हैं और अधिकतर गांवों में उक्त लाइटें लग जा चुकी हैं। अतिशीघ्र क्षेत्रीय लोगों को पीने हेतु गंगा जल उपलब्ध होगा उक्त योजना पर निरन्तर कार्य चल रहा है। विधायक ने कहा कि विपक्षी दलों द्वारा अफवाहें फैलाई जा रही हैं कि प्रदेश में रसोई गैस की किल्लत हो गई है अतः आप सभी लोगों से आग्रह है कि उक्त गलत अफवाहों से बचने का कार्य करें प्रदेश में रसोई गैस की किल्लत कहीं भी नहीं हैं। इस दौरान महेश पाल सिंह, जंगपाल सिंह, भाजपा एससी मोर्चा बृजक्षेत्र सहप्रभारी रामतीर्थ सिंह चक, जिला मंत्री संजय सिंह परमार, युवा मोर्चा जिला महामंत्री लोकेश जादौन, तरुण शर्मा, पुष्पेंद्र पाल सिंह, प्रधान नृपेन्द्र पाल सिंह, प्रधान इस्लाम खान, टिंकू दिवाकर, गवेंद्र शर्मा देवेन्द्र बघेल, रमेश कुमार बघेल, योकेश चक, सहित क्षेत्र के अनेकों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## सफाई कर्मचारियों की हड़ताल से ताज के आसपास लगा कचरे का ढेर

**आगरा।** आगरा स्मार्ट सिटी के ताजगंज क्षेत्र में आने वाले नौ वार्ड में शनिवार को कूड़ा उठान नहीं हुआ। इससे स्थानीय लोगों से लेकर सैलानियों तक को सड़क से लेकर घरों तक में गंदगी का सामना करना पड़ा। नगर निगम के सेनिटरी इंस्पेक्टर और सफाई नायक के बीच हुई मारपीट के बाद कर्मचारियों की हड़ताल के बीच आला अधिकारी दिनभर ताजगंज जोनल कार्यालय पर डटे रहे लेकिन कर्मचारी नहीं माने। नगर आयुक्त के मुलाकात न करने के बाद सफाई कर्मियों ने रविवार को भी हड़ताल जारी रखने का एलान किया है। दरअसल, शुक्रवार दोपहर एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें ताजगंज जोनल कार्यालय के नजदीक सेनिटरी इंस्पेक्टर लक्की शर्मा और सफाई कर्मी बॉबी वाल्मीकि एक दूसरे से मारपीट करते हुए दिख रहे थे। वीडियो वायरल होने के बाद सफाई कर्मियों ने आरोप लगाया कि ड्यूटी लगाने व काटने के नाम पर शर्मा भ्रष्टाचार कर रहे हैं। आरोपों और सोशल मीडिया पर हो रही बदनामी के बीच नगर निगम के आला अधिकारियों ने चुप्पी साध ली। इंस्पेक्टर पर कार्रवाई न होने और सिर्फ सफाई कर्मियों को मुख्यालय से संबद्ध करने से भड़के कर्मचारी नेताओं ने शनिवार को सुबह से ही सिर्फ नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल से बात करने पर अड़े रहे। कर्मचारी नेताओं विनोद इलाहाबादी, हरि बाबू वाल्मीकि, श्याम कुमार करुणेश, दिलीप, मोहन गुलजार, सूरज पहलवान, राकेश साहू आदि ने कहा मारपीट करने वालों पर प्राथमिकी दर्ज करने के साथ ही भ्रष्टाचार के मामले की जांच की जाए। साथ ही सिर्फ कर्मचारियों पर नहीं बल्कि जिनकी गलती है, उनपर कार्रवाई हो। सहायक नगर आयुक्त अशोक प्रिय गौतम व नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव वर्मा ने प्रयास किया लेकिन बात नहीं बनी। इसी के बाद नाराज कर्मचारी नेताओं ने रविवार को भी हड़ताल जारी रहने का एलान कर दिया। ताजमहल देखने के लिए देश-विदेश से लोग आगरा के ताजगंज क्षेत्र में खासकर आते हैं। इसी वजह से नगर निगम ने स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के लिए इस पूरे क्षेत्र को चुना था। हालांकि नगर निगम के कर्मचारियों के खराब आचरण और हड़ताल की वजह से जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे रहे। अधिकारियों ने रविवार को हालात सामान्य होने की बात कही है।

# भारतीय नववर्ष मेला 18 को



**मथुरा।** नववर्ष मेला समिति के तत्वावधान में नवसंवतसर की पूर्व संध्या पर 18 मार्च को सेठ बीएन पोद्दार इण्टर कॉलेज के मैदान पर आयोजित होने वाले विशाल नववर्ष मेला के संबंध मे सरस्वती शिशु मंदिर दीनदयाल नगर जुबली पार्क में रविवार को आयोजित प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए नववर्ष मेला समिति के महामंत्री प्रदीप श्रीवास्तव ने बताया भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए नवसम्वत्सर पर नववर्ष मेला वर्ष 2002 से शुरू हुआ है। तभी से यह मेला प्रतिवर्ष लगता है। इस वर्ष 25 वर्ष पूर्ण होने पर यह रजत जयंती वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। 18 मार्च को भूमि पूजन एवं हवन के साथ दोपहर एक बजे से सेठ बी०एन० पौद्दार इंटर कॉलेज के मैदान में होगा। मेला स्थल पर सायं 4:30 बजे से रंगोली, रूप सज्जा, सामूहिक एवं एकल नृत्य प्रतियोगिता होंगी। नववर्ष समारोह सायं 6:30 बजे दीप प्रज्जवलन से शुरू होगा। इसमें मुख्य अतिथि शैलेष कुमार पाण्डेय पुलिस महानिरीक्षक आगरा जोन होंगे और आशीर्वचन पूज्य संत स्वामी कार्ष्णि गोविन्दानन्द जी महाराज श्री रमणरेतीधाम महावन का प्राप्त होगा। इस वर्ष मेला का मुख्य आकर्षण रात्रि 7:30 बजे से अन्तराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि, चित्रकार, गायक, प्रखर वक्ता एवं राष्ट्रप्रेमी कलाकार बाबा सत्यनारायण मौर्य की अद्भुत मंचीय प्रस्तुति एक शाम राष्ट्र के नाम रहेगा। श्रीवास्तव ने बताया कि नववर्ष मेला समिति द्वारा अपनी रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में प्रकाशित स्मारिका नव-प्रवाह का विमोचन भी किया जायेगा।

नववर्ष मेला समिति अध्यक्ष कमलेश अरोड़ा ने बताया कि इस भारतीय नववर्ष मेला में भारतीय संस्कृति और परम्परा के अनुसार मेला में आने वाले सभी आगुन्तकों का चंदन लगाकर स्वागत किया जाता है। मेला से वापस जाते समय नीम की कोंपल, मिश्री का प्रसाद, नवसम्वतसर ग्रीटिंग कार्ड और गंगा जल भेंट स्वरूप दिया जायेगा। मीडिया प्रभारी मुकेश शर्मा ने बताया कि मेला में बच्चों के लिए मुख्य आकर्षण घोडा, ऊँट की सवारी, झूले, खेल-तमाशा, खान-पान की स्टॉल होंगी। मेला में स्वदेशी वस्तुओं की बिक्री, राष्ट्रीय साहित्य बिक्री केन्द्र, कुटीर उद्योग से बने वस्त्र, विभिन्न प्रकार की प्रदर्शनी, नृत्य संगीत के सांस्कृतिक कार्यक्रम पर आधारित विविध मंनोरंजक पूर्ण कार्यक्रम आयोजित होंगे। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार मंच पर रात्रि में दिया जायेगा। सामूहिक प्रतियोगिता में विजयी प्रथम स्थान को रुपए 5100, द्वितीय को 3100 और तृतीय को 2100 की नकद धनराशि पुरस्कार में मिलेगी। एकल प्रतियोगिताओं के प्रथम को 2100, द्वितीय को 1100 और तृतीय को पांच सौ रुपए का नकद पुरस्कार मिलेगा। पत्रकार वार्ता में कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल, सह कोषाध्यक्ष गंगधर अरोड़ा एवं कान्हा आदि उपस्थित रहे।

## अग्रवाल युवा संगठन ने किया राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल का सम्मान

**आगरा।** अग्रवाल युवा संगठन ने राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल का भव्य स्वागत किया। अध्यक्ष राकेश अग्रवाल ने समाज के महत्वपूर्ण मुद्दों और अग्रवाल समाज की बहन बबली गर्ग के प्रकरण को मंत्री के समक्ष प्रमुखता से रखा। मंत्री ने आश्वासन दिया है कि वे जल्द संगठन के प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कराएंगे। अध्यक्ष राकेश अग्रवाल द्वारा मंत्री को संगठन द्वारा विभिन्न समय पर किए जाने वाले सामाजिक कार्यों से भी अवगत कराते हुए आगामी 23 मार्च को महाराजा अग्रसेन भवन, लोहामंडी पर 'अग्ररत्न लाला लाजपत राय जी' की 116वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित निशुल्क चिकित्सा शिविर जैसे पुनीत कार्य हेतु मंत्री को आमंत्रित किया गया। मुख्य रूप से संस्थापक विनोद अग्रवाल, महामंत्री अंकित अग्रवाल, कोषाध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, शिवम गर्ग, अमन अग्रवाल, पारस अग्रवाल, मोहित गुप्ता, कुणाल अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, उमेश अग्रवाल गिट्टी वाले नेताजी, विकास अग्रवाल, कपिल अग्रवाल, शशांक बंसल, जवाहरलाल अग्रवाल, बबली गर्ग, अरुण अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## गृहकर वसूलने में बरती लापरवाही, नोटिस के बाद भी नहीं हुआ सुधार, 3 कर्मियों पर गिरी गाज

**आगरा।** गृहकर वसूली में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर नगर निगम ने सख्ती बरतना शुरू कर दिया है। खराब प्रदर्शन पर तीन कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। आगरा में लक्ष्य के अनुरूप गृहकर वसूली न करने पर नगर निगम ने तीन कर संग्रहकताओं के खिलाफ कार्रवाई की है। खराब प्रदर्शन के कारण इनके खिलाफ विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि देने की संस्तुति की गई है। कर संग्रह की समीक्षा बैठक में ताजगंज जोन में तैनात कर संग्रहकर्ता वीरेंद्र चंदेल और सलीम, लोहामंडी जोन के कर संग्रहकर्ता शैलेंद्र राठौर का प्रदर्शन सबसे खराब पाया गया। सहायक नगर आयुक्त एवं प्रभारी कर श्रद्धा पांडेय ने बताया कि 12 मार्च तक 94 प्रतिशत कर वसूली हो जानी चाहिए थी, लेकिन तीनों ने वसूली नहीं की। वीरेंद्र चंदेल 20.31 प्रतिशत, शैलेंद्र राठौर 26.86 प्रतिशत और सलीम मात्र 17.39 प्रतिशत गृहकर की वसूली कर पाए हैं। तीनों को नोटिस भी दिए गए, लेकिन प्रदर्शन में सुधार नहीं हुआ। इसीलिए तीनों कर संग्रहकताओं के खिलाफ नगर आयुक्त को विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि देने की संस्तुति की गई है। नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल ने बताया कि कर वसूली नगर निगम के राजस्व का महत्वपूर्ण स्रोत है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिन कर संग्रहकताओं का प्रदर्शन खराब पाया गया है, उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# पर्यटन मंत्री ने किया विभिन्न पर्यटन विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास



**फिरोजाबाद।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने ऐतिहासिक गोपाल आश्रम प्रांगण में आयोजित भव्य कार्यक्रम के दौरान जनपद के सांस्कृतिक स्थलों के कायाकल्प हेतु 697.17 लाख रुपए की विभिन्न पर्यटन विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया इन परियोजनाओं में गोपाल आश्रम का पर्यटन विकास एवं सौंदर्यीकरण चिंतामणि मंदिर का पर्यटन विकास एवं सौंदर्यीकरण व छिदामी लाल जैन मंदिर एवं पसीने वाले हनुमान जी मंदिर का पर्यटन विकास एवं शिलान्यास किया, इस अवसर पर बोलते हुए पर्यटन मंत्री ने कहा कि फिरोजाबाद केवल सुहाग नगरी ही नहीं बल्कि आस्था और अध्यात्म की एक अनमोल धरोहर हैं, मुख्यमंत्री योगी जी के मार्गदर्शन में हमारा लक्ष्य है कि फिरोजाबाद के प्रत्येक पौराणिक और ऐतिहासिक स्थल को पर्यटन के मानचित्र पर स्थान मिले, आज गोपाल आश्रम व चिंतामणि मंदिर का जो सौंदर्यीकरण पूर्ण हुआ है, आने वाले श्रद्धालुओं को न केवल मानसिक शांति प्रदान करेगा, बल्कि पर्यटकों की संख्या में वृद्धि कर स्थानीय व्यापार को नई गति देगा, उन्होंने आगामी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि छिदामी जैन मंदिर और पसीने वाले हनुमान जी का शिलान्यास इसी श्रृंखला का हिस्सा हैं, हम यहां ऐसी विश्व स्तरीय सुविधाएं विकसित कर रहे हैं कि बाहर से आने वाले पर्यटक यहां रुकने और यहां की संस्कृति को समझने के लिए प्रेरित हो, जनपद में लगाये जा रहे साइनेज से पर्यटकों को ऐतिहासिक स्थलों तक पहुंचने में कोई असुविधा नहीं होगी, इस अवसर पर उपस्थित सदर विधायक मनीष असीजा ने पर्यटन और सांस्कृतिक दृष्टि से कार्यों की सराहना की वही टूंडला विधायक प्रेमपाल धनगर ने कहा इस परियोजनाओं से फिरोजाबाद की नगर निगम सीमा और ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यटन की नई राह खुलेगी, इस अवसर पर अनिल मित्तल त्रिभुवन नाथ मित्तल नानक चंद अग्रवाल सुनील टंडन एवं पुष्पेंद्र पाल आदि लोग उपस्थित रहे।

## सोने के घोड़े पर विराजे भगवान गोदारंगमन्नार

**मथुरा।** वृन्दावन नगर स्थित श्री रंगमन्दिर दिव्यदेश के ब्रम्होत्सव में अष्टम दिवस ठाकुर रंगनाथ भगवान सोने के घोड़े पर सवार भक्तो को कृतार्थ करने निकले। ठाकुर जी के स्वागत में आकर्षक आतिशबाजी का भक्तो ने जमकर लुत्फ उठाया। श्री रँगमन्दिर दिव्यदेश के दस दिवसीय ब्रम्होत्सव में शनिवार को ठाकुर जी पारम्परिक लीलानुसार ठाकुर रंगनाथ भगवान सोने के घोड़े पर सवार हुए। बहुमूल्य स्वणार्भूषन, रेशमी जरी की पोशाक में सजे धजे ठाकुर जी की हाथ मे रजत निर्मित भाला लिये अद्भुत छवि श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। इससे पूर्व निज मन्दिर में ठाकुर जी का सुगन्धित जल द्रव्य से तिरुमन्जन किया गया। स्वर्ण निर्मित अश्वारूढ़ ठाकुरजी की सवारी जैसे ही विश्रामस्थल बड़ा बगीचा पहुंची। वहाँ भगवान कुछ देर मंडप में विश्राम कर बड़े बगीचा के मुख्य द्वार पर पहुंचे तो वहां स्वागत में भव्यआतिशबाजी की गई। रंगबिरंगी रोशनी से सम्पूर्ण बगीचा जगमग हो उठा। भक्तो ने आतिशबाजी का जमकर लुत्फ उठाया। सवारी पुनः मन्दिर परिसर पहुंची तो भील लूटन लीला का आयोजन किया गया। श्री परकाल स्वामी वैष्णव सम्प्रदाय में उच्च कोटि के भक्त थे। वह अपने जीवन में श्रीवैष्णव तदीयाराधन को अत्यधिक महत्व देते थे। इस कार्य हेतु वह भगवान की परवाह किये बगैर धनिकों को लूटकर भी इस परोपकार कार्य का संचालन करते थे। एक बार कोई धनिक हाथ नही लगा तो स्वामी जी वैष्णव सेवा हेतु बहुत चिंतित हो गए। तभी अकस्मात योद्धा के वेश में लौटते हुए प्रभु उन्हें दिखाई दिए उन्होंने जंगलों में निवासी अपने साथी भीलों के साथ झुण्ड बनाकर प्रभु को घेर लेते है और उनके वस्त्र एवं सारे आभूषण उनसे छीन लेते है जब उनको बाद में ज्ञात होता है के यह साक्षात बैकुण्ठनाथ है तो उनसे क्षमा याचन करते है। इस सवारी के दर्शन से दारिद्र्य, दुःख और भय से मुक्ति मिल जाती है एवं निर्भयता प्राप्त होती है।

## श्री कृष्णार्पण सेवा समिति ने आयोजित किया फाग महोत्सव



**मथुरा।** बाबा श्री खाटू श्याम जी के तृतीय फाग महोत्सव में भजन प्रवाहक कन्हैया मित्तल ने ऐसा समां बांधा कि भक्त देर रात्रि तक उनके भजनों पर झूमते रहे। उन्होंने अपने भजनों के माध्यम से सनातन को बढ़ावा देने, नारी सशक्तिकरण, नशा मुक्तिकरण आदि का संदेश दिया। अंत में हुई फूलों की होली का भी सभी ने आनंद लिया। श्री कृष्णार्पण सेवा समिति द्वारा शनिवार को मसानी लिंक रोड स्थित ट्यूलिप रिसॉर्ट में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ समिति के पदाधिकारियों ने बाबा खाटू श्याम जी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद भोपाल से आयीं गुंजन-गुनगुन तिवारी सिस्टर्स ने आपकी मधुर आवाज से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने श्याम तुझसे मिलने का सत्संग ही बहाना है, करके इशारों बुलाए गई रे बरसाने की छोरी, राधे राधे जपो चले आयेंगे बिहारी आदि भजनों पर भक्तों को झूमने पर मजबूर किया। इसके बाद जैसे ही भजन प्रवाहक कन्हैया मित्तल ने मंच संभाला, सारा परिसर खाटू श्यामजी के जयकारों से गूंज उठा। उन्होंने मथुरा सजाने आ गए काशी-अयोध्या वाले, मतलब कि इस दुनिया से मुझको तो नफरत है श्याम तेरी जरूरत है, तेरे राम जी से मेरे हनुमान मेरी राम-राम, आ गया दुनियादारी में बाबा सारी छोड़ के, कीर्तन की है रात बाबा आज तुमको आना है आदि भजनों की प्रस्तुतियां दीं। विभिन्न वाद्य यंत्रों पर कलाकारों ने भी उनका बखूबी साथ दिया। भजनों के मध्य में उन्होंने अलग-अलग उदाहरण देते हुए हिन्दुओं से एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि खामनेई मरता ईरान में है और छाती भारत के लोग पीट रहे हैं। खाएंगे हमारे देश में और जय बोलेंगे औरंगजेब की। ऐसे लोगों को यहां रहने का कोई अधिकार नहीं। उन्होंने युवाओं से कहा कि भगवान शिव के नाम पर नशा करना छोड़ दो। सनातन में कहीं नहीं लिखा कि काली मां शराब पीती है, भोले बाबा नशा करते हैं। उन्होंने युवाओं से बुरी आदतों से दूर रहने की अपील की। समिति के पदाधिकारियों ने आगंतुकों का पटुका पहनाकर व चन्दन लगाकर भव्य स्वागत किया। अंत में ब्रज की कलाकार शालिनी शर्मा द्वारा प्रस्तुत फूलों की होली का सभी ने आनंद लिया। भक्तों पर जमकर पुष्प वर्षा की गई। इस दौरान भक्त अपने आराध्य को अपलक निहारते रहे।

## मोबाइल का पासवर्ड न बताने पर छोटे भाई ने बड़े भाई को लाठी से पीटकर मार डाला

**आगरा।** आगरा के टीला माईथान इलाके में मोबाइल का पासवर्ड नहीं बताने पर छोटे भाई ने बड़े भाई की डंडों और लात-घूंसों से पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर शव का पोस्टमार्टम कराया है, घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। आगरा के थाना कोतवाली के टीला माईथान क्षेत्र में शुक्रवार देर रात मोबाइल का पासवर्ड नहीं बताने पर छोटे ने बड़े भाई की पीटकर हत्या कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस आरोपी को हिरासत में लिया है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। टीला माईथान निवासी पूनम शर्मा ने बताया कि पति ओमप्रकाश की दिसंबर 2024 में मृत्यु हो चुकी है। वह बाग मुजफ्फर खां क्षेत्र में एक निजी अस्पताल में नर्स हैं। बड़ा बेटा गौरव शर्मा ड्राइवर है। एक बेटा सौरभ मुंबई में फिल्मों में कैमरामैन है। सबसे छोटा आकाश शर्मा भी मुंबई में कैमरामैन और असिस्टेंट डायरेक्टर का काम करता था। सात माह पूर्व वह मुंबई से आगरा आया था और प्राइवेट फोटोग्राफी का काम कर रहा था। शुक्रवार की रात 1 बजे वह अपने मोबाइल से किसी से बात कर रहा था। इस दौरान किसी वजह से उसने बड़े भाई गौरव का मोबाइल लिया और उससे पासवर्ड पूछने लगा। गौरव ने पासवर्ड बताने से मना किया। इस बात पर दोनों में बहस हुई। उसके बाद आकाश गुस्से में आ गया। उसने अपने दोनों मोबाइल तोड़ दिए। घर में एलईडी और अन्य सामान तोड़ दिया। गौरव ने विरोध किया तो उसके ऊपर डंडे बरसाए व लात घूंसे से बुरी तरह हमला कर दिया। गौरव बेहोश हो गया पर आकाश उसे मारता रहा। इसके बाद बाहर निकल कर घर का मीटर डंडा मारकर तोड़ दिया। लोगों ने हंगामे की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने आकाश को हिरासत में लिया। गौरव को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

# टीईटी अनिवार्यता के विरुद्ध लामबंद हुए शिक्षक




**फिरोजाबाद/शिकोहाबाद।** अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ ने टीईटी अनिवार्यता के मुद्दे पर आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। रविवार को पाली इण्टर कॉलेज में बैठक कर विभिन्न शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों ने हुंकार भरते हुए स्पष्ट किया कि शिक्षकों के आत्मसम्मान और अधिकारों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस बार का संघर्ष निर्णायक होगा। बैठक को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेशीय प्रा. शिक्षक संघ अटेवा, बेसिक शिक्षक वेलफेयर एसो., टीएससीटी, विशिष्ट बीटीसी वेलफेयर एसो., माध्यमिक शिक्षक संघ, एससीएसटी शिक्षक संघ के वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक समुदाय में टीईटी अनिवार्यता को लेकर आक्रोश व अनिश्चितता का माहौल है। शिक्षकों की इसी जनभावना को देखते हुए अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील पाण्डेय, अटेवा के अध्यक्ष विजय बंधु व अन्य शिक्षक संघ के शीर्ष नेतृत्व की पहल पर कार्यरत शिक्षक संघों को मिलाकर 'अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ' का गठन किया गया है।

वक्ताओं ने सभी शिक्षकों से एकजुटता का प्रदर्शन करने की अपील की। अपनी सेवा सुरक्षा को लेकर सभी शिक्षकों से तन-मन-धन से इस मुहिम में जुड़ने का आह्वान किया। शिक्षकों को ई- मेल भेजने की प्रक्रिया से अवगत कराया। सबको महासंघ के आंदोलन में साथ आने का आह्वान किया एवं घोषित आंदोलन में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने का निवेदन किया। संघों को आपसी मतभेद भुलाकर साथ आने की अपील करी। पदाधिकारियों ने आंदोलन की रूपरेखा तैयार कर अपने आगामी कार्यक्रमों से अवगत कराते हुए प्रथम चरण के तहत पोस्टकार्ड अभियान में राष्ट्रपति प्रधानमंत्री मुख्य न्यायाधीश सर्वोच्च न्यायालय एवं मुख्यमंत्री के नाम संदेश लिखकर शिक्षा के अधिकार अधिनियम से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टेट अनिवार्यता से मुक्त रखने की अपील करी। सभी ब्लॉक से आए पोस्टकार्ड को एकत्रित भी किया। बैठक में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष यतेन्द्र यादव, जिला मंत्री सलिल यादव, अटेवा के जिला उपाध्यक्ष बेसिक शिक्षक वेलफेयर एसो. के मण्डल अध्यक्ष अवधेश यादव, जिलाध्यक्ष कमल यादव अटेवा के जिला महासचिव सहदेव सिंह चौहान अटेवा के प्रवक्ता विनय यादव, टीएससीटी के आनंद बाबू चक विशिष्ट बीटीसी वेलफेयर एसोशिएशन के चंद्रसेन यादव सहित प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला यू संरक्षक भानुप्रताप सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. उमाशंकर सिंह धनगर जिला कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार जिला उपाध्यक्ष कृष्णमुरारी यादव सोनाली यादव, सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे व ईमेल व पोस्टकार्ड अभियान में हिस्सा लिया।

## संक्षेप

### टाटा मोटर्स को मिले 5000 से ज्यादा बसों के ऑर्डर

मुंबई। टाटा मोटर्स को देशभर की कई राज्य परिवहन संस्थाओं (एसटीयू) से 5,000 से अधिक बसों और बस चेसिस के ऑर्डर मिले हैं। इन ऑर्डरों के साथ कंपनी ने एक बार फिर बड़े पैमाने पर जन परिवहन समाधान उपलब्ध कराने में अपनी मजबूत स्थिति साबित की है। ये ऑर्डर सरकारी खरीद प्रणाली के तहत प्रतिस्पर्धी ई-बिडिंग प्रक्रिया के जरिए दिए गए हैं। बसों की आपूर्ति संबंधित राज्य परिवहन संस्थाओं के साथ तय योजना के अनुसार चरणबद्ध तरीके से की जाएगी। कई दशकों से टाटा मोटर्स भारत की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था का अहम हिस्सा रही है। कंपनी की बसें देशभर में लोगों को जोड़ने, रोजगार के अवसर बढ़ाने और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रही हैं। कई राज्य परिवहन संस्थाओं से मिले ये ऑर्डर हमारे मोबिलिटी समाधानों पर उनके भरोसे को दर्शाते हैं। हमारी बसें अलग-अलग सड़कों और परिस्थितियों में आराम, सुरक्षा और भरोसेमंद प्रदर्शन देने के लिए डिजाइन की गई हैं। मजबूत इंजीनियरिंग और व्यापक सर्विस सपोर्ट के साथ हम रोजाना लाखों यात्रियों को बेहतर यात्रा अनुभव देने में राज्य परिवहन संस्थाओं की मदद करते रहेंगे। इन कुल ऑर्डरों से देश में पसंदीदा मोबिलिटी पार्टनर के रूप में हमारी स्थिति और मजबूत होती है और भारत के भविष्य के सार्वजनिक परिवहन को आकार देने की हमारी प्रतिबद्धता भी और सुदृढ़ होती है।

### साईबर सिक्योरिटी एवं ए.आई सेफ्टी हैकथॉन 2026 शुरू

नयी दिल्ली। इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आई.एस.बी) के इंस्टीट्यूट ऑफ डेटा साइंस (आई.आई.डी.एस) और पंजाब पुलिस स्टेट साइबर क्राइम डिवीजन तथा साइबरपीस ने साइबर सिक्योरिटी एवं ए.आई सेफ्टी हैकथॉन 2026 शुरू किया है। इस प्रतिष्ठित हैकथॉन का उद्देश्य साइबर सिक्योरिटी, डिजिटल सामर्थ्य और जवाबदेह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए भारत में मजबूत क्षमताओं का विकास करना है। इस हैकथॉन में पूरे भारत के स्टूडेंट्स, रिसर्चर्स, टेक्नोलॉजिस्ट, लॉ एन्फोर्समेंट प्रोफेशनल और पॉलिसी एक्सपर्ट हिस्से लेंगे तथा डिजिटल सिक्योरिटी और ए.आई सेफ्टी में उभरते हुए खतरों के लिए इनोवेटिव समाधानों का विकास करेंगे। इस हैकथॉन का उद्देश्य जमीनी स्तर पर इनोवेशन को बढ़ावा देना, ओपन-सोर्स टूल्स और डेटासेट्स का निर्माण करना तथा ए.आई सुरक्षा पर हो रही राष्ट्रीय पॉलिसी की चर्चा में अपना योगदान देना है। इस हैकथॉन का लक्ष्य व्यवहारिक टेक्नोलॉजी और रिसर्च से नतीजों का विकास करके शिक्षा जगत, उद्योग और कानून संचालन संस्थाओं के बीच सहयोग स्थापित करना है, जिससे भारत में साइबर डिफेंस का परिवेश और अधिक मजबूत होगा। साइबर सिक्योरिटी और ए.आई सेफ्टी 2025-26 के लिए पंजीकरण जारी हैं और 22 मार्च, 2026 तक चलेंगे।

### दोहरे एकाधिकार वाले क्षेत्रों की निगरानी तेज करे सीसीआई: संसदीय समिति

नयी दिल्ली। संसद की एक समिति ने कहा है कि भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) को उन क्षेत्रों की सक्रिय निगरानी तेज करनी चाहिए, जहां दो कंपनियों का दबदबा है या बाजार में बहुत अधिक संकेंद्रण है। वित्त मामलों की संसद की स्थायी समिति ने नियमित बाजार अध्ययन, जोखिम मूल्यांकन और लक्षित हस्तक्षेप के जरिये ऐसे क्षेत्रों पर लगाम लगाने को कहा है, क्योंकि वे बाजार में असंगत शक्ति का प्रदर्शन कर रहे हैं। सीसीआई के पास प्रतिस्पर्धा-रोधी व्यवहार को रोकने और सभी क्षेत्रों में निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने का अधिकार है। इसके अलावा, समिति ने कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय से डिजिटल प्रतिस्पर्धा विधेयक को जल्द पेश करने का आग्रह किया है, ताकि बड़े डिजिटल मंचों के प्रभावी नियमन के लिए एक समयबद्ध रूपरेखा सुनिश्चित की जा सके। इस सप्ताह लोकसभा में पेश की गई एक रिपोर्ट में समिति ने कहा कि डिजिटल बाजारों में प्रभावी कंपनियों को निशाना बनाने वाली सीसीआई की प्रवर्तन कार्रवाइयों और बाजार अध्ययनों के बावजूद, भारतीय अर्थव्यवस्था के कई पारंपरिक क्षेत्र भी दोहरे एकाधिकार या अल्पाधिक संकेंद्रित बाजार संरचना का प्रदर्शन करते हैं। रिपोर्ट कहती है कि ऐसी संरचनाओं के चलते बाजार में असंगत शक्ति पैदा हो रही है।

# पश्चिम एशिया के हालात से तय होगी शेयर बाजार की चाल




नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव इस सप्ताह शेयर बाजार की दिशा तय करने वाले प्रमुख कारक होंगे। विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर के फैसले और मुद्रास्फीति के आंकड़े भी बाजार को प्रभावित करेंगे। यह सप्ताह घरेलू और वैश्विक स्तर पर कई महत्वपूर्ण घटनाक्रमों और आंकड़ों से भरा है।

उन्होंने बताया कि भू-राजनीतिक घटनाक्रमों पर विशेष नजर रहेगी, क्योंकि कच्चे तेल की कीमतों पर उनका प्रभाव बाजार की समग्र दिशा को प्रभावित कर सकता है। घरेलू मोर्चे पर, बाजार थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति, व्यापार संतुलन के आंकड़े और विदेशी मुद्रा भंडार जैसे प्रमुख व्यापक आर्थिक संकेतकों पर नजर रखेंगे। वैश्विक जोखिम धारणा बिगड़ने, पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की लगातार बिकवाली के कारण भारतीय बाजार पिछले सप्ताह भारी दबाव में रहे। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 4,354.98 अंक या 5.51 प्रतिशत टूट गया, जबकि एनएसई निफ्टी में 1,299.35 अंक या 5.31 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। पिछले महीने 27 फरवरी से अब तक सेंसेक्स 6,723.27 अंक या 8.27 प्रतिशत नीचे आ चुका है। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि होर्मुज जलडमरूमध्य में जारी गतिरोध वैश्विक कच्चे तेल आपूर्ति को सख्त बना सकता है, जिससे एशिया में मुद्रास्फीति बढ़ सकती है। आने वाले सप्ताह में काफी उतार-चढ़ाव रहने की उम्मीद है। पश्चिम एशिया के संघर्ष के कारण पोत परिवहन में होने वाली किसी भी देरी के चलते भारत जैसे उभरते बाजारों में वैश्विक पूंजी आवंटन पर असर पड़ सकता है। विदेशी निवेशकों ने मार्च के पहले पखवाड़े में घरेलू शेयरों से लगभग 52,704 करोड़ रुपये निकाले हैं। इसका मुख्य कारण पश्चिम एशिया में तनाव, रुपये की कमजोरी और भारतीय वृद्धि दर पर कच्चे तेल की ऊंची कीमतों का प्रभाव है। इस सप्ताह निवेशकों की नजर यूरो क्षेत्र के सीपीआई आंकड़ों, बैंक ऑफ इंग्लैंड (बीओई) और यूरोपीय केंद्रीय बैंक (ईसीबी) के नीतिगत फैसलों तथा अमेरिकी नौकरियों के आंकड़ों पर भी रहेगी।

## कोल इंडिया का लक्ष्य पश्चिम एशिया संकट के बीच देश को उचित कीमत पर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करना



नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड ने कहा है कि पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच देश में बिजली की आपूर्ति को उचित कीमत पर सुनिश्चित करना उसकी प्राथमिकता है।

कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह संकट वैश्विक पोत परिवहन मार्गों और आयातित कोयले की कीमतों को प्रभावित कर रहा है। कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) देश में कुल घरेलू कोयला उत्पादन का 80 प्रतिशत और कोयले पर आधारित कुल बिजली उत्पादन का 75 प्रतिशत योगदान देती है। सीआईएल देश के कुल बिजली उत्पादन में 55 प्रतिशत का योगदान देती है और देश की मुख्य वाणिज्यिक ऊर्जा आवश्यकताओं का 40 प्रतिशत पूरा करती है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि एक कम लागत वाली कोयला उत्पादक होने के नाते कोल इंडिया का उद्देश्य देश में बिजली की आपूर्ति को उचित कीमत पर सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि गर्मियों में बिजली की मांग में अनुमानित वृद्धि को पूरा करने के लिए देश में पर्याप्त कोयले का भंडार है।

## पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर रखने के लिए रिफाइनरी कीमतों पर रोक लगाने की तैयारी

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियां (ओएमसी) ईंधन की खुदरा कीमतों में वृद्धि नहीं करने की वजह से उन्हें हो रहे घाटे को कम करने के लिए रिफाइनरियों को पेट्रोल और डीजल की आयातित दरों से कम कीमत देने पर विचार कर रही हैं। इस कदम से एमआरपीएल, सीपीसीएल और एचएमएल जैसी एकल रिफाइनरी कंपनियों पर बुरा असर पड़ सकता है।

पश्चिम एशिया संकट से पहले अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें लगभग 70 डॉलर प्रति बैरल थीं, जो अब बढ़कर 100 डॉलर के पार पहुंच गई हैं। हालांकि, भारत में पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतें स्थिर बनी हुई हैं, जिससे पेट्रोलियम विपणन कंपनियों को इस बढ़ोतरी का बोझ खुद उठाना पड़ रहा है। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने बताया कि ओएमसी अब रिफाइनरी हस्तांतरण शुल्क (आरटीपी) पर रोक लगाने या उस पर छूट तय करने के विकल्प पर विचार कर रही हैं। आरटीपी वह आंतरिक कीमत होती है, जिस पर रिफाइनरियां अपने विपणन खंड को ईंधन बेचती हैं। इस कदम का मकसद रिफाइनरियों को पेट्रोल और डीजल की आयात-समता लागत से कम भुगतान करना है। यदि वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतें ऊंची बनी रहती हैं।

## एनएचएआई ने वार्षिक पास शुल्क बढ़ाकर 3075 रुपये किया, एक अप्रैल से लागू




नयी दिल्ली। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए अपने वार्षिक पास का शुल्क 75 रुपये बढ़ाकर 3,075 रुपये कर दिया है। एनएचएआई ने रविवार को यह जानकारी दी।

एनएचएआई ने बताया कि वार्षिक पास सुविधा 15 अगस्त, 2025 को शुरू की गई थी, ताकि राष्ट्रीय राजमार्गों का उपयोग करने वाले यात्रियों को आर्थिक राहत मिल सके। अब यह शुल्क वर्तमान के 3,000 रुपये से बढ़ाकर 3,075 रुपये कर दिया गया है। यह संशोधन एक अप्रैल, 2026 से लागू होगा। एनएचएआई के अनुसार, यह संशोधन राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दरें तय करने और संग्रह) नियम, 2008 के प्रावधानों के अनुसार किया गया है। एनएचएआई ने कहा कि देश में 56 लाख से अधिक वाहन मालिक फास्टैग वार्षिक पास का लाभ उठा रहे हैं और इसका उपयोग लगातार बढ़ रहा है। नया शुल्क वैध फास्टैग वाले गैर-व्यावसायिक वाहनों पर लागू होगा।

## एयर इंडिया के कर्मचारियों ने किया यात्रा नीति का दुरुपयोग

नयी दिल्ली। एयर इंडिया ने अपने कर्मचारियों के लिए निर्धारित अवकाश यात्रा नीति (ईएलटी) के उपयोग में बड़े पैमाने पर विसंगतियां पाई हैं। सूत्रों के अनुसार, इस मामले में 4,000 से अधिक कर्मचारी शामिल हैं और एयरलाइन ने दोषी कर्मचारियों पर जुर्माना लगाने सहित सुधारात्मक कार्रवाई शुरू कर दी है।

टाटा समूह ने जनवरी, 2022 में घाटे में चल रही एयर इंडिया का अधिग्रहण किया था। इस समय एयरलाइन एक महत्वाकांक्षी परिवर्तन योजना को लागू कर रही है। एयर इंडिया में कुल 24,000 से अधिक कर्मचारी हैं। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने बताया कि एयर इंडिया की ईएलटी नीति के उपयोग में बड़ी गड़बड़ियों का पता एक विस्तृत आंतरिक जांच के बाद चला। ईएलटी नीति के तहत कर्मचारियों और उनके द्वारा नामित व्यक्तियों (जैसे जीवनसाथी और माता-पिता) को एक निश्चित संख्या में मुफ्त हवाई टिकट दिए जाते हैं। यह सुविधा कुछ शर्तों के अधीन होती है। सूत्रों ने बताया कि कई कर्मचारियों ने उन लोगों को अपना रिश्तेदार बताकर इस नीति का दुरुपयोग किया, जिनसे उनका कोई संबंध नहीं था। कुछ मामलों में तो कर्मचारियों ने मुफ्त टिकट लेकर उन्हें ऊंचे दामों पर बाहरी लोगों को बेच दिया।

# पश्चिम एशिया संकट के बीच निर्यात खेप के लिए अग्रिम योजना बना रहे हैं निर्यातक

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी संकट के कारण निर्यात पर पड़ने वाले असर को कम करने के लिए निर्यातक और लॉजिस्टिक्स कंपनियां पोत परिवहन कंपनियों की गतिविधियों पर नजर रख रही हैं, अपनी खेप की पहले से योजना बना रही हैं और वैकल्पिक मार्गों की तलाश कर रही हैं।

निर्यातकों का कहना है कि कारोबारी हालात को देखते हुए कंपनियां अपने भंडार, अनुबंध और खेप की समय-सारिणी में भी लचीलापन ला रही हैं, ताकि जरूरत पड़ने पर जल्दी बदलाव किया जा सके। उद्योग से जुड़े लोगों के अनुसार, नियमित सलाह जारी करना, अतिरिक्त शुल्क को लेकर शिपिंग या माल ढुलाई वाले जहाज का परिचालन करने वाली कंपनियों से बातचीत करना, कंटेनर की उपलब्धता सुनिश्चित करना और अनुपालन की समय-सीमा में लचीलापन देना जैसे कदम इस संकट से निपटने में उद्योग के लिए मददगार हो सकते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि उद्योग संगठनों और सरकार के बीच लगातार संवाद बनाए रखना भी जरूरी है।



भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) के अध्यक्ष एस सी रल्हन ने कहा, हालात में फिलहाल सुधार नहीं दिख रहा है, लेकिन हम अपने निर्यात को संभालने की कोशिश कर रहे हैं। पोत परिवहन कंपनियों को इस स्थिति का अनुचित फायदा नहीं उठाना चाहिए। पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव, खासकर होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास की स्थिति, भारत के निर्यात के लिए अनिश्चितता पैदा कर रही है। इसका असर निर्यात खेप भेजने के कार्यक्रम, लागत, बीमा प्रीमियम और आपूर्ति श्रृंखला पर पड़ रहा है। निर्यातक बदलते हालात पर नजर रखे हुए हैं, क्योंकि अतिरिक्त शुल्क और लंबा परिवहन समय माल की आवाजाही को प्रभावित कर रहे हैं। परिधान उद्योग के एक विशेषज्ञ ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संकट के कारण अगले कुछ महीनों में पश्चिम एशिया क्षेत्र में जाने वाले निर्यात ऑर्डर में कमी आ सकती है और वहां खपत भी घट सकती है। भारत के कुल परिधान निर्यात का लगभग 11.8 प्रतिशत हिस्सा उन पश्चिम एशियाई देशों में जाता है, जो इस समय युद्ध के प्रभाव में हैं। भारत का तैयार वस्त्र निर्यात संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, इजराइल, कुवैत, ओमान, कतर, इराक, बहरीन और ईरान जैसे देशों को वित्त वर्ष 2024-25 में 1.9 अरब डॉलर का रहा, जो 2023-24 में 1.82 अरब डॉलर था। कुल मिलाकर भारत का परिधान निर्यात वित्त वर्ष 2024-25 में 15.97 अरब डॉलर रहा, जबकि 2023-24 में यह 14.51 अरब डॉलर था।

## वित्त मंत्रालय ने आईपीओ लाने वाली कंपनियों के लिए सार्वजनिक निर्गम नियमों में संशोधन किया

नयी दिल्ली। वित्त मंत्रालय ने शेयर बाजारों में सूचीबद्ध होने वाली कंपनियों के न्यूनतम सार्वजनिक निर्गम से संबंधित नियमों में संशोधन किया है और इसे निर्गम के बाद की पूंजी से जोड़ दिया है।

इस महीने की 13 तारीख को अधिसूचित प्रतिभूति अनुबंध (विनियमन) संशोधन नियम, 2026 के अनुसार, जिन कंपनियों की निर्गम के बाद की पूंजी 1,600 करोड़ रुपये से अधिक और 5,000 करोड़ रुपये से कम है, उन्हें सूचीबद्ध होने के तीन साल के भीतर अपनी सार्वजनिक हिस्सेदारी बढ़ाकर कम से कम 25 प्रतिशत करनी होगी। ऐसा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा तय तरीके से किया जाएगा। नियमों में आगे कहा गया है कि निर्गम के बाद की सीमा चाहे कुछ भी हो, सूचीबद्ध होने के समय प्रतिभूतियों के प्रत्येक वर्ग का कम से कम 2.5 प्रतिशत हिस्सा सार्वजनिक रूप से पेश किया जाना चाहिए। संशोधन के अनुसार, यदि किसी कंपनी के निर्गम के बाद उसकी पूंजी 1,600 करोड़ रुपये तक है, तो कंपनी द्वारा जारी किए गए प्रत्येक वर्ग के इक्विटी शेयरों या परिवर्तनीय ऋण पत्र का कम से कम 25 प्रतिशत हिस्सा सार्वजनिक रूप से पेश करना अनिवार्य होगा। अगर यह पूंजी 1,600 करोड़ रुपये से अधिक लेकिन 4,000 करोड़ रुपये से कम है, तो कंपनी को 4,000 करोड़ रुपये के बराबर शेयर पेश करने होंगे। जिन कंपनियों की निर्गम के बाद की पूंजी 4,000 करोड़ रुपये से अधिक लेकिन 5,000 करोड़ रुपये के बराबर या उससे कम है, उनके लिए सार्वजनिक पेशकश कंपनी द्वारा जारी इक्विटी शेयरों या परिवर्तनीय ज्ण पत्र के प्रत्येक वर्ग का कम से कम 10 करोड़ होना चाहिए। वहीं, 5,000 करोड़ रुपये से अधिक लेकिन एक लाख करोड़ रुपये से कम या उसके बराबर की पूंजी वाली कंपनियों को 1,000 करोड़ रुपये के बराबर शेयर और प्रत्येक वर्ग के कम से कम आठ प्रतिशत शेयर जनता को देने होंगे। इन कंपनियों को सूचीबद्ध होने के पांच साल के भीतर अपनी सार्वजनिक हिस्सेदारी बढ़ाकर कम से कम 25 प्रतिशत करनी होगी। 1,500 करोड़ रुपये के शेयरों के बराबर और उनके द्वारा जारी किए जाने वाले प्रत्येक वर्ग के शेयरों या परिवर्तनीय डिबेंचर के कम से कम एक प्रतिशत बराबर शेयर जारी करने होंगे।

## पेज एक का शेष

### अमेरिका-इजराइल

अल-अक्सा शहीद अस्पताल के अनुसार, मध्य गाजा के शहरी शरणार्थी शिविर नुसेरात में एक घर पर यह हमला हुआ, जिसमें एक दंपति और उनके छोटे बेटे की मौत हो गई, जबकि मारे गए चौथे व्यक्ति को नुसेरात के अवदा अस्पताल ले जाया गया था। इस मामले पर इजराइली सेना की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं आई। अक्टूबर में युद्धविराम समझौता हो जाने के बाद से तटीय क्षेत्र में फलस्तीनियों की मौत की यह ताजा घटना है। इस समझौते का उद्देश्य गाजा में इजराइल और हमास के बीच दो साल से अधिक समय से जारी युद्ध को रोकना था। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, हालांकि भीषण लड़ाई थम गई है, फिर भी इजराइल लगभग रोजाना गोलीबारी कर रहा है। इजराइली सेना ने बार-बार हवाई हमले किए हैं और सैन्य नियंत्रण वाले क्षेत्रों के पास फलस्नीतियों पर लगातार गोलीबारी की है, जिसमें 650 से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं। इस युद्ध के जल्द समाप्त होने के आसार नजर नहीं आ रहे और इसके कारण वैश्विक विमानन सेवाएं अस्त-व्यस्त हो गई हैं, तेल निर्यात बाधित हुआ है और दुनियाभर में ईंधन की कीमतों में वृद्धि हुई है। बहरीन, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात ने रविवार को अपने निवासियों को चेतावनी दी कि वे उनकी ओर आ रहीं मिसाइल रोकने की दिशा में कदम उठा रहे हैं। इससे पहले, ईरान ने लोगों से संयुक्त अरब अमीरात के तीन बंदरगाहों को खाली करने का आग्रह किया था। ईरान ने पश्चिम एशिया के सबसे व्यस्त बंदरगाह और संयुक्त अरब अमीरात के दो अन्य बंदरगाहों को खाली करने का आह्वान किया। यह पहली बार है जब ईरान ने किसी पड़ोसी देश की गैर-अमेरिकी परिसंपत्तियों पर हमले की खुले तौर पर धमकी दी। ईरान ने कोई साक्ष्य दिए बिना कहा कि अमेरिका ने ईरान के तेल निर्यात के मुख्य टर्मिनल वाले खार्ग द्वीप पर हमला करने के लिए संयुक्त अरब अमीरात में बंदरगाहों, डॉक और ठिकानों का इस्तेमाल किया। उसने लोगों से उन इलाकों को छोड़ने का आग्रह किया, जहां उसके अनुसार अमेरिकी बलों ने शरण ली है। इस बीच, लेबनान का मानवीय संकट और गहरा गया है। इजराइल ने ईरान समर्थित हिजबुल्ला चरमपंथियों के खिलाफ कई हमले किए जिनमें 800 से अधिक लोग मारे गए हैं और 8,50,000 लोग विस्थापित हुए हैं।

### ईरान ने उड़ाया

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पर अब तक 1800 से ज्यादा मिसाइलें और ड्रोन दागे हैं। ईरान ने सबसे ज्यादा हमले यूएई पर ही किए हैं। इनमें 1600 ड्रोन, 294 बैलिस्टिक मिसाइलें और 15 क्रूज मिसाइलें शामिल हैं। इन हमलों में छह लोगों की मौत हो गई और 141 अन्य घायल हो गए। अकेले शनिवार को ही यूएई की ओर नौ बैलिस्टिक मिसाइलें और 33 ड्रोन दागे गए। यूएई ने 10 विदेशियों को हिरासत में लिया है, जिन पर सोशल मीडिया पर मिसाइल और ड्रोन हमलों के फुटेज पोस्ट करने का आरोप है।

### भारत की

खड़ा कर रहे हैं। इनका मकसद भारत को कठघरे में खड़ा करके अविश्वसनीय बना देना है। इन्हें देश की चिंता नहीं है। इनके अपने अस्तित्व पर संकट है, इसलिए भारत की अस्मिता से खिलवाड़ करने पर उतारू हैं। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में परिवर्तन के पीछे प्रधानमंत्री मोदी जी का मार्गदर्शन है तो तेज राजस्थान, चित्तौड़गढ़ का है। इसके पीछे राजस्थान की वीरभूमि का भी योगदान है, क्योंकि मेरे पूज्य दादा गुरु इसी भूमि से गोरखपुर गए थे। राजस्थान, चित्तौड़गढ़, मेवाड़ के वीरों के शौर्य-पराक्रम, वीरांगनाओं के जौहर और मीराबाई की भक्ति की धुन से भारत अभिभूत होता है। नारी अस्मिता, सम्मान, स्वावलंबन की अमर गाथा हमें प्रेरणा प्रदान कर रही है। वीरभूमि ने भारत को पहचान दी है। चित्तौड़गढ़ का किला केवल पत्थरों से बना दुर्ग नहीं, बल्कि भारत की अस्मिता का प्रहरी है। हर सच्चे भारतीय के मन में इस वीरभूमि और यहां के राणाओं के शौर्य व राष्ट्र के लिए उनके बलिदान के प्रति श्रद्धा का भाव है। सीएम योगी ने महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी महाराज व गुरु गोविंद सिंह जैसे राष्ट्रनायकों को याद किया। उन्होंने कहा, इन लोगों ने अपने, परिवार या सत्ता के लिए बलिदान नहीं दिया था, बल्कि इनका संघर्ष देश-धर्म और भारत की स्वाधीनता के लिए था। हर संघर्ष में चट्टान की तरह सामने खड़े हुए और उसे नेस्तनाबूद भी किया। गुरु गोविंद सिंह के चार पुत्र बलिदान हुए, लेकिन उन्होंने उफ नहीं किया। महाराणा प्रताप, महाराणा सांगा, महारानी पद्मिनी, महाराणा कुंभा, बप्पा रावल के लिए मन में श्रद्धा का भाव है, क्योंकि जो भी राष्ट्र के प्रति योगदान देगा, उसका स्मरण सदैव होता है। सीएम योगी ने कहा कि यह श्रद्धांजलि समारोह प्रेरित कर रहा है कि आने वाले समय में किसी बेटी-बहन को उस दौर से न गुजरना पड़े। 1303, 1535 और 1568 में तीन बड़े जौहर यहां देखने को मिले। भारत का इतिहास वीरांगनाओं के जौहर से भरा पड़ा है। शत्रु हमेशा धोखे से ही वीरों का मुकाबला कर पाए। आमने-सामने की लड़ाई में वे कहीं नहीं टिके। अलाउद्दीन खिलजी के धोखे से महाराणा रत्न सिंह वीरगति को प्राप्त हुए। उनके सेनापति गोरा-बादल भी लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त हुए तो महारानी पद्मिनी के नेतृत्व में हजारों वीरांगनाओं ने नारी अस्मिता की रक्षा के लिए जौहर व्रत लिया था, क्योंकि वह उस समय की परिस्थिति थी।

### पांच राज्यों

में हैं। केरल में कुल 140 विधानसभा सीटें हैं, जहां वामपंथी नेता पिनराई विजयन 2016 से मुख्यमंत्री हैं और वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं। असम में विधानसभा की 126 सीटें हैं और पूर्वोत्तर राज्य में भाजपा 2016 से सत्ता में है तथा हिमंत विश्व शर्मा 2021 से मुख्यमंत्री हैं। पुडुचेरी के मुख्यमंत्री एन. रंगासामी 2021 से सत्ता में हैं। केंद्र शासित प्रदेश में कुल 33 सीटें हैं, जिनमें केंद्र द्वारा मनोनीत तीन सदस्य शामिल हैं।

### यूपीएससी में

अभ्यर्थियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और उन्हें स्मृति-चिन्ह व पुस्तकें भेंट कीं। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि प्रशासनिक सेवा में प्रवेश के बाद वे ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें तथा समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दें। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान छात्राओं के परिजनों से भी मुलाकात की और उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि किसी भी बच्चे की सफलता में परिवार की प्रेरणा और समर्थन की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। माता-पिता के मार्गदर्शन और प्रोत्साहन से ही युवा अपने सपनों को साकार कर पाते हैं।

### एक दिन में

कार्य कराया जाएगा। अंजलि अग्रवाल, डीआईओएस, रामपुर ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद कार्यालय से ही आनलाइन परीक्षकों की ड्यूटी लगाई जाएगी। मूल्यांकन की प्रक्रिया सीसीटीवी कैमरे की नजर में होगी। माध्यमिक शिक्षा परिषद के कार्यालय से सीधे नजर रखी जाएगी। बोर्ड से मिले दिशा-निर्देश के अनुसार मूल्यांकन कार्य कराया जाएगा।

### होली मिलन

आयोजन किया गया। इसके अलावा दोसर वैश्य महासभा लखनऊ के तत्वाधान में चारबाग स्थित रवीन्द्रालय में रविवार को होली मिलन समारोह सपन्न हुआ। इस दौरान विराज सागर दास, अध्यक्ष उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ, उपाध्यक्ष भारतीय बैडमिंटन संघ को सम्मानित किया गया। वैश्य समाज की तरफ से फूलों की होली, मेधावी छात्रों का सम्मान, समाज की गरीब महिलाओं को व्यवसाय व जीविका चलाने के लिए सिलाई मशीन वितरित की गई। कार्यक्रम में बच्चों के जादू का कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक मौजूद रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि गणों में मनीष गुप्ता, पूर्व उपाध्यक्ष व्यापारी कल्याण बोर्ड, नीरज बोरा, विधायक, पंकज गुप्ता, विधायक, अखिलेश जायसवाल, अध्यक्ष सेंट्रल बार एसो, डॉ धनंजय गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष उत्तर प्रदेश माध्मिक शिख्शा सेवा आयोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिव कुमार गुप्ता ने की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वैश्य समाज के कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही। संरक्षक मनीष गुप्ता, मुकेश मर्चेंट, धीरेंद्र गुप्ता कुल्लवा सर्राफ, चेयरमैन, गोपाल गुप्ता राधे राधे, अध्यक्ष दिलीप गुप्ता, महामंत्री श्याम सुंदर गुप्ता, कोषाध्यक्ष गोपीनाथ गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष धमेंद्र गुप्ता (पप्पी जी), शिव चंद्र गुप्ता, धीरेंद्र गुप्ता, मनोज गुप्ता, उपाध्यक्ष महेश गुप्ता, राम प्रकाश गुप्ता कल्लू भाई, अशोक गुप्ता ताऊ, वरिष्ठ महा मंत्री ऋषभ गुप्ता, चेयरमैन युवा राहुल गुप्ता बुलियन, सदस्य तनिष्क गुप्ता ,धीरज गुप्ता, ऋषभ गुप्ता सहादत गंज, ऋषिक गुप्ता, विवेक गुप्ता, महिला संरक्षिका शशि गुप्ता (पार्षद ), अनिता गुप्ता, विधि सलाहकार रुपेश गुप्ता ,विमल गुप्ता, सुनील गुप्ता जुम्मन मौजूद रहे।

## बिजनौर में तेंदुए के हमले में 10 वर्षीय बच्ची की मौत

### बच्ची, मां और अपने भाई के साथ खेत से लौट रही थी

जिला संवाददाता

बिजनौर। उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले में रविवार सुबह तेंदुए के हमले में 10 वर्षीय एक बच्ची की मौत हो गयी।

पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बच्ची, मां और अपने भाई के साथ खेत से लौट रही थी कि तभी तेंदुए ने हमला कर दिया। धामपुर के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) अभय कुमार पांडेय ने बताया कि रविवार पूर्वाह्न लगभग दस बजे नहटौर थानाक्षेत्र के गांव मुकर्म पुर में अतुल कुमार का परिवार खेत में गन्ना रोपकर लौट रहा था। उन्होंने बताया कि अतुल कुमार की पत्नी पिंकी, बेटा आदित्य और बेटी अदिति (10) घर के रास्ते में थे कि तभी अचानक झाड़ी से निकला तेंदुआ अदिति की गर्दन दबोच कर जंगल में ले गया। अधिकारी ने बताया कि ग्रामीणों के शोर मचाने पर तेंदुआ अदिति को छोड़कर जंगल में भाग गया, जिसके बाद उसे गंभीर घायल हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया और वन विभाग व राजस्व विभाग को घटना की जानकारी दे दी गई।

### एलपीजी बुकिंग

वाले अभियान को दिया गया है। सरकार ने बताया कि देश की सभी घरेलू रिफाइनरी पूरी क्षमता पर काम कर रही हैं और पर्याप्त कच्चे तेल का भंडारण बनाए हुए हैं। सरकार ने कहा कि देश पेट्रोल और डीजल के उत्पादन में आत्मनिर्भर है और घरेलू मांग पूरी करने के लिए इन ईंधनों का कोई आयात आवश्यक नहीं है। तेल विपणन कंपनियों ने ईंधन खुदरा बिक्री केंद्रों या एलपीजी वितरकों के पास भंडारण खत्म होने की कोई जानकारी नहीं दी है, और पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी की आपूर्ति नियमित रूप से बनाए रखी जा रही है। सरकार ने बताया कि एलपीजी बुकिंग में गिरावट आई है। शनिवार को लगभग 77 लाख बुकिंग दर्ज की गई।




# गिल व मंधाना ने शीर्ष पुरस्कार जीते

## गिल का यह दूसरा क्रिकेटर ऑफ द ईयर पुरस्कार है, इससे पहले उन्होंने 2023 में यह पुरस्कार जीता था

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल और स्मृति मंधाना को 2024-2025 में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए रविवार को यहां आयोजित बीसीसीआई नमन पुरस्कार 2026 में सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर (क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग) चुना गया। गिल ने प्रतिष्ठित पॉली उमरीगर पुरस्कार जीता जबकि मंधाना को यह पुरस्कार पांचवीं बार मिला। गिल का यह दूसरा क्रिकेटर ऑफ द ईयर पुरस्कार है, इससे पहले उन्होंने 2023 में यह पुरस्कार जीता था। पूर्व दिग्गज खिलाड़ी रोजर बिन्नी, राहुल द्रविड़ और मिताली राज को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सर्वोच्च सम्मान कर्नल सी के नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान भारतीय क्रिकेट में उनके बेहतरीन योगदान को देखते हुए दिया गया। गिल के लिए 2025 का साल बेहद शानदार रहा और उन्होंने क्रिकेट के लंबे प्रारूपों में खुद को टीम के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाज में से एक के तौर पर स्थापित किया। इंग्लैंड दौरे पर कप्तान गिल ने पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में टीम की अगुवाई करते हुए 10 पारियों में 75.40 के औसत से कुल 754 रन बनाए जिससे वह श्रृंखला में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। इसमें चार शतक और 269 रन का उनका सर्वोच्च स्कोर भी शामिल था। पिछले साल भारत की चैंपियंस ट्रॉफी जीत में भी गिल ने अहम भूमिका निभाई थी। इस टूर्नामेंट में उन्होंने दुनिया के नंबर एक वनडे बल्लेबाज़ के तौर पर प्रवेश किया था।



बांग्लादेश के खिलाफ भारत के पहले मैच में उन्होंने नाबाद 101 रन बनाए और पूरे टूर्नामेंट में कुल 188 रन बनाकर अपना अभियान समाप्त किया। मंधाना ने 2025 का समापन कुल I,703 अंतरराष्ट्रीय रनों के साथ किया। इसमें वनडे में I,362 रन शामिल हैं जो किसी भी महिला क्रिकेटर द्वारा एक कैलेंडर वर्ष में बनाए गए सबसे ज्यादा रन हैं। ऐसा करके मंधाना महिला वनडे क्रिकेट के इतिहास में एक ही कैलेंडर वर्ष में 1,000 रन बनाने वाली पहली बल्लेबाज़ बन गईं। भारत को अपना पहला महिला विश्व कप खिताब दिलाने में भी मंधाना ने अहम योगदान दिया। उन्होंने नौ मैचों में कुल 434 रन बनाए और टूर्नामेंट में भारत की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज रहीं। पूरे टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में वह दूसरे स्थान पर रहीं। विश्व कप से पहले बाएं हाथ की बल्लेबाज मंधाना ने नयी दिल्ली में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 50 गेंदों में शतक जड़कर किसी भी भारतीय बल्लेबाज द्वारा सबसे तेज वनडे शतक का रिकॉर्ड अपने नाम किया और इस तरह उन्होंने विराट कोहली के 52 गेंदों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। बीसीसीआई के नमन अवॉर्ड 2026 नई दिल्ली में चल रहे हैं। भारतीय कप्तान शुभमन गिल और स्मृति मंधाना को क्रिकेटर ऑफ ईयर का अवॉर्ड दिया गया है। वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय महिला टीम का सम्मान हुआ। इससे पहले चैंपियंस ट्रॉफी की विजेता टीम को सम्मानित किया गया। समारोह की शुरूआत में सबसे पहले जूनियर क्रिकेटर इरा जाधव और महिला क्रिकेटर शेफाली वर्मा को जगमोहन डालमिया ट्रॉफी दी गई। फिर अंडर-19 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीमें (मेंस, विमेंस) सम्मानित हुई। अंडर-19 टीम के कप्तान आयुष म्हात्रे को लाला अमरनाथ अवॉर्ड दिया गया है।



यहां बीसीसीआई 1983 वर्ल्डकप विजेता टीम के सदस्य रोजर बिन्नी, 2024 टी-20 वर्ल्डकप जिताने वाले कोच और पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ को कर्नल सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड देगा। इनमें भारतीय टेस्ट और वनडे टीम के कप्तान शुभमन गिल को इउउक क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवॉर्ड दिया जाएगा। भारतीय महिला टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज को बीसीसीआई लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही हाल ही में 2024-26 तक 5 आईसीसी टूनामेंट जीतने वाली टीमों के खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया जाएगा। वहीं, समारोह में कई घरेलू क्रिकेटर्स को भी सम्मान मिलेगा। भारतीय टीम ने 8 मार्च को अहमदाबाद में टी-20 वर्ल्ड कप जीता था। साल 2025 में भारतीय कप्तान गिल का प्रदर्शन शानदार रहा। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 983 रन बनाए, जिसमें इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई सीरीज में 70 से ज्यादा की औसत से बनाए गए 754 रन शामिल थे। वनडे में भी गिल ने 490 रन बनाए और भारत के आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने में अहम भूमिका निभाई।

उन्होंने सभी फॉर्मेट में 49 की औसत से 1764 रन बनाए, जिसमें सात शतक और तीन अर्धशतक शामिल रहे। स्मृति मंधाना ने पिछले साल 36 मैचों में 1800 रन बनाए। इनमें 7 शतक शामिल रहे। इनमें से 6 शतक वनडे क्रिकेट में आए। जबकि एक शतक टी-20 इंटरनेशनल में आया। मंधाना ने 3 वनडे में 1311 रन बनाए। उन्होंने 12 टी-20 मैचों में 489 रन बनाए। द्रविड़ को क्रिकेट इतिहास के महानतम बल्लेबाजों में गिना जाता है। उन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट में 24 हजार से ज्यादा रन बनाए और एक दशक से ज्यादा समय तक भारतीय बल्लेबाजी की रीढ़ रहे। उन्होंने रिटायरमेंट के बाद भारतीय क्रिकेट के भविष्य को तैयार करने में अहम भूमिका निभाई। नेशनल क्रिकेट अकादमी में हेड ऑफ क्रिकेट के रूप में उन्होंने युवा खिलाड़ियों को तैयार किया और प्रतिभा की मजबूत पाइपलाइन बनाई। उनकी कोचिंग में भारत ने 2018 में अंडर-19 विश्व कप जीता। बाद में भारतीय पुरुष टीम के मुख्य कोच के रूप में उन्होंने 2024 में भारत को आईसीसी मेंस टी20 विश्व कप जिताया। 1983 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे। भारतीय क्रिकेट में अहम योगदान दिया। वे 1983 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे थे। बिन्नी ने 1985 वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ क्रिकेट जीतने वाली भारतीय टीम में भी जगह बनाई थी।

# संजू लय में आ जाए तो वह पहले छह ओवरों में जिता सकता है मैच : गंभीर

नयी दिल्ली। भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि जब संजू सैमसन अपनी फॉर्म में होते हैं तो वह पावरप्ले में ही विपक्षी टीम से मैच छीन सकते हैं। आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के अंतिम चरण में सैमसन ने शानदार प्रदर्शन किया।

उन्होंने सेमीफाइनल और फाइनल में तूफानी अंदाज में अर्धशतक जड़कर भारत को रिकॉर्ड तीसरी बार खिताब जीतने में मदद की। अभिषेक शर्मा औरर सैमसन ने फाइनल में मिलकर पावरप्ले में 92 रन बनाए और इस तरह से न्यूजीलैंड से मैच छीन लिया। गंभीर ने जियो स्टार पर कहा, हम जानते हैं कि संजू क्या कर सकता है। उसकी प्रतिभा और विस्फोटक बल्लेबाजी पर कभी कोई संदेह नहीं था। अगर वह लय में आ जाए तो पहले छह ओवरों में ही मैच जिता सकता है। सैमसन का विश्व कप से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था और इसलिए उन्हें आईसीसी टूर्नामेंट के शुरुआती मैचों में अंतिम एकादश में जगह नहीं मिली थी। लेकिन जिम्बाब्वे के खिलाफ करो या मरो के मैच में मौका मिलने पर सैमसन ने 15 गेंदों में 24 रन बनाकर लय हासिल की और इसके बाद अगले तीन मैच में नाबाद 97, 89 रन और 89 रन बनाए।



## संक्षेप

### वार्षिक निःशुल्क प्ले एन फिट टेनिस ट्रेनिंग कैम्प

लखनऊ में ओमेक्स सिटी के एक्सीलिया स्कूल में स्थित प्ले एन फि ट टेनिस अकैडमी में 26 मार्च 2026 से 31 मार्च 2026 तक निःशुल्क (फ्री) लॉन टेनिस ट्रेनिंग कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। ये कैम्प आयु वर्ग 4 वर्ष से 14 वर्ष के बालक और बालिकाओ के लिए होगा। इस निःशुल्क कैम्प में सभी खिलाड़ियों को ट्रेनिंग के लिए टेनिस रैकेट भी दिए जाएँगे। निःशुल्क कैम्प में रजिस्ट्रेशन कराने के लिए 8090386019 पर संपर्क कर सकते हैं। निःशुल्क कैम्प में रजिस्ट्रेशन कराने की अंतिम तिथि 22 मार्च 2026 होगी। प्ले एन फि ट टेनिस अकैडमी के संस्थापक मो.उबैद ने बताया के टेनिस के निःशुल्क (फ्री) कैंप के आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना तथा स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ समाज में छिपी हुई प्रतिभाओं को ढूंढना भी है। निःशुल्क कैंप की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह समाज के हर वर्ग के बच्चों और युवाओं के लिए खेल के मैदान के दरवाजे खोल देता है। कई बार इन निःशुल्क कैंपों के माध्यम से ही छिपी हुई प्रतिभाएं सामने आई हैं। कोच इन कैंपों में बेहतरीन खिलाड़ियों की पहचान कर उन्हें भविष्य के लिए तैयार कर सकते हैं।

### क्रिकेटर कुलदीप यादव मसूरी में विवाह बंधन में बंधे

देहरादून। भारतीय क्रिकेटर कुलदीप यादव उत्तराखंड की पर्यटक नगरी मसूरी में अपनी मंगेतर वंशिका सिंह के साथ विवाह बंधन में बंध गए। शनिवार रात तक चलीं विवाह से संबंधित सभी रस्में शहर के मशहूर होटल द सेवॉय में हुईं जिसे क्रिकेटर की शादी के लिए विशेष रूप से सजाया गया था। विवाह में तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, युजवेंद्र चहल, मोहम्मद कैफ, आरपी सिंह और सुरेश रैना जैसी क्रिकेट जगत की हस्तियां भी शामिल हुईं। बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री भी विवाह समारोह में पहुंचे और उन्होंने वरवधू को आशीर्वाद और शुभकामनाएं दीं। कुलदीप हाल में टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम में शामिल थे।

### फार्मूला वन रेस रद्द

शंघाई। फॉर्मूला वन और उसकी संचालन संस्था फिया ने कहा है कि ईरान युद्ध से जुड़ी सुरक्षा चिंताओं के कारण अप्रैल में बहरीन और सऊदी अरब में होने वाली ग्रां प्री रेस नहीं होंगी। अमेरिका और इजराइल द्वारा हमले शुरू करने के बाद ईरान ने जवाबी कार्वाई करते हुए इन दोनों देशों पर हमले किए हैं। यह घोषणा रविवार सुबह शंघाई में चीन ग्रां प्री से पहले की गई। एफवन ने कहा, पश्चिम एशिया क्षेत्र में चल रही स्थिति के कारण बहरीन और सऊदी अरब ग्रां प्री अप्रैल में नहीं होंगी। उन्होंने कहा, हालांकि कई विकल्पों पर विचार किया गया लेकिन अंततः यह तय किया गया कि अप्रैल में होने वाले रेस के स्थान में बदलाव नहीं होगा। एफवन रेस 12 अप्रैल को बहरीन में और 19 अप्रैल को सऊदी अरब के शहर जेद्दा में होनी थी। एफवन के अध्यक्ष और सीईओ स्टेफानो डोमेनिकाली ने कहा, हालांकि यह एक मुश्किल फ़ैसला था लेकिन दुर्भाग्य से पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति को देखते हुए इस समय यह सही फैसला है।

### मैदान में दिख रहीं भारतीय टीम की क्षमता : राहुल द्रविड़

नयी दिल्ली। पूर्व भारतीय कप्तान और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने रविवार को कहा कि देश की समृद्ध क्रिकेट प्रतिभा अब मैदान पर असली सफलता में बदल रही है और वैश्विक टूर्नामेंटों में लगातार मिल रही जीत भारतीय क्रिकेट में लंबे समय से मौजूद प्रतिभा को दर्शाती है। पिछले दो वर्षों में भारत ने आईसीसी टूर्नामेंटों में शानदार प्रदर्शन किया है। टीम ने पुरुषों के पिछले दो टी20 विश्व कप, महिला वनडे विश्व कप, पुरुष अंडर-19 विश्व कप और महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप जीते हैं। बीसीसीआई के वार्षिक पुरस्कार समारोह में कर्नल सी के नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किए जाने के बाद द्रविड़ ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, यह सब कुछ सही लग रहा है, है ना?

# सप्तक तलवार ने पीजीटीआई का अहमदाबाद चरण जीता

एजेंसी

अहमदाबाद। भारतीय गोल्फर सप्तक तलवार ने रविवार को यहां आखिरी दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो-अंडर 70 का स्कोर बनाकर दो शॉट से डीपी विश्व पीजीटीआई के इंडोरामा वेंचर्स ओपन जीत लिया। सत्ताईस साल के सप्तक (68-71-69-70) का कुल स्कोर 10-अंडर 278 का रहा। तलवार की इस दूसरी पेशेवर जीत से उन्हें 48,000 डॉलर (43,20,000 रुपये) का पुरस्कार मिला जिससे वह पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ द मेरिट में 44वें स्थान से पहले स्थान पर पहुंच गए।

ऑस्ट्रिया के क्रिस्टोफ ब्लेयर (69-70-72-69) ने आखिरी दौर में तीन-अंडर 69 का स्कोर बनाकर दूसरा स्थान हासिल किया। उनका कुल स्कोर आठ-अंडर 280 रहा। वीर अहलावत और कार्तिक सिंह ने आखिरी दौर में दो-अंडर 70 का स्कोर बनाया और सात-अंडर 281 के कुल स्कोर के साथ संयुक्त रूप से तीसरे



स्थान पर रहे। वहीं दूसरी ओर भारतीय मूल के अमेरिकी खिलाड़ी सहित थीगला ने चार-अंडर 68 का शानदार स्कोर बनाकर 25 मिलियन अमेरिकी डॉलर इनामी प्लेयर्स गोल्फ चैंपियनशिप में एक राउंड शेष रहते हुए शीर्ष 10 में वापसी की। थीगाला ने दो बोगी के मुकाबले छह बर्डी लगाईं, जिससे उनका कुल स्कोर सात अंडर पार हो गया है। वह शीर्ष पर काबिज स्वीडन के लुडविग एबर्ग से छह शॉट पीछे हैं। एबर्ग ने एक-अंडर 71 का स्कोर बनाकर अपनी बढ़त को तीन शॉट कर दिया है। उनका कुल स्कोर अब 13-अंडर पार है।

# विश्व मुक्केबाजी फ्यूचर्स कप में चंद्रिका को स्वर्ण

बैंकॉक। भारत ने रविवार को यहां विश्व मुक्केबाजी फ्यूचर्स कप में अपना अभियान पांच पदक के साथ खत्म किया जिसमें एक स्वर्ण पदक भी शामिल है। युवा ओलंपिक वजन वर्ग में मुकाबला करते हुए भारत की अंडर-19 पुरुष और महिला टीमों ने लगातार शानदार प्रदर्शन किया। इस अभियान की अगुवाई चंद्रिका पुजारी ने की जिन्होंने महिलाओं के 51 किग्रा फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए उज्बेकिस्तान की मार्दोनोवा नाजोकत को सर्वसम्मत फैसले से हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया। तीन भारतीय मुक्केबाजों ने अपने वजन वर्ग के फाइनल में पहुंचने के बाद रजत पदक जीते। गुंजन (48 किग्रा) इंग्लैंड की अपनी प्रतिद्वंद्वी से 5-0 के फैसले से हार गईं जबकि जॉयश्री देवी (54 किग्रा) कड़े मुकाबले के बाद अमेरिका की एक मुक्केबाज से 1-4 से पराजित हो गईं। पुरुषों के 50 किग्रा वजन वर्ग में एल अंबेकर मीतेई को फाइनल में यूक्रेन के मुक्केबाज से हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इससे पहले टूर्नामेंट में राधामणी लोंगजाम (57 किग्रा) ने कांस्य पदक जीता था।

# फुटबॉल : एल्चे पर रियाल मैड्रिड की जीत



एजेंसी

बार्सिलोना। फेडेरिको वाल्वरडे ने तीन मैचों में पांचवां गोल दागकर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा जिससे रियाल मैड्रिड एल्चे को 4-1 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग लालिगा में अपने चिर प्रतिद्वंदी बार्सिलोना के करीब पहुंच गया है। उरुग्वे के मिडफील्डर वाल्वरडे ने हाफ टाइम से ठीक पहले दाएं पैर से घुमावदार शॉट लगाकर मैड्रिड की बढ़त को दोगुना किया। वाल्वरडे ने इससे पहले चैंपियंस लीग के अंतिम 16 के पहले चरण के मैच में रियाल मैड्रिड की मैनचेस्टर सिटी के खिलाफ 3-0 की जीत में हैट्रिक बनाई थी। उससे पहले उन्होंने लालिगा के पिछले दौर में सेल्टा विगो के खिलाफ 2-1 से जीत में भी गोल किया था। इस जीत से रियाल मैड्रिड के 28 मैच में 66 अंक हो गए हैं। बार्सिलोना के 27 मैच में 67 अंक हैं। इस बीच स्टार स्ट्राइकर काइलियन एमबाप्पे का मैनचेस्टर सिटी के खिलाफ चैंपियंस लीग के राउंड ऑफ 16 के दूसरे चरण के मैच में खेलना भी संदिग्ध है। उन्होंने घुटने की चोट के कारण 21 फरवरी के बाद कोई मैच नहीं खेला है। वहीं दूसरी ओर

भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम एएफसी एशियाई कप सऊदी अरब 2027 के क्वालीफायर का अपना अंतिम मैच हांगकांग के खिलाफ 31 मार्च को कोच्चि में खेलेगी। भारत पहले ही एएफसी एशियाई कप 2027 में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो चुका है। अब उसका लक्ष्य अपने क्वालीफाइंग अभियान का अंत जीत के साथ करना होगा। हांगकांग की टीम भी क्वालीफाई करने की दौड़ से बाहर हो चुकी है। क्वालीफायर के संदर्भ में यह मैच भले ही औपचारिकता मात्र हो, लेकिन फीफा रैंकिंग के अंक दांव पर लगे होने के कारण इस मैच का महत्व बना हुआ है। भारत क्वालीफाइंग का अपना तीसरा मैच घरेलू मैदान पर खेलेगा। इससे पहले उसने पिछले साल मार्च में बांग्लादेश के खिलाफ शिलांग में और अक्टूबर में सिंगापुर के खिलाफ मडगांव में मैच खेला था। यह 10 साल में पहली बार होगा जब भारतीय टीम कोच्चि के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में मैच खेलेगी। इससे पहले उसने आखिरी बार मार्च 2016 में इस मैदान पर फीफा विश्व कप क्वालीफायर में तुर्कमेनिस्तान का सामना किया था।

# एंटोनेली ने चीन ग्रां प्री में पहली जीत दर्ज की

शंघाई। किमी एंटोनेली ने रविवार को हुई चीन ग्रां प्री में मर्सीडीज के लिए शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की जिससे वह फॉर्मूला वन के दूसरे सबसे कम उम्र के विजेता बन गए।

इटली के 19 वर्षीय एंटोनेली पोल पोजिशन से शुरुआत करने वाले सबसे कम उम्र के ड्राइवर थे। रेस की शुरुआत में कुछ समय के लिए फेरारी के लुईस हैमिल्टन ने बढ़त बनाई लेकिन जल्द ही एंटोनेली ने फिर से बढ़त बना ली। इसके बाद पूरी रेस पर उनका ही नियंत्रण रहा। सत्र की शुरुआत में मर्सीडीज के लिए यह एक और पहले-दूसरे स्थान वाला प्रदर्शन रहा।

एंटोनेली के साथी जॉर्ज रसेल ने फेरारी ड्राइवरों के साथ कड़ा मुकाबला करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। लुईस हैमिल्टन तीसरे स्थान पर रहे। फेरारी के लिए यह लंबे समय में पहला ग्रां प्री पोडियम स्थान रहा। कम उम्र में ग्रां प्री जीतने वाले एकमात्र ड्राइवर मैक्स वर्स्टापेन हैं जिन्होंने 2016 में जब अपनी पहली जीत हासिल की थी तब उनकी उम्र 18 साल थी।

# साउथ अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को हराया

एजेंसी

माउंट माउंगानुई। साउथ अफ्रीका ने पहले टी-20 मैच में न्यूजीलैंड को 7 विकेट से हरा दिया। इसके साथ प्रोटियाज टीम ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के सेमीफाइनल में मिली हार का बदला भी ले लिया। 15 मार्च को माउंट माउंगानुई के बे ओवल मैदान पर खेले गए इस मुकाबले में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का

> पहले टी-20 में 92 रन का टारगेट मिला था, डेब्यू कर रहे मोकोएना को 3 विकेट

फैसला किया, लेकिन यह निर्णय टीम के लिए सही साबित नहीं हुआ। कीवी टीम 14.3 ओवर में सिर्फ 91 रन पर ऑलआउट हो गई। इंटरनेशनल टी-20 में यह न्यूजीलैंड का 10वां सबसे छोटा स्कोर है। जवाब में साउथ अफ्रीका ने 16.4 ओवर में 3 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया और सीरीज में 1-0 बढ़त हासिल कर ली। सीरीज का दूसरा मुकाबला 17 मार्च को हैमिल्टन में खेला जाएगा। न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के बीच 5 मैचों की सीरीज का आज पहला मुकाबला खेला जा रहा है। न्यूजीलैंड की बैटिंग फेल इस मुकाबले में न्यूजीलैंड के लिए जेम्स नीशम ने सबसे ज्यादा 21 गेंदों पर 26 रन बनाए। उनके अलावा कप्तान मिचेल सैंटनर ने 19 गेंदों पर 15 रन, कोल मैकॉन्ची ने 11 गेंदों पर 15 रन और बेवॉन जैकब्स ने 7 गेंदों पर 10 रन की पारी खेली। हालांकि टीम के सात बल्लेबाज दहाई



के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। न्यूजीलैंड के लिए सबसे बड़ी साझेदारी 7वें विकेट के लिए हुई, जब नीशम और मैकॉन्ची ने 17 गेंदों में 26 रन जोड़े। डेब्यूटेंट मोकोएना ने 3 विकेट लिए साउथ अफ्रीका के लिए डेब्यू कर रहे नकोबानी मोकोएना ने 3.3 ओवर में 26 रन देकर सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। वहीं जेराल्ड कूट्जी और ओटनील बार्टमैन ने 3-3 ओवर में 2-2 विकेट झटके। स्पिनर केशव महाराज ने भी किफायती गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 25 रन देकर 2 विकेट हासिल किए।

# द गुरुकुलम - एसएनआई में जुम्बा व योग सत्र का आयोजन

खेल संवाददाता

लखनऊ। अलीगंज स्थित रॉयल स्पोर्ट्स गंज (आरएसजी) स्टेडियम में रविवार को आयोजित 'फिट-टेस्ट फैमिली एरीना - वॉकाथॉन एवं फिटनेस कार्यक्रम' में खिलाड़ियों, छात्रों और फिटनेस प्रेमियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। खेलों के लिए प्रेरित करने और फिटनेस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में

> आरएसजी स्टेडियम में प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर लिया भाग

प्रतिभागियों ने वॉकाथॉन, जुम्बा और योग सत्र के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया।

रॉयल स्पोर्ट्स गंज स्टेडियम, स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया (एसएनआई) और द गुरुकुलम स्कूल - बाय फिजिक्सवाला के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत 2 किमी की वॉकाथॉन (फिटनेस वॉक) से हुई, जिसे मुख्य अतिथि लखनऊ उत्तर के विधायक डॉ. नीरज बोरा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्य अतिथि विधायक डॉ. नीरज बोरा ने खेल क्षेत्र



में उत्कृष्ट योगदान देने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया और अपने संबोधन में कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण में खेल और फिटनेस की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

उन्होने आगे कहा कि युवाओं को नियमित रूप से खेल और व्यायाम से जुड़ना चाहिए, क्योंकि इससे शारीरिक के साथ मानसिक स्वास्थ्य भी बेहतर होता है। उन्होंने ऐसे आयोजनों को खेल के प्रति रुचि बढ़ाने और फिटनेस के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए उपयोगी बताया। वॉकाथॉन के बाद अन्य कार्यक्रमों की शुरूआत द गुरुकुलम स्कूल - बाय फिजिक्सवाला की प्रधानाचार्या श्रीमती पूजा सिंह के स्वागत संबोधन से हुई। उन्होंने बताया कि आरएसजी स्टेडियम के प्रशिक्षु राज्य पदक विजेता खिलाड़ियों को द गुरुकुलम स्कूल झ्र बाय फिजिक्सवाला में फीस में 50 प्रतिशत की स्कॉलरशिप दी जाएगी।

इसके बाद प्रतिभागियों के लिए जुम्बा फिटनेस सत्र और योग सत्र आयोजित किया गया, जिसमें खिलाड़ियों, छात्र-छात्राओं, फिटनेस प्रेमियों और आम नागरिकों ने बड़ी संख्या में उत्साह के साथ भाग लिया। इससे पूर्व स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया के निदेशक एवं रॉयल स्पोर्ट्स गंज स्टेडियम के कार्यकारी निदेशक डॉ. आनंद किशोर पाण्डेय और रॉयल स्पोर्ट्स गंज स्टेडियम के कार्यकारी निदेशक हर्षवर्धन सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

आयोजन में हॉकी ओलंपियन सैयद अली, अवध ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के चेयरमैन ऋषि गोयल,

> डॉ. नीरज बोरा ने दिखाई वॉकाथॉन को हरी झंडी

अंतरराष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी अबू हुबैदा, शिक्षा विभाग के संयुक्त निदेशक मुकेश सिंह, आरएसजी स्टेडियम के निदेशक (ऑपरेशन) अजय सेठी तथा सहायक निदेशक अंश पांडेय ने भी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

इस दौरान प्रतिभागियों को आपातकालीन परिस्थितियों में प्राथमिक उपचार की जानकारी देने के लिए मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, गोमती नगर की मेडिकल टीम ने सीपीआर का लाइव डेमोंस्ट्रेशन भी प्रस्तुत किया।


# अमित शाह का कांग्रेस पर आरोप

## कांग्रेस ने अपने शासनकाल में असम के स्वास्थ्य बजट से हर साल 150 करोड़ हड़पे :शाह

एजेंसी

गुवाहाटी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस ने असम में 15 वर्ष के अपने शासनकाल के दौरान राज्य के स्वास्थ्य सेवा बजट से प्रति वर्ष 150 करोड़ रुपये अपनी जेब में डाल लिए। शाह ने कहा कि दूसरी ओर, भाजपा ने राज्य में अपने 10 साल के शासनकाल में इस क्षेत्र को पूरी तरह से बदल दिया है। शाह ने 2,092 करोड़ रुपये की स्वास्थ्य सेवा परियोजनाओं का उद्घाटन और आधारशिला रखते हुए कहा, 10 साल पहले असम की स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था बदहाल थी क्योंकि कांग्रेस केवल अपने नेताओं के परिवारों की आर्थिक स्थिति के लिए काम कर रही थी।

केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि 2016 तक कांग्रेस के शासनकाल के दौरान इस क्षेत्र में भ्रष्टाचार हुआ था और कहा, 15 वर्षों तक, हर साल, राज्य के स्वास्थ्य बजट से 150 करोड़ रुपये उन्होंने अपनी जेब में डाल लिए। उन्होंने कहा, इन रुपयों को नौ लाख ऐसे बच्चों के इलाज पर खर्च दिखाया गया जो कभी पैदा ही नहीं हुए और 390 आंगनवाड़ी केंद्रों पर खर्च दिखाया गया जिनका निर्माण कभी हुआ ही नहीं। शाह ने कहा कि भाजपा समाज के सभी वर्गों के लिए सस्ती स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के लिए काम करती है और उन्होंने राज्य की चिकित्सा सुविधाओं को गुजरात, महाराष्ट्र और



कर्नाटक जैसे राज्यों के बराबर लाने के लिए मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, दस वर्षों में असम चिकित्सा देखभाल और शिक्षा दोनों क्षेत्रों में आत्मनिर्भर हो गया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विरोध करने के उनके प्रयास में देश को बदनाम करने के उनके कृत्यों का कोई भी भारतीय समर्थन नहीं करता। उन्होंने नयी दिल्ली में हाल में हुए एआई शिखर सम्मेलन में कांग्रेस के शर्ट उतारकर विरोध प्रदर्शन करने और संसद भवन की सीढ़ियों पर चाय-पकौड़ा खाने के लिए गांधी की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा, हम भी विपक्ष में थे और हमने भी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किए थे, लेकिन इसके लिए एक सही मंच होता है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, संसद लोकतंत्र की पवित्र जगह है। इसकी सीढ़ियों का इस्तेमाल धरने के लिए भी नहीं किया जाना चाहिए और राहुल गांधी वहां चाय-पकौड़ा खा रहे थे। क्या उन्हें पता नहीं कि नाश्ता कहां करना चाहिए? इससे पहले शाह ने यहां 675 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित प्राग्ज्योतिषपुर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (पीएमसीएच) का परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उद्घाटन किया। उन्होंने असम कैंसर केयर फाउंडेशन (एसीसीएफ) के तहत गोलाघाट और तिनसुकिया में निर्मित कैंसर केंद्रों का भी ऑनलाइन तरीके से उद्घाटन किया। इनमें से प्रत्येक केंद्र का निर्माण 135 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। उन्होंने दीफू मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (220 करोड़ रुपए), जोरहाट मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (310 करोड़ रुपए) और बारपेटा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (284 करोड़ रुपए) में सुपर-स्पेशियलिटी अस्पतालों की ऑनलाइन माध्यम से आधारशिला रखी। शाह ने गुवाहाटी में 218 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले स्वास्थ्य भवन और 115 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले अभयपुरी जिला अस्पताल की भी आधारशिला रखी।

## न्यायिक प्रणाली को अस्पतालों की तरह ही सेवा भाव से काम करना चाहिए : सीजेआई सूर्यकांत



मंडी (हिमाचल प्रदेश)। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने रविवार को कहा कि न्यायिक परिसरों को अस्पतालों की तरह ही सेवाभाव की भावना से काम करना चाहिए, क्योंकि लोग न्याय और राहत की उम्मीद लेकर अदालतों में आते हैं। मंडी के न्यायिक अदालत परिसर की आधारशिला रखने के बाद एक विधि साक्षरता शिविर को संबोधित करते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि सुविधाओं में वृद्धि के साथ न्यायिक प्रणाली की जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि चर्चा अक्सर मौलिक अधिकारों पर केंद्रित रहती है, लेकिन मौलिक कर्तव्य भी संविधान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और उनका पालन किया जाना चाहिए। उन्होंने मौलिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए जमीनी स्तर पर इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित करने का आग्रह किया।

उन्होंने बताया कि प्रस्तावित मंडी न्यायिक अदालत परिसर का निर्माण 9.6 हेक्टेयर क्षेत्र में 152 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। परिसर में चार ब्लॉक होंगे, जो न्यायाधीशों, वकीलों और आम लोगों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे। कार्यक्रम में मौजूद मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य के प्रत्येक नागरिक को न्याय और अधिकार उपलब्ध कराना सरकार की प्रतिबद्धता है। उन्होंने कहा कि सरकार संविधान की भावना के अनुरूप समावेशी विकास और सामाजिक न्याय की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने बताया कि सरकार ने लोक अदालतों के माध्यम से लगभग 5.5 लाख लंबित मामलों का निपटारा किया है। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया ने कहा कि आज की चर्चा न्याय की पहुंच हर व्यक्ति तक सुनिश्चित करने के सामूहिक प्रयासों का परिणाम हैं। उन्होंने कहा कि न्याय केवल अदालत तक सीमित नहीं है।

## संक्षेप

### इजराइली सैनिकों की गोलीबारी में चार की मौत

रामल्ला (वेस्ट बैंक)। उत्तरी पश्चिमी तट में इजराइली सैनिकों ने एक कार पर गोलीबारी की, जिससे उसमें सवार दो बच्चों सहित चार लोगों की मौत हो गई। फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। फलस्तीनी आधिकारिक समाचार एजेंसी ने बताया कि ईद-उल-फितर के लिए नए कपड़े खरीदने निकले परिवार पर शनिवार देर रात गोली चलाई गई। इजराइल ने कहा कि वह गोलीबारी की जांच कर रहा है। फलस्तीनी रेड क्रिसेंट राहत सेवा ने कहा कि अली और वाएद ओदेह और उनके चार बच्चों में से दो को सिर में गोली लगी थी।

समूह ने कहा कि ओदेह परिवार के दो जीवित बच्चों को छर्रे के घाव लगे थे, जिनका उपचार बचाव दल ने घटनास्थल तक पहुंचने की अनुमति मिलने के बाद की। समूह ने आरोप लगाया कि इजराइल ने घटनास्थल पर एम्बुलेंस देरी से भेजी।

रविवार को इजराइल की सेना और पुलिस ने एक संयुक्त बयान में कहा कि ताम्मून में एक कार के उनकी ओर तेजी से बढ़ने पर बलों ने गोलीबारी की। उन्होंने कहा कि बलै आतंकवादी गतिविधि के आरोपी संदिग्धों का पीछा कर रहे थे और गोलीबारी की जांच चल रही है।

## वाराणसी के मंदिर में गैस की किल्लत सरकार की विफलता को दर्शाती है : माकपा महासचिव

नयी दिल्ली। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के महासचिव एम ए बेबी ने रविवार को कहा कि वाराणसी के अन्नपूर्णा मंदिर में सामुदायिक रसोईघरों में एलपीजी की किल्लत की खबरें उत्तर प्रदेश और केंद्र की भाजपा सरकारों की विफलतौ को दर्शाती हैं।

बेबी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वाराणसी में जन आक्रोश जत्थे के लिए पहुंचने पर उन्हें मंदिर के अन्न क्षेत्रों के बंद होने की जानकारी मिली। उन्होंने कहा कि ये अन्न क्षेत्र दशकों से रोजाना हजारों लोगों को भोजन उपलब्ध कराते रहे हैं, लेकिन एलपीजी संकट के कारण पहली बार इन्हें बंद करना पड़ा है। बेबी ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अपने संसदीय क्षेत्र में स्थित प्रसिद्ध अन्नपूर्णा मंदिर के अन्न क्षेत्र, जो दशकों से रोजाना हजारों लोगों को भोजन करा रहे थे, एलपीजी संकट के कारण पहली बार बंद हो गए हैं। यह मोदी-योगी आदित्यनाथ सरकारों की विफलता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि खोखले शब्द इस सच्चाई को छिपा नहीं सकते और सरकार से तुरंत कदम उठाने की मांग की।

## भारत-ईयू संबंधों को मजबूत बनाने पर ध्यान

एजेंसी

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने यूरोपीय यूनियन (ईयू) के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों के साथ वार्ता के लिए रविवार को ब्रसेल्स का दो दिवसीय दौरा शुरू किया। जनवरी में दोनों पक्षों के बीच एक

❍ विदेश मंत्री जयशंकर की दो दिवसीय ब्रसेल्स यात्रा शुरू

ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर मुहर लगने के बाद भारत की ओर से ब्रसेल्स का यह पहला उच्चस्तरीय दौरा है। ब्रसेल्स में ईयू का मुख्यालय है। विदेश मंत्रालय ने कहा



कि जयशंकर यूरोपीय आयोग की उपाध्यक्ष काजा कैलास के निमंत्रण पर बेल्जियम की राजधानी ब्रसेल्स जा रहे हैं,

जहां वह 27 देशों वाले ईयू के विदेश मंत्रियों से एक बैठक के दौरान बातचीत करेंगे। मंत्रालय ने कहा, यात्रा के दौरान, विदेश मंत्री यूरोपीय यूनियन के नेताओं और बेल्जियम तथा अन्य ईयू सदस्य देशों के अपने समकक्षों के साथ बैठकें भी करेंगे।

मंत्रालय ने एक संक्षिप्त बयान में कहा, ऐतिहासिक 16वें भारत-ईयू शिखर सम्मेलन के ठीक बाद हो रही विदेश मंत्री की इस यात्रा से भारत और यूरोपीय यूनियन के बीच रणनीतिक साझेदारी मजबूत होने की उम्मीद है। भारत और यूरोपीय यूनियन ने 27 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ईयू के शीर्ष नेताओं के शिखर सम्मेलन के बाद मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।

## सीबीआई की याचिका किसी और न्यायाधीश को भेजने का अनुरोध

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डी.के. उपाध्याय ने पूर्व मुख्यमंत्री व आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और अन्य व्यक्तियों का एक अनुरोध खारिज कर दिया है, जिसमें आबकारी नीति मामले में उन्हें आरोपमुक्त किए जाने के फैसले के खिलाफ दायर सीबीआई की याचिका न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा की जगह किसी और न्यायाधीश के समक्ष सूचीबद्ध करने की अपील की गई थी।

घटनाक्रम से परिचित सूत्रों के अनुसार न्यायमूर्ति उपाध्याय ने कहा कि न्यायमूर्ति शर्मा रोस्टर के अनुसार, अधीनस्थ अदालत के फैसले के खिलाफ दायर सीबीआई की याचिका पर सुनवाई कर रही हैं और याचिका किसी और न्यायाधीश के समक्ष सूचीबद्ध करने का कोई कारण नहीं है। मुख्य न्यायाधीश ने स्पष्ट किया कि संबंधित न्यायाधीश ही किसी याचिका से खुद को अलग करने का फैसला ले सकता है। सीबीआई की याचिका सोमवार को न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा के समक्ष सूचीबद्ध है। केजरीवाल, आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया और अन्य व्यक्तियों ने 11 मार्च को मुख्य न्यायाधीश उपाध्याय के समक्ष एक प्रतिवेदन पेश करके सीबीआई की याचिका न्यायमूर्ति



स्वर्णकांता की जगह किसी निष्पक्ष न्यायाधीश को सौंपने का अनुरोध किया था। प्रतिवेदन में केजरीवाल ने दावा किया कि उन्हें इस मामले की निष्पक्ष व तटस्थ सुनवाई नहीं होने की गंभीर, वास्तविक और वाजिब आशंका है। उल्लेखनीय है कि 27 फरवरी को निचली अदालत ने केजरीवाल, सिसोदिया और 21 अन्य लोगों को आरोपमुक्त करते हुए सीबीआई को फटकार लगाई थी।

न्यायाधीश शर्मा की पीठ ने नौ मार्च को आबकारी नीति मामले में सीबीआई के जांच अधिकारी के खिलाफ विभागीय कार्वाई शुरू करने के निचली अदालत के आदेश पर रोक लगा दी थी। न्यायमूर्ति शर्मा ने सीबीआई की याचिका पर सभी 23 आरोपियों से जवाब मांगा था। उन्होंने कहा था कि अभियोग तय करने की प्रक्रिया के दौरान कुछ निष्कर्ष और टिप्पणियां प्रारंभिक रूप से गलत प्रतीत होती हैं और उनपर विचार किए जाने की आवश्यकता है।

## राहुल गांधी ने पीएम को लिखा पत्र

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को पत्र लिखकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के संस्थापक कांशीराम को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा

❍ बसपा संस्थापक कांशीराम को भारत रत्न देने की मांग

कि इससे उन लाखों लोगों की आकांक्षाओं का सम्मान होगा, जो कांशीराम को सशक्तीकरण और आशा के प्रतीक के रूप में देखते हैं। राहुल ने मोदी को लिखे पत्र में कहा कि कांशीराम



ने भारतीय राजनीति का स्वरूप बदल दिया और अपने आंदोलनों के माध्यम से बहुजनों व गरीबों में राजनीतिक जागरूकता पैदा की।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पत्र में कहा, आज (रविवार को) जब हम कांशीराम जी की जयंती मना रहे हैं और उनकी विरासत व योगदान पर विचार कर रहे हैं, तो मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया जाए। उन्होंने कहा, कांशीराम जी ने भारतीय राजनीति का स्वरूप बदल दिया। अपने आंदोलनों के माध्यम से उन्होंने बहुजनों और गरीबों में राजनीतिक जागरूकता बढ़ाई।

उन्होंने उन्हें याद दिलाया कि उनका मत, उनकी आवाज और उनका प्रतिनिधित्व महत्वपूर्ण है और यह देश सभी का समान रूप से है। राहुल ने कहा कि कांशीराम के प्रयासों के कारण, कई ऐसे लोग जिन्होंने कभी सार्वजनिक जीवन में आने के बारे में सोचा भी नहीं था।

## भाजपा के ऑपरेशन लोटस का भंडाफोड : शिवकुमार

एजेंसी


बेंगलुरु। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने रविवार को दावा किया कि यहां स्थित एक रिसॉर्ट में ठहरे ओडिशा कांग्रेस के विधायकों को रिश्वत की पेशकश करने के मामले में दो लोगों की गिरफ्तारी से भाजपा के ऑपरेशन लोटस का भंडाफोड़ हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने ओडिशा में ऑपरेशन लोटस की योजना बनाई है और 16 मार्च को होने वाले राज्यसभा चुनावों से पहले यहां लाए गए प्रत्येक विधायक को पांच करोड़ रुपये की पेशकश की जा रही है।

कांग्रेस की ओडिशा इकाई के एक वरिष्ठ नेता ने बेंगलुरु में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि कुछ लोगों ने पार्टी विधायकों को रिश्वत देने की कोशिश की और जब उन्होंने प्रस्ताव ठुकरा दिया तो उन्हें धमकाया। कांग्रेस की ओडिशा इकाई के कुछ अन्य पदाधिकारियों के साथ आठ विधायक भी रिसॉर्ट में डेरा डाले हुए हैं।

## इंटरटेनमेंट...

## 'धुरंधर 2' ने रिलीज से पहले कमाए 27.13 करोड़

**मुंबई।** डायरेक्टर आदित्य धर और एक्टर रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधरः द रिवेंज' यानी 'धुरंधर 2' ने रिलीज से पहले ही पेड प्रीव्यू में रिकॉर्ड बना दिया। 'धुरंधर 2' ने रिलीज से पहले पेड प्रीव्यू के जरिए करीब ?27.13 करोड़ की कमाई की है। फिल्म ने 'दे कॉल हिम ओजी' (?23 करोड़) और 'बाहुबली 2' (?22 करोड़) को पीछे छोड़ दिया। यह कलेक्शन 'स्त्री 2' के ?8.5 करोड़ के मुकाबले लगभग तीन गुना है। आमतौर पर मेकर्स फिल्म के रिलीज से पहले दर्शकों की प्रतिक्रिया जानने के लिए कुछ चुनिंदा पेड प्रीव्यू शो रखते हैं। 19 मार्च को धुरंधर 2 रिलीज होगी। इससे पहले 18 मार्च को देशभर में 9550 पेड प्रीव्यू शो रखे गए हैं। इसकी 5.38 लाख टिकटें बिक चुकी हैं। मुंबई में एक टिकट की कीमत 3100 रुपए तक रही, जबकि दिल्ली में 2400 रुपए रही। इस तरह फिल्म रिलीज से पहले ही भारत में ?27.13 करोड़ कमा चुकी है। यदि पहले से ब्लॉक की गई टिकटों को जोड़ लें तो



कमाई ?31.9 करोड़ तक पहुंच जाएगी। दुनियाभर में बुक हुए पेड प्रीव्यू शो की कमाई देखें तो यह ?60

❍ पेड प्रीव्यू शो में 5.38 लाख टिकट बिके, 'बाहुबली 2' और 'स्त्री 2' को पीछे छोड़ा

करोड़ तक पहुंचती है। अमेरिका में 690 स्थानों पर 1765 शो रखे गए हैं। इनके 67 हजार टिकट बुक हो चुके हैं। पूरे उत्तरी अमेरिका में कमाई 13.1 लाख डॉलर (?12.12 करोड़) हो चुकी है। फिल्म क्रिटिक तरण आदर्श के मुताबिक धुरंधर 2 हिंदी फिल्म इतिहास का नया बेंचमार्क गढ़ने जा रही है। रिलीज के पहले दिन 19 मार्च को फिल्म ?200 करोड़ की वैश्विक कमाई कर सकती है। बता दें कि धुरंधर 2 में रणवीर सिंह के अलावा अर्जुन रामपाल, संजय दत्त और आर. माधवन भी नजर आएंगे। फिल्म को आदित्य धर ने लिखा, डायरेक्ट और प्रोड्यूस किया है। इसके साथ ही ज्योति देशपांडे और लोकेश धर भी फिल्म के प्रोड्यूसर हैं। फिल्म को जियो स्टूडियोज ने प्रेजेंट किया है और यह बी62 स्टूडियोज के बैनर तले बनी है। फिल्म को पांच भाषाओं - हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज किया जाएगा। गौरतलब है कि फिल्म धुरंधर के पहले पार्ट ने भारत के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय बॉक्स ऑफिस पर भी शानदार प्रदर्शन किया था। फिल्म ने दुनिया भर में करीब ?

## वजय सेतुपति की 'महाराजा' का बनेगा सीक्वल

**मुंबई।** विजय सेतुपति की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'महाराजा' का सीक्वल बनने जा रहा है। खुद विजय सेतुपति ने कन्फर्म किया है कि फिल्म के डायरेक्टर निथिलन समिनाथन ने दूसरे पार्ट की कहानी पूरी कर ली है। विजय ने कहा कि वे इस फिल्म की कहानी सुनने के लिए बहुत एक्साइटेड हैं। 2024 में रिलीज हुई फिल्म महाराजा ने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई की थी और अब इसके दूसरे पार्ट की तैयारी शुरू हो गई है। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में विजय सेतुपति ने फिल्म के फ्यूचर प्लान पर खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि 'महाराजा 2' की कहानी पर काम पूरा हो चुका है। विजय ने कहा, निर्देशक निथिलन समिनाथन ने महाराजा 2 की कहानी पूरी कर ली है। मैं इसे जल्द ही सुनने के लिए बहुत एक्साइटेड हूं।

## बेस्ट एक्ट्रेस अवॉर्ड 6 बार जीतने का रिकॉर्ड आलिया भट्ट के नाम

**मुंबई।** आलिया भट्ट को अप्रैल 2024 में 'टाइम' मैगजीन की दुनिया के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की सूची में शामिल किया गया था। आलिया भट्ट ने साल 2012 में फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर से महज 19 साल की उम्र में फिल्मों की दुनिया में कदम रखा और बहुत कम अरसे में ही वह बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेसेस में शुमार हो गईं। फिल्मों में उनका डेब्यू भले ही आसान रहा, लेकिन इंडस्ट्री में आने के बाद उन्हें नेपोटिज्म और दूसरी वजहों से ट्रोलिंग और आलोचना का सामना भी करना पड़ा। हालांकि इसके बावजूद आलिया ने अपनी लाजवाब



एक्टिंग से खुद को साबित किया। उड़ता पंजाब, राजी और गंगूबाई काठियावाड़ी जैसी फिल्मों में शानदार अभिनय के दम पर उन्होंने न सिर्फ दर्शकों का प्यार हासिल किया।

## ऑस्कर अवॉर्ड 2026 की सेरेमनी आज

**मुंबई।** 98वीं ऑस्कर अवॉर्ड सेरेमनी कल यानी 16 मार्च को लॉस एंजिल्स के डॉल्बी थिएटर में होगी। भारतीय समयानुसार इसे सुबह साढ़े 4 बजे से टेलीकास्ट किया जाएगा। इस साल भारत की कोई फिल्म ऑस्कर नॉमिनेशनल हासिल नहीं कर सकी है, हालांकि भारतीय मूल की

❍ सिनर्स ने 16 नॉमिनेशन पाकर टाइटैनिक का तोड़ा रिकॉर्ड

फिल्ममेकर गीता गंदभीर की 2 डॉक्यूमेंट्री फिल्मों को ऑस्कर में नॉमिनेशन मिला है। प्रियंका चोपड़ा 2016 के बाद फिर एक बार ऑस्कर अवॉर्ड प्रेजेंट करने वाली हैं। 2 बार प्रेजेंटर बनने वालीं वो इकलौती भारतीय हैं। इस साल हॉलीवुड फिल्म



सिनर ने 16 ऑस्कर नॉमिनेशन हासिल कर रिकॉर्ड बनाया है। अगर ये फिल्म 11 से ज्यादा ऑस्कर जीतने में सफल रहती है, तो ये दुनिया की सबसे ज्यादा ऑस्कर जीतने वाली फिल्म बन जाएगी। फिलहाल ये रिकॉर्ड 1997 की टाइटैनिक, 2003 की लॉर्ड्स ऑफ द रिंग्स और 1995 की बेन हर के पास है। 98वें एकेडमी अवॉर्ड में सबसे ज्यादा 16 नॉमिनेशन अमेरिकन फिल्म सिनर्स को मिले हैं।

इसी के साथ ये फिल्म ऑस्कर के इतिहास में सबसे ज्यादा नॉमिनेशन हासिल करने वाली फिल्म बन चुकी है। इससे पहले ये रिकॉर्ड ऑल अबाउट ईव (1950), टाइटैनिक (1997) और ला ला लैंड (2016) के पास था, जिन्हें कुल 14 नॉमिनेशन मिले थे।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com